सिरि भगवंत भूदबलि भडारय पणीदो

महाबंधो

[महाधवल सिद्धान्त-शास्त्र]

तदियो अणुभागबंधाहियारो

[तृतीय अनुभागबन्धाधिकार]

पुस्तक ५



भारतीय ज्ञानपीठ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला : प्राकृत ग्रन्थांक ७

सिरिभगवंतभूदबलिभडारयपणीदो

महाबंधो

[महाधवल सिद्धान्त-शास्त्र]

तदियो अणुभागबंधाहियारो

[तृतीय अनुभागबन्धाधिकार]

हिन्दी भाषानुवाद सहित

पुस्तक ५

सम्पादन-अनुवाद

पं. फूलचन्द्र सिद्धान्तशास्त्री

भारतीय ज्ञानपीठ

द्वितीय संस्करण : १९९९ □ मूल्य : १४०.०० रुपये

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भारतीय ज्ञानपीठ

(स्थापना : फाल्गुन कृष्ण ९, वीर नि. सं. २४७०, विक्रम सं. २०००, १८ फरवरी, १९४४)

स्व० पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवी की पवित्र स्मृति में
स्व० साहू शान्तिप्रसाद जैन द्वारा संस्थापित
एवं
उनकी धर्मपत्नी स्व० श्रीमती रमा जैन द्वारा संपोषित

मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमाला के अन्तर्गत प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी, कन्नड़, तमिल आदि प्राचीन भाषाओं में उपलब्ध आगमिक, दार्शनिक, पौराणिक, साहित्यिक, ऐतिहासिक आदि विविध-विषयक जैन-साहित्य का अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन तथा उनका मूल और यथासम्भव अनुवाद आदि के साथ प्रकाशन हो रहा है। जैन-भण्डारों की सूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, कला एवं स्थापत्य पर विशिष्ट विद्वानों के अध्ययन-ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन-साहित्य ग्रन्थ भी इसी ग्रन्थमाला में प्रकाशित हो रहे हैं।

•

ग्रन्थमाला सम्पादक (प्रथम संस्करण)

डॉ. हीरालाल जैन एवं डॉ. आ. ने. उपाध्ये

प्रकाशक

भारतीय ज्ञानपीठ

१८, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नयी दिल्ली-११० ००३

मुद्रक : आर.के. ऑफसेट, दिल्ली-११० ०३२

© भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Moortidevi Jain Granthamala : Prakrit Grantha No. 7

MAHĀBANDHO

[Third Part : Anubhāga-bandhādhikāra]

of

Bhagavān Bhūtabalī

Vol. V

Editor and Translated by

Pt. Phoolchandra Siddhantashastri

BHARATIYA JNANPITH

Second Edition : 1999 □ Price : Rs. 140.00

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

BHARATIYA JNANPITH

Founded on Phalguna Krishna 9, Vira N. Sam. 2470 □ Vikrama Sam. 2000 □ 18th Feb. 1944

MOORTIDEVI JAIN GRANTHAMALA

Founded by
Late Sahu Shanti Prasad Jain
In memory of his late Mother Smt. Moortidevi
and
promoted by his benevolent wife
late Smt. Rama Jain

In this Granthamala Critically edited Jain agamic, philosophical, puranic, literary, historical and other original texts available in Prakrit, Sanskrit, Apabhramsha, Hindi, Kannada, Tamil etc., are being published in the respective languages with their translations in modern languages.
Also
being published are
catalogues of Jain bhandaras, inscriptions, studies, art and architecture by competent scholars, and also popular Jain literature.

•

General Editors (First Edition)

Dr. Hiralal Jain & Dr. A.N. Upadhye

Published by
Bharatiya Jnanpith
18, Institutional Area, Lodi Road, New Delhi-110003

Printed at : R.K. Offset, Delhi-110032

© All Rights Reserved by Bharatiya Jnanpith

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रशस्ति

जितचेतोजातनुर्वीश्वरमकुटतटोद्घृष्टपादारविन्द-
द्वितयं वाक्कामिनीपीवरकुचकलशालङ्कृतोदारहार-।
प्रतिमं दुर्दौरसंसृत्यतुलविपिनदावानलं माघनन्दि-
व्रतिनाथं शारदाभ्रोज्ज्वलविशदयशो राजिताशान्तकान्तम् ॥१॥

भावभवविजयिवरवाग्देवीमुखदर्पणनान-
मूनावनिपालकनेसेदनिलाविश्नुतकित्ते माघनन्दिमुनीन्द्रम् ॥२॥

वरराद्धान्ताम्भोनिधितरलतरङ्गोत्करक्षालितान्तः-
करणं श्रीमेघचन्द्रव्रतिपतिपदपङ्केरुहासक्तषट्-।
चरणं तीव्रप्रतापोधृतविततबलोपेतपुष्पेषु भृत्सं-
हरणं सैद्धान्तिकाग्रेसरनेने नेकळ्दं माघनन्दिव्रतीन्द्रम् ॥३॥

महनीयगुणनिधानं सहजोन्नतबुद्धिविनयनिधियेने नेगळ्दम्।
महिविनुतकिन्ते कित्तितमहिमानं मानिताभिमानं सेनम् ॥४॥

विनयद शीलदोळ् गुणदगाळिय पेंपिनपुट्टिजमनो-
जनरति रूपिनोळ्पनिळिसिर्द-मनोहरमप्पुदोन्दु रू-।
पिन मने दानदागरमेनिप्प वधूत्तमेयप्प सन्दसे-
नन सति मल्लिकव्वेगे धरित्रियोळार् दोरे सद्गुणङ्गळिम् ॥५॥

सकलधरित्रीविनुतप्रकटितधीयसे मल्लिकव्वे बरेसि सत्पु-
ण्याकरमहाबन्धद पुस्तकं श्रीमाघनन्दिमुनिगळिगित्तळ ॥६॥

—जिन्होंने मन्मथ को जीत लिया है, जिनके दोनों पादकमलों को राजाओं के मुकुट के अग्रभाग चूमते हैं, जो सरस्वती के पीवर स्तनकलशों से अलंकृत मनोहर हार के समान हैं, जो दुर्निवार संसाररूपी विपुल कानन के लिए दावानलस्वरूप हैं, ऐसे माघनन्दिव्रतिपति शरत्कालीन मेघ के समान दिगन्तव्याप्त उज्ज्वल यश से विराजमान हैं ॥१॥

मन्मथविजयी, सरस्वती-मुख के लिए दर्पणरूप और पृथ्वीविश्रुतिकीर्ति माघनन्दि मुनीन्द्र पृथ्वीपालक हैं ॥२॥

जो श्रेष्ठ सिद्धान्तरूपी समुद्र की तरल तरंगों से प्रक्षालित अन्तःकरणवाला है, जो श्री मेघचन्द्र व्रतिपति के पादकमलों में आसक्त भ्रमर के समान है, जो तीव्र प्रतापी है, जिसने अपने विपुलबल से मन्मथ को जीत लिया है ऐसा माघनन्दि व्रतीन्द्र सैद्धान्तिकाग्रेसर के नाम से प्रख्यात था ॥३॥

जो महनीय गुणों का आकर है, जो सहज और उन्नत बुद्धि तथा विनय का निधिस्वरूप है, पृथिवी में जिसकी कीर्ति वन्दनीय है, जिसकी महिमा विख्यात है और जिसका मान-सम्मान है वह सेन प्रसिद्ध है ॥४॥

पृथ्वी में सद्गुणों में विनययुक्त, शीलवती, रति के समान मनोहर रूपवती और दानशूर ऐसी सन्दसेन की भार्या मल्लिकव्वे के समान कौन है ॥५॥

सकल पृथ्वीमण्डल द्वारा विनुत तथा प्रख्यातबुद्धि और यशवाली मल्लिकव्वे ने पुण्याकर महाबन्ध पुस्तक लिखवाकर माघनन्दि मुनीन्द्र को भेंट की ॥६॥

यह प्रशस्ति अनुभागबन्ध के अन्त में उपलब्ध होती है। स्थितिबन्ध के अन्त में भी एक प्रशस्ति आयी है। गुणभद्रसूरि के उल्लेख को छोड़कर इस प्रशस्ति में वही बात कही गयी है जिसका निर्देश स्थितिबन्ध के अन्त में पाई जानेवाली प्रशस्ति में किया गया है। मात्र इसमें मेघचन्द्र व्रतपति का विशेष रूप से उल्लेख किया है और माघनन्दि व्रतपति को इनके पादकमलों में आसक्त बतलाया है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विषय-सूची

सन्निकर्षप्ररूपणा	१	१२
सन्निकर्ष के दो भेद		१
स्वस्थान सन्निकर्ष	१	६८
उत्कृष्ट सन्निकर्ष	१	२७
जघन्य सन्निकर्ष	२७	६८
परस्थान सन्निकर्ष	६८	१२६
उत्कृष्ट सन्निकर्ष	६८	९३
जघन्य सन्निकर्ष	९३	१२६
भंगविचयप्ररूपणा	**१२६**	**१२९**
उत्कृष्ट	१२६	१२७
जघन्य	१२८	१२९
भागाभागप्ररूपणा	**१२९**	**१३१**
उत्कृष्ट	१२९	१३०
जघन्य	१३०	१३१
परिमाणप्ररूपणा	**१३१**	**१४२**
उत्कृष्ट	१३१	१३७
जघन्य	१३७	१४२
क्षेत्रप्ररूपणा	**१४२**	**१५१**
उत्कृष्ट	१४२	१४६
जघन्य	१४६	१५१
स्पर्शनप्ररूपणा	**१५१**	**२११**
उत्कृष्ट	१५१	१८२
जघन्य	१८२	२११
कालप्ररूपणा	**२११**	**२१६**
उत्कृष्ट	२११	२१४
जघन्य	२१४	२१६
अन्तरप्ररूपणा	**२१६**	**२१९**
उत्कृष्ट	२१६	२१७
जघन्य	२१८	२१९
भावप्ररूपणा		**२२०**
अल्पबहुत्वप्ररूपणा	**२२०**	**२३९**
अल्पबहुत्व के दो भेद		२२०
स्वस्थान अल्पबहुत्व	२२०	२२८
उत्कृष्ट	२२०	२२४
जघन्य	२२४	२२८
परस्थान अल्पबहुत्व	२२८	२३९
उत्कृष्ट	२२८	२३३
जघन्य	२३३	२३९
भुजगारबन्ध	**२३९**	**३२५**
अर्थपद	२३९	२४०
समुत्कीर्तना	२४०	२४१
स्वामित्व	२४१	२४४
काल		२४४
अन्तर	२४५	२७६
भंगविचय	२७६	२७८
भागाभाग	२७८	७९
परिमाण	२७९	२८३
क्षेत्र	२८३	२८५
स्पर्शन	२८६	३०९
काल	३०९	३१२
अन्तर	३१२	३१७
भाव	३१७	३१८
अल्पबहुत्व	३१८	३२५
पदनिक्षेप	**३२५**	**३५९**
समुत्कीर्तना		३२५
दो भेद		३२५
उत्कृष्ट		३२५
जघन्य		३२५
स्वामित्व	३२५	३५५
दो भेद		३२५
उत्कृष्ट	३२५	३४०
जघन्य	३४०	३५५
अल्पबहुत्व	३५६	३५९
दो भेद		३२६
उत्कृष्ट	३५७	३५९
जघन्य	३५७	३७२
वृद्धि	**३५९**	**३७२**
समुत्कीर्तना	३५९	३६१
स्वामित्व		२६१
काल		३६१
अन्तर		३६२
भंगविचय		३६३
भागाभाग	३६३	३६४
परिमाण		३६४
क्षेत्र		३६५
स्पर्शन	३६५	३६६
काल	३६७	३६८

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्तर	३६६	३७०
भाव		३७१
अल्पबहुत्व	३७१	३७२
अध्यवसानसमुदाहार	**३७२**	**४१३**
तीन भेद		३७२
प्रकृतिसमुदाहार	**३७३**	**३८६**
दो भेद		३७३
प्रमाणानुगम		३७३
अल्पबहुत्व	३७३	३८६
दो भेद		३७३
स्वस्थान अल्पबहुत्व	३७३	३७७
परस्थान अल्पबहुत्व	३७७	३८३
स्थितिसमुदाहार	**३८७**	**३६२**
दो भेद		३८७
प्रमाणानुगम	३८७	
श्रेणिप्ररूपणा	३८७	३८६
दो भेद		३८७
अनन्तरोपनिधा	३८७	३८८
परम्परोपनिधा	३८८	३८६
अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान	**३८६**	**३६२**
दो भेद		३६०
अनन्तरोपनिधा	३६०	३६१
परम्परोपनिधा	३६१	३६२
तीव्रमन्दता	**३६२**	**४१३**
अनुकृष्टि	३६२	३६८
तीव्रमन्द	३६६	४१३
जीवसमुदाहार	**४१३**	**४१५**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिरिभगवंतभूदबलिभडारयपणीदो

महाबंधो

तदियो अणुभागबंधाहियारो

१५ सण्णियासपरूवणा

१. सण्णियासं दुविहं—सत्थाणं परत्थाणं च। सत्थाणं दुवि०—जह० उक्क०। उक्कस्सए पगदं। दुवि०—ओघे आदे०। ओघे० आभिणिबोधियणाणावरणस्स उक्कस्सयं अणुभागं बंधंतो चदुण्णाणावरणीयं णियमा बंधगो तं तु उक्कस्सा वा अणुक्कस्सा वा। उक्कस्सादो अणुक्कस्सा छट्ठाणपदिदं बंधदि अणंतभागहीणं वा ५। एवमण्णमण्णाणं। णिद्दाणिद्दाए उक्क० बं० अट्ठदंस० णियमा बं०। तं तु छट्ठाणपदिदं बंधदि। एवमण्णमण्णाणं। साद० उ० बं० असाद० अबंधगो। असाद० उ० बं० साद० अबंध०। एवं आउ-गोदं पि।

१५ सन्निकर्षप्ररूपणा

१. सन्निकर्ष दो प्रकारका है—स्वस्थान सन्निकर्ष और परस्थान सन्निकर्ष। स्वस्थान सन्निकर्ष दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे आभिनिबोधिकज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरणका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह इनके उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह उनके उत्कृष्ट अनुभागबन्धकी अपेक्षा छह स्थान पतित अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। या तो अनन्तभागहीन अनुभागका बन्ध करता है या असंख्यात भागहीन या संख्यात-भागहीन या संख्यातगुणहीन या असंख्यातगुणहीन या अनन्तगुणहीन अनुभागका बन्ध करता है। पाँचों ज्ञानावरणोंका इसी प्रकार परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। निद्रानिद्राके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव आठ दर्शनावरणका नियमसे बन्ध करता है, किन्तु वह इनके उत्कृष्ट अनुभाग का भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह उनके उत्कृष्ट अनुभागबन्धकी अपेक्षा छह स्थान पतित अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। सब दर्शनावरणोंका परस्पर इसी प्रकार सन्निकर्ष जानना चाहिए। सातावेदनीयके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव असातावेदनीयका बन्ध नहीं करता है। असातावेदनीयके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव सातावेदनीयका बन्ध नहीं करता है। इसी प्रकार आयु और गोत्र कर्मके विषयमें भी जानना चाहिए।

१. ता० प्रतौ अणुभागा (गं) चदु- इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२. मिच्छ० उ० बं० सोलसक०-णवुंस-अरदि-सोग-भय०-दु० णिय० बं०। तं तु छट्ठाण०। एवं सोलसक०-पंचणोक०। इत्थि० उ० बं० मिच्छ०-सोलसक०-अरदि-सोग०-भय०-दु० णि० बं० अणंतगुणहीणं बं०। एवं पुरिस०। हस्स० उक्क० बं० मिच्छ०-सोलसक०-भय०-दु० णियमा बं० अणंतगुणहीणं बं०। इत्थि०-णवुंस० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णि० अणु० अणंतगुणहीणं। रदि० णिय० तं तु०। एवं रदीए०।

३. णिरयगदि० उ० बं० पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-वेउव्वि०अंगो०-पसत्थ० ४-अगु०३-तस०४-णिमि० णि० बं० अणंतगुणहीणं बं०[1]। हुंड०-अप्पसत्थ०४-णिरयाणु०-उप०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ० णि० बं०। तं तु० छट्ठाणपदिदं। एवं णिरयाणु०।

---

२. मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह इनके उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह उनके उत्कृष्ट अनुभाग बन्धकी अपेक्षा छह स्थान पतित अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। इसी प्रकार सोलह कषाय और पाँच नोकषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। स्त्रीवेदके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह इनके अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। इसी प्रकार पुरुषवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। हास्यके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह इनके अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका कदाचित् बन्ध करता है और कदाचित् नहीं बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है,तो नियमसे इनके अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। रतिका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उसके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है,तो वह उसके उत्कृष्ट अनुभाग बन्धकी अपेक्षा छह स्थान पतित अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। इसी प्रकार रतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

३. नरकगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु तीन, त्रसचतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह इनके अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, नरकगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति और अस्थिर आदि छहका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह इनके उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह इनके उत्कृष्ट अनुभागबन्धकी अपेक्षा छह स्थान पतित अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। इसी प्रकार नरकगत्यानुपूर्वीकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

---

१. ता०-आ०प्रत्योः 'रदि० णिय०' इत आरभ्य 'णिमि० णि० बं० अणंतगुणहीणं बं०' इति यावत् पाठस्य पुनरावृत्तिः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४. तिरिक्खगदि० उ० बं० एइंदि०-अप्पसत्थवि[1]०-थावर-दुस्सर सिया तं तु० छट्ठाणपदिदं बं० । पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त-आदाउज्जो०-तस० सिया अणंतगुणहीणं बं० । ओरालिय०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं । हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अथिरादिपंच णिय० तं तु० छट्ठाणपदिदं० । एवं तिरिक्खाणु० ।

५. मणुसग० उ० बं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-पसत्थापसत्थवण्ण ४-अगु०४-पसत्थ०-तस०-४-थिरादिछ०-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं० । ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिस०-मणुसाणु० णिय० बं० तं तु० छट्ठाणपदिदं० । तित्थ[2]० सिया० अणंतगुण० बं० । एवं ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-मणुसाणु० ।

६. देवगदि० उ० बं० पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्विय-

४. तिर्यञ्चगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव एकेन्द्रिय जाति, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर और दुःस्वरका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह उनके अपने उत्कृष्ट बन्धकी अपेक्षा छह स्थान पतित अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, आतप, उद्योत और त्रसका कदाचित् बन्ध करता है और कदाचित् नहीं बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो वह इनके अपने उत्कृष्ट बन्धकी अपेक्षा अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु तीन, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो उनके अपने उत्कृष्ट बन्धकी अपेक्षा अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात और अस्थिर आदि पाँचका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उनके उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो उसका वह छह स्थान पतित हानिको लिए हुए बन्ध करता है। इसी प्रकार तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

५. मनुष्यगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्त वर्ण चतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर आदि छह और निर्माणका नियमसे अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए बन्ध करता है। औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उनके उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो उसका वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए बन्ध करता है। तीर्थङ्करका कदाचित् बन्ध करता है और कदाचित् नहीं करता। यदि बन्ध करता है तो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। इसी प्रकार अर्थात् मनुष्यगतिके समान औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वीकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

६. देवगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर,

१. ता० आ० प्रत्योः एइंदि० अप्पसत्थ० अप्पसत्थवि० इति पाठः। २. आ०प्रतौ पदिदं०। आहारदुगं तित्थ० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंगो[1]०-पसत्थ०४-देवाणु०-अगु०३-पसत्थ०-तस०४-थिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं० । तं तु० छट्ठाणपदिदं । आहारदुग-तित्थ० सिया० । तं तु० छट्ठाणपदिदं० । अप्पसत्थ०४-उप०-जस० णिय० अणंतगुणहीणं० । एवमेदाओ पसत्थाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० ।

७. एइंदि० उ० बं० तिरिक्खग०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-थावर-अथिरादिपंच णिय० । तं तु० छट्ठाणपदिदं० । ओरालि०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं० । आदाउज्जो० सिया० अणंतगुणहीणं० । एवं थावर० । बीइंदि० उ० बं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-ओरालि०अंगो०-पसत्थापसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-तस०-बादर-

---

तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर आदि पाँच और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह इनके उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो उसका वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए बन्ध करता है। आहारक द्विक और तीर्थङ्करका कदाचित् बन्ध करता है और कदाचित् बन्ध नहीं करता। यदि बन्ध करता है तो उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो उसका वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए बन्ध करता है। अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, उपघात और यशःकीर्तिका नियमसे अनन्तगुणी हानिको लिये हुए अनुत्कृष्ट बन्ध करता है। इसी प्रकार इन प्रशस्त प्रकृतियोंका एक दूसरेकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु इनका परस्पर अनुभाग बन्ध उत्कृष्ट भी करता है और अनुत्कृष्ट भी। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध करता है तो उनका वह छह स्थानपतित हानिको लिये हुए अनुभाग बन्ध करता है।

७. एकेन्द्रिय जातिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर और अस्थिर आदि पाँचका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह इनके उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो उसका वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए बन्ध करता है। औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, प्रशस्त वर्ण चतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे अनन्तगुणा हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। आतप और उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है और कदाचित् नहीं बन्ध करता। यदि बन्ध करता है तो नियमसे अनन्तगुणा हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। इसी प्रकार स्थावर प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। द्वीन्द्रिय जातिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्ण चतुष्क, अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, अपर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माणका नियमसे अनन्तगुणा हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है या अनुत्कृष्ट अनुभागका

---

१. ता०-आ०प्रत्योः समचदु० अप्पसत्थवि० अंगो० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अपज्ज०-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं। [असंप० णि० तं तु०]। एवं तेइंदि०-चदुरिंदि०।

८. णग्गोद० उ० बं० तिरिक्खग०-मणुसग०-चदुसंघ०-दोआणु०-उज्जो० सिया अणंतगुणहीणं बं०। पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-पसत्थापसत्थ०४-अगु०४-[अ-] पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं। एवं सादि०। णवरि तिण्णिसंघ०।

९. खुज्ज० उ० अणु० बं० तिरिक्ख० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-पसत्थापसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-[अ-] पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं०। दोसंघ०-उज्जो० सिया० अणंतगु०। एवं वामणसंठा०। णवरि एयसंघ०[1]-उज्जो० सिया अणंतगु०।

१०. हुंड० उ० बं० णिरय-तिरिक्खग०-एइंदि०-असंप०-दोआणु०-अप्पसत्थ-विहा०-[थावर०]-दुस्सर० सिया०। तं तु० छट्ठाणपदिदं०। पंचिंदि०-ओरालि०-वेउव्वि०-दोअंगो०-आदाव०-तस०[2] सिया० अणंतगु०। तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-

भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। इसी प्रकार त्रीन्द्रियजाति और चतुरिन्द्रियजातिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

८. न्यग्रोध संस्थानके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, चार संहनन, दो आनुपूर्वी और उद्योतका कदाचित् अनन्तगुणा हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्ण चतुष्क, अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माणका नियमसे अनन्तगुणाहीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। इसी प्रकार स्वाति संस्थानकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके तीन संहनन कहने चाहिए।

९. कुब्जक संस्थानके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्ण चतुष्क, अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क अस्थिर आदि छह और निर्माणका नियमसे अनन्तगुणा हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। दो संहनन और उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है। जो अनन्तगुणा हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। इसी प्रकार वामन संस्थानकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि वह एक संहनन और उद्योतका कदाचित् अनन्तगुणा हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है।

१०. हुण्ड संस्थानके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव नरकगति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, असंप्राप्तासृपाटिका संहनन, दो आनुपूर्वी, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, और दुःस्वरका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह इनका छह स्थान पतित हानिको लिये हुए बन्ध करता है। पंचेन्द्रियजाति, औदारिक-शरीर, वैक्रियिकशरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, आतप और त्रसका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा

१. ता०-आ० प्रत्योः असंघ० इति पाठः। २. ता०-आ०प्रत्योः आदावुज्जो० तस० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णिय० अणंतगुण०। उज्जोवं सिया अणंतगुणहीणं०। अप्पसत्थ०४-उप०-अथिरादिपंच० णिय०[1]। तं तु० छट्ठाणपदिदं०। एवं हुंड०भंगो अप्पसत्थवण्ण०४-उप०-अथिरादिपंच। यथा संठाणं तथा चदुसंघ०।

११. असंप० उ० अणु० बं० तिरिक्ख०-हुंड०-अप्पसत्थवण्ण०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अप्पस०-अथिरादिछ० णि०। तं तु० छट्ठाणपदिदं०। पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-पसत्थ०४-अगु०३-तस०४-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं०। उज्जो० सिया० अणंतगुणहीणं[2]।

१२. आदाव० उ० बं० तिरिक्खग०-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-पसत्थापसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-थावर-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-दूभ०-अणादें०-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं। थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० सिया० अणंतगुणहीणं०। उज्जो० उ० बं०[3] तिरिक्ख०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-

हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, उपघात और अस्थिर आदि पाँच का नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह इनके उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। इसी प्रकार हुण्डक संस्थानके समान अप्रशस्तवर्ण चतुष्क, उपघात और अस्थिर आदि पाँचकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। जिस प्रकार चार संस्थानोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष कहा है, उसी प्रकार चार संहननोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

११. असम्प्राप्तासृपाटिका संहननके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति और अस्थिर आदि छहका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि वह इनके अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो इनका छह स्थान पतित हानिको लिये हुए बन्ध करता है। पंचेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्तवर्ण चतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, त्रस चतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणेहीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणेहीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है।

१२. आतपके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, प्रशस्त वर्ण चतुष्क, अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, दुर्भग, अनादेय और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभाग बन्धको लिये हुए होता है। स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। उद्योतके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करने-

१. ता०-आ०प्रत्योः पंच णिमि० णिय० इति पाठः। २. ता० आ०प्रत्योः 'अणंतगुणहीणं' अतोऽग्रे 'यथा गदितथा आणुपुव्वि०' इत्यधिकः पाठोऽस्ति। ३. ता० आ०प्रत्योः उज्जो० उप० तिरिक्ख० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-पसत्थापसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि० णिय० अणंतगु०।

१३. अप्पसत्थ० उ० बं० णिरय०-तिरिक्ख०-असंप०-दोआणु० सिया०। तं तु० छट्ठाणपदिदं०। पंचिंदि०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-तस४-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं०। ओरालि०-वेउव्वि०-दोअंगो०-उज्जो० सिया० अणंतगुणहीणं०। हुंड०-अप्पसत्थवण्ण०४-उप०-अथिरादिछ० णिय०। तं तु० छट्ठाणपदिदं०। एवं दुस्सर०।

१४. सुहुम० उ० बं० तिरिक्ख०-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-पसत्थापसत्थवण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-थावर-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं०। अपज्ज०-साधार० णिय०। तं तु० छट्ठाणपदिदं०। एवं अपज्जत्त-साधारण०। पंचंतराइयाणं णाणावरणभंगो।

१५. णिरएसु सत्तण्णं कम्माणं ओघं। तिरिक्ख० उ० बं० पंचिंदि०-

वाला जीव तिर्यञ्चगति, पंचेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, प्रशस्त वर्ण चतुष्क, अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है।

१३. अप्रशस्त विहायोगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव नरकगति, तिर्यञ्चगति, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन और दो आनुपूर्वीका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, प्रशस्त वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु त्रिक, त्रसचतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग और उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और अस्थिर आदि छहका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। इसी प्रकार दुःस्वर प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१४. सूक्ष्मके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्ड संस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। अपर्याप्त और साधारणका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। इसी प्रकार अपर्याप्त और साधारणकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। पाँच अन्तरायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्षका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है।

१५. नारकियोंमें सात कर्मोंका भंग ओघके समान है। तिर्यञ्चगतिके उत्कृष्ट अनुभागका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओरालि०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-तस०४-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं। हुंड०-असंप०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ० णिय०। तं तु० छट्ठाणपदिदं०। उज्जो० सिया० अणंतगुणहीणं०। एवं तिरिक्खगदिभंगो हुंड०-असंप०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ०।

१६. मणुसगदि० उ० बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०-अंगो०-वज्जरि०-पसत्थ०४-मणुसाणु०-अगु०३-तस०४-पसत्थवि०-थिरादिछ०-णिमि० णिय०। तं तु० छट्ठाणपदिदं। अप्पसत्थ०४-उप० णिय० अणंतगुणहीणं बं०। तित्थ० सिया०। तं तु० छट्ठाणपदिदं[1]। एवं पसत्थाओ एक्कमेक्केण सह। तं तु० तित्थयरेण सह कादव्वं। चदुसंठा०-चदुसंघ०-उज्जो० ओघं। एवं छसु पुढवीसु। णवरि उज्जोवं उ० बं० तिरिक्ख०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-पसत्थापसत्थ०४-

---

बन्धक जीव पंचेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्तवर्ण चतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, त्रसचतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। हुण्ड संस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति और अस्थिर आदि छहका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। इसी प्रकार तिर्यञ्चगतिके समान हुण्ड संस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति और अस्थिर आदि छहकी मुख्यता से सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१६. मनुष्यगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पंचेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, त्रसचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, स्थिर आदि छह और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। अप्रशस्त वर्णचतुष्क और उपघातका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। तीर्थङ्करका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। इसी प्रकार प्रशस्त प्रकृतियोंकी मुख्यतासे एक दूसरेके साथ सन्निकर्ष कहना चाहिए। किन्तु वह तीर्थङ्कर प्रकृतिके साथ कहना चाहिए। चार संस्थान, चार संहनन, और उद्योतका भङ्ग ओघके समान है। अर्थात् इन प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान कहना चाहिए। इसी प्रकार प्रथमादि छह पृथिवियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि उद्योतके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, पंचेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क,

---

१ आ० प्रतौ सिया०। छट्ठाणपदिदं इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिरिक्खाणु०-अगु०४-तस०४-णिमि०[1] णिय० अणंतगुणहीणं०। छस्संठा०-छस्संघ०-दोविहा०-छयुगल० सिया अणंतगुणहीणं। सत्तमाए णिरयोघं। णवरि दोसंठा०-दोसंघ० उ० बं० तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु० णिय० अणंतगुणहीणं०।

१७. तिरिक्खेसु सत्तण्णं कम्माणं ओघं। णिरयगदि० उ० बं० पंचिंदि०-वेउव्वि०-वेउव्वि०-अंगो०-पसत्थ०४-अगु०३-तस०४-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं०। हुंड०-अप्पसत्थ०४-णिरयाणु०-उप०-अप्पस०-अथिरादिछ० णिय०। तं तु० छट्ठाणपदिदं। एवं णिरयगदिभंगो अप्पसत्थाणं।

१८. तिरिक्खग० उ० बं० एइंदि०-तिरिक्खाणु०-थावरादि०४ णिय०। तं तु० छट्ठाणपदिदं०। ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-पसत्थापसत्थ०४-अगु०-उप०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं०। एवं तिरिक्खगदिभंगो एइंदि०-तिरिक्खाणु०-थावरादि०४।

१९. मणुसग० उ० बं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-पसत्थापसत्थ[2]०४-

अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, त्रसचतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। छह संस्थान, छह संहनन, दो विहायोगति और छह युगलका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। सातवीं पृथिवीमें सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि दो संस्थान और दो संहननके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है।

१७. तिर्यञ्चोंमें सात कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है। नरकगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पंचेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, त्रसचतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, नरकगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति और अस्थिर आदि छहका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थानपतित हानिको लिये हुए होता है। इसी प्रकार नरकगतिकी मुख्यतासे कहे गये सन्निकर्षके समान अप्रशस्त प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१८. तिर्यञ्चगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव एकेन्द्रिय जाति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और स्थावर आदि चारका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, अस्थिर आदि पाँच और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है। जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। इसी प्रकार तिर्यञ्चगतिकी मुख्यतासे कहे गये सन्निकर्षके समान एकेन्द्रिय जाति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और स्थावर आदि चारकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१९. मनुष्यगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रियजाति, तैजस शरीर,

२ आ० प्रतौ अगु० ४ तस० णिमि इति पाठः। २ आ० प्रतौ तेजाक० पसत्थापसत्थ० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें०-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं०। ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-मणुसाणु० णि०। तं तु० छट्ठाणपदिदं। तिण्णियुग० सिया० अणंतगुणहीणं०। एवं मणुसगदिभंगो ओरालि०-ओरालि०-अंगो०-वज्जरि०-मणुसाणु०।

२०. देवगदि० उ० बं० पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०-अंगो०-पसत्थ०४-देवाणु०-अगु०३-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि० णिय०। तं तु० छट्ठाणपदिदं०। अप्पसत्थ०४-उप० णि० अणंतगुणहीणं०। एवं पसत्थाणं देवगदीए सह एक्कमेक्कस्स। तं तु०।

२१. बीइंदि० उ० बं० तिरिक्ख०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-ओरालि० अंगो०-पसत्थापसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-तस०-बादर-अपज्ज०-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं०। असंप० णि०। तं तु० छट्ठाण-पदिदं०। एवं असंप०। तीइंदि०-चदुरिंदि० ओघं। चदुसंठा०-चदुसंघ०-

---

कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। तीन युगलका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। इसी प्रकार मनुष्यगतिकी मुख्यतासे कहे गये सन्निकर्षके समान औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वीकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

२०. देवगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्ण चतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु त्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर आदि छह और निर्माण का नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। अप्रशस्त वर्ण चतुष्क और उपघातका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। इसी प्रकार प्रशस्त प्रकृतियोंका देवगति के साथ विवक्षित प्रकृतिकी मुख्यतासे परस्पर सन्निकर्ष कहना चाहिए। किन्तु विवक्षित प्रकृतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव शेष प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करता है जो उसी प्रकार बन्ध करता है, जिस प्रकर देवगतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष कहा है।

२१. द्वीन्द्रिय जातिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, अपर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है या अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हानिको लिए हुए होता है। इसी प्रकार असम्प्राप्तासृपाटिका संहननकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। त्रीन्द्रियजाति और चतुरिन्द्रियजातिकी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आदाव० ओघं। उज्जोवं पढमपुढविभंगो। एवं पंचिंदियतिरिक्ख०३।

२२. तस्सेव अपज्जत्तेसु छण्णं कम्माणं ओघं। मिच्छत्तं ओघं। एवं सोलसक०-पंचणोक०। इत्थि० उ० बं० मिच्छत्त-सोलसक०-भय०-दु० णिय० अणंतगुणहीणं। हस्स-रदि-अरदि-सोग० सिया अणंतगुणहीणं०। एवं पुरिस०। हस्स० उ० बं० मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-भय-दु[1]० णिय० अणु० अणंतगुणहीणं०। रदि० णिय० तं तु० छट्ठाणपदिदं०। एवं रदीए।

२३. तिरिक्ख० उ० बं० एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-थावरादि०४-अथिरादि०पंच[2]० णि०। तं तु० छट्ठाणपदिदं०। ओरालि०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं०। एवं तिरिक्खगदिभंगो एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-थावरादि०४-अथिरादिपंच०।

२४. मणुसगदि० उ० बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०-अंगो०-वज्जरि०-पसत्थ० ४-मणुसाणु०-अगु० ३-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिछ०-

---

मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है। चार संस्थान, चार संहनन और आतपकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है। उद्योतकी मुख्यतासे सन्निकर्ष पहली पृथिवीके समान है। इसी प्रकार अर्थात् सामान्य तिर्यञ्चोंके समान पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए।

२२. तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें छह कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है। मिथ्यात्वका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार सोलह कषाय और पाँच नोकषायोंकी मुख्यतासे जानना चाहिए। स्त्रीवेदके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। हास्य, रति, अरति और शोकका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुभागको लिये हुए होता है। इसी प्रकार पुरुषवेदकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। हास्यके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। रतिका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह इसके उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हीन अनुभागको लिये हुए होता है। इसी प्रकार अर्थात् हास्यके समान रतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

२३ तिर्यञ्चगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव एकेन्द्रिय जाति, हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर आदि चार और अस्थिर आदि पाँचका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, प्रशस्त वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। इसी प्रकार तिर्यञ्चगतिके समान एकेन्द्रिय जाति, हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्ण-चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर आदि चार और अस्थिर आदि पाँचकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

२४. मनुष्यगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन

---

१. आ० प्रतौ सोलसक० भयदु० इति पाठः। २ आ० प्रतौ० अथिरादिछ० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिमि० णि० । तं० तु० छट्ठाणपदिदं । अप्पसत्थ०४-उप० णि० अणंतगुणहीणं० । एवं पसत्थाणं सव्वाणं मणुसगदीए सह एक्कमेक्कस्स । तं तु० छट्ठाणपदिदं । बीइंदियजादि० जोणिणिभंगो । तीइंदि०-चदुरिंदि० ओघं ।

२५. णग्गोद० उ० बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-पसत्थापसत्थ०४-अगु०४-अप्पसत्थवि०-तस०४-दूभग-दुस्सर-अणादें०-णिमि० णि० अणंतगुणहीणं० । तिरिक्ख०-मणुस०-चदुसंघ०-दोआणु०-उज्जो०-थिराथिर-सुभासुभ-जस-अजस० सिया अणंतगुणहीणं० । एवं सादि० । णवरि तिण्णिसंघ० सिया० अणंतगुणहीणं । एवं खुज्जसंठा० । णवरि दोसंघ० सिया० अणंतगुणहीणं । एवं वामण० । णवरि असंपत्तसे० णिय० अणंतगुणहीणं । यथा संठाणं तथा संघडणं । असंप० बीइंदियभंगो । आदाउज्जो० पंचिंदियतिरिक्खभंगो ।

प्रशस्त वर्ण चतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है । किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है । अप्रशस्त वर्ण चतुष्क और उपघातका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है । इसी प्रकार सब प्रशस्त प्रकृतियोंका मनुष्यगतिके साथ परस्पर सन्निकर्ष कहना चाहिए । किन्तु उनका परस्पर उत्कृष्ट अनुभाग बन्ध भी होता है और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध भी होता है । यदि अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध होता है,तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है । द्वीन्द्रियजाति की मुख्यतासे सन्निकर्ष जिस प्रकार तिर्यञ्चयोनिनीके कह आये हैं,उसी प्रकार यहाँ भी कहना चाहिए । त्रीन्द्रियजाति और चतुरिन्द्रियजातिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है ।

२५. न्यग्रोधसंस्थानके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीवपञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक-शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है । तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, चार संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है । इसी प्रकार अर्थात् न्यग्रोधसंस्थानके समान स्वातिसंस्थानकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि यह तीन संहननोंका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है । इसी प्रकार कुब्जक संस्थानकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि यह दो संहननोंका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है । इसी प्रकार वामन संस्थानकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि यह असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है । यहाँ संस्थानोंकी मुख्यतासे जिस प्रकार सन्निकर्ष कहा है, उसी प्रकार संहननोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । मात्र असम्प्राप्तासृपाटिका संहननकी मुख्यतासे सन्निकर्ष द्वीन्द्रिय जातिकी मुख्यतासे कहे गये सन्निकर्षके समान है । आतप और उद्योतकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जिस प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके कह आये हैं,उसी प्रकार यहाँ भी कहना चाहिए ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२६. अप्पसत्थ० उ० बं० तिरिक्ख०-बीइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-ओरालि०अंगो०-पसत्थापसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-तस०-दूभ०-अणादें०-णिमि० णि० अणंतगुणहीणं। उज्जो०-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० सिया० अणंतगुणहीणं०। दुस्सर० णि०। तं तु छट्ठाणपदिदं०। एवं दुस्सर०। एवं अपज्जत्ताणं सव्वविगलिंदि०-पुढवि०-आउ०-वणप्फदि-बादरपत्ते०-णियोद०।

२७. मणुसेसु खविगाणं ओघं। सेसाणं पंचिंदियतिरिक्खभंगो।

२८. देवेसु सत्तण्णं कम्माणं ओघं। तिरिक्ख० उ० बं० एइंदि०-असंप०-अप्पसत्थ०-थावर०-दुस्सर० सिया०। तं तु छट्ठाणप०। पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-आदाउज्जो०-तस० सिया० अणंतगुणहीणं। ओरालि०-तेजा०-क० पसत्थ०४-अगु०३-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं०। हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अथिरादिपंच० णिय० तं तु छट्ठाणपदिदं। एवं तिरिक्खगदिभंगो

२६. अप्रशस्त विहायोगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, द्वीन्द्रिय-जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्ण-चतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, त्रस चतुष्क, दुर्भग, अनादेय और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। उद्योत, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। दुःस्वरका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। इसी प्रकार अर्थात् अप्रशस्त विहायोगतिके समान दुःस्वरकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इसी प्रकार अर्थात् पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान सब अपर्याप्तक, सब विकलेन्द्रिय, पृथिवीकायिक, जलकायिक, वनस्पतिकायिक बादर प्रत्येक और निगोद जीवोंके जानना चाहिए।

२७. मनुष्योंमें क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है और शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पंचेन्द्रियतिर्यञ्चोंके समान है।

२८. देवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है। तिर्यञ्चगतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव एकेन्द्रिय जाति, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर और दुःस्वरका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है, तो वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, आतप, उद्योत और त्रसका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, प्रशस्त वर्ण चतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुभागको लिये हुए होता है। हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात और अस्थिर आदि पाँचका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। इसी प्रकार तिर्यञ्चगतिके समान हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात और अस्थिर आदि पाँचकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए; किन्तु इनमेंसे किसी एक प्रकृतिके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव इन्हींमेंसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०अथिरादिपंच० । मणुसगदिसंजुत्ताओ पसत्थाओ णिरयभंगो । एइंदि०-आदाव-थावरं ओघं । चदुसंठा०-चदुसंघ० ओघं ।

२९. असंप उ० बं० तिरिक्ख०-हुंडस०-अप्पस०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अप्पस०-अथिरादिछ० णि० । तं तु० । पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि-अंगो०-पसत्थ०४-अगु०३-तस०४-णिमि० णि० अणंतगुणहीणं । उज्जो० सिया० अणंतगुणहीणं । एवं अप्पसत्थविहायगदी । दुस्सर०-उज्जोव० पढमपुढविभंगो ।

३०. भवणवासिय-वाणवें०-जोदिसि०-सोधम्मीसाणं सत्तं ओघं । तिरिक्ख गदि० उ० बं० एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-थावर०-अथिरादिपंच णियमा । तं तु० । ओरालि०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-बादर-पज्जत्त-पत्तेग०-णिमि० णि० अणंतगु० । आदाउ० सिया० अणंतगुणहीणं० ।

३१. असंप० उ० बं० तिरिक्ख०-पंचिं०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-ओरालि०-

---

शेष प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करता है। जो उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है या अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। मनुष्यगति संयुक्त प्रशस्त प्रकृतियोंका भङ्ग जिस प्रकार नरकगतिमें कह आये हैं, उसी प्रकार यहाँ भी कहना चाहिए। एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावरकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है। चार संस्थान और चार संहननकी मुख्यतासे सन्निकर्ष ओघके समान है।

२९. असम्प्राप्तासृपाटिका संहननके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, हुंडसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, और अस्थिर आदि छहका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, त्रसचतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुकृत्ष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। इसी प्रकार अप्रशस्त विहायोगतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। दुःस्वर और उद्योतकी मुख्यतासे सन्निकर्ष प्रथम पृथिवीके समान जानना चाहिए।

३०. भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी और सौधर्म-ऐशान तकके देवोंमें सात कर्मोंका भंग ओघके समान है। तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर और अस्थिर आदि पाँचका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थानपतित हानिको लिये हुए होता है। औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माण का नियमसे बन्ध करता है जो नियमसे अनन्तगुणे हीन अनुत्कृष्ट अनुभागको लिये हुए होता है। आतप और उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणेहीन अनुभागको लिये हुए होता है।

३१. असम्प्राप्तासृपाटिका संहननके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, पंचेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, औदारिक

---

१. ता० प्रतौ सोधम्मी० तस्स ओघं, आ० प्रतौ सोधम्मीसाणंतस्स ओघं इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंगो०-पसत्थापसत्थवण्ण०४-[तिरिक्खाणु०-] अगु०४-तस०४-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० अणंतगुणहीणं। उज्जो० सिया० अणंतगुणहीणं। अप्पसत्थ०-दुस्सर० णिय०। तं तु०। एवं अप्पसत्थवि०-दुस्सर०। सेसं देवोघं।

३२. सणक्कुमार याव सहस्सार त्ति विदियपुढविभंगो। आणद याव णवगेवज्जा त्ति सो चेव भंगो। णवरि तिरिक्खगदिदुगं उज्जोवं वज्ज। अणुदिस याव सव्वट्ठ त्ति छण्णं कम्माणं ओघं। अप्पच्चक्खाणकोध० उ० बं० एक्कारसकसाय-पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दु० णिय०। तं तु छट्ठाणपदिदं०। एवमण्णमण्णाणं। तं तु०।

३३. हस्स० उ० बं० बारसक०-पुरिसवे०-भय-दु० णिय० अणंतगुणहीणं०। रदि० णि०। तं तु०। एवं रदीए०। मणुसगदि० देवोघं। एवं पसत्थाओ सव्वाओ।

आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि पाँच और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुभागको लिये हुए होता है। उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुभागको लिये हुए होता है। अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। इसी प्रकार अर्थात् असम्प्राप्तासृपाटिका संहननके समान अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। शेष भङ्ग सामान्य देवोंके समान है।

३२. सनत्कुमारसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें दूसरी पृथिवीके समान भङ्ग है। आनत कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें वही भङ्ग है। किन्तु इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगतिद्विक और उद्योतको छोड़कर सन्निकर्ष जानना चाहिए। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें छह कर्मोंका भंग ओघके समान है। अप्रत्याख्यानावरण क्रोधके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव ग्यारह कषाय, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उनका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध भी करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध भी करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभाग बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है। इसी प्रकार इन प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष होता है जो उत्कृष्ट अनुभाग बन्धरूप भी होता है और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धरूप भी होता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धरूप होता है,तो वह छह स्थान पतित हानिको लिये हुए होता है।

३३. हास्यके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव बारह कषाय, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणे हीन अनुभागको लिये हुए होता है। रतिका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभाग का भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है,तो वह अनन्तगुणे हीन अनुभागको लिये हुए होता है। इसी प्रकार अर्थात् हास्यके समान रतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। मनुष्यगतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष सामान्य देवोंमें जिस प्रकार कह आये हैं,उस प्रकार जानना चाहिए। इसी प्रकार अर्थात् मनुष्यगतिके समान सब प्रशस्त प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१०९. पंचिंदि० ज० बं० तिरिक्ख०-हुंड०-असंप०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ० णिय० अणंतगुणब्भ० । ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-पसत्थ०४-अगु०३-तस०४-णिमि० णि० । तं तु० । उज्जोव० सिया० । तं तु० । एवं ओरालि०अंगो०-तस० ।

११०. ओरालि० ज० बं० तिरिक्ख०-हुंड०-अप्पसत्थवण्ण०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अथिरादिपंच णि० अणंतगुणब्भ० । एइंदि०-असंप०-अप्पसत्थ०-थावर०-दुस्सर० सिया० अणंतगुणब्भ० । ओरालि०अंगो०-आदाउज्जो०-तस० सिया० । तं तु० । तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०-पर०-उस्सा०-बादर-पज्ज०-पत्ते०-णिमि० णि० । तं तु० । एवं

वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्तवर्ण चतुष्क, अप्रशस्तवर्ण चतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । आतप और उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिका कदाचित् बन्ध करता है । किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । इसी प्रकार स्थावर प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१०९. पञ्चेन्द्रिय जातिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, हुण्ड संस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति और अस्थिर आदि छहका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, त्रस चतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है । किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है । यदि बन्ध करता है,तो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । इसी प्रकार औदारिक आङ्गोपाङ्ग और त्रस प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

११०. औदारिकशरीरके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात और अस्थिर आदि पाँचका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । एकेन्द्रिय जाति, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर और दुःस्वरका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । औदारिक आङ्गोपाङ्ग, आतप, उद्योत और त्रसका कदाचित् बन्ध करता है । यदि बन्ध करता है,तो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, परघात, उच्छ्वास, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है । किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभाग

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-उज्जो०-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमिणं त्ति। आदावं एवं चेव। णवरि एइंदि०-थावर० णिय० अणंतगुणब्भ०। चदुसंठा०-चदुसंघ०-दोविहा०-सुभग-दोसर०-अणादें० पढमपुढविभंगो।

१११. हुंड० ज० बं० दोगदि-एइंदि०-छस्संघ०-दोआणु०-दोविहा०-थावर-थिरादिछयुग० सिया०। तं तु०। पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-आदाउज्जो०-तस० सिया० अणंतगुणब्भ०। ओरालि०-तेजा०-क०-पसत्थापसत्थ०४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णि० अणंतगु०। एवं हुंडभंगो दूभग-अणादें०। अप्पसत्थ०४-उप० णिरयभंगो।

११२. थिर० ज० बं० दोगदि-एइंदि०-छस्संठा०-छस्संघ०-दोआणु०-दोविहा०-थावर०-सुभादिपंचयुग० सिया०। तं तु०। पंचिं०-ओरालि०अंगो०-आदाउज्जो०-तस०-तित्थ० सिया० अणंतगुणब्भ०। ओरालि०-तेजा०-क०-पसत्थापसत्थ०४-अगु०४-बादर०-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णि० अणंतगुणब्भ०। एवं अथिर-सुभासुभ-जस०-अजस०। तित्थ० णिरयभंगो।

का भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। इसी प्रकार तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, उद्योत, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। आतपकी मुख्यतासे भी सन्निकर्ष इसी प्रकार जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रियजाति और स्थावरका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। चार संस्थान, चार संहनन, दो विहायोगति, सुभग, दो स्वर और अनादेयका भङ्ग पहली पृथिवीके समान है।

१११. हुण्डसंस्थानके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव दो गति, एकेन्द्रिय जाति, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति, स्थावर और स्थिर आदि छह युगलका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है,तो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, आतप, उद्योत और त्रसका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। इसी प्रकार हुण्ड संस्थानके समान दुर्भग, अनादेय की मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। अप्रशस्त वर्णचतुष्क और उपघातकी मुख्यतासे सन्निकर्ष नारकियोंके समान है।

११२. स्थिर प्रकृतिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव दो गति, एकेन्द्रिय जाति, छह संस्थान, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति, स्थावर और शुभादि पाँच युगलका कदाचित् बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, आतप, उद्योत, त्रस और तीर्थङ्करका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। इसी प्रकार अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तीर्थङ्कर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

११३. भवण०--वाणवेंतर--जोदिसि०-सोधम्मीसाणं सत्तण्णं कम्माणं देवोघं। तिरिक्खग० ज० बं० दोजादि--छस्संठाण--छस्संघ०--दोविहा०--तस-थावर--थिरादिं-छयुग० सिया०। तं तु०। ओरालि०-तेजा०--क०--पसत्थापसत्थ०४--बादर--पज्जत्त-पत्ते०--णिमि० णि० अणंतगु०। ओरालि०अंगो०---आदाउज्जो० सिया० अणंतगु०। तिरिक्खाणु० णिय०। तं तु०। एवं तिरिक्खाणु०।

११४. मणुसग० ज० बं० तिरिक्खगदिभंगो। णवरि पंचिं०--मणुसाणु०-तस० णि०। तं तु०। एवं मणुसाणु०। एइंदि०-थावर० देवोघं।

११५. पंचिंदि० ज० बं० दोगदि--छस्संठा०--छस्संघ०--दोआणु०--दोविहा०-थिरादिछयुग० सिया०। तं तु०। ओरालि०--तेजा०--क०--ओरालि०अंगो०--पसत्था-पसत्थ०४--अगु०४--बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णि० अणंतगुणब्भ०। उज्जो० सिया०

प्रकृतिका भङ्ग नारकियोंके समान है।

११३. भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी और सौधर्म ऐशान कल्पके देवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। तिर्यञ्चगतिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव दो जाति, छह संस्थान, छह संहनन, दो विहायोगति, त्रस, स्थावर और स्थिर आदि छह युगलका कदाचित् बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। औदारिक आङ्गोपाङ्ग, आतप और उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। इसी प्रकार तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

११४. मनुष्यगति के जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाले जीवका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है। इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रिय जाति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और त्रसका नियमसे बन्ध होता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। इसी प्रकार मनुष्यगत्यानुपूर्वीकी मुख्यता सन्निकर्ष जानना चाहिए। एकेन्द्रिय जाति और स्थावर प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष सामान्य देवों के समान है।

११५. पञ्चेन्द्रिय जातिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव दो गति, छह संस्थान, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति और स्थिर आदि छह युगलका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है, तो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक

१. ता० आ० प्रत्योः थावरादि इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणंतगुणब्भ० । तस० णि० । तं तु० । एवं पंचिंदिय०भंगो चदुसंठा०--चदुसंघ०-दोविहा०-तस-सुभग-दोसर०-आदें० ।

११६. हुंड० ज० बं० दोगदि-दोजादि-छस्संघ०-दोआणु०दोविहा०-तस-थावर-थिरादिछयुग० सिया० । तं तु० । सेसं तिरिक्खगदिभंगो । एवं हुंड०भंगो दूभग-अणादें० । एवं चेव थिराथिर--सुभासुभ--जस०-अजस० । णवरि तित्थ० सिया० अणंतगुणब्भ० ।

११७. ओरालि० ज० बं० तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-थावर--अथिरादिपंच० णि० अणंतगुणब्भ० । तेजा०--क०-पसत्थ०४-अगु०३-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णिय० । तं तु० । आदाउज्जो० सिया० । तं तु० । एवं एदाओ एक्कमेक्कस्स । तं तु० ।

११८. ओरालि०अंगो० ज० बं० तिरिक्ख०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसंठा०--असंप०--पसत्थापसत्थ०४-तिरिक्खाणु०--अगु०४-अप्पसत्थ०---तस०४-

होता है । त्रसका नियमसे बन्ध करता है । किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय जातिके समान चार संस्थान, चार संहनन, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेयकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

११६. हुण्ड संस्थानके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव दो गति, दो जाति, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति, त्रस, स्थावर और स्थिर आदि छह युगलका कदाचित् बन्ध करता है । यदि बन्ध करता है तो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है । इस प्रकार हुण्ड संस्थानके समान दुर्भग और अनादेय की मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । तथा इसी प्रकार स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है ।

११७. औदारिक शरीरके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय-जाति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर और अस्थिर आदि पाँचका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है । किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभाग का भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । आतप और उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है । यदि बन्ध करता है तो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभाग का बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । इसी प्रकार इन प्रकृतियों का परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए,किन्तु वह उसी प्रकारका होता है ।

११८. औदारिक आङ्गोपाङ्गके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, अप्रशस्त विहायो-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अथिरादिछ०-णिमि० णिय० अणंतगुणब्भ० । उज्जो० सिया० अणंतगुणब्भ० ।

११९. सणक्कुमार याव सहस्सार त्ति पढमपुढविभंगो । आणद याव णवगेवज्जा त्ति सत्तण्णं कम्माणं देवोघं । मणुस० ज० बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-पसत्थ०४-मणुसाणु०-अगु०३-तस४-णिमि० णि० । तं तु० । हुंड०-असंप०-अप्पसत्थ०४-उप०अप्पसत्थवि०-अथिरादिछ० णि० अणंतगुणब्भ० । एवं मणुसगदिभंगो पंचिंदियादि तं तु० पदिदाणं सव्वाणं ।

१२०. समचदु० ज० बं० मणुस०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि० अंगो०-पसत्थापसत्थ०४-मणुसाणु०-अगु०४-तस०४-णिमि० अणंतगुणब्भ० । छस्संघ०-दोविहा०-थिरादिछयुग० सिया० । तं तु० । एवं पंचसंठा०-छस्संघ०-दोविहा०-थिरादिछयुग० । णवरि तिण्णियुग०-तित्थय० सिया० अणंतगुणब्भ० । अप्पसत्थ०४-उप०-तित्थयरं च देवोघं ।

१२१. अणुदिस याव सव्वट्ठ त्ति सत्तण्णं कम्माणं आणदभंगो । णवरि थीणगिद्धि३-मिच्छ०-अणंताणु०४-इत्थि०-णवुंस०-णीचा० वज्ज । मणुस० ज० बं०

गति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है ।

११९. सानत्कुमार कल्पसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें प्रथम पृथिवीके समान भङ्ग है । आनत कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है । मनुष्यगतिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, त्रसचतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है । किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति और अस्थिर आदि छहका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । इसी प्रकार मनुष्यगतिके समान पञ्चेन्द्रिय जाति आदि 'तं तु०' पतित सब प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष कहना चाहिए ।

१२०. समचतुरस्र संस्थानके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, त्रस चतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । छह संहनन, दो विहायोगति और स्थिर आदि छह युगलका कदाचित् बन्ध करता है । किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । इसी प्रकार पाँच संस्थान, छह संहनन, दो विहायोगति और स्थिर आदि छह युगलकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । किन्तु इतनी विशेषता है कि तीन युगल और तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । अप्रशस्त-वर्ण चतुष्क, उपघात और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष सामान्य देवोंके इन प्रकृतियोंकी मुख्यतासे जैसा कह आये हैं, वैसा है ।

१२१. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग आनत कल्पके समान है । इतनी विशेषता है कि स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आणदभंगो। णवरि अप्पसत्थ०४-उप०-अथिर०-असुभ०-अजस० णिय० अणंतगुणब्भ०। समचदु०-वज्जरि०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर०-आदें० णि०। तं तु०। तित्थ० सिया०। तं तु०। एवं तं तु० पदिदाओ एक्कमेक्कस्स। तं तु०। अप्पसत्थ०४-उप० देवोघं।

१२२. थिर० ज० बं० सुभासुभ-जस०-अजस० सिया०। तं तु०। तित्थय० सिया० अणंतगुणब्भ०। एवं तिण्णियुग०।

१२३. पंचिंदि०-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि०-ओरालियका०-कोधादि०४-चक्खु०-अचक्खु०-भवसि०-मिच्छादि०-मदि०-सुद०-विभंग०-असंजद०-सण्णि-असण्णि-आहारग त्ति ओघभंगो। णवरि किंचि विसेसो णादव्वो। ओरालियका० मणुसोघं। णवरि तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु० तिरिक्खोघं[1]। कोधे कोधसंज० ज० बं० तिण्णं संज० णि० जहण्णा। माणे माणसंज० ज० बं०[2] दोसंज० णि० जहण्णा।

और नीचगोत्रको छोड़कर सन्निकर्ष कहना चाहिए। मनुष्यगतिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाले देवका भङ्ग आनत कल्पके समान है। इतनी विशेषता है कि अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, उपघात, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्तिका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। समचतुरस्र संस्थान, वज्रर्षभनाराच संहनन, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है, तो वह जघन्य अनुभाग का भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। इसी प्रकार 'तं तु०' पतित जितनी प्रकृतियाँ हैं, उनकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु इनमेंसे किसी एकके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव शेषका यथासम्भव बन्ध करता है। जो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। अप्रशस्त वर्ण चतुष्क और उपघात प्रकृतिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जैसा इनकी मुख्यतासे सामान्य देवोंके कह आये हैं, उसी प्रकार यहाँ जानना चाहिए।

१२२. स्थिर प्रकृतिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है, तो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। इसी प्रकार तीन युगलोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१२३. पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, काययोगी, औदारिककाययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, भव्य, मिथ्यादृष्टि, मत्यज्ञानी, श्रुतज्ञानी, विभङ्गज्ञानी, असंयत, संज्ञी, असंज्ञी और आहारक जीवोंके ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि कुछ विशेषता जाननी चाहिए। औदारिककाययोगी जीवोंमें सामान्य मनुष्यों के समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि यहाँ तिर्यञ्चगति और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जिस प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंमें इन प्रकृतियोंकी मुख्यतासे कहा है, उस प्रकार जानना चाहिए। क्रोधकषायमें क्रोध संज्वलनके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तीन संज्वलनोंका

१. ता० प्रतौ तिरिक्ख० तिरिक्खोघं इति पाठः। २. ता० प्रतौ माणसंज० बं० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मायाए मायसंज० ज० बं० लोभसंज० णि० जहण्णा। सेसाणं मोहविसेसो णादव्वो।

१२४. ओरालियमिस्से सत्तण्णं कम्माणं देवोघं। तिरिक्ख०--तिरिक्खाणु० ओघं। मणुस०-पंचजादि-छस्संठाण-छस्संघ०-मणुसाणु०-दोविहा०-तस-थावरादि०४-सुभग-दूभग-सुस्सर-दुस्सर-आदें०-अणादे० पंचिंदि०तिरि०अपज्ज०भंगो। देवग० ज० बं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-पसत्थापसत्थ०४-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-सुस्सर-आदें०-अजस०-णिमि० णिय० अणंतगुणब्भ०। वेउव्वि०-वेउव्वि० अंगो०--देवाणु० णि०। तं तु०। तित्थ० सिया०। तं तु०। एवं चदुपगदीओ०। ओरालिय-तेजइगादीओ ओरालि०अंगो०-पर०-उस्सा०-आदाउज्जो० पंचिंदि०तिरि०-अपज्जत्तभंगो।

१२५. अप्पसत्थवण्ण० जं० बं० देवगदि-पसत्थपगदीणं णिय० अणंतगुणब्भ०। अप्पसत्थगंध०३-उप० णि०। तं तु०। तित्थ० सिया० अणंतगुणब्भ०। थिरादि-

---

नियमसे जघन्य अनुभागबन्ध करता है। मानकषायमें मानसंज्वलनका जघन्य अनुभागबन्ध करनेवाला जीव दो संज्वलनोंका नियमसे जघन्य अनुभागबन्ध करता है। मायाकषायमें माया संज्वलनका जघन्य अनुभागबन्ध करनेवाला जीव लोभ संज्वलनका नियमसे जघन्य अनुभागबन्ध करता है। शेष प्रकृतियोंका मोहके समान विशेष जानना चाहिए।

१२४. औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। तिर्यञ्चगति और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगति, पाँच जाति, छह संस्थान, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, दो विहायोगति, त्रस-स्थावर आदि चार युगल, सुभग, दुर्भग, सुस्वर, दुःस्वर, आदेय और अनादेयकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जिस प्रकार इन प्रकृतियोंकी मुख्यतासे पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके कह आये हैं, उस प्रकार जानना चाहिए। देवगति के जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है, तो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। इसी प्रकार वैक्रियिकशरीर आदि चार प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। औदारिकशरीर और तैजसशरीर आदि तथा औदारिक आङ्गोपाङ्ग, परघात, उच्छ्वास, आतप और उद्योतका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है।

१२५. अप्रशस्त वर्णके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव देवगति आदि प्रशस्त प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। अप्रशस्त गन्ध आदि तीन और उपघातका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिण्णियुग० पंचिंदि०तिरि०अपज्जत्तभंगो । णवरि तिरिक्ख०--देवगदि-वेउव्वि०-ओरालि०-वेउव्वि०अंगो०-दोआणु०-पर०-उस्सा०-आदाउज्जो०-तित्थ० सिया० अणंतगुणब्भ० ।

१२६. वेउव्वियकायजोगीसु सत्तण्णं कम्माणं देवभंगो। तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु० णिरयोघं । मणुस०--मणुसाणु० देवोघभंगो । एइंदि०--थावर० देवोघभंगो । णवरि तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु० णिय० अणंतगुणब्भ० । पंचिंदि०--ओरालि०अंगो०--तस० णिरयोघं । ओरालि० ज० बं० तिरिक्ख०-हुंड०-अप्पसत्थ०४--तिरिक्खाणु०-उप०-अथिरादिपंच० णि० अणंतगुणब्भ० । एइंदि०--असंप०--अप्पसत्थ०--थावर--दुस्सर० सिया० अणंतगुणब्भ० । पंचिंदि०--ओरालि०अंगो०--आदाउज्जो०--तस० सिया० । तं तु० । तेजा-क०-पसत्थ०४--अगु०३--बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णि० । तं तु० । एवं तेजइगादीणं एक्कमेक्कस्स । तं तु० । सेसाणं देवोघं । एवं वेउव्वियमि० ।

१२७. आहार०-आहारमि० सत्तण्णं कम्माणं अणुदिसभंगो । णवरि अट्ठक०

होता है । स्थिर आदि तीन युगलोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है । इतनी विशेषता है कि यह तिर्यञ्चगति, देवगति, वैक्रियिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, दो आनुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत और तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है ।

१२६. वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है । तिर्यञ्चगति और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीका भङ्ग सामान्य नारकियोंके समान है । मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है । एकेन्द्रियजाति और स्थावरका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है । इतनी विशेषता है कि यह तिर्यञ्चगति और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और त्रसका भङ्ग सामान्य नारकियोंके समान है । औदारिक शरीरके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात और अस्थिर आदि पाँचका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । एकेन्द्रिय जाति, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर और दुःस्वरका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, आतप, उद्योत और त्रसका कदाचित् बन्ध करता है । यदि बन्ध करता है, तो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्ण चतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है । किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । इसी प्रकार तैजसशरीर आदि प्रकृतियोंकी मुख्यतासे परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए । किन्तु इनमेंसे किसी एकके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव शेषका नियमसे बन्ध करता है । किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है । इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंके जानना चाहिए ।

१२७. आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग अनुदिशके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वज्ज । देवगदि० जं० बं० पंचिं०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-पसत्थ०४-देवाणु०-अगु०३-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें०-णिमि० णि० । तं तु० । अप्पसत्थ०४-उप०-अथिर- असुभ-अजस० णिय० अणंतगुणब्भ० । तित्थ० सिया० । तं तु० । एवं देवगदिआदीओ तप्पाओग्गाओ तित्थयरं च एक्कमेक्कस्स । तं तु० । अप्पसत्थ०४-उप० ओघं ।

१२८. थिर० ज० बं० देवगदिसंजुत्ताणं पसत्थापसत्थाणं पगदीणं णिय० अणंतगुणब्भ० । सुभासुभ-जस०-अजस० सिया० । तं तु० । तित्थ० सिया० अणंतगुणब्भ० । एवं अथिर-सुभ-असुभ-जस०-अजस० ।

१२९. कम्मइ० सत्तण्णं कम्माणं देवोघभंगो । तिरिक्ख०-मणुसग०-चदुजादि-छस्संठा०-छस्संघ०-दोआणु०-दोविहा०-थावरादि४-थिरादिछयुग० ओघं । देवगदि४ ओरालियमिस्स०भंगो । पंचिंदि० ज० बं० तिरि०-हुंड०-असंप०-अप्पसत्थ०४-

---

समान है । इतनी विशेषता है कि आठ कषायोंको छोड़कर सन्निकर्ष कहना चाहिए । देवगतिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है । किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्तिका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है । यदि बन्ध करता है, तो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । इसी प्रकार तत्प्रायोग्य देवगति आदि और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी मुख्यतासे परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए । किन्तु इनमेंसे किसी एकके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव शेषका यथासम्भव बन्ध करता है । वह जघन्य अनुभागबन्ध भी करता है और अजघन्य अनुबन्ध भी करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । अप्रशस्त वर्णचतुष्क और उपघातका भङ्ग ओघके समान है ।

१२८. स्थिर प्रकृतिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव देवगति संयुक्त प्रशस्त और अप्रशस्त प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिका कदाचित् बन्ध करता है । यदि बन्ध करता है, तो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । इसी प्रकार अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१२९. कार्मणकाययोगी जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है । तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, चार जाति, छह संस्थान, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति, स्थावर आदि चार और स्थिर आदि छह युगलका भङ्ग ओघके समान है । देवगति चतुष्कका भङ्ग औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंके समान है । पञ्चेन्द्रिय जातिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिरिक्खाणु०-उप०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ०-णिमि० णि० अणंतगुणब्भ० । ओरालि-यादि० णि० । तं तु० । उज्जो० सिया० । तं तु० । एवं ओरालि०अंगो[1]-तस० ।

१३०. ओरालि० ज० बं० तिरिक्ख०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अथिरादिपंच० णिय० अणंतगुणब्भ० । एइंदि०-अप्पसत्थ०-थावर[2]-दुस्सर० सिया० अणंतगुणब्भ० । पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-आदाउज्जो०-तस०४ सिया० । तं तु० । तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-णिमि० णि० । तं तु० । एवमेदाओ एक्क-मेक्कस्स । तं तु० ।

१३१. तित्थ० ज० बं० मणुसगदिपंच० सिया० अणंतगुणब्भ० । देवगदि०४ सिया० । तं तु० । पंचिंदियादि० णि० अणंतगुणब्भ० ।

तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त वर्ण चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर आदि छह और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। औदारिक शरीर आदिका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। इसी प्रकार औदारिक आङ्गोपाङ्ग और त्रस प्रकृतिकी मुख्यता से सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१३०. औदारिकशरीरके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात और अस्थिर आदि पाँचका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। एकेन्द्रियजाति, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर और दुःस्वरका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, आतप, उद्योत और त्रस चतुष्कका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है, तो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। इसी प्रकार इन सब प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु इन्हींमेंसे किसी एकके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव शेष प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है।

१३१. तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव मनुष्यगति पञ्चकका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। देवगतिचतुष्कका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है, तो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। पञ्चेन्द्रियजाति आदिका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है।

---

१. आ० प्रतौ ओरालि०भंगो० इति पाठः। २. ता० प्रतौ अप्पसत्थ०अत्पसत्थ० (१) थावर इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३२. इत्थिवे० सत्तण्णं कम्माणं ओघं। णवरि कोधसंज० ज० बं० तिण्णि-संज०-पुरिस० णिय० बं० णियमा जहण्णो। चदुगदि-चदुजादि-छस्संठाण-छस्संघ०-चदुआणु०-दोविहा०-थावरादि०४-थिरादिछयुग० पंचिंदि०तिरि०भंगो।

१३३. पंचिं० ज० बं० णिरयगदि-हुंड०-अप्पसत्थ०४-णिरयाणु०-उप०-अप्पसत्थवि०-अथिरादिछ० णि० अणंतगुणब्भ०। वेउव्वि०-तेजा०-क०-वेउव्वि०अंगो०-पसत्थ०४-अगु०३-तस०४-णिमि० णि०। तं तु०। एवं [वेउव्वि०-] वेउव्वि०-अंगो०-तसं०। ओरालि०-आदाउज्जो० सोधम्मभंगो।

१३४. ओरालि०अंगो० ज० बं० तिरिक्ख०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-असंप०-पसत्थापसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-तस०-बादर०-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि० णि० अणंतगुणब्भ०। वेइंदि०-पंचिंदि०-पर०-उस्सा०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-पज्जत्तापज्ज०-दुस्सर० सिया० अणंतगुणब्भ०।

१३५. तेजा०-कम्मइ० ओघं। णवरि [ओरालियअंगो०-] असंपत्तं वज्ज।

---

३२. स्त्रीवेदी जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि क्रोध संज्वलनके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तीन संज्वलन और पुरुषवेदका नियमसे बन्ध करता है जो नियमसे जघन्य होता है। चार गति, चार जाति, छह संस्थान, छह संहनन, चार आनुपूर्वी, दो विहायोगति, स्थावर आदि चार और स्थिर आदि छह युगलका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है।

१३३. पञ्चेन्द्रिय जातिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव नरकगति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, नरकगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति और अस्थिर आदि छहका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, त्रसचतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। इसी प्रकार वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकआङ्गोपाङ्ग और त्रसकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए। औदारिकशरीर, आतप और उद्योतका भंग सौधर्म-कल्पके समान है।

१३४. औदारिक आङ्गोपाङ्गके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, प्रशस्त-वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। द्वीन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, पर्याप्त, अपर्याप्त और दुःस्वरका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है।

१३५. तैजसशरीर और कार्मणशरीरका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि औदारिकआङ्गोपांग और असम्प्राप्तासृपाटिका संहननको छोड़कर सन्निकर्ष कहना चाहिए।

---

१. ता० प्रतौ कोधसंज० पुरिस० णिय० बंध० णियमो० (मा०) जहण्णा इति पाठः। २ ता० आ० प्रत्योः -जादि चदुसंठाणं ओरालि० अंगो० छस्संघ० इति पाठः। ३. ता० आ० प्रत्योः तस० ४ इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचिंदि०-ओरालि०-वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-आदाउज्जो०-[तस०] सिया०। तं तु०। एइंदि०-थावर० सिया० अणंतगुणब्भ०[1]। कम्मइगादि० णिमि० णि०। तं तु०। एवं तेजइगादि० अण्णमण्णस्स। तं तु०। आहारदुग-अप्पसत्थ०४-उप०-तित्थय० ओघभंगो०।

१३६. पुरिसेसु सत्तण्णं कम्माणं इत्थिभंगो। सेसं ओघं। णवरि तिरिक्खगदिदु० परियत्तमाणिगा कादव्वा।

१३७. णवुंसगे सत्तण्णं कम्माणं इत्थिवेदभंगो। चदुगदि-चदुजादि-छस्संठा०-छस्संघ०-चदुआणु०-दोविहा०-थावरादि०४-थिरादिछयुग० ओघं। पंचिंदि० ज० बं० दोगदि-असंप०-दोआणु० सिया० अणंतगुणब्भ०। दोसरीर-दोअंगो०-उज्जो० सिया०। तं तु०। तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-तस०४ [-णिमि०] णि०। तं तु०।

पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकआङ्गोपाङ्ग, आतप, उद्योत और त्रसका कदाचित् बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। एकेन्द्रियजाति और स्थावरका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। कार्मणशरीर आदि और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। इसी प्रकार तैजसशरीर आदिका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु इनमेंसे किसी एकके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव शेषका नियमसे बन्ध करता है जो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। आहारकद्विक, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है।

१३६. पुरुषवेदी जीवोंमें सात कर्मोंका भंग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है। शेष भंग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगतिद्विककी परिवर्तमान प्रकृतियोंमें परिगणना करनी चाहिए।

१३७. नपुंसकवेदी जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है। चार गति, चार जाति, छह संस्थान, छह संहनन, चार आनुपूर्वी, दो विहायोगति, स्थावर आदि चार और स्थिर आदि छह युगलका भङ्ग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रिय जातिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव दो गति, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन और दो आनुपूर्वीका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग और उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है, तो वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, त्रस चतुष्क और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है।

---

१. ता० आ० प्रत्योः सिया० तं तु० अणंतगुणब्भ० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[हुंड०-] अप्पसत्थवण्ण०४-उप० [-अप्पसत्थ०-] अथिरादिछ० णि० अणंतगुणब्भ० । एवं तेजइगादि० । एवं ओरालिगादीणं पि सिया० । तं तु० । ओरालि० ओरालि०अंगो० सिया० । सेसं मणुसभंगो । [णवरि आदवं तिरिक्खोघं] ।

१३८. अवगदवे० पंचणा०-चदुदंसणा०-पंचंतरा० णि० बं० णि० जहण्णा । चदुसंज० ओघं ।

१३९. आभि०-सुद०-ओधि० सत्तण्णं कम्माणं ओघं । मणुसग० ज० बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-पसत्थ०४-मणुसाणु०-अगु०३-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें०-णिमि० णि० । तं तु० । अप्पसत्थ०४-उप०-अथिर-असुभ-अजस० णिय० अणंतगुणब्भ० । एवं मणुसगदिचदुक्क० ।

१४०. देवगदि ज० बं० मणुसभंगो । णवरि तित्थ० सिया० । तं तु० । एवं देवगदिचदुक्कस्स वि ।

हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति और अस्थिर आदि छहका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । इसी प्रकार नियमसे तं तु०पतित तैजसशरीर आदिकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए । तथा इसी प्रकार सिया तं तु०पतित औदारिकशरीर आदिकी मुख्यतासे भी सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु इन्हींमेंसे किसी एकके जघन्य अनुभाग का बन्ध करनेवाला जीव शेषका कदाचित् बन्ध करता है। जो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । किन्तु इतनी विशेषता है कि औदारिकशरीरके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव औदारिकआङ्गोपाङ्गका कदाचित् बन्ध करता है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मनुष्योंके समान है। किन्तु आतपका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है ।

१३८. अपगतवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है जो नियमसे जघन्य होता है। तात्पर्य यह है कि इन चौदह प्रकृतियोंमेंसे किसी एकके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव शेषका नियमसे जघन्य अनुभागबन्ध करता है । चार संज्वलनका भङ्ग ओघके समान है ।

१३९. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगतिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्तिका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है । इसी प्रकार मनुष्यगत्यानुपूर्वी आदि चारकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१४०. देवगतिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाले जीवका भङ्ग मनुष्यके समान है । इतनी विशेषता है कि तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है । यदि बन्ध करता है,तो वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है । यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है । इसी प्रकार देवगत्यानु-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४१. पंचिंदि० ज० बं० दोगदि-दोसरीर-दोअंगो०-वज्जरि०-दोआणु०-तित्थ० सिया० । तं तु० । तेजा०-क०-समचदु०-पसत्थवण्ण०४-अगु०३-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें०-णिमि० णि० । तं तु० । अप्पसत्थ०४-उप०-अथिर-असुभ-अजस० णि० अणंतगुणब्भ० । एवं पंचिंदिय०भंगो तेजइगादीणं पसत्थाणं[1] ।

१४२. तित्थ० ज० बं० देवगदि० णि० । तं तु० । आहारदुगं[2]-अप्पसत्थ०४-उप० ओघं ।

१४३. थिर० ज० बं० दोगदि-दोसरीर० सिया० अणंतगुणब्भ० । पंचिंदियादि० णि० अणंतगुणब्भ० । दोयुग० सिया० । तं तु० । तित्थ० सिया० अणंतगुणब्भ० । एवं तिण्णियुग० । एवं ओधिदं०-सम्मादि०-खइगस० । णवरि खइगे मणुसगदिपंचग० जह० तित्थ० सिया० । तं तु० ।

पूर्वी चतुष्ककी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१४१. पञ्चेन्द्रिय जातिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव दो गति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, दो आनुपूर्वी और तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है,तो वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्तिका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रियजातिके समान तैजसशरीर आदि प्रशस्त प्रकृतियोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१४२. तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव देवगतिका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। आहारकद्विक, अप्रशस्त वर्णचतुष्क और उपघातका भंग ओघके समान है।

१४३. स्थिर प्रकृतिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव दो गति और दो शरीरका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। पञ्चेन्द्रिय जाति आदिका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। दो युगलका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है,तो वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। इसी प्रकार तीन युगलोंका भङ्ग है। इसी प्रकार अर्थात् आभिनिबोधिकज्ञानी आदि जीवोंके समान अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि और क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें मनुष्यगति पञ्चकके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है, तो वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और

---

१. ता० प्रतौ तेजइगादीणं पसं (स) त्थाणं। तित्थ०, आ० प्रतौ तेजइगादीणं तित्थ० इति पाठः।

२. ता० प्रतौ णि०। तित्थ आहारदुगं० (गं), आ० प्रतौ णि० तं तु० आहारदुगं इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१४४. मणपज्जवे सत्तण्णं कम्माणं ओधिभंगो०। णवरि अट्ठकसायं वज्ज। णाम० ओधिभंगो। णवरि मणुसगदिपंचगं वज्ज। तित्थ० ओघं। एवं संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-संजदासंजद०। सुहुमसंप० अवगदवेदभंगो।

१४५. किण्णाए सत्तण्णं कम्माणं णिरयभंगो। सेसं णवुंसगभंगो। णील-काऊणं सत्तण्णं कम्माणं णिरयभंगो। णिरयगदि० ज० ओघं०। पंचिंदि० ज० बं० तिरिक्ख०-हुंड० णि० अणंतगु०। ओरालि० णि०। तं तु० [सेसं] णिरयदंडओ भाणिदव्वओ[1]। वेउव्वि० जं० बं० णिरयगदिअट्ठावीसं अणंतगुणब्भ०। वेउव्वि०-अंगो० णि०। तं तु०। एवं वेउव्विय०अंगो०। सेसं किण्णभंगो०। काऊ० तित्थ० णिरयभंगो।

१४६. तेऊए सत्तण्णं कम्माणं देवगदिभंगो। णवरि कोधसंज० ज० बं० तिण्णि-संज०-पंचणोक० णि०। तं तु०। दोगदि--दोजादि--छस्संठा०-छस्संघ०--दोआणु०-

अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है।

१४४. मनःपर्ययज्ञानी जीवोंमें सात कर्मोंका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि आठ कषायोंको छोड़कर यह सन्निकर्ष कहना चाहिए। नामकर्मका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यगतिपञ्चकको छोड़कर यह सन्निकर्ष कहना चाहिए। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार संयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहार-विशुद्धिसंयत और संयतासंयत जीवोंके जानना चाहिए। सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें अपगतवेदी जीवोंके समान भङ्ग है।

१४५. कृष्ण लेश्यामें सात कर्मोंका भंग नारकियोंके समान है। शेष भङ्ग नपुंसकोंके समान है। नील और कापोत लेश्यामें सात कर्मोंका भङ्ग नारकियोंके समान है। नरकगतिके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका भङ्ग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रिय जातिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति और हुण्डसंस्थानका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। औदारिकशरीरका नियमसे बन्ध करता है जो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। शेष प्रकृतियोंका भंग नरकदण्डकके समान कहना चाहिए। वैक्रियिकशरीरके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव नरकगति आदि अट्ठाईस प्रकृतियोंका बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थानपतित वृद्धिरूप होता है। इसी प्रकार वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गका भी भङ्ग जानना चाहिए। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग कृष्णलेश्याके समान है। कापोतलेश्यामें तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग नारकियोंके समान है।

१४६. पीत लेश्यामें सात कर्मोंका भंग देवगतिके समान है। इतनी विशेषता है कि क्रोध संज्वलनके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तीन संज्वलन और पाँच नोकषायका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। दो गति, दो जाति, छह संस्थान, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति,

१. आ० प्रतौ भाणिदव्वाओ इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[दोविहा०-] तस-थावर-तिण्णियुग० सोधम्मभंगो। देवगदि० ज० बं० पंचिंदियादि णि० अणंतगुणब्भ०। वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणु० णि०। तं तु०। एवं वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणु०। ओरालि०--तेजा०-क०--पसत्थ०४-अगु०३-[आदाउज्जो-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-] णिमि०-[तित्थ०] सोधम्मभंगो[1]। थिरादितिण्णियुगलाणं [ज० बं०] दोगदि० सिया०। तं तु०। देवगदि०४ सिया० अणंतगुणब्भ०। सेसं सोधम्मभंगो। [आहारदु०--अप्पसत्थवण्ण४--उप० मणुसभंगो।] एवं पम्माए वि। णवरि पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०--तस० सव्वाणं संकिलेस्सपगदीणं सहस्सार-भंगो। तित्थय० देवभंगो।

१४७. सुक्काए सत्तण्णं क० ओघं। देवगदि[2]०४-आहारदुगं पम्माए भंगो। सेसाणमाणदभंगो। अप्पसत्थ०४-उप० ओघं। अब्भव० मदि०भंगो। णवरि अप्पसत्थ-वण्ण० ज० बं० तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु० सिया०। तं तु०। दोगदि-दोसरीर-दोअंगो०-

---

त्रस, स्थावर और तीन युगलका भंग सौधर्मकल्पके समान है। देवगतिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति आदिका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। इसी प्रकार वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वीका भङ्ग जानना चाहिए। औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, आतप, उद्योत, बादर, पर्याप्त प्रत्येक, निर्माण और तीर्थङ्करका भङ्ग सौधर्मकल्पके समान है। स्थिर आदि तीन युगलके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव दो गतिका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है,तो वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। देवगति चतुष्कका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। इसका शेष भङ्ग सौधर्मकल्पके समान है। आहारकद्विक, अप्रशस्त वर्णचतुष्क और उपघातका भङ्ग मनुष्योंके समान है। इसी प्रकार पद्मलेश्यामें भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, त्रस और सर्व संक्लिष्ट परिणामोंसे बँधनेवाली सब प्रकृतियोंका भङ्ग सहस्रार कल्पके समान है। तथा तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग देवोंके समान है।

१४७. शुक्ललेश्यामें सात कर्मोंका भङ्ग ओघके समान है। देवगति चार और आहारक द्विकका भङ्ग पद्मलेश्याके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग आनतकल्पके समान है। अप्रशस्त वर्ण चतुष्क और उपघातका भङ्ग ओघके समान है। अभव्योंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग मत्यज्ञानियों के समान है। इतनी विशेषता है कि अप्रशस्त वर्णके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है,तो वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। दो गति, दो शरीर, दो

---

१. ता० आ० प्रत्योः णिमि० णि० तं तु० सोधम्मभंगो इति पाठः। २. ता० आ० प्रत्योः ओघं। णामगदि देवगदि० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वज्जरि०-दोआणु०- ज्जो० सिया० अणंतगुणब्भ० । पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-पसत्थव०४-अगु०३-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि० णि० अणंतगुणब्भ० । अप्पसत्थगंध३-उप० णि० । तं तु० ।

१४८. वेदग०-उवसम० ओधिदंसणिभंगो। अप्पसत्थ०४-उप० ओघं। सासा० मदि०भंगो । मिच्छत्तं[1] वज्ज । तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु० ओघं । दोगदि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-दोआणु०-दोविहा०-थिरादिछयुग० ओघं। णवरि पज्जत्तसंजुत्तं कादव्वं । पंचिंदि० ज० बं० तिरिक्खगदिआदि[2] णि० अणंतगुणब्भ० । ओरालिगादिसव्वसंकिलिट्ठाणं णि० । तं तु० । उज्जो० सिया० । तं तु० । एवं मणुस०-मणुसाणु० । तं तु० । वेउव्विय० ज० बं० पंचिंदियादि० णि० अणंतगुणब्भ० । तिण्णियुगल० सिया० । तं तु० ।

आंगोपांग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, दो आनुपूर्वी और उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। अप्रशस्त गन्ध आदि तीन और उपघातका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है।

१४८. वेदकसम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें अवधिदर्शनी जीवोंके समान भङ्ग है। मात्र अप्रशस्त वर्णचतुष्क और उपघातका भङ्ग ओघके समान है। सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें मत्यज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वको छोड़कर सन्निकर्ष कहना चाहिए। तिर्यञ्चगति और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीका भंग ओघके समान है। दो गति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति और स्थिर आदि छह युगलका भंग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि पर्याप्त प्रकृतिको संयुक्त करके कहना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय जातिके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति आदिका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। औदारिक आदि सर्व संक्लिष्ट परिणामोंसे बन्धको प्राप्त होनेवाली प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। उद्योतका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है,तो वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। इसी प्रकार मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका भंग है। किन्तु वह जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है। वैक्रियिक शरीरके जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति आदिका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा अधिक होता है। तीन युगलका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है,तो जघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है और अजघन्य अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अजघन्य अनुभागका बन्ध करता है,तो वह छह स्थान पतित वृद्धिरूप होता है।

---

१. ता० आ० प्रत्योः ओघं अब्भव० मदिभंगो । मिच्छत्तं इति पाठः । २. ता० प्रतौ जादि० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किंचि० विसेसो जाणिदव्वो। एवं वेउव्वि०अंगो०। [सम्मामि० वेदग०भंगो। विसेसो जाणिदव्वो।] मिच्छादिट्ठी० मदि०भंगो। अणाहार० कम्मइगभंगो।

एवं जहण्णसण्णियासो समत्तो।

एवं सत्थाणसण्णियासो समत्तो।

१४६. परत्थाणसण्णियासे दुवि०—जह० उक्क०। उक्कस्सए पगदं। दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० आभि० उक्क० अणुभागं[1] बंधंतो चदुणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-उप०-अथिरादिपंच-णीचा०-पंचंत० णिय० बंध०। तं तु० छट्ठाणपदिदं बंधदि। अणंतभागहीणं वा०५। णिरय०-तिरिक्ख०-एइंदि०-असंप०-दोआणु०-अप्पसत्थ०-थावर-दुस्सर० सिया०। तं तु०। पंचिंदि०-दोसरीर-दोअंगो०-आदाउज्जो०-तस० सिया० अणंतगुणहीणं०। तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०-पर०-उस्सा०-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णि० अणंतगुणहीणं०। एवं आभिणि०भंगो चदुणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-उप०-अथिरादिपंच०-णीचा०-पंचंतरा०।

जो कुछ विशेषता है वह जान लेनी चाहिए। इसी प्रकार वैक्रियिक आंगोपांग की मुख्यतासे सन्निकर्ष है। सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंके समान भङ्ग है। किन्तु कुछ विशेषता जाननी चाहिए। मिथ्यादृष्टि जीवोंका भंग मत्यज्ञानी जीवोंके समान है। अनाहारक जीवोंका भंग कार्मणकाययोगी जीवोंके समान है। इस प्रकार जघन्य सन्निकर्ष समाप्त हुआ।

इस प्रकार स्वस्थान सन्निकर्ष समाप्त हुआ।

१४६. परस्थान सन्निकर्षकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघकी अपेक्षा आभिनिबोधिक ज्ञानावरणके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका नियमसे बन्ध करता है। किन्तु वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हानि रूप बाँधता है। अर्थात् या अनन्तभागहीन बाँधता है, या असंख्यातभागहीन, संख्यातभागहीन, संख्यातगुणहीन, असंख्यातगुणहीन या अनन्तगुणहीन बाँधता है। नरकगति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, दो आनुपूर्वी, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर और दुःस्वरका कदाचित् बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है, तो वह उत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट अनुभागका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है, तो वह छह स्थान पतित हानिरूप होता है। पञ्चेन्द्रियजाति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, आतप, उद्योत और त्रसका कदाचित् बन्ध करता है जो अनन्तगुणा हीन होता है। तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, परघात, उच्छ्वास, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणका नियमसे बन्ध करता है जो अनन्तगुणा हीन होता है। इसी प्रकार आभिनिबोधिकज्ञानावरणके समान चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, हुण्ड

---

१. ता० प्रतौ अणंतभागं इति पाठः।

३३७. अभव्योंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रियजाति, तीन शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, आतप, उद्योत, त्रसचतुष्क, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीव असंख्यात हैं। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीव अनन्त हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार असंज्ञी जीवोंके जानना चाहिए। सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें मनुष्यायुका भंग देवोंके समान है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीव असंख्यात हैं। सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीव असंख्यात हैं। अनाहारक जीवोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भंग है।

विशेषार्थ—ओघसे सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीव कितने हैं इसका स्पष्टीकरण किया ही है। उसी प्रकार अपने अपने स्वामित्वको ध्यानमें रखकर सब मार्गणाओंमें स्पष्टीकरण कर लेना चाहिए। कोई विशेषता न होनेसे अलग अलग स्पष्टीकरण नहीं किया है।

इस प्रकार परिमाण समाप्त हुआ।

१९ क्षेत्रप्ररूपणा

३३८. क्षेत्र दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे तीन आयु, वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थङ्करके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है? लोकका असंख्यातवाँ भाग क्षेत्र है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है? लोकका असंख्यातवां भाग क्षेत्र है। अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। इस प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, काययोगी, औदारिककाययोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, नपुंसकवेदी,

१. आ० प्रतौ एवं सण्णि त्ति इति पाठः। २. ता० प्रतौ एवं परिमाणं समत्तं इति पाठो नास्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अचक्खु०-तिण्णिले०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छा०-असण्णि०-आहार०-अणाहारग त्ति।

३३६. एइंदि० पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-थावरादि४-अथिरादिपंच०-णीचा०-पंचंत० उ० अणु० सव्वलोगे। दोआउ०-मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० ओघं। सेसाणं उ० लोग० संखे०, अणु० सव्वलोगे[1]।

क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शन, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी, आहारक और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—नरकायु, देवायु और वैक्रियिक छहका असंज्ञी आदि, आहारकद्विकका अप्रमत्तसंयत और तीर्थंकरका सम्यग्दृष्टि जीव बन्ध करते हैं। इन जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण होनेसे इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र उक्त प्रमाण कहा है। मनुष्यायुका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध संज्ञी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च और मनुष्य करते हैं, इसलिए इनका क्षेत्र तो लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है ही, परन्तु मनुष्यायुके अनुत्कृष्ट अनुभाग के बन्धक जीवोंका भी लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है, क्योंकि एकेन्द्रियादि सभी जीव इसका बन्ध करनेवाले होते हुए भी वे स्वल्प हैं। उन जीवोंके क्षेत्रका योग लोकके असंख्यातवें भागसे अधिक नहीं होता, इसलिए मनुष्यायुकी अपेक्षा भी यह क्षेत्र उक्त प्रमाण कहा है। अब रही शेष प्रकृतियाँ सो उनके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध सामान्यतः संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव करते हैं और इनका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है, इसलिए इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र उक्त प्रमाण कहा है। तथा इनके अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध एकेन्द्रियादि सभी जीव करते हैं, इसलिए यह सर्वलोक कहा है। यहाँ अन्य जितनी मार्गणाएँ कही हैं, उनमें यह प्ररूपणा बन जाती है, इसलिए उनको ओघके समान कहा है।

३३६. एकेन्द्रियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। दो आयु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भंग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरणादिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध अन्यतर यथायोग्य संक्लेश युक्त एकेन्द्रिय जीव करते हैं और ये सर्व लोकमें पाये जाते हैं, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सर्व लोक क्षेत्र कहा है। दो आयु, मनुष्यगतिद्विक और उच्चगोत्रका भंग ओघके समान है यह स्पष्ट ही है, क्योंकि इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक बादर पृथिवीकायिक, बादर जलकायिक और बादर प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीव हैं और इनका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। तथा एकेन्द्रिय जीव सब लोकमें पाये जाते हैं, इसलिए इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। ओघसे इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र उक्त प्रमाण ही कहा है। अब रहीं शेष प्रकृतियाँ सो उनमेंसे प्रशस्त प्रकृतियों के उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध बादर अग्निकायिक और बादर वायुकायिक जीव करते हैं और जो एकेन्द्रिय सम्बन्धी न होकर अन्य प्रकृतियाँ हैं, उनके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध अन्यतर करते हुए वे

१. ता० आ० प्रत्योः सव्वलोगो इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३४०. बादरएइंदियपज्जत्तापज्जत्ता० पंचणाणावरणादि याव अप्पसत्थाणं थावर-पगदीणं उक्क० अणु० सव्वलो० । सादावे०-ओरालि०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-पज्ज०-पत्ते०-थिर-सुभ०-णिमि० उ० लोग० संखें०, अणु० सव्वलो० । इत्थि०-पुरिस०-चदुजादि-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-आदाउज्जो०-दोविहा०-तस०-बादर०-सुभग०-दोसर०-आदेज्ज०-जस० उ० अणु० लोग० संखें० । तिरिक्खाउ० उ० लोग० असंखें०, अणु० लोग० संखें० । मणुसाउ०-मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० उक्क० अणु० लोग० असंखें० । सव्वसुहुमाणं[1] तिरिक्ख०-मणुसाउ० ओघं । सेसाणं उ० अणु० सव्वलो० ।

३४१. पुढवि०-आउ०-तेउ० सव्वथावरपगदीणं उ० लो० असंखें०, अणु० सव्वलो० ? णवरि मणुसाउ० ओघं । बादरपुढवि०-आउ०-तेउ० पंचणा०-णवदंस०-सादासाद०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरि०-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-पसत्थापसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-थावर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त-पत्ते०-साधार०-

---

सब लोकमें नहीं पाये जाते, अतः उन सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक कहा है। आगे अन्य मार्गणाओंमें जो क्षेत्र कहा है उसे इसी प्रकार स्वामित्वका विचार कर घटितकर लेना चाहिए। विचार करनेकी दिशाका ज्ञान इससे ही हो जाता है।

३४०. बादर एकेन्द्रिय तथा उनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरणसे लेकर अप्रशस्त स्थावर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। सातावेदनीय, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, शुभ और निर्माणके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आंगोपांग, छह संहनन, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, बादर, सुभग, दो स्वर, आदेय और यशःकीर्तिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है। तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका लोकके संख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। मनुष्यायु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। सब सूक्ष्म जीवोंमें तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका भंग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है।

३४१. पृथिवीकायिक, जलकायिक और अग्निकायिक जीवोंमें सब स्थावर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यायुका भंग ओघके समान है। बादर पृथिवीकायिक, बादर जलकायिक और बादर अग्निकायिक जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्ड संस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क,

---

१. आ० प्रतौ जस० उ० अणु० लोग० असंखे० सव्वसुहुमाणं इति पाठः । १. ता० आ० प्रत्योः तेउ बादरपत्ते० सव्व- इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थिराथिर--सुभासुभ--दूभग--अणादें०-अजस०--णिमि०-णीचा०--पंचंत० उ० लोगस्स असंखेज्जदिभागे। अणुक्कस्सं सव्वलोगे[1]। सेसाणं सव्वतसपगदीणं बादर-जसगित्ति-सहिदाणं उ० अणु० लो० असंखें०। बादरपुढ०-आउ०-तेउ०पज्जत्ता[2] पंचिं०तिरि०-अपज्ज०भंगो। बादरपुढ०--आउ०--तेउ०अपज्जत्त० पंचणा०--णवदंसणा०--असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्ख०--एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४--तिरिक्खाणु०-उप०-थावरादि४--अथिरादिपंच०-णीचा०-पंचंत० उ० अणु० सव्वलो०। सादा०-ओरालि०--तेजा०--क०--पसत्थ०४--अगु०३--पज्जत्त-पत्ते०--थिर०-सुभ०-णिमि० उ० लोग० असं०, अणु० सव्वलो०। सेसाणं तसपगदीणं बादर-जसगित्तिसहिदाणं उ० अणु० लो० असंखें०। वाऊणं पि तेउभंगो। णवरि यम्हि लोग० असंखें० तम्हि लोग० संखें०कादव्वं। णवरि बादरवाउ० आउ० बादरएइंदियभंगो।

३४२. वणप्फदि-णियोद० थावरपगदीणं अप्पसत्थाणं उ० अणु० सव्वलो०। सेसाणं सादादीणं तस-थावरपगदीणं उ० लो० असंखें०, अणु० सव्वलो०। मणु-साउ० ओघं। बादरवणप्फदि-बादरणियोद-पज्जत्तापज्जत्त० थावरपगदीणं अप्पसत्थाणं

अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक साधारण, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। बादर और यशःकीर्ति सहित शेष सब त्रसप्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग-प्रमाण है। बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त और बादर अग्निकायिक पर्याप्त जीवोंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान भंग है। बादर पृथिवीकायिक अपर्याप्त, बादर जल-कायिक अपर्याप्त और बादर अग्निकायिक अपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। सातावेदनीय, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु-त्रिक, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, शुभ और निर्माणके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका लोकके असं-ख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। बादर और यशःकीर्ति सहित शेष त्रस प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। वायुकायिक जीवोंका भी अग्निकायिक जीवोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि जहाँ पर लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र कहा है, वहाँ पर लोकके संख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि बादर वायुकायिक जीवों में आयुका भंग बादर एकेन्द्रियोंके समान है।

३४२. वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंमें अप्रशस्त स्थावर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। शेष सातावेदनीय आदि त्रस-स्थावर-प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है और अनु-त्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। मनुष्यायुका भंग ओघके समान है। बादर

१. ता० आ० प्रत्योः सव्वलोगो इति पाठः। २. आ० प्रतौ तेउ० वाउ० पज्जत्ता इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उ० अणु० सव्वलो० । सादा०-ओरा०-तेजइगादीणं थावरपगदीणं पसत्थाणं उ० लो० असंखें०, अणु० सव्वलो० । सेसाणं तसपगदीणं आदाउज्जो०-बादर-जसगित्ति-सहिदाणं उ० अणु० लो० असंखें० । बादरपत्ते० बादरपुढविभंगो । णेरइगादि याव सण्णि त्ति उक्क० अणु० लोग० असंखेज्जदि० ।

एवं उक्कस्सं समत्तं ।

३४३. जहण्णए पगदं । दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक०-तिरिक्ख०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०-अंगो०-पसत्थापसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-आदाउज्जो०-तस०४-णिमि०-णीचा०-पंचंत० ज० अणुभागबंधगा केवडि खेत्ते ? लोग० असंखें० । अज० अणु० केव० ? सव्वलो० । सादासाद०-तिरिक्खाउ०-मणुस०-चदुजादि-छस्संठा०-छस्संघ०-मणुसाणु०-दोविहा०-थावरादि४-थिरादिछयुग०-उच्चा० ज० अज० सव्वलो० । तिण्णिआउ०-वेउव्वियछ०-आहारदुग-तित्थ० ज० अज० लो० असंखें० । एवं ओघभंगो कायजोगि-णवुंस०-कोधादि४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खु०-किण्ण०-

---

वनस्पतिकायिक, बादर निगोद तथा इनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें अप्रशस्त स्थावर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। सातावेदनीय, औदारिकशरीर और तैजसशरीर आदि प्रशस्त स्थावर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। आतप, उद्योत, बादर और यशःकीर्ति सहित शेष त्रसप्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। बादर प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीवोंका बादर पृथिवीकायिक जीवोंके समान भंग है। तथा नारकियोंसे लेकर संज्ञी तक अन्य जितनी मार्गणाएँ शेष रही हैं, उनमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवों का क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

इस प्रकार उत्कृष्ट क्षेत्र समाप्त हुआ।

३४३. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, आतप, उद्योत, त्रसचतुष्क, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? सब लोक क्षेत्र है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चायु, मनुष्यगति, चार जाति, छह संस्थान, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, दो विहायोगति, स्थावर आदि चार, स्थिर आदि छह युगल और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। तीन आयु, वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थङ्करके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, कृष्णलेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छा०-आहारए त्ति। तिरिक्खोघं ओरा०-ओरालियमि०-णील०-काउ०-असण्णीसु च ओघं। णवरि तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु०-णीचा० ज० लो० संखे०, अज० सव्वलो०।

३४४. एइंदिएसु पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक०-तिरिक्ख०-ओरालि०अंगो०-अप्पसत्थ०४-तिरक्खाणु०-उप०-आदाउज्जो०-[अप्पसत्थवि०-] णीचा०-पंचंत० ज० लो० संखे०, अज० सव्वलो०। सादासाद०-तिरिक्खाउ०-

और आहारक जीवोंके जानना चाहिए। सामान्य तिर्यञ्च, औदारिककाययोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी, नीललेश्यावाले, कापोतलेश्यावाले और असंज्ञी जीवोंमें भी ओघके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है।

विशेषार्थ—प्रथम दण्डकमें कही गई पाँच ज्ञानावरणादि प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध या तो गुणस्थानप्रतिपन्न जीव करते हैं और जिन स्त्यानगृद्धि तीन आदिका मिथ्यादृष्टि जीव करते हैं वे सब संज्ञी पञ्चेन्द्रिय ही होते हैं और ऐसे जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है, अतः यहाँ इन प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागबन्धका क्षेत्र उक्त प्रमाण कहा है। तथा इनका अजघन्य अनुभागबन्ध एकेन्द्रिय आदि सब जीव करते हैं, अतः इनके अजघन्य अनुभाग के बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र कहा है। दूसरे दण्डकमें कही गई सातावेदनीय आदिका जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध एकेन्द्रिय आदि चारों गतिके जीव करते हैं, अतः इनके दोनों प्रकारके अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक कहा है। शेष रही तीसरे दण्डकमें कही गई तीन आयु आदि प्रकृतियाँ सो इनमेंसे मनुष्यायुके सिवा शेष प्रकृतियोंका बन्ध यथायोग्य पञ्चेन्द्रिय जीव ही करते हैं और मनुष्योंका प्रमाण असंख्यात होनेसे मनुष्यायुका बन्ध करनेवाले जीव स्वल्प हैं, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। यहाँ काययोगी आदि अन्य जितनी मार्गणाएँ गिनाई हैं उनमें यह ओघप्ररूपणा अविकल घटित हो जाती है, इसलिए उनके कथनको ओघके समान कहा है। यद्यपि सामान्य तिर्यञ्च आदि मार्गणाओंमें भी यह ओघप्ररूपणा घटित हो जाती है और इसलिए उनकी प्ररूपणाको भी ओघके समान जाननेकी सूचना की है पर उनमें तिर्यञ्चगति आदि तीन प्रकृतियोंकी अपेक्षा कुछ विशेषता है। बात यह है कि ओघमें और काययोगी आदि मार्गणाओंमें तो तिर्यञ्चगति आदिका जघन्य अनुभागबन्ध सम्यक्त्वके अभिमुख हुआ सातवें नरकका नारकी जीव करता है और सामान्य तिर्यञ्च आदि मार्गणाओंमें बादर अग्निकायिक और बादर वायुकायिक जीव इन प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध करता है और बादर वायुकायिक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है, इसलिए इन मार्गणाओंमें उक्त तीन प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक कहा है।

३४४. एकेन्द्रियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, तिर्यञ्चगति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक

१. ता० प्रतौ तिरिक्खोघं ओरालियमि० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मणुस०-पंचजादि--ओरालि०--तेजा०--क०-छस्संठा०-छस्संघ०--पसत्थ०४-मणुसाणु०-अगु०३-[पसत्थवि०-] तसथावरादिदसयुग०-णिमि०-उच्चा० ज० अज० सव्वलो० । मणुसाउ० ज० अज० ओघं ।

३४५. बादरपज्जत्त-[अपज्जत्त०] पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्ख०--अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-णीचा०-पंचंत० ज० लो० संखे०, अज० सव्वलो० । सादासाद०-एइंदि०-ओरा०-तेजा०-क०-हुंड०-पसत्थ-वण्ण४-अगु०३-थावर-सुहुम-पज्ज०-अपज्ज०-पत्ते०-साधार०-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-अणादें०-अजस०-णिमि० ज० अज० सव्वलो० । इत्थि०-पुरिस०-तिरिक्खाउ०-चदुजादि--पंचसंठा०--ओरा०अंगो०--छस्संघ०-आदाउज्जो०-दोविहा०--तस०-बादर०-

है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चायु, मनुष्यगति, पाँच जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, छह संस्थान, छह संहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रस-स्थावर आदि दस युगल, निर्माण और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। मनुष्यायुके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र ओघके समान है।

विशेषार्थ—एकेन्द्रियोंमें सब प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध बादर जीव करते हैं और इनका स्वस्थानकी अपेक्षा क्षेत्र लोकका संख्यातवां भागप्रमाण है और समुद्घातकी अपेक्षा सर्व लोक क्षेत्र है। इसी विशेषताको ध्यानमें रखकर यहाँ क्षेत्र कहा है। जिन प्रकृतियोंका सर्वविशुद्ध और तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामोंसे जघन्य अनुभागबन्ध होता है। या तात्प्रायोग्य संक्लिष्ट परिणामोंसे जघन्य अनुभागबन्ध होकर भी जो प्रतिपक्ष प्रकृतियोंसे रहित हैं उनका जघन्य अनुभागबन्ध स्वस्थानमें होता है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण कहा है और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक कहा है। मात्र परघात और उच्छ्वास इस नियमकी अपवाद प्रकृतियाँ हैं, क्योंकि उपघात अप्रशस्त प्रकृति है और ये प्रशस्त प्रकृतियाँ हैं, इसलिए इनका ग्रहण सातावेदनीय आदिके साथ होता है। अब रहीं शेष सातावेदनीय आदि उत्कृष्ट संक्लिष्ट या तत्प्रायोग्य संक्लिष्ट परिणामों से बँधनेवाली प्रकृतियाँ सो इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र कहा है, क्योंकि इनका मारणान्तिक समुद्घातके समय भी जघन्य अनुभागबन्ध हो सकता है। मात्र दो आयुओंके विषय में स्वतन्त्ररूपसे विचार करना चाहिए। कारण स्पष्ट है। इसी प्रकार आगे भी स्वामित्वका विचार कर क्षेत्र घटित कर लेना चाहिए।

३४५. बादर तथा उनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्ड संस्थान, प्रशस्त वर्ण चतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक साधारण, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति और निर्माणके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, तिर्यञ्चआयु, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, बादर, सुभग, दो स्वर, आदेय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुभग०-दोसर०-आदें०-जस० ज० अज० लोग० संखें०। मणुसाउ०-मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० ज० अज० लो० असंखे०। सव्वसुहुमाणं सव्वपगदीणं ज० अज० सव्वलो०। णवरि मणुसाउ० ओघं।

३४६. पुढ०-आउ० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक०-ओरा०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-पसत्थापसत्थ०४--अगु०४—आदाउज्जो०-णिमि०-पंचंत० ज० लो० असंखें०, अज० सव्वलो०। सादासाद०--तिरिक्खाउ०-दोगदि-पंचजादि-छस्संठा०-छस्संघ०-दोआणु०-दोविहा०-तसादिदसयुगल--दोगो० ज० अज० सव्वलो०। मणुसाउ० [ज० अज० ओघं।] बादरपुढ०--आउ० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०--ओरा०--तेजा०-क०--पसत्थापसत्थ०४—अगु०--णिमि०-पंचंत० ज० लो० असंखें०, अज० सव्वलो०। सादासाद०-तिरिक्ख०-एइंदि०—हुंड०-तिरिक्खाणु०--थावर--सुहुम०--पज्ज०--अपज्ज०-पत्ते०-साधार०-थिराथिर--सुभासुभ--दूभग-अणादें०-अजस०-णीचागो० ज० अज० सव्वलो०। सेसाणं ज० अज० लो० असंखें०। बादरपुढ०-आउ०पज्ज० मणुसअपज्जत्तभंगो। बादरपुढ०-आउ०अपज्ज० पंचणा०-

और यशःकीर्तिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है। मनुष्यायु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। सब सूक्ष्म जीवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यायुका भंग ओघके समान है।

३४६. पृथिवीकायिक और जलकायिक जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, आतप, उद्योत, निर्माण और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चायु, दो गति, पाँच जाति, छह संस्थान, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति, त्रसादि दस युगल और दो गोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। मनुष्यायुके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र ओघके समान है। बादर पृथिवीकायिक और बादर जलकायिक जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, निर्माण और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त और बादर जलकायिक पर्याप्त जीवोंमें मनुष्य

१. आ० प्रतौ जस० अज० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० ज० लो० असं०, अज० सव्वलो०। सादासाद०-तिरि०-एइंदि०-ओरा०-तेजा०-क०-हुंड०-पसत्थ०४-[तिरिक्खाणु०-]अगु०३-थावर-सुहुम-पज्ज०-अपज्ज०-पत्ते०-साधार०-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-अणादें०-अजस०-णिमि०-णीचा० ज० अज० सव्वलो०। इत्थि०-पुरिस०-दोआउ०-मणुस०-चदुजा०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदाउज्जो०-दोविहा०-तस-बादर-सुभग-दोसर-आदें०-जस०-उच्चा० ज० अज० लो० असंखे०। एवं बादरवणप्फदिका०-बादरणियोद-पज्जत्तापज्जत्त-बादरपत्तेयअपज्जत्ताणं च। तेउ० पुढविभंगो। णवरि तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु०-णीचा० आभिणि०भंगो। एवं चेव वाउका०। णवरि यम्हि लोग० असंखें० तम्हि० लोग० संखेज्जो कादव्वो।

३४७. वणप्फदि-णियोदेसु पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक०-ओरालि०अंगो०-अप्पसत्थ०४-उप०-आदाउज्जो०-पंचंत० ज० लो० असंखें०, अज० सव्वलो०। सादासाद०-तिरिक्खाउ०-दोगदि-पंचजादि-ओरालि०-तेजा०-क०-छस्संठा०-छस्संघ०-पसत्थव०४-दोआणु०-अगु०३-दोविहा०-तस०-थावरादिदसयुग०-

अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। बादर पृथिवीकायिक अपर्याप्त और बादर जलकायिक अपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति, निर्माण और नीचगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, दो आयु, मनुष्यगति, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, बादर, सुभग, दो स्वर, आदेय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार बादर वनस्पतिकायिक और बादर निगोद तथा इनके पर्याप्त और अपर्याप्त और बादर प्रत्येक वनस्पतिकायिक अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए। अग्निकायिक जीवोंमें पृथिवीकायिक जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि इनमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका भङ्ग आभिनिबोधिकज्ञानी जीवोंके समान है। इसी प्रकार वायुकायिक जीवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि जहाँ लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र कहा है वहाँ पर लोकके संख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र कहना चाहिए।

३४७. वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, आतप, उद्योत और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चायु, दो गति, पाँच जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, छह संस्थान, छह

१. ता० आ० प्रत्योः अप्पसत्थ४ अगु३ इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिमि०-दोगो० ज० अज० सव्वलो०। [मणुसाउ० ज० अज० ओघं।] पत्तेय० बादरपुढविभंगो। कम्मइ० अणाहारए त्ति मूलोघं। सेसाणं णिरयादीणं याव सण्णि त्ति ज० अज० लोगस्स० असंखें०।

एवं खेत्तं समत्तं[1]।

३४८. फोसणं दुविहं-जह० उक्क०। उक्क० पगदं। दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०--णवदंस०-असादा०--मिच्छ०--सोलसक०--पंचणोक०-तिरिक्ख०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०--उप०-अथिरादिपंच०-णीचा०-पंचंत० उक्क० अणुभागबंधगेहि केवडि खेत्तं फोसिदं ? लोगस्स असंखें०, अट्ठ-तेरह चोद्दसभागा वा देसूणा। अणुक्क० अणुभागबंध० के० फोसिदं ? सव्वलोगो। सादा०-तिरिक्खाउ०-चदुजा०-तेजा०-[क०-] समचदु०--पसत्थ०४-अगु०३-उज्जो०-पसत्थ०--तस०४-थिरादिछ०--णिमि०-उच्चा० उ० लो० असंखें०। अणु० सव्वलो०। इत्थि०-पुरिस०--चदुसंठा०-पंचसंघ०--अप्प--सत्थवि०-दुस्सर० उक्क० अणुभा० अट्ठ--बारह चोद्द०। अणु० सव्वलो०। हस्स-रदि

संहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, दो विहायोगति, त्रस-स्थावरादि दस युगल, निर्माण और दो गोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है। मनुष्यायुके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र ओघके समान है। प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीवोंका भङ्ग बादर पृथिवीकायिक जीवोंके समान है। कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंका भङ्ग मूलोघके समान है। नरकगतिसे लेकर संज्ञी तक शेष मार्गणाओंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग-प्रमाण है।

विशेषार्थ—यहाँ जितनी मार्गणाएँ कही हैं उन सबमें अपने अपने क्षेत्र और स्वामित्वका विचारकर अपनी अपनी प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्र ले आना चाहिए।

इस प्रकार क्षेत्र समाप्त हुआ।

३४८. स्पर्शन दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है ? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण, कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है ? सब लोकका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, तिर्यञ्चायु, चार जाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, उद्योत, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, चार संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरके उत्कृष्ट

१. ता० प्रतौ एवं खेत्तं समत्तं इति पाठो नास्ति। २. ता० आ० प्रत्योः पंचसंठा० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्क० अट्ठचों० सव्वलो० । अणु० सव्वलो० । णिरय-देवाउ०-आहारदुगं उक्क० अणु० लो० असंखें० । मणुसाउ० उ० लो० असंखें० । अणु० लो० असंखें० अट्ठ चों० सव्वलोगो वा । णिरयगदि--णिरयाणु० उ० अणु० लो० असंखें० छच्चोद्द० । मणुस०-ओरालि०--ओरालि०अंगो०--वज्जरि०--मणुसाणु०--आदाव० उ० लो० असंखें० अट्ठ चो० । अणु० सव्वलो० । देवग०-देवाणु० उ० खेत्तभंगो० । अणु० छच्चो० । एइंदि०-थावर० उ० अट्ठ-णवचों० । अणु० सव्वलो० । वेउव्वि०-वेउव्वि०-अंगो० उ० खेत्तभंगो । अणु० बारह चों० । सुहुम०-अप०-साधार० उ० लो० असंखें० सव्वलो० । अणु० सव्वलो० । तित्थ० उ० खेत्तभंगो । अणु० [लोग०] असंखें० अट्ठ चोद्द० ।

अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। हास्य और रतिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकायु, देवायु और आहारकद्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायुके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण, कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यगति, औदारिकशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और आतपके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और कुछ कम आठ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवगति और देवगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। एकेन्द्रियजाति और स्थावरके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और तीर्थङ्करके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और कुछ कम आठ बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरणादिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध चारों गतिके मिथ्यादृष्टि जीव उत्कृष्ट संक्लेश परिणामोंसे करते हैं। इनका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है और वैक्रियिककाययोगमें विहारवत्स्वस्थान आदिकी अपेक्षा कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा कुछ कम तेरह बटे चौदह राजू है। इन सब अवस्थाओंमें इन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव होनेसे इस अपेक्षा उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है। इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सर्व लोक है यह स्पष्ट ही है। दूसरे दण्डकमें कही गई सातावेदनीय आदिका क्षपकश्रेणिमें, तिर्यञ्चायु और चार जातिका मिथ्यादृष्टि तिर्यञ्च और मनुष्यके तथा उद्योतका सातवें नरकके नारकीके उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है। यतः इनका वर्तमान और अतीतकालीन स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है अतः यह उक्त प्रमाण कहा है। इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सर्व लोक है यह स्पष्ट ही है। आगे जिन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका अतीत कालीन स्पर्शन सर्व लोक कहा है वहाँ भी उनका एकेन्द्रियादि चारों गतियोंमें बन्ध होता है इसलिए वह उक्त प्रमाण कहा है ऐसा समझना चाहिए। स्त्रीवेद आदिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध मिथ्यादृष्टि संज्ञी पञ्चेन्द्रिय करते हैं, इसलिए वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। अतीत स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू कहनेका कारण आभिनिबोधिक ज्ञानावरणके ही समान है। कुछ कम बारह बटे चौदह राजू स्पर्शन कहनेका कारण यह है कि इन प्रकृतियोंका बन्ध उन्हीं जीवोंके होता है जो त्रससम्बन्धी प्रकृतियोंका ही बन्ध करते हैं। अतएव इनके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाले जीव ऊपर और नीचे कुछ कम छह छह राजू क्षेत्रका ही स्पर्शन कर सकते हैं जो कुछ कम बारह बटे चौदह राजू होता है। हास्य और रतिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंके वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाणका और अतीत कालीन स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूका स्पष्टीकरण पहलेके ही समान है। हास्य और रतिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध चारों गतिके संज्ञी जीव करते हुए भी ऐसे मनुष्य और तिर्यञ्च भी करते हैं जो एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात कर रहे हैं, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका अतीत कालीन स्पर्शन सर्व लोक भी कहा है। आयुबन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय नहीं होता और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च व मनुष्योंका शेष स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है इसलिए नरकायु आदिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। इसी प्रकार मनुष्यायुके उत्कृष्ट अनुभाग-बन्धके स्पर्शनका स्पष्टीकरण कर लेना चाहिए। तथा इनका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध वैक्रियिक-काययोगके समय भी सम्भव है और मारणान्तिक समुद्घातको छोड़कर विहारादिके समय इसका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू है, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू कहा है। जो मनुष्य नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात कर रहे हैं उनके भी नरकगतिद्विकका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजू कहा है। इनका बन्ध असंज्ञी आदि ही करते हैं और नरकगतिके योग्य प्रकृतियोंका बन्ध होते समय ही होता है, अतः इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका भी वही स्पर्शन कहा है। मनुष्यगति आदिका देव और नारकी तथा आतपका नारकियोंके सिवा शेष तीन गतिके जीव उत्कृष्ट अनुभाग-बन्ध करते हैं। उसमें भी मनुष्योंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले देव और नारकियोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागसे अधिक नहीं होता। इनके विहारादि शेष पदोंका स्पर्शन इतना ही है। हाँ जो देव विहारादि शेष पदोंसे युक्त हैं और इन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध कर रहे हैं उनके कुछ कम आठ बटे चौदह राजू स्पर्शन पाया जाता है, इसलिए इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू कहा है। एकेन्द्रिय जाति और स्थावरका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध देव करते हैं और देवोंका अतीत स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजू है, इसलिए यह उक्त प्रमाण कहा है। वैक्रियिकद्विकका उत्कृष्ट

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३४९. णेरइएसु साद०-पंचिं०-ओरा०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरा०अंगो०-वज्जरि०-पसत्थवण्ण०४-अगु०३-उज्जो०-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि० उ० खेत्तं०। अणु० छच्चोद्द०। दोआउ०-मणुसगदिदुग-तित्थ-उच्चा० उ० अणु० खेत्त-भंगो। सेसाणं उ० अणु० छच्चो०। एवं सव्वणेरइगाणं अप्पप्पणो फोसणं णेदव्वं।

३५०. तिरिक्खेसु पंचणा०-णवदंस०-सादासाद०-मिच्छ०-सोलसक०-पंच-

अनुभागबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका वर्तमान और अतीत स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है और वैक्रियिकद्विकका बन्ध करनेवाले मनुष्य और तिर्यञ्च ऊपर व नीचे कुछ कम छह छह राजूका स्पर्शन करते हैं, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम बारह बटे चौदह राजू कहा है। सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणका देव और नारकी बन्ध नहीं करते। साथ ही एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले मनुष्य और तिर्यञ्चोंके भी इनका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और अतीत स्पर्शन सब लोक कहा है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध क्षपक-श्रेणिमें होता है, इसलिए इसके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका वर्तमान और अतीत स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। तथा देवोंमें भी इसका बन्ध होता है, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत कालीन स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू कहा है। प्रथमादि नरकोंमें और मारणान्तिक समुद्घातके समय इसका बन्ध होनेसे उक्त स्पर्शनमें कोई अन्तर नहीं पड़ता।

३४९. नारकियोंमें सातावेदनीय, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मण-शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, उद्योत, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह और निर्माणके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजू है। दो आयु, मनुष्यगतिद्विक, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजू है। इसी प्रकार सब नारकियोंके अपना अपना स्पर्शन जानना चाहिए।

विशेषार्थ—उद्योतके सिवा प्रथम दण्डकमें कही गई सब प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्यग्दृष्टि नारकी और उद्योतका सम्यक्त्वके अभिमुख हुआ सातवें नरकका नारकी उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और कुछ कम छह बटे चौदह राजू हैं यह स्पष्ट ही है। मनुष्य-गतिद्विक, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्रके बन्धक जीव मनुष्य लोकमें ही मारणान्तिक समुद्घात कर सकते हैं और दो आयुका मारणान्तिक समुद्घातके समय बन्ध नहीं होता, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। शेष प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय भी होता है, इसलिए उनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजू बन जाता है।

३५०. तिर्यञ्चोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णोक०-पंचिं०-तेजा०-क०-समचदु०-हुंड०-पसत्थापसत्थ०४-अगु०४-दोविहा०-तस०४-थिरादिछयु०-णिमि०-दोगो०-पंचंत० उ० छच्चोद्दं० । अणु० सव्वलो० । इत्थि०-पुरिस०-तिण्णिआउ०-मणुसग०-तिण्णिजा०-ओरा०-चदुसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदाउज्जो० उ० अणु० खेत्तभंगो । हस्स-रदि-तिरिक्ख०-एइंदि०-तिरिक्खाणु[1]०-थावरादि०४ उ० लो० असं० सव्वलो० । अणुक्क० सव्वलो० । मणुसाउ० उ० खेत्तं । अणु० लो० असंखें० सव्वलोगो वा । णिरयगदि०-[-देवगदि०-] दोआणु० उ० अणु० छच्चों० । वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० उ० छच्चों० । अणु० बारस० ।

सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, हुण्डसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, दो विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह युगल, निर्माण, दो गोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, तीन आयु, मनुष्यगति, तीन जाति, औदारिकशरीर, चार संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप और उद्योतके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। हास्य, रति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और स्थावर आदि चारके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका और सब लोकका स्पर्शन किया है तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायुके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकगति, देवगति और दो आनुपूर्वीके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—प्रथमदण्डकमें कही गई प्रकृतियोंमेंसे पाँच ज्ञानावरणादिका संज्ञी पञ्चेन्द्रिय मिथ्यादृष्टि जीव और सातावेदनीय आदिका संयतासंयत उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करते हैं, इस लिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजु कहा है। मात्र मिथ्यादृष्टियोंका मारणान्तिक समुद्घात द्वारा नीचे छह राजु स्पर्शन कराके यह स्पर्शन लाना चाहिए। इनका बन्ध एकेन्द्रिय आदि सब जीव करते हैं, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक स्पर्शन कहा है। स्त्रीवेद आदि सब प्रकृतियाँ त्रस और मनुष्यों सम्बन्धी हैं, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान प्राप्त होनेसे वह उक्तप्रमाण कहा है। हास्य और रति आदि प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवालेके भी होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन सब लोक कहा है। इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक है यह स्पष्ट ही है। मनुष्यायुका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध संज्ञी पञ्चेन्द्रिय ही करते हैं, इसलिए इसके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है और मनुष्यायुका एकेन्द्रिय आदि सब जीव बन्ध करते हैं, इसलिए

१. ता० प्रतौ तिरिक्ख० एइंदि० तिरिक्ख० तिरिक्खाणु०, आ० प्रतौ तिरिक्ख० तिरिक्खाणु० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३५१. पंचिंदिय०तिरिक्ख०३ पंचणा०--णवदंस०--सादासाद०--मिच्छ०--सोलसक०-पंचणोक०-तेजा०-क०-हुंडसंठा०--पसत्थापसत्थ०४--अगु०४--पज्जत्त-[1]पत्ते०-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-अणादें०--अजस०--णिमि०-णीचा०-पंचंत० उ० छ०। अणु० लो० असं० सव्वलो०। इत्थि० उ० खेत्तभंगो। अणु० दिवड्ढचों०। पुरिस० उ० खेत्त०। अणु० छच्चों०। हस्स-रदि-तिरि०-एइंदि०-तिरिक्खाणु०-थावरादि०४ उ० अणु० लो० असं० सव्वलो०। चदुआउ०-मणुसग०-तिण्णिजादि-चदुसंठा०-ओरालि०-अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदाव० उ० अणु० खेत्तभंगो। दोगदि-समचदु०-दोआणु०-दोविहा०-सुभग-दोसर-आदे०-उच्चा० उ० अणु० छ०। पंचिं०-वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-तस० उ० छ०। अणु० बारस०। ओरालि० उ० खेत्त०। अणु० लो० असं० सव्वलो०।

इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक कहा है। जो नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात कर रहे हैं, उनके नरकगतिद्विकका और जो देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात कर रहे हैं, उनके देवगतिद्विकका उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम छहबटे चौदह राजु स्पर्शन कहा है। वैक्रियिकद्विकका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध संयतासंयतके होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छहबटे चौदह राजू प्रमाण कहा है। तथा इनके अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाले जीव मारणान्तिक समुद्घातके समय नीचे और ऊपर कुछ कम छह राजूका स्पर्शन करते हैं, इसलिए यह कुछ कम बारह राजू कहा है।

३५१. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेदके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पुरुषवेदके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। हास्य, रति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और स्थावर आदि चारके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभाग के बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। चार आयु, मनुष्यगति, तीन जाति, चार संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और आतपके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। दो गति, समचतुरस्रसंस्थान, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और त्रसके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। औदारिकशरीरके उत्कृष्ट

---

१. आ० प्रतौ अगु० पज्जत्त इति पाठः। २. आ० प्रतौ सव्वलो०। उज्जो० उ० खेत्त०, अणु० छच्चो० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उज्जो० उ० खेत्तं० । अणु० लो० असंखें० सत्तचों० । बादर० उ० छच्चों० । अणु० तेरह० । जस० उ० छ० । अणु० सत्तचों० ।

अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योतके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और कुछ कम सात बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादर प्रकृतिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम तेरह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। यशस्कीर्तिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरणादिके स्पर्शनका स्पष्टीकरण जिस प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंके कर आये हैं, उसी प्रकार यहाँ भी कर लेना चाहिए। मात्र इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सर्व लोक प्रमाण स्पर्शन एकेन्द्रियोंमें समुद्घात कराके लाना चाहिए। स्त्रीवेद और पुरुषवेद तिर्यञ्चादि तीन गति सम्बन्धी प्रकृतियाँ हैं, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। तथा इन प्रकृतियोंका बन्ध करनेवाले जीवोंका मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा कुछ कम डेढ़ राजू और कुछ कम छह राजू स्पर्शन देखा जाता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि यद्यपि मारणान्तिक समुद्घातके समय भी इनका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध होता है, पर देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय यह नहीं होता, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागबन्धका स्पर्शन इस अपेक्षासे नहीं कहा है। हास्य और रति आदिका उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय भी होता है, इसलिए इनका दोनों प्रकारका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक कहा है। चार आयुओंका मारणान्तिक समुद्घातके समय बन्ध नहीं होता, और शेष प्रकृतियाँ मनुष्यों और त्रस तिर्यञ्चों सम्बन्धी हैं। एक आतप इसकी अपवाद है सो वह भी बादर पृथिवीकाय सम्बन्धी होकर भी प्रशस्त प्रकृति है, अतः इनका दोनों प्रकारका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। देवोंमें और नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करने वाले तिर्यञ्चोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजू होता है, इसलिए दो गति आदिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है, क्योंकि यथायोग्य ऐसे समयमें इन प्रकृतियोंका दोनों प्रकारका बन्ध सम्भव है। जो संयतासंयत तिर्यञ्च देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात कर रहे हैं, उनके पञ्चेन्द्रियजाति आदिका उत्कृष्ट अनुभाग बन्ध सम्भव है और जो देवों और नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात कर रहे हैं। उनके इनका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम छह बटे चौदह राजू और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम बारह बटे चौदह राजू प्रमाण स्पर्शन कहा है। औदारिकशरीरका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध संज्ञी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च करते हैं और ये एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात नहीं करते, इसलिए इसके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। तथा इसका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध उन जीवोंके भी होता है जो एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक कहा है। उद्योतका

२. ता० प्रतौ छच्चो० अणु० जस० उ० खेत्तं तेरह० जस० उ० छ०, आ० प्रतौ छच्चो० अणु० तेरह० । जस० छ० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३५२. पंचिं०तिरि०अप०पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरि०-एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-थावरादि०४-अथिरादिपंच०-णीचा०-पंचंत० उक्क० अणु० लो० असंखें० सव्वलो०। सादा०-ओरा०-तेजा०-क०-पसत्थापसत्थ०४-अगु०३-पज्जत्त-पत्ते०-थिर-सुभ-णिमि० उ० खेत्तं०। अणु० लो० असं० सव्वलो०। उज्जो०-बादर०-जस० उ० खेत्तं०। अणु० सत्तचोद्दं०। सेसाणं उ० अणु० खेत्तभंगो। एवं सव्वअपज्ज०-सव्वविगलिंदि०-बादरपुढ०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्ते०पज्ज०। णवरि बादरवाउ०पज्जत्त० जम्हि लोग० असं० तम्हि लोग० संखें० कादव्वा। णवरि आउ० वट्टमाणखेत्तं०।

उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सर्वविशुद्ध तिर्यञ्चके होता है, इसलिए इसके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। तथा प्रकृतिबन्धमें इसके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजू कहा है, वह ही यहाँ अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंके बन जाता है। बादर व यशका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध संयतासंयतके होता है, अतः इन दोनोंके उत्कृष्ट अनुभागबन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजू कहा है तथा इनके बन्धक जीवोंका स्पर्शन प्रकृतिबन्धमें क्रमशः कुछ कम तेरह राजू व सात राजू कहा है, वह ही यहाँ अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धक जीवोंका स्पर्शन बतलाया है।

३५२. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, शुभ और निर्माणके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत, बादर और यशःकीर्तिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियों के उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इसी प्रकार सब अपर्याप्त, सब विकलेन्द्रिय, बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिकपर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त, बादर वायुकायिकपर्याप्त और बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर पर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि बादर वायुकायिक पर्याप्त जीवोंमें जहाँ लोकका असंख्यातवाँ भागप्रमाण स्पर्शन कहा है, वहाँ लोकका संख्यातवाँ भागप्रमाण स्पर्शन कहना चाहिए। इतनी विशेषता है कि आयु का स्पर्शन वर्तमान क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियों का उत्कृष्ट अनुभागबन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय भी सम्भव है, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक कहा है। उद्योत, बादर और यशस्कीर्ति प्रशस्त प्रकृतियाँ हैं, इसलिए इनका मारणान्तिक समुद्घातके समय उत्कृष्ट अनुभागबन्ध नहीं होता। यही कारण है कि इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है।

---

१. आ० प्रतौ तिरिक्खाणु० थावरादि४ इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३५३. मणुस०३ पंचणा०-णवदंस०-दोवेदणी०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-ओरा०-तेजा०-क०-हुंड०-पसत्थापसत्थ०४-अगु०४-पज्ज०-पत्ते०-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-अणादें०-अजस०-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उ० खेत्तं०। अणु० लो० असं० सव्वलो०। हस्स-रदि-तिरिक्ख०-एइंदि०-तिरिक्खाणु०-थावरादि०४ उ० अणु० लो० असं० सव्वलो०। उज्जो०-बादर-जस० उ० खेत्तं०। अणु० सत्त चोद्दस०। सेसाणं उ० अणु० खेत्तभंगो।

३५४. देवेसु पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-थावर-अथिरादिपंच०-

---

३५३. मनुष्यत्रिकमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, दो वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्ड संस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवों का स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। हास्य, रति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और स्थावर आदि चारके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत, बादर और यशःकीर्तिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजू प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिक उत्कृष्ट संक्लेश परिणामोंके समय एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात नहीं करते, अन्यत्र यह स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण प्राप्त होता है, इसलिए प्रथम दण्डकमें कही गई अप्रशस्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। सातावेदनीय आदि प्रशस्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण है, यह स्पष्ट ही है। तथा इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है; क्योंकि मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा मनुष्योंका उक्त प्रमाण स्पर्शन उपलब्ध होता है। जो मनुष्य एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी हास्यादि प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, अतः इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक कहा है। उद्योत आदि तीन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है, यह स्पष्ट ही है। मारणान्तिक समुद्घातके समय इनका ऐसे मनुष्य भी बन्ध करते हैं जो एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न होते हैं, पर ये एकेन्द्रिय जीव ऊपर सात राजूके भीतरके होने चाहिए, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजू कहा है। शेष जितनी प्रकृतियाँ बचती हैं वे सब त्रससम्बन्धी हैं, इसलिए उनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है।

३५४. देवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी,

---

१. आ० प्रतौ खेत्त० अणु० खेत्तभंगो अणु० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णीचा०-पंचंत० उ० अणु० लो० असंखें० अट्ठ-णव०। सादा०-ओरा०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-उज्जो०-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-थिर-सुभ-जस०-णिमि० उ० अट्ठ०। अणुक्क० अट्ठ-णव०। इत्थि०-पुरिस०-दोआउ०-मणुस०-पंचिं०-पंचसंठा०-ओरालि०-अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदा०-दोविहा०-तस०-सुभग-दोसर-आदें०-तित्थ०-उच्चा० उ० अणु० अट्ठचौ०। एवं सव्वदेवाणं अप्पप्पणो फोसणं कादव्वं।

३५५. एइंदिएसु पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-थावरादि०४-अथिरादि-पंच०-णीचा०-पंचंत० उ० अणु० सव्वलो०। तिरिक्खाउ० ओघं। मणुसाउं० तिरि-

---

उपघात, स्थावर, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण, कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, उद्योत, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, शुभ, यशःकीर्ति और निर्माणके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, दो आयु, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सब देवोंके अपना-अपना स्पर्शन करना चाहिए।

विशेषार्थ—जो देव एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी पाँच ज्ञानावरणादिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए यहाँ इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और कुछ कम आठ व नौ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। सातावेदनीय आदिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्यग्दृष्टि देव करते हैं, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजु कहा है और इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु कहनेका कारण स्पष्ट ही है, क्योंकि देवोंके इससे अधिक स्पर्शन नहीं उपलब्ध होता। स्त्रीवेद आदि कुछ त्रससम्बन्धी प्रकृतियाँ हैं। इनमेंसे कुछका सम्यग्दृष्टि देव बन्ध करते हैं, आयुका मारणान्तिक समुद्घातके समय बन्ध नहीं होता और एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवालेके आतपका बन्ध नहीं होता, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। इन विशेषताओंके साथ सब देवोंके अपना-अपना स्पर्शन ले आना चाहिए।

३५५. एकेन्द्रियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तिर्यञ्चायुका

---

१. आ० प्रतौ छस्संघ० आदा० इति पाठः। २. ता० आ० प्रत्योः मणुसाणु० ति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्खोघं। मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० उ० अणु० खेत्त०। सेसाणं उ० लो० संखेज्ज०, अणु० सव्वलो०।

३५६. बादरपज्जत्तापज्ज० पंचणाणावरणादिथावरदंडओ एइंदियभंगो। एवं [अ] साददंडओ वि। दोआउ०-मणुस०३ उ० अणु० खेत्त०। णवरि तिरिक्खाउ० उ० अतीतं लोग० संखें०। उज्जो०-बादर०-जस० उ० खेत्त०, अणु० लो० संखें० सत्तचोद्द०। सेसाणं तसपगदीणं उ० अणु० लो० संखें०। सादादीणं उ० लो० संखेज्ज०, अणु० सव्वलो०।

भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके संख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—एकेन्द्रिय सब लोकमें हैं, इसलिए पाँच ज्ञानावरणादिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक प्रमाण कहा है। तिर्यञ्चायुका भङ्ग ओघके समान है और मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है, यह स्पष्ट ही है। मनुष्यगतिद्विक और उच्चगोत्रका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध बादर पृथिवीकायिकपर्याप्त आदि जीव करते हैं, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। शेष प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध यथायोग्य बादर वायुकायिक पर्याप्त जीव भी करते हैं, अतः उनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके संख्यातवें भागप्रमाण और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक कहा है।

३५६. बादर एकेन्द्रिय तथा उनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरणादि स्थावर दण्डकका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है। इसी प्रकार असातावेदनीयदण्डकका भङ्ग भी जानना चाहिए। दो आयु और मनुष्यगतित्रिकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका अतीत कालीन स्पर्शन लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है। उद्योत, बादर और यशःकीर्तिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके संख्यातवें भागप्रमाण और कुछ कम सात बटे चौदह राजू प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष त्रस प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके संख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय आदिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके संख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—आयुकर्मका बन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय नहीं होता और बादर एकेन्द्रिय तथा उनके भेदोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है, इसलिए इनके तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका अतीत कालीन स्पर्शन लोकके संख्यातवें भागप्रमाण कहा है। उद्योत आदिका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय भी सम्भव है, पर ऐसे जीव ऊपर सात राजूके भीतर ही मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके संख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजू प्रमाण कहा है। शेष त्रस प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके संख्यातवें भागप्रमाण है, यह स्पष्ट ही है; क्योंकि जो एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३५७. सव्वसुहुमाणं मणुसाउ० उ० अणु[1]० लो० असं० सव्वलो०। तिरिक्खाउ० उ० लो० असंखें० सव्वलो०, अणुक्क० सव्वलो०। सेसाणं उ० अणु० सव्वलो०।

३५८. पंचिंदि०२ पंचणा०-णवदंस० [असादा०-] मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-तिरि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अथिरादिपंच-णीचा०-पंचंत० उ० अट्ठ-तेरह०, अणु० अट्ठ चोद्द० सव्वलो०। सादा०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-पज्ज०-पत्ते०-थिर-सुभ-णिमि० उक्क० खेत्तं०, अणु० अट्ठ चों० सव्वलो०। इत्थि०-पुरिस०-चदुसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दुस्सर० उक्क० अणु० अट्ठ-बारह०।

समुद्घात करते हैं, उनके इन प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता। सातावेदनीय आदिका मारणान्तिक समुद्घातके समय भी अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके संख्यातवें भागप्रमाण और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

३५७. सब सूक्ष्म जीवोंमें मनुष्यायुके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकका स्पर्शन किया है। तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—सूक्ष्म जीवोंका सब लोक आवास है, इसलिए दो आयुओंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंके स्पर्शनको छोड़कर शेष सब स्पर्शन सर्वलोक है, यह स्पष्ट ही है। रहीं दो आयु सो इनका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामोंसे होता है, और ऐसे परिणाम बहुत ही कम जीवोंके होते हैं, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन सब लोक कहा है। तथा मनुष्यायुका बन्ध करनेवाले जीव थोड़े ही होते हैं, क्योंकि मनुष्योंका प्रमाण भी स्वल्प है, अतः इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका वर्तमान स्पर्शन भी लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन सब लोक कहा है। परन्तु तिर्यञ्चायुका बन्ध करनेवाले अनन्त जीव होते हैं और ये वर्तमानमें भी सब लोकमें पाये जाते हैं, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका दोनों प्रकारका स्पर्शन सब लोक कहा है।

३५८. पञ्चेन्द्रियद्विकमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अस्थिर आदि पाँच नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, शुभ और निर्माणके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोक है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, चार संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायो-

---

१. आ० प्रतौ मणुसाउ० अणु० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हस्स-रदि उ० अणु० अट्ठ चो० सव्वलो० । दोआउ०-तिण्णिजा०-आहारदु० उ० अणु० खेत्त० । दोआउ०-तित्थ० उ० खेत्त०, [अणु०] अट्ठ चो० । णिरय० णिरयाणु० उ० अणु० छच्चो० । मणुस०--मणुसाणु०--आदाव०--उच्चा० [उ०] अणु[1]० अट्ठ० । देवग०--देवाणु० ओघं । एइंदि०--थावर० उ० अट्ठ--णव०, अणु० अट्ठ० सव्वलो० । पंचिंदि०-समचदु०-पसत्थवि०-तस०-सुभग-सुस्सर-आदे० उ० खेत्त०, अणु० अट्ठ-बारह० । ओरा० उ० अट्ठ, अणु० अट्ठ० सव्वलो० । वेउव्वि०-वेउव्वि०-अंगो० ओघं । ओरालि०अंगो०-वज्जरि० उ० अट्ठ०, अणु० अट्ठ--बारह० । उज्जो०-बादर०-जस० उ० खेत०, अणु० अट्ठ--तेरह० । सुहुम-अपज्जत्त--साधार० उ० अणु० लो० असंखेज्जदि० सव्वलो० । एवं पंचिंदियभंगो तस०--तसपज्जत्त०--पंचमण०--पंचवचि०-चक्खु०-सण्णि त्ति ।

गति और दुःस्वरके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है। हास्य और रतिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, तीन जाति और आहारकद्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवों का स्पर्शन क्षेत्रके समान है। दो आयु और तीर्थङ्करके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवगति और देवगत्यानुपूर्वीका भङ्ग ओघके समान है। एकेन्द्रियजाति और स्थावरके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पञ्चेन्द्रियजाति, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, सुभग, सुस्वर और आदेयके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। औदारिकशरीरके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिकआङ्गोपाङ्गका भङ्ग ओघके समान है। औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रर्षभनाराचसंहननके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत, बादर और यशःकीर्तिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय जीवोंके समान त्रस, त्रसपर्याप्त, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचन-

---

१. ता० आ० प्रत्योः आदाउज्जो० अणु० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

योगी, चक्षुदर्शनी और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरणादिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन जिस प्रकार ओघमें स्पष्ट कर आये हैं उसी प्रकार यहाँ भी कर लेना चाहिए। तथा पञ्चेन्द्रियद्विकका वेदनादि की अपेक्षा कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और मारणान्तिककी अपेक्षा सर्वलोक स्पर्शन है, इसलिए इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है। इसी प्रकार सातावेदनीय आदिके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन घटित कर लेना चाहिए। मात्र यहाँ सर्व लोकप्रमाण स्पर्शन उपपादपदकी अपेक्षा कहना चाहिए। स्त्रीवेद आदिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका ओघसे जैसा स्पष्टीकरण किया है, उसी प्रकार यहाँ पर उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंकी अपेक्षा कर लेना चाहिए। जो एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं उनके भी हास्यद्विकका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सर्व लोकप्रमाण कहा है। तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु और तीर्थङ्कर प्रकृतिके अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध देवोंके कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन करते समय भी सम्भव है, इसलिए यहाँ इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। जो नीचे नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात कर रहे हैं उनके भी नरकगतिद्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्ध सम्भव है, इसलिए इनके दोनों प्रकारके अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। देवोंके विहारादिके समय मनुष्यगति आदिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध भी सम्भव है इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। जो देव ऊपर त्रसनालीके भीतर एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं उनके भी एकेन्द्रियजाति और स्थावरका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु कहा है। तथा सब एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले जीवोंके भी इनका बन्ध सम्भव है, अतः इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोक कहा है। देवोंके विहारादिके समय और नीचे व ऊपर कुछ कम छह छह राजू प्रमाण क्षेत्रके भीतर समचतुरस्र आदिका बन्ध सम्भव है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजू प्रमाण स्पर्शन कहा है। विहारादिके समय देवोंके औदारिक शरीरका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इसके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है। तथा इसका सब एकेन्द्रियोंमें समुद्घात करनेवाले जीव भी बन्ध करते हैं, अतः इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण कहा है। विहारादिके समय देवोंके औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रर्षभनाराच संहननका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। तथा इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पष्टीकरण स्त्रीवेदके समान कर लेना चाहिए। उद्योत आदिका देवोंके विहारादिके समय और ऊपर सात राजु व नीचे छह राजूके भीतर अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभाग के बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजू प्रमाण कहा है। पञ्चेन्द्रियद्विकका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है और मारणान्तिक समुद्घात की अपेक्षा सब लोक प्रमाण स्पर्शन सम्भव है तथा ऐसी अवस्थामें सूक्ष्मादि प्रकृतियोंका उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध हो सकता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण स्पर्शन कहा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३५९. पुढ०-आउ० पंचणा०-णवदंस-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरि०-एइंदि०-हुंडसंठा०--अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०--उप०-थावरादि०४-अथिरादि-पंच०-णीचा०-पंचंत० उ० लो० असं० सव्वलो०, अणु० सव्वलो०। सेसाणं उ० लो० असं०, अणु० सव्वलो०। णवरि मणुसाउ० तिरिक्खोघं।

३६०. बादरपुढ०--आउ० पंचणाणावरणादीणं थावरपगदीणं पुढविभंगो[1]। सादा०--ओरा०--तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-पज्जत्त-पत्ते०-थिर-सुभ-णिमि० उ० खेत्तं०, अणु० सव्वलो०। उज्जो०-बादर०-जस० उ० खेत्तं०, अणु० सत्त चोद्द०। सेसाणं उ० अणु० खेत्तभंगो।

आगे त्रस आदि जितनी मार्गणाएँ गिनाई हैं, उनमें पञ्चेन्द्रियोंकी ही प्रधानता है, अतएव उनकी प्ररूपणा पञ्चेन्द्रियद्विकके समान जाननेकी सूचना की है।

३५९. पृथिवीकायिक और जलकायिक जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है।

विशेषार्थ—यहाँ पाँच ज्ञानावरणादिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध बादर पर्याप्त जीव करते हैं, किन्तु इनका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा सर्व लोक है। इन दोनों अवस्थाओंमें पाँच ज्ञानावरणादि का उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इस अपेक्षासे लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण स्पर्शन कहा है। तथा इनका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध सर्वत्र सम्भव है, क्योंकि पृथिवीकायिक और जलकायिक जीव सर्वत्र उपलब्ध होते हैं, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोकप्रमाण स्पर्शन कहा है। शेष प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध एक तो मारणान्तिक समुद्घातके समय नहीं होता, जिनका होता भी है वे द्वीन्द्रियादि तिर्यञ्च और मनुष्य सम्बन्धी प्रकृतियाँ हैं इसलिए यहाँ इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। तथा इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोकप्रमाण है, यह स्पष्ट ही है। यहाँ मनुष्यायु का भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान कहनेका कारण यह है कि इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागसे अधिक नहीं प्राप्त होता। सामान्य तिर्यञ्चोंके यह इतना ही बतलाया है।

३६०. *बादर पृथिवीकायिक और बादर जलकायिक जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण आदि और* स्थावर प्रकृतियों का भङ्ग पृथिवीकायिक जीवोंके समान है। सातावेदनीय, औदारिकशरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, शुभ और निर्माणके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सर्वलोकका स्पर्शन किया है। उद्योत, बादर और यशःकीर्ति के उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका

---

१. ता० प्रतौ णाणावरणादीणं पुढविभंगो इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३६१. बादरपुढ०-आउ०अपज्जत्तएसु पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरि०-एइंदि०-हुंड०संठा०-अप्पस०४-तिरिक्खाणु०-उप०-थावरादि०४-अथिरादिपंच०-णीचा०-पंचंत० उ० अणु० सव्वलो०। सादा०-ओरा०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-पज्जत्त-पत्ते०-थिर-सुभ-णिमि० उ० खेत्तं०, अणु० सव्वलो०। उज्जो०-बादर०-जस० उ० खेत्तं०, अणु० सत्त चोद्दं०। सेसाणं उ० अणु० खेत्तभंगो। एवं बादरवणप्फदि-पज्जत्तापज्जत्त-बादरणियोदपज्जत्तापज्जत्त-बादर-पत्ते०अपज्जत्तगाणं च। तेउ० पुढवि०भंगो। वाऊणं पि तं चेव। णवरि जम्हि लोग० असंखें० तम्हि लोग० संखेज्जं कादव्वं। वणप्फदि-णियोद० णाणावरणादीणं थावर-पगदीणं उ० अणु० सव्वलो०। सेसाणं उ० खेत्तं०, अणु० सव्वलो०। मणुसाउ० एइंदियभंगो।

स्पर्शन क्षेत्रके समान तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजु है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

३६१. बादर पृथिवीकायिक अपर्याप्त और बादर जलकायिक अपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, शुभ और निर्माणके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत, बादर और यशस्कीर्तिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इसी प्रकार बादर वनस्पतिकायिक और उनके पर्याप्त और अपर्याप्त, बादर निगोद और उनके पर्याप्त और अपर्याप्त तथा बादर प्रत्येक वनस्पतिकायिक अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए। अग्निकायिक जीवोंका भङ्ग पृथिवीकायिक जीवोंके समान है। वायुकायिक जीवोंका भी इसी प्रकार भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि जहाँ पर लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है, वहाँ पर लोकके संख्यातवें भागप्रमाण करना चाहिए। वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंमें ज्ञानावरणादि स्थावर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मात्र मनुष्यायुका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है।

विशेषार्थ—पहले एकेन्द्रिय, पृथिवीकायिक और जलकायिक जीवोंमें स्पर्शनका स्पष्टीकरण किया है। उसे देखकर यहाँ भी उसे घटित कर लेना चाहिए। मात्र यहाँ पाँच ज्ञानावरणादिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन एक मात्र सर्व लोक कहा है सो वर्तमान स्पर्शनकी अविवक्षासे ही ऐसा कहा है, इतना यहाँ विशेष जानना चाहिए। तथा इन जीवोंमें उद्योत, बादर और यशस्कीर्तिका बन्ध करनेवाले जीव त्रसनालीके भीतर ऊपर सात राजू तक ही मारणान्तिक

१. ता० प्रतौ णाणावरणादीणं उ० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३६२. कायजोगि०-कोधादि०४-अचक्खु०-भवसि०-आहारए त्ति ओघभंगो। ओरालि० खइगाणं उ० मणुसभंगो। अणु० सेसाणं च उ० अणु० तिरिक्खोघं। ओरालियमि० पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-थावरादि४-अथिरादिपंच०-णीचा०-पंचंत० उ० लो० असंखें० सव्वलो०, अणु० सव्वलो०। सेसाणं[1] उ० खेत्तं०, अणु० सव्वलो०। मणुसाउ० तिरिक्खोघं।

३६३. वेउव्वि० पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरि०-हुंडं०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अथिरादिपंच०-णीचा०-पंचंत० उ० अणु० अट्ठ-तेरह०। सादा०-ओरा०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-थिरादितिण्णि-णिमि० उ० अट्ठचों०, अणु० अट्ठ-तेरह०। इत्थि०-पुरिस०-चदुसंठा०

समुद्घात करते हैं, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजू प्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

३६२. काययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। औदारिककाययोगी जीवोंमें क्षायिक प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका भङ्ग मनुष्योंके समान है। अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक और शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरणादिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध संज्ञी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च और मनुष्य करते हैं, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है और ये जीव सब लोकमें मारणान्तिक समुद्घात करते हुए पाये जाते हैं, इसलिए यह स्पर्शन सर्व लोक प्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

३६३. वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर आदि तीन और निर्माणके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे

---

१. आ० प्रतौ लो० असंखे० सव्वलो० सेसाणं इति पाठः। २. ता० आ० प्रत्योः तिरि० एइंदि० हुंड० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचसंघ०--अप्पसत्थ०--दुस्सर० उ० अणु० अट्ठ-बारह० । दोआउ०--मणुस०३--आदा०-तित्थ० उ० अणु० अट्ठ० । एइंदि०-थावर० उ० अणु० अट्ठ-णव० । पंचिं०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिस०-पसत्थ०-तस०-सुभग-सुस्सर-आदें० उ० अट्ठ०, अणु० अट्ठ-बारह० । उज्जो० उ० खेत्तभंगो, अणु० अट्ठ तेरह० ।

३६४. वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि० खेत्तभंगो । कम्मइय० पंचणा०-

चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, चार संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, मनुष्यगतित्रिक, आतप और तीर्थङ्करके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। एकेन्द्रियजाति और स्थावरके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पञ्चेन्द्रियजाति, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक शरीर आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, सुभग, सुस्वर और आदेयके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योतके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरणादिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय भी सम्भव है, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। सातावेदनीय आदिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध मारणान्तिकके समय सम्भव न होनेसे इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू कहा है। शेष पूर्ववत् जानना चाहिए। स्त्रीवेद आदि एकेन्द्रियजाति सम्बन्धी प्रकृतियाँ नहीं हैं, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजू कहा है। कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन तिर्यञ्चोंमें देवों और नारकियोंका समुद्घात कराके ले आना चाहिए। दो आयु आदिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण है, यह स्पष्ट ही है। जो देव एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनका स्पर्शन कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण उपलब्ध होता है और एकेन्द्रियजाति तथा स्थावरका मारणान्तिक समुद्घातके समय उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए यहाँ इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। पञ्चेन्द्रियजाति आदिका और सब विचार स्त्रीवेददण्डकके समान है। मात्र मारणान्तिक समुद्घातके समय इनका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध नहीं होता, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन मात्र कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। उद्योतका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सातवें नरकके नारकीके सम्यक्त्वके अभिमुख होने पर होता है, इसलिए इसके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है।

३६४. वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णवदंस०-असादा[1]०-मिच्छ०--सोलसक०--णवणोक०--तिरिक्ख०-पंचसंठा०-चदु[2]संघ०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०--अथिरादिपंच[3]०-णीचा०-पंचंत० उ० बारह०, अणु० सव्वलो०। सादा०-पंचिं०-तेजा०--क०-समचदु०--पसत्थव०४-अगु०३-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि०-उच्चा० उ० छ०, अणु० सव्वलो०। मणुसगदिपंचग० उ० अणु० तं चेव। देवगदिपंचग० खेत्तभंगो। [एइंदिय०-थावर० उ० दिवड्ढचोद्दस०, अणु० सव्वलो०। असंप०-अप्पसत्थ०-दुस्सर० उ० एक्कारस०, अणु० सव्वलो०।] तिण्णिजादि-आदाउज्जो०-सुहुम-अपज्ज०-साधार० उ० खेत्तभं०, अणु० सव्वलो०।

क्षेत्रके समान भङ्ग है। कार्मणकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, तिर्यञ्चगति, पाँच संस्थान, चार संहनन, अप्रशस्त वर्ण-चतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजू क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यगतिपञ्चकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन पूर्वोक्त ही है। देवगतिपञ्चकका भङ्ग क्षेत्रके समान है। एकेन्द्रियजाति और स्थावरके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने डेढ़ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तीन जाति, आतप, उद्योत, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है, इसलिए इन मार्गणाओंमें सब स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। जो चारों गति के संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव कार्मणकाययोगी होते हैं, उनके पाँच ज्ञानावरणादिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम बारह बटे चौदह राजू प्रमाण कहा है और कार्मणकाययोगका स्पर्शन सब लोक है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक प्रमाण कहा है। सम्यग्दृष्टि कार्मणकाययोगी जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजू प्रमाण होनेसे सातावेदनीय आदिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक प्रमाण है, यह स्पष्ट ही है। मनुष्य-गतिपञ्चक का उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्यग्दृष्टि देव और नारकी करते हैं, इसलिए इनका भङ्ग सातावेदनीयके समान ही कहा है। देवगतिचतुष्कका सम्यग्दृष्टि तिर्यञ्च और मनुष्य तथा तीर्थङ्कर का तीन गतिके सम्यग्दृष्टि जीव उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करते हैं। तथा देवगतिचतुष्कका बन्ध असंज्ञी आदि और तीर्थङ्कर प्रकृतिका तीन गतिके संज्ञी जीव बन्ध करते हैं। ऐसे जीवोंका यदि

१. ता० प्रतौ पंचणा० असादा० इति पाठः। २. ता० आ० प्रत्योः पंचसंघ० इति पाठः। ३. ता० आ० प्रत्योः उप० अप्पसत्थ० अथिरादिपंच० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३६५. इत्थिवे० पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-उप०-अथिरादिपंच०-णीचा०-पंचंत० उ० अट्ठ-तेरह०, अणु० अट्ठचों० सव्वलो०। सादा०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-पज्ज०-पत्ते०-थिर-सुभ-णिमि० उ० खेत्तभंगो, अणु० अट्ठ० सव्वलो०। इत्थि०-पुरिस०-मणुस०-चदुसंठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु[1]०-आदाव० उ० अणु० अट्ठ०। हस्स-रदि उ० अणु० अट्ठ० सव्वलो०। दोआउ०-तिण्णिजादि-आहारदुग-तित्थय० उक्क० अणु० खेत्त-भंगो। दोआउ०-समचदु०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदें०-उच्चा० उ० खेत्तभंगो, अणु० अट्ठ०। णिरयगदिदुग० उ० अणु० छच्चों०। तिरि०-एइंदि०-तिरिक्खाणु०-थावर० उ० अट्ठ-णव०, अणु० अट्ठ० सव्वलो०। देवगदिदुग० उ० खेत्त०, अणु० छच्चों०।

स्पर्शनका विचार करते हैं तो वह सब क्षेत्रके समान ही प्राप्त होता है, इसलिए इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। एकेन्द्रियजाति और स्थावरका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध ऐशान कल्पतकके देव करते हैं, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजू प्रमाण कहा है। तथा इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सर्व लोक है, यह स्पष्ट ही है। अम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन आदि तीन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध नारकी और सहस्रार कल्प तकके देव करते हैं, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन नीचे छह और ऊपर पाँच इस प्रकार कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है और इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन पूर्ववत् सब लोक कहा है। तीन जाति आदिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवों का जो स्पर्शन कहा है, वह स्पष्ट ही है।

३६५. स्त्रीवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, शुभ और निर्माणके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, मनुष्यगति, चार संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और आतपके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू-प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। हास्य और रतिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवों ने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, तीन जाति, आहारकद्विक और तीर्थङ्करके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। दो आयु, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकगतिद्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और स्थावरके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट

---

१. आ० प्रतौ भणुसाउ० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचिं०-तस० उ० खेत्तं०, अणु० अट्ठ-बारह० । ओरालि० उ० अट्ठ०, अणु० अट्ठचों० सव्वलो० । वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० उ० खेत्तं०, अणु० बारह० । उज्जो०-जस० उ० खेत्तं०, अणु० अट्ठ-णव० । णवरि उज्जो० उ० अट्ठ० । अप्पस०-दुस्सर० उ० छ०, अणु० अट्ठ-बारह० । बादर० उ० खेत्तं०, अणु० अट्ठ-तेरह० । सुहुम०-अपज्ज०-साधार० उ० अणु० लो० असं० सव्वलो० । एवं पुरिसेसु । णवरि तित्थ० उ० अणु० ओघं ।

अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । देवगतिद्विकके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । पञ्चेन्द्रियजाति और त्रसके उत्कृष्ट अनुभाग के बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । औदारिकशरीरके उत्कृष्ट अनुभाग के बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिकआङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । उद्योत और यशस्कीर्तिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इतनी विशेषता है कि उद्योतके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । बादरके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इसी प्रकार पुरुषवेदी जीवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें तीर्थङ्कर प्रकृतिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन ओघके समान है ।

विशेषार्थ—देवियाँ विहारादिकी अपेक्षा कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन करती हैं । यद्यपि पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिनी और मनुष्यिनी मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन करती हैं, परन्तु पाँच ज्ञानावरणादिके उत्कृष्ट बन्धके समय यदि मारणान्तिक समुद्घात होता है,तो वह त्रस नालीके भीतर नीचे छह राजू और ऊपर सात राजू इस प्रकार कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण ही होता है । यही सब देखकर यहाँ इन प्रकृतियों के उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कहा है । स्पर्शनका उक्त विधिसे निर्देश मूलमें ही किया है । सातावेदनीय आदिके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन पाँच ज्ञानावरणादिके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंके समान ही घटित कर लेना चाहिए । जो तिर्यञ्चगति आदि तीनमें उत्पन्न होते हैं,उन्हींके स्त्रीवेद आदिका उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है और ऐसे स्त्रीवेदी जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण होता है,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसलिए स्त्रीवेद आदिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। जो सर्वत्र एकेन्द्रियोंमें भी उत्पन्न होते हैं, उनके भी हास्य और रतिका बन्ध सम्भव है, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण और सब लोकप्रमाण कहा है। जो एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात कर रहे हैं, उनके दो आयु और समचतुरस्र संस्थान आदि प्रकृतियोंका बन्ध नहीं होता, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। जो नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात कर रहे हैं, उनके भी नरकगतिद्विकका दोनों प्रकार का अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह राजूप्रमाण कहा है। यद्यपि स्त्रियाँ छठे नरक तक ही जाती हैं, ऐसा आगम-वचन है, पर यह नियम योनि-कुचवाली स्त्रियोंके लिए ही है। जिनके स्त्रीवेदका उदय है और जो योनि-कुचवाली नहीं हैं अर्थात् जो स्त्रीवेदके उदयके साथ द्रव्यसे पुरुष हैं, उनका गमन सातवें नरक तक सम्भव है, यह इस स्पर्शन नियमसे सिद्ध होता है। इतना ही नहीं, इससे द्रव्यवेद और भाववेदका जो वैषम्य माना जाता है, उसकी भी सिद्धि होती है। जो त्रसनालीके भीतर ऊपर एकेन्द्रियोंमें समुद्घात करते हैं, उनके भी तिर्यञ्चगति आदिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है; इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। तथा इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंके स्पर्शनका स्पष्टीकरण पाँच ज्ञानावरण आदिके समान कर लेना चाहिए। जो तिर्यञ्च और मनुष्य देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात कर रहे हैं, उनके भी देवगतिद्विकका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध होता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। जो नीचे छह और ऊपर छह, इस प्रकार कुछ कम बारह राजूप्रमाण क्षेत्रका मारणान्तिक समुद्घातके समय स्पर्शन कर रहे हैं, उनके भी पञ्चेन्द्रियजाति और त्रसप्रकृतिका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध होता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। जो एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके औदारिकशरीरका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध नहीं होता, इसलिए इसके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। परन्तु एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय इसका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध होता है, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन पाँच ज्ञानावरणादिके समान कहा है। जो देवों और नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उन मनुष्य और तिर्यञ्चोंके वैक्रियिकद्विकका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध होता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। जो एकेन्द्रियोंमें त्रसनालीके भीतर समुद्घात करते हैं, उनके उद्योत और यशस्कीर्तिका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। मात्र उद्योतका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध तत्प्रायोग्य तिर्यञ्च आदि तीन गतिके जीव करते हैं, इसलिए इसके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। जो नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। तथा इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन पञ्चेन्द्रियजातिके समान घटित कर लेना चाहिए। जो नीचे छह और ऊपर सात इस प्रकार कुछ कम तेरह राजूका मारणान्तिक समुद्घातके समय स्पर्शन करते हैं, उनके भी बादर प्रकृति का बन्ध होता है, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३६६. णवुंसग० पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्ख०--पंचसंठा०-पंचसंघ०--अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०--उप०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० उ० छच्चों०, अणु० सव्वलो०। सादा०-तिरिक्खाउग०-मणुस०चदुजा०-ओरा०-तेजा०-क०--समचदु०-ओरा०अंगो०-वज्जरि०-पसत्थ०४-मणुसाणु०-अगु०३-आदाउ०-पसत्थ०--तस०४-थिरादिछ०--णिमि०--उच्चा० उ० खेत्तं०, अणु० सव्वलो०। [हस्स-रदि० उ० छच्चों० सव्वलो०, अणु० सव्वलो०।] दोआउ०-वेउव्विय-छ०-आहारदुगं ओघं। मणुसाउ० तिरिक्खोघो। [एइंदिय-थावरादि४ तिरिक्खोघं।] तित्थय० इत्थिभंगो।

कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। जो तिर्यञ्च और मनुष्य एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी सूक्ष्मादिका उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक कहा है। पुरुषवेदी जीवोंमें भी यह स्पर्शन प्ररूपणा बन जाती है, इसलिए उनमें स्त्रीवेदी जीवोंके समान कहा है। मात्र तीर्थङ्कर प्रकृतिकी अपेक्षा कुछ विशेषता है। बात यह है कि पुरुषवेदी देव भी तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध करते हैं और इनका विहारादिकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू होनेसे पुरुषवेदी जीवोंके तीर्थङ्कर प्रकृतिकी अपेक्षा यह स्पर्शन भी पाया जाता है। इसलिए यह स्पर्शन ओघके समान कहा है। शेष कथन सुगम है।

३६६. नपुंसकवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, तिर्यञ्चायु, मनुष्यगति, चार जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, आतप, उद्योत, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। हास्य और रतिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, वैक्रियिक छह और आहारकद्विकका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। एकेन्द्रियजाति और स्थावर आदि चारका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—नपुंसकोंमें तीन गतिके संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करते हैं। इनका अतीत स्पर्शन उत्कृष्ट या तत्प्रायोग्य संक्लिष्ट परिणामोंके समय कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण होता है, इसलिए इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है। तथा नपुंसकवेदी सब लोकमें पाये जाते

१. ता० आ० प्रत्योः सोलसक० पंचणोक० इति पाठः। २. ता० आ० प्रत्योः अथिरादिपंच णीचुच्चा० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३६७. मदि०--सुद० ओघं। णवरि देवगदिदुगंउ० खेत्त०, अणु० पंच चोद्द०। वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० उ० खेत्तभंगो, अणु० ऍक्कारह०। विभंगे० पंचिंदियभंगो। णवरि देवगदिचदुक्क० मदि०भंगो।

३६८. आभिणि-सुद०-ओधि० पंचणा०--छदंसणा०-असादा०-बारसक०-सत्तणोक०-मणुसगदिपंच०-अप्पसत्थ०४-उप०-अथिर-असुभ-अजस०-पंचंत० उ० अणु० अट्ठ०। एवं मणुसाउ०। सादा०-पंचिं०-तेजा०-क०-समचदु०-पसत्थ०४-अगु०३-

---

हैं, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोकप्रमाण स्पर्शन कहा है। इनके अनुत्कृष्टके समान सातावेदनीय आदि, हास्य, रति और एकेन्द्रियजाति आदिके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक प्रमाण स्पर्शन जान लेना चाहिए। सातावेदनीय आदिके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है, यह स्पष्ट ही है। हास्य और रतिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध नारकियोंके तिर्यञ्चों और मनुष्योंमें तथा तिर्यञ्चों और मनुष्योंके एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेके समय भी होता है। इसी प्रकार तिर्यञ्चों और मनुष्योंके नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय भी जानना चाहिए, इसलिए इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम छह बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण स्पर्शन कहा है। एकेन्द्रिय जाति आदिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध संज्ञी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च और मनुष्य तो करते ही हैं, साथ ही ये जब एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं तब भी होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सामान्य तिर्यञ्चोंके समान कहा है। शेष कथन सुगम है।

३६७. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें ओघके समान स्पर्शन है। इतनी विशेषता है कि देवगतिद्विकके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण है। वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिकआङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। विभङ्गज्ञानी जीवोंमें पञ्चेन्द्रियोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि देवगतिचतुष्कका भङ्ग मत्यज्ञानी जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—जो मिथ्यादृष्टि तिर्यञ्च और मनुष्य बारहवें कल्प तक समुद्घात करते हैं, उनके देवगतिद्विकका बन्ध होता है। यद्यपि मनुष्य मिथ्यादृष्टि नौवें ग्रैवेयक तक उत्पन्न होते हैं पर उससे इस स्पर्शनमें अन्तर नहीं पड़ता, क्योंकि उनका प्रमाण संख्यात है और ऐसे जीवोंका कुल स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है, इसलिए यहाँ देवगतिद्विकके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। तथा वैक्रियिकद्विकका नीचे छह राजू और ऊपर पाँच राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन करनेवाले जीवोंके बन्ध होता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

३६८. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असातावेदनीय, बारह कषाय, सात नोकषाय, मनुष्यगति पञ्चक, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्ति और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार मनुष्यायुकी अपेक्षासे स्पर्शन जानना चाहिए। सातावेदनीय, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मण-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि०-तित्थ०-उच्चा० उ० खेत्तभं०, अणु० अट्ठ०। देवाउ०-आहारदुगं ओघं। देवगदि०४ उ० खेत्त०, अणु० छ०। एवं ओधिदंस०-सम्मादि०-खइग०-वेदग०-उवसम०-सम्मामि०। णवरि खइग०-उवसम०-सम्मामिच्छा० देवग०४ खेत्तभंगो। उवसम० तित्थय० खेत्तभंगो।

३६९. अवगद०-मणपज्ज०-संज०-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-सुहुमसंप० खेत्तभंगो। संजदासंज० हस्स-रदि० उ० अणु० छ०। देवाउ० तित्थय० उ० अणु० खेत्त०। सेसाणं उ० खेत्त०, अणु० छच्चो०। असंजद० ओघं।

शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्रका भङ्ग क्षेत्रके समान है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायु और आहारकद्विकका भङ्ग ओघके समान है। देवगतिचतुष्कके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि क्षायिकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें देवगतिचतुष्कका भङ्ग क्षेत्रके समान है। तथा उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरणादिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध मिथ्यात्वके अभिमुख हुए चारों गतिके जीव करते हैं। उसमें भी हास्य और रतिका तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामोंसे स्वस्थानमें और मनुष्यगतिपञ्चकका देव और नारकी जीव उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करते हैं। इनमेंसे तीन गति के जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और देवोंका कुछ कम आठ बटे चौदह राजुप्रमाण होता है। सब मिलाकर यह स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजुप्रमाण ही है, इसलिए यहाँ इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है और इसी कारणसे इनके तथा सातावेदनीय आदिके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका उक्तप्रमाण स्पर्शन कहा है। सम्यग्दृष्टि तिर्यञ्च और मनुष्य देवोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय कुछ कम छह बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन करते हैं। इसलिए देवगति चतुष्कके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका उक्तप्रमाण स्पर्शन कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है। यहाँ अवधिदर्शनी आदि अन्य जितनी मार्गणाएँ गिनाई हैं उनमें यह प्ररूपणा अविकल घटित हो जाती है, इसलिए उनके कथनको आभिनिबोधिकज्ञानी आदिके समान कहा है। मात्र क्षायिकसम्यग्दृष्टि आदि तीन मार्गणाओंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण ही होता है, इसलिए इनमें देवगति चतुष्कका भङ्ग क्षेत्रके समान कहा है। उपशमसम्यग्दृष्टियोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहनेका भी यही कारण है।

३६९. अपगतवेदी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें क्षेत्रके समान भङ्ग है। संयतासंयत जीवोंमें हास्य और रतिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायुके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असंयत जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३७०. किण्णं०-णील०-काउ० पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्ख०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० उ० छच्चों० चत्तारि-बेचोद्दस०, अणु० सव्वलो०। सादा०-तिरिक्खाउ०-मणुसग०-चदुजा०-ओरा०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरा०अंगो०-वज्जरि०-पसत्थ०४-मणुसाणु०-अगु० ३-आदाउ०-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि०-उच्चा० उ० खेत्तभंगो। अणु० सव्वलो०। हस्स-रदि-एइंदि०-थावरादि०४ उ० लो० असंखे० सव्वलो०, अणु० सव्वलो०। णवरि-णील-काऊणं हस्स-रदि० असादभंगो[2]। [णिरयाउ-] देवाउ०-देवगदि० [२-] तित्थ० खेत्तभंगो। मणुसाउ० णवुंसगभंगो। णिरय०-णिरयाणु० उ० अणु० छ-चत्तारि-बेचोद्दस०। वेउव्वि०-वेउव्वि०-अंगो० उ० खेत्तभंगो। अणु० छ-चत्तारि-बेचों०।

विशेषार्थ—संयतासंयत जीवोंका मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा कुछ कम छह बटे चौदह राजुप्रमाण स्पर्शन होता है। हास्यद्विकका उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध तथा देवायु और तीर्थङ्कर प्रकृतिके सिवा शेष प्रकृतियोंका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध ऐसी अवस्थामें सम्भव है, अतः हास्यद्विकके दोनों प्रकारके अनुभागके और शेष प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है। शेष कथन सुगम है।

३७०. कृष्ण, नील और कापोतलेश्यामें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने क्रमसे कुछ कम छह बटे चौदह राजु, कुछ कम चार बटे चौदह राजु और कुछ कम दो बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, तिर्यञ्चायु, मनुष्यगति, चार जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, आतप, उद्योत, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक है। हास्य, रति, एकेन्द्रियजाति और स्थावर आदि चारके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि नील और कापोत लेश्यामें हास्य और रतिका भङ्ग असातावेदनीयके समान है। नरकायु, देवायु, देवगतिद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग क्षेत्रके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग नपुंसकवेदी जीवोंके समान है। नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने क्रमसे कुछ कम छह बटे चौदह राजु, कुछ कम चार बटे चौदह राजु और कुछ कम दो बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिकआङ्गोपाङ्गके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु, कुछ कम चार बटे चौदह राजु और कुछ कम दो बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

---

१. ता० आ० प्रत्योः असंजद० ओघं। चक्खु० तसभंगो। किण्ण० इति पाठः। २. ता० प्रतौ हस्सरदि ४ असादभंगो इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३७१. तेऊए[1] पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्ख०-उप०-थावर-अथिरादिपंच०-णीचा०-पंचंत० उ० अणु० अट्ठ-णव०। सादा०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-थिर-सुभ-जस०-णिमि० उ० खेत्त०, अणु० अट्ठ-णव०। इत्थि०-पुरिस०-दोआउ०-मणुस०२-चदुसंठा[2]०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-आदा०-अप्पसत्थ०-दुस्सर[3]० उ० अणु०

विशेषार्थ—प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागबन्धके स्वामीको देखनेसे विदित होता है कि इन लेश्याओंमें परस्पर तीन गतिके संज्ञी जीवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले जीवोंके यथायोग्य उक्त प्रकृष्ट अनुभागबन्ध होता है और इस दृष्टिसे इन लेश्याओंका क्रमसे स्पर्शन कुछ कम छह, कुछ कम चार और कुछ कम दो बटे चौदह राजूप्रमाण है, अतः यह स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। तथा एकेन्द्रियोंके भी तीनों लेश्याएँ होती हैं, अतः इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सर्व लोक कहा है। सातावेदनीय आदिका उत्कृष्ट अनुभाग बन्ध सम्यग्दृष्टि जीवोंके होता है। मात्र तिर्यञ्चायु, आतप और उद्योत इसके अपवाद हैं सो इनका मारणान्तिक समुद्घातके समय बन्ध नहीं होता, अतः इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सर्व लोकप्रमाण स्पर्शन ज्ञानावरणादिके समान समझ लेना चाहिए। जो एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी हास्य आदिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध होता है, अतः इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवों का वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन सर्वलोक प्रमाण कहा है। इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका सर्वलोक प्रमाण स्पर्शन है, यह स्पष्ट ही है। यहाँ इतनी विशेषता है कि नील और कापोतलेश्यामें मारणान्तिक समुद्घातके समय भी हास्य और रतिका नारकी जीव उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करते हैं, इसलिए इन दो प्रकृतियोंकी अपेक्षा असातावेदनीयके समान स्पर्शन बन जाता है। वैसे सामान्य नारकियोंमें इन दो प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजू बतला आये हैं। पर यहाँ कृष्ण लेश्यामें वह लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्यों रहने दिया गया है, यह अवश्य ही विचारणीय है। जो तिर्यञ्च और मनुष्य नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात कर रहे हैं, उनके नरकगतिद्विकका उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह, कुछ कम चार और कुछ कम दो बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। इसी प्रकार वैक्रियिकद्विकके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन भी घटित कर लेना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

३७१. पीत लेश्यामें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह-कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, शुभ, यशःकीर्ति और निर्माणके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, दो आयु, मनुष्यगतिद्विक, चार संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप, अप्रशस्त

१. आ० प्रतौ छ-चत्तारि तेउए इति पाठः। २. ता० आ० प्रत्योः मणुस० ४ चदुसंठा० इति पाठः। ३. ता० आ० प्रत्योः अप्पसत्थ४ दुस्सर० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अट्ठचों० । देवाउ०-आहारदुगं ओघं । देवगदि०४ उ० खेत्त०, अणु० दिवड्डचों० । पंचिं०-समचदु०-पसत्थ०-तस०-सुभग-सुस्सर-आदें०-तित्थय०-उच्चा० उ० खेत्तभंगो[1] । अणु० अणुभा० अट्ठ० । ओरा०-उज्जो० उ० अट्ठ चों०, अणु० अट्ठ-णवं० । एवं पम्माए वि । णवरि अट्ठ चों० । देवगदि०४ अणु० पंच चों० ।

विहायोगति और दुःस्वरके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । देवायु और आहारकद्विकका भङ्ग ओघके समान है । देवगतिचतुष्कके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । पञ्चेन्द्रिय जाति, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, सुभग, सुस्वर, आदेय, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । औदारिकशरीर और उद्योतके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इसी प्रकार पद्मलेश्यामें भी जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसमें कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहना चाहिए । तथा देवगतिचतुष्कके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरणादि का उत्कृष्ट अनुभागबन्ध ऐशान कल्पतकके देव करते हैं और मारणान्तिक समुद्घातके समय भी इनका बन्ध होता है, अतः इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजू कहा है । सातावेदनीय आदिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध अप्रमत्तसंयत जीव करते हैं, अतः इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका क्षेत्रके समान स्पर्शन कहा है । इसी प्रकार अन्य प्रशस्त प्रकृतियों के उत्कृष्ट अनुभागबन्धके विषयमें जानना चाहिए । इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन पाँच ज्ञानावरणादिके समान है, यह स्पष्ट ही है । जो देव एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके स्त्रीवेद आदिका बन्ध नहीं होता, अतः इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है । देवायु और आहारकद्विक का भङ्ग ओघके समान है, यह स्पष्ट ही है । जो देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी देवगतिचतुष्कका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध होता है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धका स्पर्शन कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है । जो देव एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके पञ्चेन्द्रियजाति आदिका बन्ध नहीं होता, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है । औदारिकशरीरका सम्यग्दृष्टि देव और उद्योतका तत्प्रायोग्य विशुद्ध देव उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करते हैं, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है और इनका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय भी सम्भव होनेसे इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजू कहा है । पद्मलेश्यामें मरकर देव एकेन्द्रिय नहीं होता, इसलिए इसमें कुछ कम आठ बटे व नौ बटे चौदह राजूके स्थानमें केवल कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है ।

१. आ० प्रतौ० उच्चा० खेत्तभंगो इति पाठः । २. ता० प्रतौ अट्ठचो० अट्ठ-णव० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३७२. सुक्काए पढमदंडओ उ० अणु० छच्चो०। खविगाणं उक्क० खेत्त०, अणु० छच्चो०। देवाउ०-आहारदुग० खेत्त०।

३७३. अब्भवसि० पढमदंडओ मदि०भंगो। सादा०-पंचिंदि०-ओरा०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरा०अंगो०-वज्जरि०-पसत्थ०४-अगु०३-पसत्थ०-तस०४-थिरादि-छ०-णिमि० उ० अट्ठ-बारह०, अणु० सव्वलो०। मणुस०-मणुसाणु०-आदाउज्जो०

मात्र पद्मलेश्यामें मारणान्तिक समुद्घातद्वारा तिर्यञ्च और मनुष्य कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन करते हैं, इसलिए इस लेश्यामें देवगतिचतुष्कके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। इस लेश्यामें शेष सब प्ररूपणा पीतलेश्याके समान है। मात्र यहाँ अपनी प्रकृतियाँ कहनी चाहिए।

३७२. शुक्ललेश्यामें प्रथम दण्डकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। क्षपक प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायु और आहारकद्विकका भङ्ग क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—शुक्ललेश्यामें कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन है, क्योंकि आनतादि-देवोंका मेरुके मूलसे नीचे गमन नहीं होता। यहाँ पर प्रथम दण्डकमें ये प्रकृतियाँ ली गई हैं—पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, मनुष्यायु, मनुष्यगति, औदारिकशरीर,पाँच संस्थान,औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन,अप्रशस्त वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, उपघात,अप्रशस्त विहायोगति,अस्थिर,अशुभ, दुर्भग,दुःस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति नीचगोत्र और पाँच अन्तराय। क्षपक प्रकृतियाँ ये हैं—सातावेदनीय, देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, तीर्थंकर और उच्चगोत्र। यहाँ प्रथम दण्डकमें कही गईं प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध देवोंके होता है,इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। क्षपक प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है और इनका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध देव भी करते हैं। मात्र देवगतिचतुष्कका बन्ध तिर्यञ्च और मनुष्य करते हैं, सो देवोंमें मरणान्तिक समुद्घात करनेवाले इनका भी स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण उपलब्ध होता है। देवोंका तो इतना है ही, इसलिए इन सब क्षपक प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट अनुभाग के बन्धक जीवोंका उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है। देवायु और आहारकद्विकका भङ्ग क्षेत्रके समान है, यह स्पष्ट ही है।

३७३. अभव्योंमें प्रथम दण्डकका भङ्ग मत्यज्ञानी जीवोंके समान है। सातावेदनीय, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक-आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह और निर्माणके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यगति,मनुष्यगत्यानुपूर्वी,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उच्चा० उ० अट्ठ[1]०, अणु० सव्वलो० । देवगदिदुग० उक्क० अणु० पंचचों० । वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० उ० पंचचों०, अणु० एक्कारह० । णिरयगदिदुगं ओघं । अथवा सव्वाणं मदिअण्णाणिभंगो कादव्वो ।

२७४. सासणे पंचणा०--णवदंसणा०--असादा०--सोलसक०--अट्ठणोक०--तिरिक्ख०-चदुसंठा०-चदुसंघ०--अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०--उप०--अप्पसत्थ०--अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० उ०[अणु०] अट्ठ-बारह० । सादा०-पंचिंदि०-ओरा०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरा०अंगो०-वज्जरि०-पसत्थ०४-अगु०३-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि० उ० अट्ठ०, अणु० अट्ठ-बारह० । देवाउ० ओघं । दोआउ० उ० खेत्त०, अणु०

आतप, उद्योत और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । देवगतिद्विकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिकआङ्गोपाङ्ग के उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । नरकगतिद्विकका भङ्ग ओघके समान है । अथवा सब प्रकृतियोंका भङ्ग मत्यज्ञानी जीवोंके समान करना चाहिए ।

विशेषार्थ—जो ऊपर छह और नीचे छह इस प्रकार कुछ कम बारह बटे चौदह राजुके भीतर मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, ऐसे जीवोंके भी सातावेदनीय आदिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध होता है । देवोंके विहारादिके समय तो हो ही सकता है, इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है । मात्र मनुष्यगति आदिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध कई कारणोंसे कुछ कम बारह बटे चौदह राजु नहीं प्राप्त होता, इसलिए यह कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है । इन सातावेदनीय आदि और मनुष्यगति आदिके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोकप्रमाण है, यह स्पष्ट ही है । जो तिर्यञ्च और मनुष्य देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके देवगतिद्विकका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध सम्भव है; इसलिए इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है । इसी प्रकार वैक्रियिकद्विकके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन घटित कर लेना चाहिये । मात्र इसमें नीचेका कुछ कम छह राजू स्पर्शन मिलाने पर कुछ कम ग्यारहबटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन वैक्रियिकद्विकके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका होता है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

२७४. सासादनमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, सोलह कषाय, आठ नोकषाय, तिर्यञ्चगति, चार संस्थान, चार संहनन, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सातावेदनीय, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह और निर्माणके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और

१. ता० प्रतौ आदा० उच्चा० उ० अट्ठ, आ० प्रतौ० आदाउज्जो० उ० अट्ठ० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अट्ठ० । मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० उ० अणु० अट्ठचो० । देवगदि०४ उ० अणु० पंचचो० । उज्जो० उ० खेत्त०, अणु० अट्ठ-बारह० । मिच्छादिट्ठी० मदि०भंगो ।

३७५. असण्णीसु[2] पंचणा०-णवदंस०-दोवेदणी०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्खाउ०-मणुस०-चदुजा०-ओरा०-तेजा०-क०-छस्संठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-पसत्थापसत्थ०४-मणुसाणु०-अगु०४-आदाउज्जो०-दोविहा०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि०-दोगो०-पंचंत० उ० लो० असंखे०, अणु० सव्वलो० । हस्स-रदि०-

अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायुका भङ्ग ओघके समान है। दो आयुओंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवगतिचतुष्कके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योतके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मिथ्यादृष्टि जीवोंमें मत्यज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—सासादनसम्यक्त्वका विहार आदिकी अपेक्षा कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन है। प्रथम दण्डककी प्रकृतियोंके दोनों प्रकारके अनुभागके बन्धक जीवोंका यह दोनों प्रकारका स्पर्शन सम्भव है और सातावेदनीय आदिके उत्कृष्ट अनुभागबन्धके समय कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन सम्भव नहीं है, इसलिए इन बातोंको ध्यानमें रखकर इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कहा है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध विहारादिके समय सर्वत्र सम्भव है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। इसी प्रकार मनुष्यगति आदि तीनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू जानना चाहिए। देवगतिचतुष्कका बन्ध तिर्यञ्च और मनुष्य करते हैं, अतः इनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। उद्योतका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय भी सम्भव है, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

३७५. असंज्ञी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, दो वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चायु, मनुष्यगति, चार जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, छह संस्थान, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, दो गोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके

१. आ० प्रतौ मणुसाणु० उ० इति पाठः। २. ता० आ० प्रत्योः मदि०भंगो। सण्णी पंचदिय-भंगो। असण्णीसु इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिरिक्ख०--एइंदि०--तिरिक्खाणु०--थावरादि०४--[अथिरादिछ०] उ० लो० असं० सव्वलो०, अणु० सव्वलो०। दोआउ०-वेउव्वियछ० उ० अणु० खेत्तभंगो। मणुसाउ० तिरिक्खोघं। अणाहार० कम्मइगभंगो।

एवं उक्कस्सफोसणं समत्तं।

३७६. जहण्णए पगदं। दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्ख०--अप्पसत्थ०४--तिरिक्खाणु०--उप०-णीचा०--पंचंत० जहण्णं अणुभागं बंधगेहि केवडियं खेत्तं फोसिदं? लोग० असंखे०, अज० सव्वलो०। सादासाद०-तिरिक्खाउ०-मणुस०--चदुजा०--छस्संठा०--छस्संघ०-मणुसाणु०-दोविहा०-

असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। हास्य, रति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर आदि चार और अस्थिर आदि छहके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु और वैक्रियिक छहके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। अनाहारक जीवोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—यहाँ प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका व अन्य सब प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध अपने-अपने योग्य परिणामोंके साथ असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव करते हैं। उसमें भी प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय नहीं होता, अतः इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है और दूसरे दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय भी होता है। अतः इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और अतीत कालीन स्पर्शन सब लोक प्रमाण कहा है। इन सबका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध एकेन्द्रिय जीव भी करते हैं, अतः इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक प्रमाण कहा है। नरकायु, देवायु और वैक्रियिकछहका उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय ही करते हैं और ऐसे जीवोंका उनका बन्ध करते समय एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात नहीं होता, इसलिए इनके दोनों प्रकारके अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। मनुष्यायुका भङ्ग स्पष्ट ही है। संसारी जीवोंके अनाहारक अवस्था कार्मणकाययोगके समय होती है, इसलिए अनाहारकोंकी प्ररूपणा कार्मणकाययोगी जीवोंके समान कही है।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्पर्शन समाप्त हुआ।

३७६. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चायु, मनुष्यगति, चार जाति, छह संस्थान, छह संहनन,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थावर०४-थिरादिछयुग०-उच्चा० ज० अज० सव्वलो० । इत्थि-णवुंस० ज० अट्ठ-बारह०, अज० सव्वलो० । दोआउ०-आहारदुग० ज० अज० खेत्तभंगो । मणुसाउ० ज० लो० असंखें० सव्वलो०, अज० अट्ठ० सव्वलो० । णिरय०-णिरयाणु० ज० अज० छच्चों० । देवग०-देवाणु० जह० दिवड्ढचोद्दं०, अथवा पंचचों०, अज० छच्चों० । पंचिं०-ओरा०-अंगो०-तस० जह० अट्ठ--बारह०, अज० सव्वलो० । ओरा०--तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-उज्जो०-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० ज० अट्ठ-तेरह०, अज० सव्वलो० । वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० [ज०] छच्चोद्दं०, अज० बारहचों० । आदाव० ज० अट्ठ०, अज० सव्वलो० । तित्थ० ज० खेत्तं०, अज० अट्ठ० ।

मनुष्यगत्यानुपूर्वी, दो विहायोगति, स्थावरचतुष्क, स्थिर आदि छह युगल और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सबलोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु और आहारकद्विकके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। मनुष्यायुके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवगति और देवगत्यानुपूर्वीके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजू अथवा कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और त्रसके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, उद्योत, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिकआङ्गोपाङ्गके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आतपके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—यहाँ वैक्रियिक छह, आहारकद्विक, नरकायु व देवायु और तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध एकेन्द्रिय जीव नहीं करते। इनके सिवा सब प्रकृतियोंका बन्ध एकेन्द्रिय जीव करते हैं, इसलिए उन सब प्रकृतियोंके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सर्व लोक कहा है। इसके सिवा

१. आ० प्रतौ थावर० थिरादिछयुग० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जहाँ जो विशेषता होगी, वह उस उस प्रकृतिके निरूपणके समय कहेंगे। अब रहा जघन्य अनुभाग-बन्धका विचार, सो प्रथक दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध जिनके होता है, उनका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है। सातावेदनीय आदिका जघन्य अनुभागबन्ध यथासम्भव चार, तीन या दो गतिके जीव मध्यम परिणामोंसे करते हैं। इनका स्पर्शन सर्व लोक होनेसे यह उक्त प्रमाण कहा है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका जघन्य अनुभागबन्ध चारों गतिके संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव करते हैं, किन्तु यह बन्ध करते समय एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात नहीं होता। यथासम्भव अन्यत्र भी नहीं होता, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। नरकायु, देवायु और आहारकद्विकका भङ्ग क्षेत्रके समान है, यह स्पष्ट ही है। मनुष्यायुका जघन्य अनुभागबन्ध तिर्यञ्च और मनुष्य करते हुए भी एकेन्द्रिय जीव भी करते हैं, इसलिए इसके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन सब लोकप्रमाण कहा है। तथा देव भी विहारादिके समय इसका अजघन्य अनुभागबन्ध करते हैं, इसलिए इसके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण अलगसे बतलाया है। तिर्यञ्च और मनुष्य मारणान्तिक समुद्घातके समय भी नरकगतिद्विकका जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध करते हैं, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजू प्रमाण कहा है। ऐशान कल्प तकके देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले तिर्यञ्च और मनुष्यके देवगतिद्विकका जघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है; ऐसा मानने पर इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजूप्रमाण प्राप्त होता है और सहस्रार कल्प तकके देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले जीवोंके भी यह जघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, ऐसा मानने पर इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। इनका अजघन्य अनुभागबन्ध करनेवाले जीव सर्वार्थसिद्धि तक मारणान्तिक समुद्घात करते हैं और इनका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूसे अधिक नहीं है, इसलिए इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। जो पञ्चेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी पञ्चेन्द्रियजाति आदिका जघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। जो देव बादर एकेन्द्रियोंमें ऊपर सात राजूके भीतर मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी औदारिकशरीर आदिका जघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। जो तिर्यञ्च और मनुष्य नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी वैक्रियिकद्विकका जघन्य अनुभागबन्ध होता है। तथा देव और नारकियोंमें समुद्घात करते समय इनका अजघन्य अनुभागबन्ध भी होता है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है। ऐशान तकके देवोंके विहारादिके समय भी आतपका जघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इसके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका जघन्य अनुभागबन्ध मिथ्यात्वके अभिमुख हुए मनुष्य असंयत सम्यग्दृष्टि करते हैं, इसलिए इसके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है और तिर्यञ्चोंके सिवा तीनों गतिके जीवोंके यथायोग्य इसका बन्ध सम्भव है, इसलिए इसके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३७७. णिरएसु पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्ख०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-णीचा०-पंचंत० ज० खेत्तं०, अज० छच्चों०। दोवेदणी०-इत्थि०-णवुंस-पंचिं०-ओरालि०-तेजा०-क०-छस्संठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ० पसत्थ०४[1]-अगु०३-[उज्जो०-] दोविहा०-तस०४-थिरादिछयु०-णिमि[2] ज० अज० छ०। दोआउ०-मणुस०-मणुसाणु०-तित्थ०-उच्चा० ज० अज० खेत्त०। एवं सत्तमाए पुढवीए। छसु उवरिमासु एसेव भंगो। णवरि तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु०-णीचा० सादभंगो। एवं अप्पप्पणो रज्जू भाणिदव्वं। इत्थि०-णवुंस० ज० खेत्त०।

३७८. तिरिक्खेसु पंचणा०-छदंस०-अट्ठक०-सत्तणोक०-पंचिं०-तेजा०-क०-पसत्थापसत्थ०४-[अगुरु०४-]तस०४-णिमि०-पंचंत० ज० छ०, अज० सव्वलो०।

३७७. नारकियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, छह संस्थान, औदारिक-आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर आदि छह युगल और निर्माणके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवों का स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए। पहलेकी छह पृथिवियों में यही स्पर्शन जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। इसी प्रकार अपनी-अपनी रज्जु कहना चाहिए। तथा इनमें स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—सामान्य नारकियोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण है, इसलिए यहाँ कुछ प्रकृतियोंके सिवा शेष सब प्रकृतियोंके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है और सातावेदनीय आदिका जघन्य अनुभागबन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय भी होता है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका भी उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है। मात्र पाँच ज्ञानावरणादिके जघन्य अनुभागबन्धके स्वामीको तथा दो आयु आदिके जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्धके स्वामीको देखते हुए यह लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण ही प्राप्त होता है, इसलिए यह क्षेत्रके समान कहा है। प्रथमादि पृथिवियोंमें अपना-अपना स्पर्शन समझ कर सब प्ररूपणा इसी प्रकार कहनी चाहिए। केवल तिर्यञ्चगतित्रिकका जघन्य अनुभागबन्ध इन पृथिवियोंमें मिथ्यादृष्टि नारकी परिवर्तमान मध्यम परिणामोंसे करते हैं। अतः यहाँ इनका भङ्ग सातावेदनीयके समान कहा है।

३७८. तिर्यञ्चोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, सात नोकषाय, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, निर्माण और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह

१. ता० प्रतौ तेजाक० छस्संठा० तेजाक० छस्संठा० (१) आ० प्रतौ तेजाक० पंचसंठा० इति पाठः। २. ता०आ०प्रत्योः अप्पसत्थ०४ इति पाठः। ३. ता०आ०प्रत्योः थिरादिछ० णिमि० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अट्ठक०-णवुंस०-ओरा०अंगो०-आदावं० ज० खेत्तभंगो। अज० सव्वलो०। साददंडओ ओघो। इत्थि० ज० दिवड्ड०, अज० सव्वलो०। दोआउ०-वेउव्वियछ० ओघं। मणुसाउ० ज० अज० लो० असंखें० सव्वलो०। ओरा० ज० लो० असंखें० सव्वलो०, अज० सव्वलो०। तिरिक्खं०-तिरिक्खाणु०-णीचा० खेत्तभंगो। उ० ज० सत्तचोद्द०, अज० सव्वलो०।

राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, आठ कषाय, नपुंसकवेद, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और आतपके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीयदण्डकका भङ्ग ओघके समान है। स्त्रीवेदके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु और वैक्रियिकछक्कका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यायुके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। औदारिकशरीरके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका भङ्ग क्षेत्रके समान है। उद्योतके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चोंका स्पर्शन सब लोक प्रमाण होनेसे यहाँ एकेन्द्रियोंमें बँधनेवाली प्रकृतियोंके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक कहा है। जहाँ विशेषता होगी उसे अलगसे कहेंगे। नारकियोंमें और देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले जीवोंके भी स्वामित्वके अनुसार पाँच ज्ञानावरणादिका जघन्य अनुभागबन्ध होता है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है। स्त्यानगृद्धि आदिका जघन्य अनुभागबन्ध पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके स्वस्थानमें ही सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। स्त्रीवेदका जघन्य अनुभागबन्ध करनेवाले तिर्यञ्चोंके ऐशान कल्प तकके देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करना सम्भव है, इसलिए इसके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। मनुष्यायुका जघन्य अनुभागबन्ध एकेन्द्रिय जीव भी करते हैं। किन्तु इनका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण ही है और अतीत स्पर्शन सब लोक प्रमाण है। इसके अजघन्य अनुभागबन्धकी अपेक्षा भी यही स्पर्शन जानना चाहिए। जो एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी औदारिकशरीरका जघन्य अनुभागबन्ध होता है, इसलिए इसके जघन्य अनुभाग के बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण स्पर्शन कहा है। तिर्यञ्चगतित्रिकका जघन्य अनुभागबन्ध बादर अग्निकायिक और बादर वायुकायिक जीव करते हैं, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान लोकके संख्यातवें भागप्रमाण प्राप्त होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है। जो ऊपर बादर एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी उद्योतका जघन्य अनुभागबन्ध होता है, इसलिए इसके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवों का कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है। शेष कथन सुगम है।

---

१. आ०प्रतौ आदाउ० इति पाठः। २. आ० प्रतौ असंखे० सव्वलो० तिरिक्ख० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३७९. पंचिंदि०तिरिक्ख०३ पंचणा०-छदंसणा०-अट्ठक०-छण्णोक०-तेजा०-क०-पसत्थापस०४-अगु०४-पज्ज०-पत्ते०-णिमि०-पंचंत० ज० छ०, अज० लो० असं० सव्वलो० । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अट्ठक०-णवुंस० ज० खेत्त०, अज० लो० असं० सव्वलो० । सादासाद०-तिरिक्ख०-एइंदि०-ओरा०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-थावरादि४-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग०-अणादें०-अजस०-णीचा० ज० अज० लो० असं० सव्वलो० । इत्थि० ज० अज० दिवड्ड० । पुरिस०-णिरय०-णिरयाणु०-अप्पसत्थ०-दुस्सर० ज० अज० छच्चोद्दस० । चदुआउ०-मणुस०-तिण्णिजा०-[चदुसंठा०-] ओरा०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदाव० ज० अज० खेत्त० । देवग०-समचदु०-देवाणु०-पसत्थ०-सुभग०-सुस्सर-आदें०-उच्चा० ज० पंच चोद्दस०, अज० छच्चोद्दस० । पंचिंदि०-वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-तस० ज० छ०, अज० बारह० । उज्जो०-जसगि० ज० अज० सत्तचोद्दस० । बादर० ज० छ०, अज० तेरह० ।

३७९. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, छह नोकषाय, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धितीन, मिथ्यात्व, आठ कषाय और नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर आदि चार, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेदके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पुरुषवेद, नरकगति, नरकगत्यानुपूर्वी, अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। चार आयु, मनुष्यगति, तीन जाति, चार संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और आतपके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। देवगति, समचतुरस्रसंस्थान, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकआङ्गोपाङ्ग और त्रसके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत और यशःकीर्तिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादरके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

१. ता०आ०प्रत्योः अगु०३ इति पाठः । २. ता०आ०प्रत्योः चदुआदि ओरा०अंगो० इति पाठः । ३. आ०प्रतौ पसत्थ० सुस्सर० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३८०. पंचिं०तिरिक्खअपज्जत्तएसु पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० ज० खेत्तं०, अज० लो० असं० सव्वलो०। सादासाद०-तिरिक्ख०-एइंदि०-ओरा०-तेजा०-क०-हुंड०-पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-अगु०३-थावर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त-पत्ते०-साधार०-थिराथिर०-सुभासुभ-दूभग-अणादें०-अजस०-णिमि०-णीचा० ज० अज० लो० असं० सव्वलो०। इत्थि०-पुरिस०-दोआउ०-

विशेषार्थ—प्रथम दण्डककी प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन जिस प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंके घटित करके बतला आये हैं, उसी प्रकार यहाँ भी घटित कर लेना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकका स्वस्थान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है और एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करने पर सब लोक प्रमाण है। पाँच ज्ञानावरणादिके अजघन्य अनुभाग-बन्धके समय उक्त स्पर्शन सम्भव है, इसलिए यह उक्त प्रमाण कहा है। आगे भी जिन प्रकृतियोंका जघन्य या अजघन्य यह स्पर्शन कहा हो, उसे इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए। स्त्यानगृद्धि तीन आदिका जघन्य अनुभागबन्ध स्वस्थानमें ही सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। ऐशान कल्पतककी देवियोंमें मारणान्तिक समुद्घात-के समय भी स्त्रीवेदका जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध होता है, इसलिए इसके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है। देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले तिर्यञ्चोंके पुरुषवेदका और नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले तिर्यञ्चोंके नरकगति आदिका दोनों प्रकारका अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है। सहस्रारकल्पतकके देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले तिर्यञ्चोंके देवगति आदिका जघन्य अनुभागबन्ध और आगे तकके देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले तिर्यञ्चोंके देवगति आदिका अजघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक तिर्यञ्चोंके क्रमसे कुछ कम पाँच और कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है। देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले पञ्चेन्द्रियजाति आदिका जघन्य तथा नारकियों और देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवालेके इनका अजघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्रमसे कुछ कम छह बटे चौदह राजू व कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। ऊपरके बादर एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवालेके उद्योत और यशःकीर्तिका जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। नार-कियोंमें और नारक व देवोंके साथ ऊपरके बादर एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले तिर्यञ्चोंके क्रमसे बादर प्रकृतिका जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इसके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक तिर्यञ्चोंका स्पर्शन क्रमसे कुछ कम छह बटे चौदह राजू व तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

३८०. पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह-कषाय, सात नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति, निर्माण और नीचगोत्रके जघन्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मणुस०-चदुजा०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०--मणुसाणु०-आदाव०-दोविहा०-तस०-सुभगं--दोसर०--आदें०--उच्चा० ज० अज० लो० असं० । उज्जो०--बादर-जस० जह० अज० सत्तचों० । एवं सव्वअपज्जत्तगाणं सव्वविगलिंदियाणं बादरपुढ०-आउ०-तेउ०-वाउ०-पत्ते०पज्जत्ताणं च । णवरि बादरवाऊणं यम्हि लो० असंखें० तम्हि लो० असंखेज्ज० कादव्वो ।

३८१. मणुस०३ पंचणा०-णवदंस०--मिच्छ०--सोलसक०-सत्तणोक०--तेजा०-क०-पसत्थापसत्थ०४-अगु०४-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि०-पंचंत० ज० खेत्तं०, अज० लो० असं० सव्वलो० । सादासाददंडओ पंचिंदियतिरिक्खभंगो । उज्जो० ज० अजं० सत्त

और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, दो आयु, मनुष्यगति, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत, बादर और यशःकीर्तिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सब अपर्याप्त, सब विकलेन्द्रिय, बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त, बादर वायुकायिक पर्याप्त और बादर प्रत्येकवनस्पतिकायिक पर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि जहाँ लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है, वहाँ वायुकायिक जीवोंके लोकके संख्यातवें भागप्रमाण कहना चाहिए।

विशेषार्थ—प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध संज्ञी जीव सर्वविशुद्ध या तत्प्रायोग्य विशुद्ध परिणामोंसे करते हैं, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंका स्वस्थान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है और मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा स्पर्शन सर्वलोकप्रमाण है। पाँच ज्ञानावरणादिका अजघन्य अनुभागबन्ध इनके हो सकता है, इसलिए इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है। आगे जिन प्रकृतियोंके जघन्य या अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है, वहाँ भी ऐसा ही जानना चाहिए। स्त्रीवेद आदि ऐसी प्रकृतियाँ हैं जो अधिकतर त्रसादिसम्बन्धी हैं, आयुका बन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय होता नहीं और आतप एकेन्द्रियसम्बन्धी होकर भी उसका उदय बादर पर्याप्त पृथिवीकायिक जीवोंमें होता है, इसलिए इन सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। जो ऊपर सात राजूके भीतर बादर एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी उद्योत आदिका जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है; इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

३८१. मनुष्यत्रिकमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय और असातावेदनीयदण्डकका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय

१. ता०आ०प्रत्योः मणुस०३ चदुजा० इति पाठः। २. ता०आ०प्रत्योः तस४ सुभग इति पाठः। ३. ता० प्रतौ ज० ज० अज० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चोॅ० । बादरजहण्णं खेॅत्तभंगो । अज० सत्तचोॅ० । सेसाणं ज० अज० खेॅत्तभंगो ।

३८२. देवेसु पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-अप्पसत्थ४-उप०-पंचंत० ज० अट्ठ०, अज० अट्ठ-णव० । सादासाद०-तिरिक्ख०-एइंदिय०-ओरा०-तेजा०-क०-हुंड०-पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-अगु०३-उज्जो०-थावर-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-अणादेॅ०-जस०-अजस०-णिमि०-णीचा० ज० अज० अट्ठ-णव० । इत्थि०-पुरिस०-दोआउ०-मणुस०-पंचिं०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदाव०-दोविहा०-तस०-सुभग-दोसर०-आदेॅ०-तित्थ०-उच्चा० ज० अज० अट्ठ० । एवं सव्वदेवाणं अप्पप्पणो फोसणं णेदव्वं ।

तिर्यञ्चोंके समान है । उद्योतके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । बादरके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है ।

विशेषार्थ—यहाँ प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध जो जीव करते हैं, उनका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है । तथा उक्त मनुष्योंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा सर्वलोक प्रमाण होनेसे उक्त प्रकृतियोंके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका उक्त प्रमाण स्पर्शन कहा है । जो ऊपर बादर एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके उद्योतके जघन्य और अजघन्य अनुभागका बन्ध सम्भव है, इसलिए इसके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है । बादरके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

३८२. देवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, उद्योत, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण और नीचगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । स्त्रीवेद, पुरुषवेद, दो आयु, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, पाँच संस्थान, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इसी प्रकार सब देवोंके अपना-अपना स्पर्शन जानना चाहिये ।

विशेषार्थ—एकेन्द्रियोंमें समुद्घात करते समय पाँच ज्ञानावरणादिका जघन्य अनुभाग

---

१. आ० प्रतौ अप्पसत्थ० उप० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३८३. एइंदिएसु पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक०-तिरिक्ख०-ओरा०-अंगो[1]०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-आदा०-णीचा०-पंचंत० ज० लो० संखें०, अज० सव्वलो०। दोवेदणीय०-तिरिक्खाउ०-मणुस०-पंचजा०-ओरा०-तेजा०-क०-छस्संठा०-छस्संघ०-पसत्थ०४-मणुसाणु०-अगु०३-दोविहा०-तस०थावरादि-दसयुग०-[णिमि०-] उच्चा० ज० अज० सव्वलो०। मणुसाउ० तिरिक्खोघं। उज्जो० ज० सत्तचोद्दस०, अज० सव्वलो०।

३८४. बादरपज्जत्तापज्जत्त० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्ख०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-णीचा०-पंचंत० ज० लो० संखें०, अज० सव्वलो०। सादासाद०-एइंदि०-ओरा०-तेजा०-क०-हुंड०-पसत्थ०४-अगु०३-

---

बन्ध, और स्त्रीवेद आदिका दोनों प्रकारका बन्ध नहीं होता, इसलिए इनकी अपेक्षा कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है। तथा एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय भी पाँच ज्ञानावरणादिका अजघन्य अनुभागबन्ध और सातावेदनीय आदिका दोनों प्रकारका अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनकी अपेक्षा कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

३८३. एकेन्द्रियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, तिर्यञ्चगति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, आतप, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वेदनीय, तिर्यञ्चायु, मनुष्यगति, पाँच जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, छह संस्थान, छह संहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, दो विहायोगति, त्रस-स्थावर आदि दस युगल, निर्माण और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। उद्योतके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—एकेन्द्रियोंमें पाँच ज्ञानावरणादिका जघन्य अनुभागबन्ध बादर एकेन्द्रिय जीव सर्वविशुद्ध परिणामोंसे करते हैं, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके संख्यातवें भागप्रमाण कहा है। एकेन्द्रिय जीव सब लोकमें पाये जाते हैं, इसलिए इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोक प्रमाण स्पर्शन कहा है। दो वेदनीय आदिका जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध सबके होता है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक प्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

३८४. बादर पर्याप्त और अपर्याप्त एकेन्द्रियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके संख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्ड-

---

१. आ० प्रतौ तिरिक्ख० ओरालि० ओरा०अंगो० इति पाठः। २. ता०आ०प्रत्योः उज्जो० जस० ज० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थावर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त-पत्ते०-साधार०--थिराथिर-सुभासुभ--दूभग-अणादें-अजस०-णिमि० ज० अज० सव्वलो० । इत्थि०--पुरिस०--तिरिक्खाउ०--चदुजा०--पंचसंठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-आदाव०--दोविहा०-तस-सुभग-दोसर०-आदें० ज० अज० लो० संखें० । मणुसाउ०-मणुस०३ ज० अज० लो० असं० । [उज्जो०-बादर-जस० ज० अज० सत्तचो० ।] सव्वसुहुमाणं सव्वपगदीणं ज० अज० सव्वलो० । मणुसाउ० ज० अज० लो असं० सव्वलो० ।

३८५. पंचिं०२ पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-छण्णोक०--तिरिक्ख०-अप्पसत्थ०४--तिरिक्खाणु०--उप०--णीचा०--पंचंत० [ज०] खेत्त०, अज० अट्ठ० सव्वलो० । सादासाद०--एइंदि०-हुंड०-थावर०--थिराथिर--सुभासुभ--दूभग--अणादें०-

संस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति और निर्माणके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, तिर्यञ्चायु, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेयके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके संख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायु और मनुष्यगतित्रिकके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत, बादर और यशःकीर्तिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सब सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायुके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—इन जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके संख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन सब लोकप्रमाण है। इसलिए इस स्पर्शन और स्वामित्वको ध्यानमें रखकर यहाँ सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कहा गया है। विशेषताका स्पष्टीकरण अनेक बार कर आये हैं। इन जीवोंके उच्चगोत्रका बन्ध मनुष्यगति आदिके साथ ही सम्भव है, और मनुष्यायु आदिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन हर अवस्थामें लोकके असंख्यातवें भागसे अधिक नहीं प्राप्त होता, इसलिए वह उक्त प्रमाण कहा है। उद्योत आदिका बन्ध या तो स्वस्थानमें होता है या ऊपर सात राजूके भीतर एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय होता है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। सूक्ष्म जीव सर्वत्र होते हैं, इसलिए इनमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोकप्रमाण कहा है। मनुष्यायुका बन्ध करनेवाले सूक्ष्म जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है और अतीत स्पर्शन सब लोकप्रमाण है, इसलिए वह उक्त प्रमाण कहा है।

३८५. पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, छह नोकषाय, तिर्यञ्चगति, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, स्थावर,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अजस० ज० अज० अट्ठ[1]० सव्वलो० । इत्थि०-पंचिंदि०-पंचसंठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-दोविहा०-तस०-सुभग-दोसर०-आदें० ज० अज० अट्ठ-बारह० । पुरिस० ज० खेत्तं०, अज० अट्ठ-बारह० । णवुंस० ज० अट्ठ-बारह०, अज० अट्ठ० सव्वलो० । दोआउ०-तिण्णिजादि-आहारदु० ज० अज० खेत्तं० । दोआउ०-तित्थ० ज० खेत्तं०, अज० अट्ठ० । णिरय०-णिरयाणु० ज० अज० छ० । मणुसग०-मणुसाणु०-आदाव०-[उज्जो०] ज० अज० अट्ठ० । देवग०-देवाणु० ज० पंचचों०, अज० छचों० । ओरा०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-पज्ज०-पत्ते०-णिमि० ज० अट्ठ-तेरह०, अज० अट्ठ० सव्वलो० । [वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० ओघं ।] उज्जो०-बादर०-जस० ज० अज० अट्ठ-तेरह० । सुहुम-अपज्ज०-साधार० जं० अज० लो० असंखें० सव्वलो० । एवं तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-चक्खु०-सण्णि त्ति ।

स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय और अयशःकीर्तिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पञ्चेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेयके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पुरुषवेदके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, तीन जाति और आहारकद्विकके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। दो आयु और तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवगति और देवगत्यानुपूर्वीके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गका भङ्ग ओघके समान है। उद्योत, बादर और यशःकीर्तिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार त्रसद्विक, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, चक्षुदर्शनी और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिए।

१. ता० प्रतौ ज० अट्ठ इति पाठः । २. ता० प्रतौ अपज्ज० सादा० ज० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३८६. पुढवि०--आउ० पंचणा०--णवदंस०--मिच्छ०--सोलसक०--णवणोक०--ओरा०अंगो०-अप्पसत्थ०४--उप०-आदाव०-पंचंत० ज० लो० असं०, अज० सव्वलो०।

विशेषार्थ—जो पाँच ज्ञानावरणादिका जघन्य अनुभागबन्ध करते हैं, उनका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागसे अधिक नहीं प्राप्त होता, इसलिए यह क्षेत्रके समान कहा है। तथा इनका स्वस्थान विहारादिके समय और एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय अजघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण कहा है। आगे जहाँ भी कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण स्पर्शन कहा है, वह इस प्रकार घटित कर लेना चाहिए। स्त्रीवेद आदिका स्वस्थान विहारादिके समय तथा नीचे छह व ऊपर छह इस प्रकार मारणान्तिक समुद्घात द्वारा कुछ कम बारह राजूका स्पर्शन करते समय जघन्य व अजघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य व अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है। पुरुषवेदका जघन्य अनुभागबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है, इसलिए इसके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। इसके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंके स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूका खुलासा पहले कर आये हैं, उसी प्रकार यहाँ भी व आगे भी जानना चाहिए। तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु व तीर्थङ्कर प्रकृतिका अजघन्य अनुभागबन्ध स्वस्थान विहारादिके समय सम्भव है, इसलिए इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। यद्यपि तीर्थङ्कर प्रकृतिका अजघन्य अनुभागबन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय भी होता है, पर इस कारण स्पर्शनमें अन्तर नहीं पड़ता। मनुष्यगति आदिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम आठ बटे चौदह राजू प्रमाण स्पर्शन इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए। नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय भी नरकगतिद्विकका जघन्य व अजघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य व अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजू प्रमाण कहा है। जो सहस्रार कल्पतक देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी देवगतिद्विकका जघन्य अनुभागबन्ध होता है और इनमें व इनसे ऊपरके देवोंमें भी मारणान्तिक समुद्घात करनेवालोंके इनका अजघन्य अनुभागबन्ध होता है, अतः इनके जघन्य व अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्रमसे कुछ कम पाँच बटे चौदह राजू और कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। विहारादिके समय तथा नीचे छह राजू और ऊपर सात राजू कुल कुछ कम तेरह राजूके भीतर मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले जीवोंके औदारिकशरीर आदिका जघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिये इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ व कुछ कम तेरह बटे राजूप्रमाण कहा है। इसी प्रकार उद्योत आदिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका उक्त प्रमाण स्पर्शन घटित कर लेना चाहिए। स्वस्थानमें व एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय भी सूक्ष्म आदिका दोनों प्रकारका अनुभागबन्ध सम्भव है, अतः इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण कहा है। शेष जो स्पर्शन स्पष्ट नहीं किया है, उसे पूर्वापर देखकर व स्वामित्व देखकर समझ लेना चाहिए। यहाँ अन्य जितनी मार्गणाएँ गिनाई हैं, उनमें यह स्पर्शन अविकल घटित हो जाता है, इसलिए उनमें पञ्चेन्द्रियद्विकके समान कहा है।

३८६. पृथिवीकायिक और जलकायिक जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, आतप और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सादासाद०-तिरिक्खाउ०-दोगदि०-पंचजा०-छस्संठा०-छस्संघ०--दोआणु०--दोविहा०-तसथावरादिदसयुग०-दोगो० ज० अज० सव्वलो० । मणुसाउ० तिरिक्खोघं । ओरा०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-णिमि० ज० लो० असं० सव्वलो०, अज० सव्वलो० । उज्जो० ज० सत्तचों०, अज० सव्वलो० ।

३८७. बादरपुढ०-आउ० पंचणा०-णवदंस०--मिच्छ०--सोलसक०--सत्तणोक०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० ज० खेत्तं०, अज० सव्वलो० । सादासाद०--तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-थावर०-सुहुम०-पज्ज०-अपज्ज०-पत्ते०-साधार०-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग--अणादें०--अजस०--णीचा० ज० अज० सव्वलो० । इत्थि०-पुरिस०-

किया है और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चायु, दो गति, पाँच जाति, छह संस्थान, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति, त्रस-स्थावर आदि दस युगल और दो गोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक और निर्माणके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योतके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—उक्त बादर जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है और ये जीव एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय पाँच ज्ञानावरणादिका जघन्य अनुभागबन्ध करते नहीं, अतः इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण कहा है। सातावेदनीय आदिका सब पृथिवी और जलकायिक जीव जघन्य अनुभागबन्ध करते हैं, अतः इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोकप्रमाण स्पर्शन कहा है। औदारिकशरीर आदिका अजघन्य अनुभागबन्ध करते हुए भी एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय भी सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग-प्रमाण और सब लोकप्रमाण कहा है। जो ऊपर सात राजूके भीतर मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके उद्योतका जघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है; अतः इसके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। पृथिवीकायिक और जलकायिक जीव सब लोकमें पाये जाते हैं, अतः इनमें पाँच ज्ञानावरणादि सब प्रकृतियोंके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोकप्रमाण कहा है। मनुष्यायुका भङ्ग स्पष्ट ही है।

३८७. बादर पृथिवीकायिक और बादर जलकायिक जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद,

१. ता० प्रतौ असं सव्वलो० उज्जो० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोआउ०-मणुसग०-चदुजा०-पंचसंठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदा०-दोविहा०-तस०-सुभग-दोसर०-आदें०-उच्चा० ज० अज० लो० असं । ओरा०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-णिमि० ज० लो० असं० सव्वलो०, अज० सव्वलो० । उज्जो०-बादर-जस० ज० अजं० सत्तचों० ।

३८८. बादरपुढ०-[आउ०] अपज्ज० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० ज० खेत्तं०, अज० सव्वलो० । दोवेद०-तिरिक्ख०-एइंदि०-ओरा०-तेजा०-क०-हुंड०-पसत्थ०४-[तिरिक्खाणु०] अगु०३-

---

दो आयु, मनुष्यगति, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक और निर्माणके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत, बादर और यशःकीर्तिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—बादर पृथिवीकायिक और बादर जलकायिक जीव एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय पाँच ज्ञानावरणादिका जघन्य अनुभागबन्ध नहीं करते, मात्र अजघन्य अनुभागबन्धके होनेमें कोई बाधा नहीं है। अतः इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्रमसे लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण कहा है। सातावेदनीय आदिका जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय भी होता है। अतः इनके दोनों प्रकारके अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोकप्रमाण कहा है। स्त्रीवेद आदि प्रायः त्रस सम्बन्धी प्रकृतियाँ हैं। दो आयुका मारणान्तिक समुद्घातके समय बन्ध नहीं होता और बादर पृथिवीकायिक जीवोंमें उत्पन्न होनेवाले जीवोंके ही मारणान्तिक समुद्घातके समय आतपका बन्ध होता है। इसलिए इन स्त्रीवेद आदि प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। औदारिकशरीर आदिका स्वस्थानमें और मारणान्तिक समुद्घातके समय दोनों अवस्थाओंमें जघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है। अतः इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण स्पर्शन कहा है। इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोकप्रमाण है, यह स्पष्ट ही है। उद्योत आदिका स्वस्थान आदिमें और ऊपर सात राजुके भीतर मारणान्तिक समुद्घात करनेकी अवस्थामें भी दोनों प्रकारका अनुभागबन्ध सम्भव है। अतः इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजुप्रमाण कहा है।

३८८. बादर पृथिवीकायिक अपर्याप्त और बादर जलकायिक अपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानु-

---

१. ता० प्रतौ जस० अज० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थावरादि०४–पज्ज०–पत्ते०–थिराथिर–सुभासुभ–दूभग०–अणादें०–अजस०–णिमि०–णीचा० ज० अज० सव्वलो०। इत्थि०–पुरिस०–दोआउ०–मणुस०–चदुजा०–पंचसंठा०–ओरालि०अंगो०–छस्संघ०–मणुसाणु०–आदा०–दोविहा०–तस०–सुभग–दोसर०–आदें०–उच्चा० ज० अज० लो० असं०। उज्जो०–बादर०–जस० मणुस०अपज्ज०भंगो। एवं तेउ०–वाऊणं पि। णवरि वाऊणं बादरेएइंदियभंगो कादव्वो।

३८६. वणप्फदि–णियोद० पंचणा०–णवदंस०–मिच्छ०–सोलसक०–णवणोक०–अप्पसत्थ०४–उप०–पंचंत० ज० खेत्तं०, अज० सव्वलो०। मणुसाउ० तिरिक्खोघं। सेसाणं ज० अज० सव्वलो०। बादरणियोद–पज्जत्तापज्जत्त–बादरपत्ते०अपज्जत्ताणं च बादरपुढविअपज्जत्तभंगो। बादरपत्तेय० बादरपुढविभंगो।

३६०. कायजोगि०–कोधादि०४–अचक्खु०–भवसि०–आहारए त्ति ओघभंगो।

पूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, स्थावर आदि चार, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति, निर्माण और नीचगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, दो आयु, मनुष्यगति, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत, बादर और यशःकीर्तिका भङ्ग मनुष्य अपर्याप्तकोंके समान है। इसी प्रकार अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके भी कहना चाहिए। इतनी विशेषता है कि वायुकायिक जीवोंके बादर एकेन्द्रियोंके समान स्पर्शन करना चाहिए।

विशेषार्थ—बादर पृथिवीकायिक पर्याप्त और बादर जलकायिक पर्याप्त जीवोंके जिस प्रकार स्पष्टीकरण कर आये हैं, उसी प्रकार यहाँ भी कर लेना चाहिए। जो विशेषता कही है, उसे समझ लेना चाहिए।

३८६. वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादर निगोद पर्याप्त, बादर निगोद अपर्याप्त और बादर प्रत्येकशरीर अपर्याप्त जीवोंका भङ्ग बादर पृथिवीकायिक अपर्याप्त जीवोंके समान है, तथा बादर प्रत्येकशरीर जीवोंका भङ्ग बादर पृथिवीकायिक जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंमें बादर जीव पाँच ज्ञानावरणादिका जघन्य अनुभागबन्ध करते हुए भी सब एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय नहीं करते। अतः इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। शेष कथन सुगम है।

३६०. काययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंमें

---

१. ता० प्रतौ मणुस० पंचसंठा० इति पाठः। २. ता० प्रतौ णवरि वाऊणं पि णवरि (?) बादर, आ० प्रतौ णवरि वाऊणं पि बादर इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओरालियका० तिरिक्खोघं। ओरालियमि० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक०-[ओरा०अंगो०-] अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० ज० खेत्त०, अज० सव्वलो०। एवं आदा०। दोवेद--तिरिक्खाउ०--मणुस०-पंचजा०--छस्संठा०--छस्संघ०-मणुसाणु०-दोविहा०-तसथावरादिदसयुग०-उच्चा० ज० अज० सव्वलो०। मणुसाउ०--तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-णीचा० तिरिक्खोघं। ओरा०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-णिमि० ज० लो० असं० सव्वलो०, अज० सव्वलो०। देवगदिपंच० खेत्तभंगो।

३६१. वेउव्वियका० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-छण्णोक०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० ज० अट्ठ०, अज० अट्ठ-तेरह०। दोवेद०-ओरा०--तेजा०-क०-हुंड०-पसत्थ०४-अगु०--पर०--उस्सा०--उज्जो०--थिराथिर--सुभासुभ--दूभग-अणादें०-

---

ओघके समान भंग है। औदारिककाययोगी जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार आतप प्रकृतिका भङ्ग जानना चाहिए। दो वेद, तिर्यञ्चायु, मनुष्यगति, पाँच जाति, छह संस्थान, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, दो विहायोगति, त्रस-स्थावर आदि दस युगल और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायु, तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्रका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक और निर्माणके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवगतिपञ्चकका भङ्ग क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—स्वामित्वको देखते हुए प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके व आतप प्रकृतिके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण प्राप्त होता है, अतः क्षेत्रके समान कहा है। तथा औदारिकमिश्रकाययोगी जीव सब लोकमें पाये जाते हैं, अतः इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोकप्रमाण कहा है। दो वेद आदिका कोई भी मिथ्यादृष्टि जीव जघन्य अनुभागबन्ध करते हैं, अतः इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोकप्रमाण कहा है। औदारिकशरीर आदिका जघन्य अनुभागबन्ध संज्ञी पञ्चेन्द्रियोंके स्वस्थान आदि और मारणान्तिक समुद्घातके समय होता है, अतः इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण कहा है। इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोकप्रमाण है, यह स्पष्ट ही है। देवगतिपञ्चकका बन्ध सम्यग्दृष्टि करते हैं, अतः इनके दोनों प्रकारके अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण प्राप्त होनेसे वह क्षेत्रके समान कहा है। शेष कथन सुगम है।

३६१. वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, छह नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभाग के बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वेदनीय, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, परघात, उच्छ्वास, उद्योत, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जस०-अजस०-णिमि० ज० अज० अट्ठ-तेरह० । इत्थि०-पंचिं०-पंचसंठा०-ओरा०-अंगो०-छस्संघ०-दोविहा०-तस०४-सुभग-दोसर०-आदें० जं० अज० अट्ठ-बारह० । पुरिस० ज० अट्ठ०, अज० अट्ठ-बारह० । णवुंस० ज० अट्ठ-बारह०, अज० अट्ठ-तेरह० । दोआउ०-मणुस०-मणुसाणु०-आदा०-तित्थ०-उच्चा० ज० अज० अट्ठ० । तिरिक्ख०२-णीचा० ज० खेत्तं०, अज० अट्ठ-तेरह० । एइंदि०-थावर० ज० अज० अट्ठ-णवं० । वेउव्वि० [मिस्स०-] आहार०-आहारमि० खेत्तभंगो ।

अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति और निर्माणके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । स्त्रीवेद, पञ्चेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, दो स्वर और आदेयके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । पुरुषवेदके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । दो आयु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तिर्यञ्चगतिद्विक और नीचगोत्रके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । एकेन्द्रियजाति और स्थावरके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें क्षेत्रके समान भङ्ग है ।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरणादिका जघन्य अनुभागबन्ध सम्यग्दृष्टि देव और नारकी करते हैं । इसमें भी स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारका सम्यक्त्वके अभिमुख मिथ्यादृष्टि करते हैं । इनका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण होनेसे पाँच ज्ञानावरणादिके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवों का स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है । तथा तिर्यञ्चों, मनुष्यों और एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले नारकियों और देवोंके भी इनका अजघन्य अनुभागबन्ध होता है; स्वस्थान आदिके समय तो होता ही है, इसलिए इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ व कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है । आगे जिन प्रकृतियोंके जघन्य, अजघन्य या दोनों प्रकारके अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है, उसे इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए । जिनका कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है, वहाँ नीचे छह और ऊपर छह इस प्रकार कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन लेना चाहिए । जिनका कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है, वहाँ एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात कराके वह स्पर्शन लाना चाहिए । तात्पर्य यह है कि इन विशेषताओंको ध्यानमें रखकर और

१. ता० आ० प्रत्योः तस० सुभग० इति पाठः । २. आ० प्रतौ दोसर० ज० इति पाठः । ३. आ० प्रतौ ज० अट्ठणव० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३९२. कम्मइ० पंचणा०-छदंस०-बारसक०-सत्तणोक०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० ज० छ०, अज० सव्वलो० । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबं०४-इत्थि०-णवुंस०-पंचिं०-ओरा०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-उज्जो०-तस०४-णिमि० ज० एक्कारह०, अज० सव्वलो० । साददंडओ ओघो । तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु०-णीचा० ओघं । देवगदिपंचगं खेत्तभंगो । सेसं ओरालिय०भंगो । आदा० ज० खेत्त०, अज० सव्वलो० ।

३९३. इत्थिवेदेसु पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० ज० खेत्त०, अज० सव्वलो० । एवं छण्णोक० । सादासाद०-तिरि०-एइंदि०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-थावर०-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-अणादें०-अजस०-णीचा० ज० अज० अट्ठ० सव्वलो० । इत्थि०-मणुस०-पंचसंठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०

स्वामित्वका विचारकर स्पर्शन का स्पष्टीकरण कर लेना चाहिए। शेष कथन स्पष्ट ही है।

३९२. कार्मणकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, सात नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, उद्योत, त्रसचतुष्क और निर्माणके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय दण्डकका भङ्ग ओघके समान है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका भङ्ग ओघके समान है। देवगतिपञ्चकका भङ्ग क्षेत्रके समान है। शेष भङ्ग औदारिककाययोगी जीवोंके समान है। आतपके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—कार्मणकाययोगका सर्व लोकप्रमाण स्पर्शन है। यहाँ जिन प्रकृतियोंके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोकप्रमाण स्पर्शन कहा है,वह इसी दृष्टिसे कहा है। पाँच ज्ञानावरणादिका जघन्य अनुभागबन्ध सम्यग्दृष्टि जीव करते हैं, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। कार्मणकाययोगमें नीचे छह और ऊपर पाँच राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन करनेवाले जीवोंके स्त्यानगृद्धि तीन आदिका जघन्य अनुभागबन्ध होता है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है। शेष प्रकृतियोंका स्पर्शन निर्दिष्ट स्थानोंको देखकर घटित कर लेना चाहिए।

३९३. स्त्रीवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार छह नोकषायोंका भङ्ग है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, मनुष्यगति, पाँच संस्थान,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आदाव-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदें०-उच्चा० ज० अज० अट्ठ० । पुरिस०-दोआउ० ज० खेत्त०, अज० अट्ठ० । णवुंस० ज० अट्ठ०, अज० अट्ठ० सव्वलो० । णिरय-देवाउ०-तिण्णिजा०-आहारदुग-तित्थ० खेत्तभंगो । णिरय०--णिरयाणु० ज० अज० छच्चों० । देवग०-देवाणु० ज० पंचचो०, अज० छच्चों० । पंचिं०-तस० ज० छच्चों०, अज० अट्ठ०-बारह० । ओरा० ज० अट्ठ-णव०, अज० अट्ठ० सव्वलो० । तेजा०-[क०-] पसत्थ०४-अगु०३-पज्ज०-पत्ते०-णिमि० ज० अट्ठ-तेरह०, अज० अट्ठ० सव्वलो० । वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० ज० छ०, अज० बारह० । उज्जो०-जस० ज० अज० अट्ठ-णव० । अप्पसत्थ०-दुस्सर० ज० अट्ठ०, अजं० अट्ठ-बारह० । बादर० ज० अज०

औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पुरुषवेद और दो आयुके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकायु, देवायु, तीन जाति, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग क्षेत्रके समान है। नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवगति और देवगत्यानुपूर्वीके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पञ्चेन्द्रियजाति और त्रसके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। औदारिकशरीरके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत और अयशःकीर्तिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादरके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह

१. ता० ब० अज० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अट्ठ-तेरह० । सुहुम०-अपज्ज०-साधार० ज० अज० लो० असं० सव्वलो० ।

राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके व छह नोकषायोंके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग है, अतः यह क्षेत्रके समान कहा है, तथा इनका अजघन्य अनुभागबन्ध एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय भी होता है। अतः इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोकप्रमाण कहा है। स्त्रीवेदी जीवोंका स्वस्थानविहार आदिकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा स्पर्शन सब लोकप्रमाण है। इन दोनों अवस्थाओंमें सातावेदनीय आदिका दोनों प्रकारका अनुभागबन्ध सम्भव है, अतः यह स्पर्शन उक्तप्रमाण कहा है। स्त्रीवेद आदिका जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध एकेन्द्रियों और नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय नहीं हो सकता, मात्र आतप इसका अपवाद है। वह भी मारणान्तिक समुद्घातके समय यदि हो, तो बादर पृथिवीकायिकोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय ही सम्भव है। इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। पुरुषवेदका जघन्य अनुभागबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है। तथा तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका जघन्य अनुभागबन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय नहीं होता व तिर्यञ्च और मनुष्य करते हैं, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। इनके अजघन्य अनुभागबन्धका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण है, यह स्पष्ट ही है। नारकियों और एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय नपुंसकवेदका जघन्य अनुभागबन्ध नहीं होता, इसलिए इसके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। तथा स्वस्थान विहारादिके समय व नपुंसकोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय भी इसका बन्ध होता है, इसलिए इसके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू व सब लोकप्रमाण कहा है। नरकायु आदिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है, यह स्पष्ट ही है। जो नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी नरकगतिद्विकका दोनों प्रकारका अनुभागबन्ध होता है। अतः इनके दोनों प्रकारके अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। देवोंमें सहस्रार कल्पतक मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले जीवोंके देवगतिद्विकका जघन्य अनुभागबन्ध और सब देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले जीवोंके इनका अजघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका क्रमसे कुछ कम पाँच और कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है। तिर्यञ्चों और मनुष्योंके देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय भी पञ्चेन्द्रियजाति और त्रसका जघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। तथा स्वस्थानविहार आदिके समय व नीचे और ऊपर कुछ कम छह-छह राजूप्रमाण क्षेत्रके भीतर यथायोग्य मारणान्तिक समुद्घात करते समय भी इनका अजघन्य अनुभागबन्ध होता है, इसलिये इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ व कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। औदारिकशरीरका जघन्य अनुभागबन्ध देव करते हैं, इसलिए इसके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ व कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। इसी प्रकार उद्योत व यशःकीर्तिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका यह स्पर्शन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३९४. पुरिसेसु पढमदंडओ विदियदंडओ इत्थिभंगो। इत्थि०-मणुस०-पंचसंठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदा०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदें०-उच्चा० ज० अज० अट्ठचोद्दं०। पुरिस०-दोआउ०-तित्थ० ज० खेत्तं०, अज० अट्ठ०। णवुंस० ज० अट्ठ०, अजह० अट्ठचोद्दस० सव्वलो०। दोआउ०-तिण्णिजा०-आहारदुगं ज० अज० खेत्तं०। वेउव्वियछ० ओघं। पंचिं०-अप्पसत्थ०-तस-दुस्सर० ज०

घटित कर लेना चाहिए। औदारिकशरीरके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण है, यह स्पष्ट ही है। तैजसशरीर आदिका जघन्य अनुभागबन्ध स्वस्थान-विहारादिके समय तो होता ही है, पर नीचे छह राजू और ऊपर सात राजू, कुल कुछ कम तेरह राजुके भीतर मारणान्तिक समुद्घातके समय भी होता है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ व कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। जो नीचे नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उन तिर्यञ्च और मनुष्योंके भी वैक्रियिकद्विकका जघन्य अनुभागबन्ध होता है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है और इनका अजघन्य अनुभागबन्ध देवों व नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय भी सम्भव है, इसलिए इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरका जघन्य अनुभागबन्ध नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय नहीं होता, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। तथा इनका अजघन्य अनुभागबन्ध स्वस्थान विहारादिके समय तो होता ही है, पर नीचे व ऊपर कुछ कम बारह राजूके भीतर मारणान्तिक समुद्घातके समय भी होता है, इसलिए इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ व कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण भी कहा है। बादर प्रकृतिका जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध स्वस्थान विहारादिके समय भी होता है और नीचे छ व ऊपर सात राजूके भीतर मारणान्तिक समुद्घात करते समय भी होता है। इसलिए इसके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ व कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। तिर्यञ्च और मनुष्य स्वस्थानमें व एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय सूक्ष्म आदिका दोनों प्रकारका अनुभागबन्ध करते हैं, इसलिए इनके दोनों प्रकारके अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण कहा है।

३९४. पुरुषोंमें प्रथम दण्डक और दूसरे दण्डकका भङ्ग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है। स्त्रीवेद, मनुष्यगति, पाँच संस्थान, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पुरुषवेद, दो आयु और तीर्थङ्करके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, तीन जाति और आहारकद्विकके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। वैक्रियिकशरीर आदि छहका भङ्ग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रियजाति, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस और दुःस्वरके जघन्य और अजघन्य अनुभागके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अज० अट्ठ-बा० । तेजा०-[क०-] पसत्थ०४-अगु०३-पज्ज०-पत्ते०-णिमि० ज० अट्ठतेरह०, अज० अट्ठ चोद्दह० सव्वलो० । ओरा० ज० अट्ठ--णवचों०, अज० अट्ठ० सव्वलो० । उज्जो०-जस० ज० अज० अट्ठ-णव० । बादर० ज० अज० अट्ठ-तेरह० । सुहुम०-अपज्ज०-साधार० ज० अज० लो० असं सव्वलो० ।

३९५. णवुंसगे पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्ख०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-आदा०-णीचा०-पंचंत० ज० खेत्तं०, अज० सव्वलो० । सादादिदंडओ ओघं । इत्थि०-णवुंस०-पंचिं०--ओरा०--तेजा०--क०--ओरा०अंगो०-

---

बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। औदारिकशरीरके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत और यशःकीर्तिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादरके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—पुरुषवेदी जीवोंमें स्पर्शन प्रायः स्त्रीवेदी जीवोंके समान है। जहाँ थोड़ा-बहुत अन्तर है भी उसे स्वामित्वको देखकर घटित कर लेना चाहिए। उदाहरणार्थ–स्त्रीवेदी जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध केवल मनुष्यिनियाँ ही करती हैं, इसलिए वहाँ इसकी अपेक्षा जघन्य और अजघन्य दोनों प्रकारका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। किन्तु पुरुषोंमें देव भी इसका बन्ध करते हैं, इसलिए यहाँ इसके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहकर भी अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। इसी प्रकार स्त्रीवेदी जीवोंसे यहाँ पञ्चेन्द्रियजाति और त्रस प्रकृतिके स्पर्शनमें भी अन्तर घटित कर लेना चाहिए।

३९५. नपुंसकोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, आतप, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय आदि दण्डकका भङ्ग ओघके समान है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, उद्योत, त्रसचतुष्क और निर्माण

---

१. ता० आ० प्रत्योः आदा० उप० णीचा०इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पसत्थ०४–अगु०३–उज्जो०-तस४–णिमि० ज० छ०, अज० सव्वलो० । दोआउ०-वेउव्वियछ०-आहारदुग-तित्थ० इत्थिभंगो । मणुसाउ० तिरिक्खोघं ।

३९६. अवगद०-मणपज्जव०-संज०-सामाइ०-छेदो०-परिहा०-सुहुम० ज० अज० खेत्त० । मदि-सुद० ओघं । विभंगे पंचिंदियभंगो ।

३९७. आभिणि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-छदंस०-बारसक०-सत्तणोक०-अप्पसत्थ०४–उप०-तित्थ०-पंचंत० ज० खेत्त०, अज० अट्ठचों० । दोवेदणी०-मणुसाउ०-मणुसगदिपंचग०-पंचिं०-तेजा०-क०-समचदु०-पसत्थ०४–अगु०३–पसत्थ०-तस०४–

के जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, वैक्रियिक छह, आहारकशरीरद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है।

विशेषार्थ—यहाँ आतपके सिवा पाँच ज्ञानावरणादिके जघन्य अनुभागबन्धका स्वामित्व ओघके समान है और आतपके जघन्य अनुभागबन्धका स्वामित्व सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। यतः ओघसे पाँच ज्ञानावरणादि और सामान्य तिर्यञ्चोंके आतपके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान बतला आये हैं, अतः यहाँ भी यह क्षेत्रके समान कहा है। तथा नपुंसक सब लोकमें पाये जाते हैं, अतः इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोकप्रमाण कहा है। सातावेदनीय आदि दण्डकका भङ्ग ओघके समान, नरकायु, देवायु और वैक्रियिक छह आदिका भङ्ग क्षेत्रके समान और मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है, यह स्पष्ट ही है। अब रहा स्त्रीवेददण्डक सो स्पर्शनकी दृष्टिसे संज्ञी पञ्चेन्द्रिय नपुंसकोंमें नारकियोंकी मुख्यता है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। तथा इसके अजघन्य अनुभागका बन्ध एकेन्द्रियादि जीवोंके सम्भव है, अतः इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोकप्रमाण कहा है।

३९६. अपगतवेदी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें ओघके समान है। तथा विभङ्गज्ञानियोंमें पञ्चेन्द्रियोंके समान है।

विशेषार्थ—अपगतवेदी आदि जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है, इसलिए इन मार्गणाओंमें अपनी-अपनी प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें स्वामित्व सम्बन्धी विशेषताके होने पर भी स्पर्शन ओघके समान बन जाता है, इसलिए वह ओघके समान कहा है। तथा चारों गतिके पञ्चेन्द्रिय जीव विभङ्गज्ञानी हो सकते हैं, इसलिए विभङ्गज्ञानी जीवोंमें स्पर्शन पञ्चेन्द्रियोंके समान बन जानेसे वह पञ्चेन्द्रियोंके समान कहा है।

३९७. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, सात नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो वेदनीय, मनुष्यायु, मनुष्यगतिपञ्चक, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थिराथिर-सुभासुभ-सुभग--सुस्सर-आदें०-जस०-अजस०-णिमि०-उच्चा० ज० अज० अट्ठ० । देवाउ०--आहारदुगं ज० अज० खेत्तं० । देवगदि०४ ज० खेत्तं०, अज० छच्चों० । एवं ओधिदंस०-सम्मादि०--खइग०--वेदग०--उवसम०-सम्मामि० । णवरि खइग०-उवसम० किंचि० विसेसो णादव्वो ।

३९८. संजदासंज० सादासाद०-अरदि-सोग-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० ज० अज० छच्चों० । सेसाणं ज० खेत्तं०, अज० छच्चों० । देवाउ०-तित्थ० ज० अज० खेत्तं० । असंजदेसु ओघं ।

प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति अयशःकीर्ति, निर्माण और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवों ने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायु और आहारकद्विकके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवों का स्पर्शन क्षेत्रके समान है। देवगतिचतुष्कके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवों का स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवों ने कुछ कम छह बटे चौदह राजू प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवों के जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि क्षायिकसम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवों में कुछ विशेषता जाननी चाहिए।

विशेषार्थ—प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध ओघके समान है और ओघसे इन प्रकृतियों के जघन्य अनुभागके बन्धक जीवों का स्पर्शन क्षेत्रके समान घटित करके बतला आये हैं, अतः यह क्षेत्रके समान कहा है। तथा आभिनिबोधिकज्ञानी आदिका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण है, इसलिए इनके अजघन्य व दूसरे दण्डकमें कही गई सब प्रकृतियों के जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवों का स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। देवायुका जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध तिर्यञ्च और मनुष्य तथा आहारकद्विकका दोनों प्रकारका अनुभागबन्ध अप्रमत्तसंयत जीव करते हैं। यतः इन जीवों का स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है, अतः इन प्रकृतियों के दोनों प्रकारके अनुभागके बन्धक जीवों का स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। देवगतिचतुष्कका जघन्य अनुभागबन्ध मिथ्यात्वके अभिमुख तिर्यञ्च और मनुष्य करते हैं, अतः इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवों का स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। तथा इन जीवों के मारणान्तिक समुद्घातके समय भी इनका बन्ध होता है, अतः इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवों का स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

३९८. संयतासंयत जीवोंमें सातावेदनीय, असातावेदनीय, अरति, शोक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवों ने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियों के जघन्य अनुभागके बन्धक जीवों का स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवों ने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायु और तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवों का स्पर्शन क्षेत्रके समान है। असंयतों में ओघके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—संयतासंयतों में सातावेदनीय आदिका जघन्य अनुभागबन्ध मारणान्तिक समु-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३९९. किण्णाए पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्ख-गदितिग-अप्पसत्थ०४-उप०-आदा०-पंचंत० ज० खेत्तं०, अज० सव्वलो०। सादादि-दंडओ ओघो। इत्थि०-णवुंस०-पंचिंदि०-ओरा०-तेजा०-क०-ओरा०अंगो०-पसत्थ०४-अगु०३-उज्जो०-तस०४-णिमि० ज० छ०, अज० सव्वलो०। दोआउ०-देवगदि-दुग०-तित्थ० ज० अज० खेत्तं०। मणुसाउ० णवुंसगभंगो। णिरयगदिदुग-वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० ज० अज० छच्चों०। एवं णील-काऊणं। णवरि अप्पप्पणो रज्जू भाणिदव्वा। तिरिक्ख०३ एइंदियभंगो।

द्घातके समय भी सम्भव है। इनका तथा देवायु और तीर्थङ्कर प्रकृतिके सिवा शेष प्रकृतियोंका अजघन्य अनुभागबन्ध तो मारणान्तिक समुद्घातके समय सम्भव है ही। इसलिए यह सब स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है तथा सातावेदनीयदण्डकके सिवा शेष प्रकृतियोंका जघन्य और देवायु व तीर्थङ्कर प्रकृतिका जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय सम्भव नहीं है, इसलिए इस अपेक्षासे यह स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। मात्र तीर्थङ्कर प्रकृतिका अजघन्य अनुभागबन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय भी होता है, पर उससे स्पर्शनमें कोई विशेषता नहीं आती। शेष कथन सुगम है।

३९९. कृष्णलेश्यामें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगतित्रिक, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, आतप और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय आदि दण्डकका भङ्ग ओघके समान है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, उद्योत, त्रसचतुष्क और निर्माणके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, देवगतिद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग नपुंसकोंके समान है। नरकगतिद्विक, वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार नील और कापोत लेश्यामें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी राजू कहनी चाहिए। तथा तिर्यञ्चगतित्रिकका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है।

विशेषार्थ—प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके स्वामियोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण होनेसे यहाँ इन प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। तथा कृष्ण लेश्याका स्पर्शन सब लोक होनेसे यहाँ इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक कहा है। आगे भी सब लोकप्रमाण स्पर्शनका इसी प्रकार स्पष्टीकरण करना चाहिए। सातावेदनीय दण्डकके स्पर्शनका स्पष्टीकरण ओघके समान कर लेना चाहिए। नीचे छह राजू प्रमाण यथायोग्य स्पर्शन करनेवाले जीवोंके भी स्त्रीवेदका जघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, अतः इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। नरकायु, देवायु और देवगतिद्विकका जघन्य अनुभागबन्ध तिर्यञ्च और मनुष्य तथा तीर्थङ्कर प्रकृतिका जघन्य अनुभागबन्ध मनुष्य करते हैं, अतः इन प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। नपुंसकोंमें मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४००. तेऊए पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-छण्णोक०-अप्पसत्थ०४-उप०- पंचंत० ज० खेत्त०, अज० अट्ठ-णव० । सादासाद०-तिरि०-एइंदि०-ओरा०-तेजा०-[क०-] हुंड०--पसत्थव०४-तिरिक्खाणु०-अगु० ३-उज्जो०--थावर०--बादर-पज्जत्त०-पत्ते०-थिरादितिण्णियु०-दूभग--अणादें०-णिमि०--णीचा० ज० अज० अट्ठ-णव० । इत्थि०-दोआउ०-मणुस०-पंचिं०-पंचसंठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदा०-दोविहा०-तस-सुभग-दोसर०--आदें०--तित्थ०-उच्चा० ज० अज० अट्ठचों० । पुरिस० ज० खेत्त०, अज० अट्ठ० । णवुंसगे सोधम्मभंगो । देवाउ०-आहारदुगं खेत्त० । देवगदि०४ ज० अज० दिवड्ढचोद्द० । एवं पम्माए वि । णवरि सव्वाणं रज्जू० अट्ठचों० । देवगदि०४ पंचचों० ।

तिर्यञ्चोंके समान कहा है । वह स्पर्शन यहाँ भी प्राप्त होता है, इसलिए मनुष्यायुका भङ्ग नपुंसकोंके समान कहा है । जो तिर्यञ्च और मनुष्य नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी नरकगतिद्विक और वैक्रियिकद्विकका जघन्य अनुभागबन्ध सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है । नील और कापोत लेश्यामें तिर्यञ्चगतित्रिकका स्वामी बदल जानेसे स्पर्शन बदल जाता है । शेष सब स्पर्शन कृष्णलेश्याके ही समान है । मात्र नील लेश्या पाँचवें नरक तक और कापोत लेश्या तीसरे नरक तक होती है, इसलिए जहाँ कुछ कम छह राजू स्पर्शन कहा है, वहाँ कुछ कम चार और कुछ कम दो राजू स्पर्शन कहना चाहिए ।

४००. पीतलेश्यामें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, छह नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ और कुछ कम नौ राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, उद्योत, स्थावर, बादर पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर आदि तीन युगल, दुर्भग, अनादेय, निर्माण और नीचगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । स्त्रीवेद, दो आयु, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । पुरुषवेदके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । नपुंसकवेदका भङ्ग सौधर्मकल्पके समान है । देवायु और आहारकद्विकका भङ्ग क्षेत्रके समान है । देवगतिचतुष्कके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इसी प्रकार पद्मलेश्यामें भी जानना चाहिए । किन्तु इतनी विशेषता है कि यहाँ सबके कुछ कम आठ बटे चौदह राजू कहने चाहिए । तथा देवगतिचतुष्कके कुछ कम पाँच बटे चौदह राजू कहने चाहिए ।

विशेषार्थ—यहाँ जिन प्रकृतियोंका एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय जघन्य,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४०१. सुक्काए खविगाणं ज० खेत्तं०, अज० छ०। सादद्दंडओ इत्थि०-णवुंस०-मणुसाउ०-मणुस०-पंचिंदियादि याव णीचुच्चा० देवगदि०४-तित्थ० ज० अज० छच्चोद्दस०। देवाउ०-आहारदुगं खेत्तं०।

४०२. अब्भवसि० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक०-पंचिं०-ओरा०अंगो०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० ज० अट्ठ-बारह०, अज० सव्वलो०।

अजघन्य या दोनों अनुभागबन्ध सम्भव है, उनके बन्धक जीवोंका कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजू प्रमाण स्पर्शन कहा है। जिनका जघन्य या अजघन्य अनुभाग-बन्ध एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय नहीं होता और स्वस्थान-विहारादिके समय सम्भव है, उनके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू प्रमाण कहा है। प्रथम दण्डक की प्रकृतियों, पुरुषवेद, देवायु और आहारकद्विकके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका तथा देवायु और आहारकद्विकके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है, यह स्पष्ट ही है। देवोंमें नपुंसकवेदका जघन्य अनुभागबन्ध तत्प्रायोग्य विशुद्ध अन्यतर देव करता है। यही स्वामित्व यहाँ पीतलेश्यामें भी कहा है, इसलिए यहाँ नपुंसकवेदका भङ्ग सौधर्मकल्पके समान कहा है। तिर्यञ्च और मनुष्य ऊपर डेढ़ राजूके भीतर मारणान्तिक समुद्घात करते समय भी देवगतिचतुष्कका जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध करते हैं, इसलिए इनके दोनों प्रकारके अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। पद्मलेश्यामें देवगतिचतुष्कका यह स्पर्शन कुछ कम पाँच राजू है, क्योंकि पद्मलेश्याके साथ तिर्यञ्च और मनुष्योंका स्पर्शन बारहवें कल्प तक देखा जाता है। शेष सब कथन पीतलेश्याके समान है। मात्र पद्मलेश्यामें कुछ कम नौ बटे चौदह राजू नहीं कहने चाहिए, क्योंकि इस लेश्यावाले एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात नहीं करते।

४०१ शुक्ललेश्यामें क्षपक प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीयदण्डक, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, मनुष्यायु, मनुष्यगति व पञ्चेन्द्रिय जातिसे लेकर नीच व उच्चगोत्र तक तथा देवगतिचतुष्क और तीर्थङ्करके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम छहबटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायु और आहारकद्विकका भङ्ग क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—यहाँ क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है, यह स्पष्ट ही है। तथा यहाँ शुक्ल-लेश्याका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण होनेसे इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन उक्तप्रमाण कहा है। यहाँ पञ्चेन्द्रियजातिसे नीचगोत्रके मध्यकी प्रकृतियाँ, अर्थात् क्षपकप्रकृतियाँ, आहारकद्विक, देवगतिचतुष्क व तीर्थङ्कर प्रकृतिके सिवा नामकर्मकी शुक्ललेश्यामें बँधनेवाली सब प्रकृतियाँ ली गई हैं। इनका यथा सम्भव जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध देवोंमें व देवों और मनुष्योंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय होता है। अतः इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। इसी प्रकार देवगतिचतुष्क और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी अपेक्षा भी स्पर्शन जान लेना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

४०२. अभव्योंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजू-प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओरा०-तेजा०-क०-पसत्थ०४-अगु०३-उज्जो०-बादर-पज्ज०-पत्ते०-णिमि० ज० अट्ठ-तेरह०, अज० सव्वलो० । सेसाणं मदि०भंगो ।

४०३. सासणे सव्वविसुद्धाणं ज० अट्ठ०, अज० अट्ठ-बारह० । दोआउ०-मणुसगदिदुगं ज० अज० अट्ठचों० । देवाउ० खेत्तं० । देवगदि०४ ज० अज० पंचचों० । तिरिक्खगदितिगं ज० खेत्तं०, अज० अट्ठ-बारह० । सेसाणं ज० अज० अट्ठ-बारह० । मिच्छादिट्ठि० मदि०भंगो ।

स्पर्शन किया है । औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, उद्योत, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष प्रकृतियोंका भंग मत्यज्ञानी जीवोंके समान है ।

विशेषार्थ—अभव्योंमें चारों गतिके संज्ञी जीव पाँच ज्ञानावरणादिका जघन्य अनुभागबन्ध करते हैं । यह बन्ध नीचे छह व ऊपर छह राजूके भीतर यथायोग्य मारणान्तिक समुद्घातके समय भी सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है । औदारिकशरीर आदिका नीचे छह और ऊपर सात राजूके भीतर यथायोग्य मारणान्तिक समुद्घातके समय भी जघन्य अनुभाग-बन्ध सम्भव है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है । शेष कथन सुगम है ।

४०३. सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें सर्व विशुद्ध प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । दो आयु और मनुष्यगतिद्विकके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । देवायुका भंग क्षेत्रके समान है । देव-गतिचतुष्कके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजू-प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तिर्यञ्चगतित्रिकके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्र के समान है । अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनु-भागके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । मिथ्यादृष्टि जीवोंमें मत्यज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है ।

विशेषार्थ—सर्व विशुद्ध परिणामोंसे जघन्य बँधनेवाली प्रकृतियाँ ज्ञानावरणादि हैं । यहाँ चारों गतिके संज्ञी जीव इनका जघन्य अनुभागबन्ध करते हैं । मारणान्तिक समुद्घातके बिना इनका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है । इनके अजघन्य तथा जिन प्रकृतियोंका यहाँ नामोच्चारके साथ स्पर्शन नहीं कहा गया है, उनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवों का स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण है, यह स्पष्ट ही है; क्योंकि उनका यह दोनों प्रकारका अनुभागबन्ध नीचे पाँच और ऊपर सात इस प्रकार कुल बारह राजूके भीतर मारणान्तिक समुद्घात करनेवालोंके भी होता है । आयुकर्मका बन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय नहीं होता और मनुष्यगतिद्विकका बन्ध मारणान्तिक समुद्घातमें होकर भी मनुष्योंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवालोंके ही सम्भव है,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४०४. असण्णीसु पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक०-पंचिं०-तेजा०-[क०-] ओरा०अंगो०-पसत्थापसत्थ०४-अगु०४-आदाव-तस४-णिमि०-पंचंत० ज० खेत्त०, अज० सव्वलो०। दोआउ०-वेउव्वियछक्कं ज० अज० खेत्त०। साददंडओ ओघो। मणुसाउ० किण्णभंगो। तिरिक्खगदितिग-ओरा०-उज्जो० तिरिक्खोघं। अणाहार० कम्मइगभंगो।

एवं फोसणं समत्तं।

२१. कालपरूवणा

४०५. कालं दुविधं—जह० उक्क०। उक्क० पगदं। दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे०

अतः स्वस्थान विहारादिककी अपेक्षा इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन प्रधान होनेसे यह कुछ कम आठ बटे चौदह राजुप्रमाण कहा है। देवोंमें सहस्रारकल्प तक मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले सासादन जीवोंके भी देवगतिचतुष्कका जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध होता है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम पाँच बटे चौदह राजुप्रमाण कहा है। देवायुका जघन्य अनुभागबन्ध तिर्यञ्च और मनुष्य करते हैं, इसलिए इसके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। तिर्यञ्चगतित्रिकका जघन्य अनुभागबन्ध सातवें नरकके नारकी करते हैं। अतः इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। तथा इनका अजघन्य अनुभागबन्ध नीचे पाँच व ऊपर सात कुल बारह राजूके भीतर मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले जीव भी करते हैं। इसलिए इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजुप्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट है।

४०४. असंज्ञियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, आतप, त्रसचतुष्क, निर्माण और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु और वैक्रियिक छहके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। सातावेदनीयदण्डकका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग कृष्णलेश्याके समान है। तिर्यञ्चगतित्रिक, औदारिकशरीर और उद्योतका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। अनाहारक जीवोंका भङ्ग कार्मणकाययोगी जीवोंके समान है।

विशेषार्थ—यहाँ प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंका जघन्य अनुभागबन्ध पञ्चेन्द्रिय असंज्ञी करते हैं, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। एकेन्द्रिय सब लोकमें पाये जाते हैं, इसलिए इनके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका सब लोकप्रमाण स्पर्शन कहा है। शेष कथन सुगम है।

इस प्रकार स्पर्शन समाप्त हुआ।

२१. कालप्ररूपणा

४०५. काल दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक०-तिण्णिगं०-चदुजा०-ओरा०-पंचसंठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-अप्पसत्थ०४-तिण्णिआणु०-उप०-आदा०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-थावर४-अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० उक्कस्सअणुभागबंधगा केवचिरं कालादो होंति ? जहण्णेण एगसमयं । उक्कस्सेण आवलियाए असंखेज्जदिभागो । अणुक्क० अणुभाग० सव्वद्धा । सादा०-तिरिक्खाउ०-देवगदि०-पंचिं०-चदुसरीर-समचदु०-दोअंगो०-पसत्थ०४-देवाणु०-अगु०३-पसत्थवि०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि०-तित्थ०-उच्चा० उ० ज० एग०, उ० संखेज्जस० । अणुक्क० सव्वद्धा[1] । णिरयाउ० उ० ज० ए०, उ० आवलि० असंखें० । अणु० ज० ए०, उ० पलि० असं० । दोआउ० उ० ज० ए०, उ० संखेज्जस० । अणु० ज० ए०, उ० पलिदो० असंखें० । एवं ओघभंगो पंचिंदिय-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि-ओरा०-इत्थि०-पुरिस०-णवुंस०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-चक्खु०-अचक्खु०-भवसि०-मिच्छा०-सण्णि०-आहारए त्ति । णवरि चदुण्णं आउगाणं अणुक्क० बंधगा असंखेज्ज[2]-रासीणं अप्पप्पणो पगदिकालो कादव्वो ।

है—ओघ और आदेश । ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, तीन गति, चार जाति, औदारिकशरीर, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तीन आनुपूर्वी, उपघात, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका कितना काल है ? जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । सातावेदनीय, तिर्यञ्चायु, देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, चार शरीर, समचतुरस्र संस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त-वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । नरकायुके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है । दो आयुओंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इस प्रकार ओघके समान पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, काययोगी, औदारिककाययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, भव्य, मिथ्यादृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि असंख्यात संख्यावाली राशियोंमें चार आयुओंके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका अपनी-अपनी प्रकृतियोंका जो बन्धकाल हो, वह कहना चाहिए ।

विशेषार्थ—यहाँ नाना जीवोंकी अपेक्षा प्रत्येक प्रकृतिका बन्ध-काल कितना है, इसका विचार

१. ता० प्रतौ पंचणा० असादा० मिच्छ० सोलसक० तिण्णिग० इति पाठः । २. ता० प्रतौ होंति होंति (?) जहण्णेण इति पाठः । ३. ता० प्रतौ सव्वद्धा (द्धा) इति पाठः । ४. ता० आ० प्रत्योः बंधगा लो० असंखेज्ज० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४०६. एइंदिएसु तिरिक्खाउ०-उज्जो० उ० ज० ए०, उ० आवलि० असंखें०। अणु० सव्वद्धा। मणुसाउ० ओघो। सेसाणं दोपदा सव्वद्धा। एवं बादरतिगाणं।

किया गया है। उसमें भी ओघसे प्रत्येक प्रकृतिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागका जघन्य और उत्कृष्ट बन्धकाल कितना है, इसका सर्वप्रथम निर्देश किया गया है। कुल बन्ध प्रकृतियाँ १२० हैं। उनमेंसे पाँच ज्ञानावरणादिके उत्कृष्ट अनुभागबन्धका एक जीवकी अपेक्षा जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल किसीका एक समय और किसीका दो समय बतलाया है। अब यदि नाना जीव निरन्तर इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करें तो कितने काल तक करेंगे, इसी प्रश्नका यहाँ उत्तर दिया गया है। जैसा कि बन्धस्वामित्वके देखनेसे विदित होता है कि इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीव संज्ञी पञ्चेन्द्रिय मिथ्यादृष्टि होते हैं और वे असंख्यात हैं, अतः यह भी सम्भव है कि नाना जीव एक समय तक इन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करें और यह भी सम्भव है कि लगातार एकके बाद दूसरा निरन्तर उनका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करते रहें। इस प्रकार निरन्तर यदि बन्ध करें भी तो वह सब काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाणसे अधिक नहीं हो सकता। यही कारण है कि यहाँ इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धकोंका काल सर्वदा है, यह स्पष्ट ही है; क्योंकि ऐसा कोई समय नहीं है जब इन प्रकृतियोंके बन्धक जीव न हों अर्थात् वे सर्वदा पाये जाते हैं। दूसरे दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीव संख्यात हैं, अतः उनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा कहा है। नरकायुके उत्कृष्ट अनुभागका जघन्य और उत्कृष्ट बन्धकाल तो ज्ञानावरणके समान ही है। इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धकके कालमें अन्तर है। बात यह है कि एक आयुका बन्धकाल अन्तर्मुहूर्त है। उसमें भी अनुत्कृष्ट अनुभागका बन्धकाल कमसे कम एक समय है। यह सम्भव है कि नाना जीव एक समय तक अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध करके दूसरे समयमें उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करने लगें और उस दूसरे समयमें एक भी जीव अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध न करे, इसलिए तो नरकायुके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय कहा है और निरन्तर अन्तर्मुहूर्त अन्तर्मुहूर्तके क्रमसे यदि नाना जीव नरकायुका बन्ध करते रहें, तो इस सब कालका योग पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण होगा। इसीलिए नरकायुके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। अब रहीं मनुष्यायु और देवायु सो इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीव संख्यात हैं और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीव असंख्यात हैं। इसलिए इनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। यहाँ अन्य जितनी मार्गणाएँ गिनाई हैं, उनमें यह प्ररूपणा बन जाती है, इसलिए उनके कथनको ओघके समान कहा है। मात्र असंख्यात संख्यावाली राशियोंमें चार आयुओंके अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धकोंके कालके ओघसे अन्तर है। अतः उसे प्रकृतिबन्धके समान जानने की सूचना की है। सो प्रकृतिबन्धके अनुसार उसे समझ लेना चाहिए।

४०६. एकेन्द्रियोंमें तिर्यञ्चायु और उद्योतके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धकोंका काल सर्वदा है। मनुष्यायुका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके दोनों पदोंके बन्धक

१. ता० प्रतौ सव्वद्धा० (द्धा) इति पाठः। ता० प्रतौऽग्रेऽप्येवमेव बहुलतया पाठो निबद्धः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सव्वसुहुमाणं दोआउ० एइंदियभंगो। सेसाणं दोपदा सव्वद्धा।

४०७. अवगद०-सुहुमसं० सव्वपग० उ० ज० ए०, उ० संखेज्ज० अणु० ज० ए०, उ० अंतो०[1]। सेसाणं णिरयगदीणं याव सण्णि त्ति एसिं परिमाणेण संखेज्ज० तेसिं उ० ज० ए०, उ० संखेज्जस०। एसिं परिमाणेण असंखेज्जा तेसिं० उक्क० ज० ए०, उ० आवलिगा० असंखे०। णवरि बादरपुढ०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेयअपज्जत्ता० आउगवज्जाणं सव्वासिं पगदीणं दोपदा सव्वद्धा त्ति। तिरिक्खाउ० उक्क० णिरयाउभंगो। अणुक्क० सव्वद्धा। मणुसाउ० ओघो। एसिं परिमाणे अणंता तेसिं सव्वद्धा। अणुक्क० अणुभागबंधो सव्वेसिं अप्पप्पणो पगदिकालो एदेण बीजेण याव अणाहारए त्ति णेदव्वं।

एवं उक्कस्सकालो समत्तो।

४०८. जह० पगदं। दुवि० ओघे०—आदे०। ओघे० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-आहारदुग०-अप्पसत्थ०४-उप०-तित्थ० पंचंत० ज० ज० ए०,

---

जीव सर्वदा हैं। इसी प्रकार बादर एकेन्द्रिय, बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त और बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिये। सब सूक्ष्म जीवोंमें दो आयुओंका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है। तथा शेष प्रकृतियोंके दो पदोंके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है।

विशेषार्थ—यहाँ एकेन्द्रियोंमें तिर्यञ्चायु और उद्योतके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीव असंख्यात होनेसे उनके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। इसी प्रकार सब काल घटित कर लेना चाहिए।

४०७. अपगतवेदी और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। नरकगतिसे लेकर संज्ञीमार्गणा तक शेष जितनी मार्गणाएँ हैं, उनमेंसे जिनका परिमाण संख्यात है उनमें उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। जिनका परिमाण असंख्यात है, उनमें उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि बादर पृथिवीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त, बादर वायुकायिक अपर्याप्त और बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर अपर्याप्त जीवोंमें सब प्रकृतियोंके दो पदोंके बन्धक जीव सर्वदा हैं। मात्र तिर्यञ्चायुके उत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका काल नरकायुके समान है और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। तथा मनुष्यायुका भङ्ग ओघके समान है। तथा जिनका परिमाण अनन्त है, उनमें सर्वदा काल है। सब प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धका काल अपने-अपने प्रकृतिबन्धके कालके समान है। इस प्रकार इस बीजके अनुसार अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिए।

इस प्रकार उत्कृष्ट काल समाप्त हुआ।

४०८. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, आहारकद्विक, अप्रशस्त

---

१. ता० प्रतौ अणु० उ० ज० ए० संखेज्ज० अणु० ज० ए० उ० [एतच्चिह्नान्तर्गतः पाठोऽधिकः प्रतीयते] अंतो०, आ० प्रतौ अणु० ज० ए०, उ० संखेज्ज०, अणु० ज० ए०, उ० अंतो० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उ० संखेज्ज०। अज० सव्वद्धा। सादासाद०-तिरिक्खाउ०-मणुस०-चदुजा०-छस्संठा०-छस्संघ०-मणुसाणु०-दोविहा०-थावरादि०४-थिरादिछयुग०-उच्चा० ज० अजह० सव्वद्धा। इत्थि०-णवुंस०-तिण्णिगदि-पंचिं०-चदुसरीर-दोअंगो०-पसत्थ०४-तिण्णिआणु०-अगु०३-आदाउज्जो०-तस०४-णिमि०-णीचा० ज० ज० ए०, उ० आवलि० असं०। अजह० सव्वद्धा। तिण्णिआउ० ज० ज० ए०, उ० आवलि० असं०। अजह० ज० ए०, उ० पलिदो० असंखें०। एवं ओघभंगो कायजोगि-ओरालि०-णवुंस०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खु०-भवसि०-मिच्छा०-आहारए त्ति।

४०६. णिरयादि याव अणाहारए त्ति एसिं संखेज्जजीविगा तेसिं ज० ज० ए०, उ० संखेज्ज०। अज० सव्वद्धा। एसिं असंखेज्जजीविगा तेसिं ज० ज० ए०, उ० आवलि० असंखें०। अज० सव्वद्धा। एसिं अणंतरासी० तेसिं ज० सव्वद्धा। सव्वाणं अजहण्णं० अणुभागबंधकाले अप्पप्पणो पगदिकालो कादव्वो। एदेण बीजेण णेदव्वं जहण्णुक्क० काले० पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेयाणं च किंचि

वर्णचतुष्क, उपघात, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चायु, मनुष्यगति, चार जाति, छह संस्थान, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, दो विहायोगति, स्थावर आदि चार, स्थिर आदि छह युगल और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तीन गति, पञ्चेन्द्रियजाति, चार शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, तीन आनुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, आतप, उद्योत, त्रसचतुष्क, निर्माण और नीचगोत्रके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। तीन आयुओंके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। उसी प्रकार ओघके समान काययोगी, औदारिककाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, भव्य मिथ्यादृष्टि और आहारक जीवोंके जानना चाहिए।

४०६. नरकगतिसे लेकर अनाहारक मार्गणा तक जिनके संख्यात संख्यावाले स्वामी हैं, उनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। जिनके असंख्यात जीव स्वामी हैं, उनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। जिनके अनन्त जीव स्वामी हैं, उनके जघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। तथा सब प्रकृतियोंके अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवोंका काल अपने-अपने प्रकृतिबन्धके कालके समान करना चाहिए। इस बीजपदके अनुसार जघन्य और उत्कृष्ट काल जान लेना चाहिए। किन्तु पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक और बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर जीवोंमें

---

१. ता० प्रतौ एसं (सिं) इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विसेसो साधेदव्वं। बादरअपज्जत्तएसु ज० अज० सव्वद्धा।

एवं कालो समत्तो।

२२ अंतरपरूवणा

४१०. अंतरं दुविधं—जह० उक्क०। उक्क० पगदं। दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० सादा०-जस०-उच्चा० उ० अणुभागबंधंतरं जे० ए०, उ० छम्मासं०। अणु० णत्थि अंतरं। सेसाणं सव्वेसिं उ० ज० ए०, उ० असंखेज्जा लोगा। अणुक्क० णत्थि अंतरं। णवरि तिण्णं आउगाणं अणुक्क० ज० ए०, उ० चदुवीसं मुहुत्तं।

४११. एइंदिएसु सव्वपगदीणं उ० अणु० णत्थि अंतरं। दोआउ०-उज्जो० ओघं। एवं बादरपज्जत्तापज्जत्त०। सव्वसुहुम—सव्ववणप्फदि—णियोद०-बादरपुढ०-

कुछ विशेष साध लेना चाहिए। बादर अपर्याप्तकोंमें जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धक जीवों का काल सर्वदा है।

इस प्रकार काल समाप्त हुआ।

२२ अंतरप्ररूपणा

४१०. अन्तर दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना है। अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धका अन्तर काल नहीं है। शेष सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धका अन्तरकाल नहीं है। इतनी विशेषता है कि तीन आयुओंके अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर चौबीस मुहूर्त है।

विशेषार्थ—सातावेदनीय आदिका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है। अतः इनके उत्कृष्ट अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना कहा है। यद्यपि देवगति आदि अन्य प्रकृतियोंका भी उत्कृष्ट अनुभागबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है, पर सातावेदनीय आदिके समान सब जीवोंके उनका उत्कृष्ट अनुभागबन्ध हो ही ऐसा कोई नियम नहीं है; इसलिए उनके उत्कृष्ट अनुभागबन्धका उत्कृष्ट अन्तर परिणामोंके अनुसार कहा है। अनुभागबन्धके योग्य कुल परिणाम असंख्यात लोकप्रमाण हैं। जिनमेंसे उत्कृष्ट अनुभागबन्धके योग्य परिणाम एक समय के अन्तरसे भी हो सकते हैं और क्रमसे सब परिणामोंका अन्तर देकर भी हो सकते हैं। इसलिए यहाँ शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। नरकायु, मनुष्यायु और देवायु इन तीन आयुओंका अनुत्कृष्ट अनुभागबन्ध अन्य प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धके समान निरन्तर नहीं होता। उस-उस गतिमें उत्पन्न होनेका जो अन्तर है, वही यहाँ इन आयुओंके अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धका अन्तर है। यही देखकर यहाँ इन प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर चौबीस मुहूर्त कहा है।

४११. एकेन्द्रियोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धका अन्तरकाल नहीं है। दो आयु और उद्योतका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार बादर, बादर पर्याप्त और बादर अप-

१. ता० प्रतौ अणुभागं तं ज० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरपत्ते०अपज्जत्तगाणं च दोआउ० ओघं । सेसाणं णत्थि अंतरं । पुढवियादिचदुण्णं तेसिं बादर०--बादरपत्तेय० दोआउ० ओघं । सेसाणं दोपदा ओघं आभिणि०भंगो । एवमेदेसिं बादरपज्जत्तगाणं च । णवरि तिरिक्खाउ० अणुक्क० पगदिअंतरं । एवं ओघभंगो णेरइग-तिरिक्ख-मणुस--देव--विगलिंदि०-पंचिं०-तस०२-पंचमण०--पंचवचि०-कायजोगि-ओरालि०-ओरालियमि०-वेउव्वि०-वेउ०मि०-आहार०-आहारमि०-कम्मइ०--इत्थि०-पुरिस०--णवुंस०-अवगद०--कोधादि०४-मदि०-सुद०-विभंग०-आभिणि०-सुद०--ओधि०-मणपज्ज०--संजद-सामाइ०छेदो०--परिहार०-सुहुमसं०-संजदासंजद०-असंज०-चक्खु[1]०--अचक्खु०--ओधिदं०--छल्लेस्सि०--भवसि०-अब्भवसि०-सम्मादि०--खइग०--वेदग०--उवसम०-सासण०--सम्मामि०-मिच्छा-सण्णि-असण्णि-आहार०-अणाहारए त्ति। णवरि सव्वाणं अणुक्क०अणुभागबंधंतरं अणुक्कस्स-ट्ठिदिबंधंतरं अणुक्कस्सट्ठिदिबंधभंगो। णवरि अवगद०-सुहुमसं०-[सादा०-]जस०-उच्चा० उ० अणु० अणुभाग० ज० ए०,उ० छम्मासं०। सेसाणं उ० ज० ए०,उ० वासपुधत्तं। अणु० ज० ए०, उ० छम्मासं० । उवसम० सादा०-जस०-उच्चा० उ० ज० ए०,उ० वासपुधत्तं[2] ।

एवमुक्कस्समंतरं समत्तं[3] ।

र्याप्त जीवोंके जानना चाहिए । सब सूक्ष्म, सब वनस्पतिकायिक, निगोद, बादर पृथिवीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त, बादर वायुकायिक अपर्याप्त और बादर प्रत्येक वनस्पतिकायिक अपर्याप्त जीवोंमें दो आयुओंका भङ्ग ओघके समान है। तथा शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धका अन्तरकाल नहीं है । पृथिवी आदि चार, उनके बादर और बादर प्रत्येकवनस्पतिकायिक जीवोंमें दो आयुओंका भङ्ग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंके दो पदोंका भङ्ग ओघसे कहे गये आभिनिबोधिकज्ञानावरणके समान है । इसी प्रकार इनके बादर पर्याप्तकोंके भी जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें तिर्यञ्चायुके अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धका अन्तरकाल प्रकृतिबन्धके अन्तरकालके समान है । इस प्रकार ओघके समान नारकी, तिर्यञ्च, मनुष्य, देव, विकलेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, काययोगी, औदारिककाययोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी, वैक्रियिककाययोगी, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, नपुंसकवेदी, अपगतवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले,मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी,विभङ्गज्ञानी, आभिनिबोधिकज्ञानी,श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत, सूक्ष्मसाम्परायसंयत, संयतासंयत, असंयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, छह लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, मिथ्यादृष्टि, संज्ञी, असंज्ञी, आहारक और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि सबके अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धके अन्तरका भङ्ग अनुत्कृष्ट स्थितिबन्धके अन्तरके समान है । इतनी और विशेषता है कि अपगतवेदी, और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना है । शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण है । तथा अनुत्कृष्ट अनुभागबन्धका

१. ता० प्रतौ संजदासंजद० चक्खु० इति पाठः । २. ता० प्रतौ उच्चा० उ० वासपुधत्तं इति पाठः । ता० प्रतौ एवं उक्कस्समंतरं समत्तं इति पाठो नास्ति ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४१२. जह० पगदं। दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पुरिस०-पंचंत० ज० ज० ए०, उ० छम्मासं०। अज० णत्थि अंतरं। पंचदंस०-मिच्छ०-बारसक०-अट्ठणोक०-तिण्णिआउ०-तिण्णिगदि-पंचिं०-पंचसरीर-तिण्णिअंगो०-पसत्थापसत्थ०४-तिण्णिआणु०-अगु०४-आदाउज्जोव-तस०४-णिमि०-तित्थ०-णीचा० ज० ज० ए०, उ० असंखेज्जा लोगा। अज० णत्थि अंतरं। णवरि तिण्णिआऊणं अज० अणु०भंगो। सादासाद०-तिरिक्खाउ०-मणुसग०-चदुजा०-छस्संठा०-छस्संघ०-मणुसाणु०-दोविहा०-थावरादि०४-थिरादिछयुग०-उच्चा० ज० अज० णत्थि अंतरं। एवं ओघभंगो कायजोगि-ओरालि०-णवुंस०-कोधादि०४-अचक्खु०-भवसि०-आहारए त्ति।

४१३. मणुस०३-पंचिं०-तस०४-पंचमण०-पंचवचि०-इत्थि०-पुरिस०-आभि०-

जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना है। उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके उत्कृष्ट अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व प्रमाण है।

इस प्रकार उत्कृष्ट अन्तर समाप्त हुआ।

४१२. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महीनाप्रमाण है। अजघन्य अनुभागबन्धका अन्तरकाल नहीं है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, आठ नोकषाय, तीन आयु, तीन गति, पञ्चेन्द्रियजाति, पाँच शरीर, तीन आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तीन आनुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, आतप, उद्योत, त्रसचतुष्क, निर्माण, तीर्थङ्कर और नीचगोत्रके जघन्य अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। अजघन्य अनुभागबन्धका अन्तरकाल नहीं है। इतनी विशेषता है कि तीन आयुओंके अजघन्य अनुभागबन्धका अन्तरकाल अनुत्कृष्टके समान है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, तिर्यञ्चायु, मनुष्यगति, चार जाति, छह संस्थान, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, दो विहायोगति, स्थावर आदि चार, स्थिर आदि छह युगल और उच्चगोत्रके जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्धका अन्तरकाल नहीं है। इस प्रकार ओघके समान काययोगी, औदारिककाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके कहना चाहिए।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरणादिका जघन्य अनुभागबन्ध क्षपकश्रेणिमें होता है। अतः जघन्य अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना कहा है। चार दर्शनावरण आदिके जघन्य अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय, जघन्य अनुभागबन्ध एक समयके अन्तरसे सम्भव है, इसलिए कहा है और परिणामोंकी दृष्टिसे उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। तीन आयुओंके अजघन्य अनुभागबन्धकी विशेषता अनुत्कृष्टके समान है। कारण कि नरकगति आदिमें उत्पत्तिका जो अन्तर है, वही इन आयुओंके अजघन्य अनुभागबन्धका अन्तर जानना चाहिए। तथा सातावेदनीय आदिका जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्ध किसी न किसीके निरन्तर होता रहता है, इसलिए इनके जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्धके अन्तर कालका निषेध किया है। शेष कथन सुगम है। आगे भी इसी प्रकार अन्तर घटित कर लेना चाहिए।

४१३. मनुष्यत्रिक, पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, स्त्रीवेदी,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुद०-ओधि०-मणपज्ज०-संजद--सामाइ०-छेदोव०-चक्खु०-ओधिदं०-सुक्कले०-सम्मादि०-खइय०-उवसम०-सण्णीसु पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पुरिसं०-पंचंत० ज० ज० ए०, उ० छम्मासं०। अज० णत्थि अंतरं। सेसाणं पगदीणं उक्कस्सभंगो। अवगद०-सुहुमसं० पंचणा०--चदुदंस०--चदुसंज०--पुरिसवेद--पंचंतं० ज० अज० ज० ए०, उ० छम्मासं०। [णवरि सुहुमसं० चदुसंज०-पुरिसवे० वज्ज०।] सादा०-जस०-उच्चा० ज० ज० ए०, उ० वासपुध०। अज० ज० ए०, उ० छम्मासं०।

४१४. एइंदिएसु मणुसाउ०-तिरिक्ख०३ ओघं। सेसाणं ज० अज० णत्थि अंतरं। बादरएइंदिय-पज्जत्तापज्जत्त-सव्वसुहुमाणं मणुसाउ० ओघं। सेसाणं ज० अज० णत्थि अंतरं। एवं पंचण्णं कायाणं अप्पज्जत्तगाणं वणप्फदि-णियोदाणं च। अवसेसाणं णिरय-तिरिक्खादीणं जासिं दोण्हं पदा सव्वद्धा तासिं णत्थि अंतरं। एसिं ण सव्वद्धा तेसिं उक्कस्सभंगो। एदेण बीजेण णेदव्वं याव अणाहारए त्ति। णवरि ओधिणा०-इत्थि०-णवुंस०-ओधिदं०-उवसम० वासपुधत्तं।

एवं अंतरं समत्तं[3]।

पुरुषवेदी, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, चक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि और संज्ञी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद और पाँच अन्तरायके जघन्य अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना है। अजघन्य अनुभागबन्धका अन्तरकाल नहीं है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। अपगतवेदी और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद और पाँच अन्तरायके जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना है। इतनी विशेषता है कि सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें चार संज्वलन और पुरुषवेदको छोड़कर कहना चाहिए। सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके जघन्य अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व प्रमाण है। अजघन्य अनुभागबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना है।

४१४. एकेन्द्रियोंमें मनुष्यायु और तिर्यञ्चगतित्रिकका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्धका अन्तरकाल नहीं है। बादर एकेन्द्रिय और उनके पर्याप्त व अपर्याप्त और सब सूक्ष्म जीवोंमें मनुष्यायुका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागबन्धका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार पाँच स्थावरकाय, उनके अपर्याप्त, वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंके जानना चाहिए। अवशेष नरक और तिर्यञ्चगति आदिमें जिनके दोनों पदोंका काल सर्वदा है, उनका अन्तर काल नहीं है और जिनका सर्वदा काल नहीं है, उनका उत्कृष्टके समान भङ्ग है। इस प्रकार इस बीजपदके अनुसार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अवधिज्ञानी, स्त्रीवेदी, नपुंसकवेदी, अवधिदर्शनी

---

१. आ० प्रतौ चदुदंस० पुरिस० इति पाठः। २. ता० प्रतौ चदुदंस० पुरिसवेद० चदुसवेद० [१] चदुसंज० पंचंत०, आ० प्रतौ चदुदंस० पुरिसवेद० चदुसवेद० चदुसंज० पंचंत० इति पाठः। ३. ता० प्रतौ एवं अंतरं समत्तं इति पाठो नास्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

२३ भावपरूवणा

४१५. भावं दुवि०—ज० उ०। उक्क० पगदं। दुवि०—ओघे०आदे०। ओघे० सव्वपगदीणं उक्कस्साणुक्कस्सअणुभागबंधए त्ति को भावो? ओदइगो भावो। एवं याव अणाहारए त्ति।

४१६. जह० दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० सव्वपगदीणं ज० अज० अणुभागबंधए त्ति को भावो? ओदइगो भावो। एवं याव अणाहारए त्ति।

एवं भावं समत्तं[1]।

२४ अप्पाबहुअपरूवणा

४१७. अप्पाबहुगं दुवि०—सत्थाणअप्पाबहुगं चेव परत्थाणंअप्पाबहुगं चेव[2]। सत्थाणअप्पाबहुगं दुविधं—जह० उक्क० च। उक्क० पगदं। दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० सव्वतिव्वाणुभागं केवलणाणावरणीयं। आभिणि० अणंतगुणहीणं। सुद० अणंतगु०। ओधि० अणंतगु०। मणपज्जव० अणंतगुणहीणं।

और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें वर्षपृथक्त्वप्रमाण अन्तर है।

इस प्रकार अन्तरकाल समाप्त हुआ।

२३ भावप्ररूपणा

४१५. भाव दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके बन्धक जीवोंका कौन भाव है? औदयिक भाव है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

४१६. जघन्य दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके बन्धकोंका कौन भाव है? औदयिक भाव है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—जीवके औपशमिक आदि अनेक भाव हैं। उनमें बन्धका प्रयोजक एकमात्र औदयिक भाव है; अन्य सब नहीं, यही इससे सिद्ध होता है।

इस प्रकार भाव समाप्त हुआ।

२४ अल्पबहुत्वप्ररूपणा

४१७. अल्पबहुत्व दो प्रकारका है—स्वस्थान अल्पबहुत्व और परस्थान अल्पबहुत्व। स्वस्थान अल्पबहुत्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे केवलज्ञानावरण सबसे तीव्र अनुभागवाला है। इससे आभिनिबोधिक ज्ञानावरणका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे श्रुतज्ञानावरणका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे अवधिज्ञानावरणका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे मनःपर्ययज्ञानावरणका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है।

---

१. ता० प्रतौ एवं भावं समत्तं इति पाठो नास्ति। २. ता० प्रतौ -बहुगे (गं) चेति परत्थाण- इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४१८. सव्वतिव्वाणुभागं केवलदंस० । चक्खु० अणंतगु० । अचक्खु०[1] अणंतगु० । ओधिदं० अणंतगुण० । थीणं० अणंतगु० । णिद्दाणिद्दा० अणंतगु० । पचला-पचला० अणंतगु० । णिद्दा० अणंतगु० । पचला० अणंतगु० ।

४१९. सव्वतिव्वाणुभागं साद० । असाद० अणंतगु० ।

४२०. सव्वतिव्वाणु० मिच्छ० । अणंताणुबंधिलो० अणंतगु० । माया० विसेसा० । कोधे विसे० । माणो विसे० । संजलणाए लोभो अणंतगु० । माया० विसे० । कोधे विसे० । माणो विसे० । एवं पच्चक्खाण०४—अपच्चक्खाण०४ । णवुंस० अणंतगु० । अरदि० अणंतगु० । सोग० अणंतगु० । भय० अणंतगु० । दुगुंच्छ० अणंतगु० । इत्थि० अणंतगु० । पुरिस० अणंतगु० । रदि० अणंतगु० । हस्स० अणंतगु० ।

४२१. सव्वतिव्वाणुभागं देवाउ० । णिरयाउ० अणंतगु० । मणुसाउ० अणंतगु० । तिरिक्खाउ० अणंतगु० ।

४२२. सव्वतिव्वाणुभागं देवगदि० । मणुस० अणंतगु० । णिरय० अणंतगु० ।

---

४१८. केवलदर्शनावरण सबसे तीव्र अनुभागवाला है । इससे चक्षुदर्शनावरणका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे अचक्षुदर्शनावरणका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे अवधिदर्शनावरणका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे स्त्यानगृद्धिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे निद्रानिद्राद्विका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे प्रचलाप्रचलाका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे निद्राका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे प्रचलाका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है ।

४१९. सातावेदनीय सबसे तीव्र अनुभागवाला है । इससे असातावेदनीयका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है ।

४२०. मिथ्यात्व सबसे तीव्र अनुभागवाला है । इससे अनन्तानुबन्धी लोभका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे अनन्तानुबन्धी मायाका अनुभाग विशेष हीन है । इससे अनन्तानुबन्धी क्रोधका अनुभाग विशेष हीन है । इससे अनन्तानुबन्धी मानका अनुभाग विशेष हीन है । इससे संज्वलन लोभका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे संज्वलन मायाका अनुभाग विशेष हीन है । इससे संज्वलन क्रोधका अनुभाग विशेष हीन है । इससे संज्वलन मानका अनुभाग विशेष हीन है । इसी प्रकार प्रत्याख्यानावरण चार और अप्रत्याख्यानावरण चारका अनुभाग सम्बन्धी अल्पबहुत्व कहना चाहिए । इससे नपुंसकवेदका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे अरतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे शोकका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे भयका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे जुगुप्साका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे स्त्रीवेदका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे पुरुषवेदका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे रतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे हास्यका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है ।

४२१. देवायु सबसे तीव्र अनुभागवाला है । इससे नरकायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे मनुष्यायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे तिर्यञ्चायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है ।

४२२. देवगति सबसे तीव्र अनुभागवाला है । इससे मनुष्यगतिका अनुभाग अनन्तगुणा

---

१. ता० आ० प्रत्योः अणंतगु० णीचा० अचक्खु० इति पाठः । २ ता० प्रतौ थि (थी) ण० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिरिक्ख० अणंतगु० । सव्वतिव्वाणुभागं पंचिंदिय० । एइंदि० अणंतगुणही० । बेइंदि० अणंतगु० । तेइंदि० अणंतगु० । चदुरिंदि० अणंतगु० । सव्वतिव्वाणुभागं कम्मइ० । तेजा० अणंतगु० । आहार० अणंतगु० । वेउव्वि० अणंतगु० । ओरालि० अणंतगु० । सव्वतिव्वाणुभागं समचदु० । हुंड० अणंतगु० । णग्गोद० अणंतगु० । सादि० अणंतगु० । खुज्ज० अणंतगु० । वामण० अणंतगु० । सव्वतिव्वाणुभागं आहार-अंगो० । वेउव्वि० अणंतगु० । ओरालि०अंगो० अणंतगु० । संघडणं संठाणभंगो । सव्वतिव्वाणुभागं पसत्थवण्ण०४ । अप्पसत्थ०४ अणंतगुणही० । यथा गदी[1] तथा आणुपु० । [सव्वतिव्वाणु० अगुरु० । उस्सास० अणंतगुणही० । परघाद० अणंत-गुणही० । उप० अणंतगुणही० ।] एत्तो सव्वयुगलाणं सव्वतिव्वाणि पसत्थाणि । अप्पसत्थाणि पडिपक्खाणि अणंतगुणही० ।

४२३. सव्वतिव्वाणुभागं विरियंत० । हेट्ठा दाणंतरा० अणंतगु० ।

४२४. णिरएसु यत्तियाओ[2] पगदीओ अत्थि तत्तियाओ मूलोघो । एवं सत्तसु

हीन है । इससे नरकगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे तिर्यञ्चगतिका अनुभाग अनन्त-गुणा हीन है । पञ्चेन्द्रियजातिका अनुभाग सबसे तीव्र है । इससे एकेन्द्रियजातिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे द्वीन्द्रियजातिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे त्रीन्द्रिय जातिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे चतुरिन्द्रियजातिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । कार्मणशरीर सबसे तीव्र अनुभागवाला है । इससे तैजसशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे आहारकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे वैक्रियिकशरीरका अनुभाग अनन्त-गुणा हीन है । इससे औदारिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । समचतुरस्रसंस्थान सबसे तीव्र अनुभागवाला है । इससे हुण्डकसंस्थानका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे न्यग्रोध-परिमण्डल संस्थानका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे स्वातिसंस्थानका अनुभाग अनन्त-गुणा हीन है । इससे कुब्जकसंस्थानका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे वामन-संस्थानका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । आहारकआङ्गोपाङ्ग सबसे तीव्र अनुभागवाला है । इससे वैक्रियिकशरीर आङ्गोपाङ्गका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे औदारिक आङ्गोपाङ्गका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । छह संहननोंका अल्पबहुत्व छह संस्थानोंके समान है । प्रशस्त वर्णचतुष्क सबसे तीव्र अनुभागवाला है । इससे अप्रशस्त वर्णचतुष्कका अनुभाग अनन्त-गुणा हीन है । चार आनुपूर्वियोंके अनुभागका अल्पबहुत्व चार गतियोंके समान है । अगुरुलघु सबसे तीव्र अनुभागवाला है । इससे उच्छ्वासका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे परघातका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे उपघातका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । यहाँ सब युगलोंमें प्रशस्त प्रकृतियोंका अनुभाग सबसे तीव्र है । इससे अप्रशस्त प्रतिपक्ष प्रकृतियोंका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है ।

४२३. वीर्यान्तराय सबसे तीव्र अनुभागवाला है । इससे पूर्व दानान्तरायतक क्रमसे प्रत्येकका अनुभाग अनन्तगुणा हीन, अनन्तगुणा हीन है ।

४२४. नारकियोंमें जितनी प्रकृतियाँ हैं, उनका अल्पबहुत्व मूलोघके समान है । इसी प्रकार

१. ता० प्रतौ० पगदि इति पाठः । २. ता० प्रतौ हेट्ठादु दंडाणं (दाणं) तरा, आ० प्रतौ हेट्ठा हुंडं दाणंतरा इति पाठः । ३. आ० प्रतौ एत्तियाओ इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुढवीसु । तिरिक्खेसु सव्वतिव्वाणुभागं णिरयाउ० । देवाउ० अणंतगु० । मणुसाउ० अणंतगु० । तिरिक्खाउ० अणंतगु० । सव्वतिव्वाणुभागं देवग० । णिरयग० अणंतगु० । तिरिक्खग० अणंतगु० । मणुसग० अणंतगु० । सेसं मूलोघं । एवं सव्वतिरिक्खाणं । पंचिं० तिरि०अपज्ज० णेरइगभंगो । एवं सव्वअपज्जत्तगाणं सव्वएइंदि० सव्वविगलिंदिय-सव्वपंचकायाणं च । मणुस०३ गदीओ तिरिक्खभंगो । सेसं मूलोघं । देवाणं मूलोघं । पंचिं०-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजो०-इत्थि०-पुरिस०-णवुंस०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-विभंग०-असंज०-चक्खु०-अचक्खु०-तिण्णिले०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छा०-सण्णि०-आहारए त्ति मूलोघं । णवरि मदि०-सुद०विभंग०-असंज०-किण्णले[4]०-अब्भवसि०-मिच्छा०-सण्णीसु[5] तिरिक्खभंगो । ओरालि० मणुसि०भंगो । ओरालियमि० तिरिक्खोघं । वेउव्वि०-वेउव्वि०मि० देवगदिभंगो । आहार०-आहारमि० सव्वट्ठ०भंगो । कम्मइ० ओरालियमिस्स०भंगो । एवं अणाहार० । अवगद० ओघं । एवंसुहुमसंप० । आभिणि०-सुद०-ओधि०-मणपज्ज०-संजद-सामाइ०-छेदो०-ओधिदं[6]०-सुक्कले०-सम्मादि०-खइग०-उव-सम[6]०

सातों पृथिवियोंमें जानना चाहिए । तिर्यञ्चोंमें नरकायु सबसे तीव्र अनुभागवाली है । इससे देवायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे मनुष्यायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे तिर्यञ्चायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । देवगति सबसे तीव्र अनुभागवाली है । इससे नरकगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे तिर्यञ्चगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे मनुष्यगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । शेष भङ्ग मूलोघके समान है । इसी प्रकार सब तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए । पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चअपर्याप्तकोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है । इसी प्रकार सब अपर्याप्त,सब एकेन्द्रिय,सब विकलेन्द्रिय और सब पाँच स्थावरकायिक जीवोंके जानना चाहिए । मनुष्यत्रिकमें चार गतियोंका भङ्ग तिर्यञ्चोंके समान है । शेष भङ्ग मूलोघके समान है । देवोंमें मूलोघके समान भङ्ग है । पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, काययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, विभङ्गज्ञानी, असंयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंमें मूलोघके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, विभङ्गज्ञानी, असंयत, कृष्णलेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि और संज्ञी जीवोंमें तिर्यञ्चोंके समान अल्पबहुत्व है । औदारिककाययोगी जीवोंमें मनुष्यिनियोंके समान भङ्ग है । औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है । वैक्रियिककाययोगी और वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें देवगतिके समान भङ्ग है । आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें सर्वार्थसिद्धिके समान भङ्ग है । कार्मणकाययोगी जीवोंमें औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है । इसी प्रकार अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए । अपगतवेदी जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है । इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंके जानना चाहिए । आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, अवधिदर्शनी, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें

१. आ० प्रतौ सव्वएइंदि० विगलिंदिय-पंचकायाणं च इति पाठः । २. आ० प्रतौ सेसं मूलोघं पंचिं० इति पाठः । ३. ता० आ० प्रत्योः तिण्णिले० इति पाठः । ४. ता० आ० प्रत्योः असण्णीसु इति पाठः । ५. ता० आ० प्रत्योः छेदो० परिहार० ओधिदं इति पाठः । ६. ता० आ० प्रत्योः खइग० वेदग० उवसम० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओघं । णवरि अप्पप्पणो पगदीओ णादव्वाओ ।

४२५. परिहार०-संजदासंज०-वेदग० सव्वट्ठभंगो । णील-काऊणं सव्वतिव्वाणुभागं देवग० । मणुसग० अणंतगु० । तिरिक्ख० अणंतगु० । णिरय० अणंतगु० । एवं आणु० । सेसाणं किण्ण०भंगो । तेउ० देवभंगो । एवं पम्माए वि । सासणे णिरयभंगो । सम्मामि० वेदग०भंगो । असण्णी० तिरिक्खभंगो ।

एवं उक्कस्ससत्थाणअप्पाबहुगं समत्तं ।

४२६. जह० पग० । दुवि०—ओघे० आदे० । ओघे सव्वमंदाणुभागं मणपज्ज० । ओधिणा० अणंतगुणब्भहियं[1] । सुद० अणंतगुणब्भ० । आभिणि० अणंत०ब्भहि० । केवल० अणंतगु० ।

४२७. सव्वमंदाणुभागं ओधिदं० । अचक्खु० अणंतगु० । चक्खु० अणंतगु० । केवलदं० अणंतगु० । पचला० अणंतगु० । णिद्दा० अणंतगु० । पचलापचला० अणंतगु० । णिद्दाणिद्दा० अणंतगु० । थीणगिद्धि० अणंतगु० ।

४२८. सव्वमंदाणुभागं असादा० । सादा० अणंतगुणब्भहि० ।

ओघके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी प्रकृतियाँ जाननी चाहिए ।

४२५. परिहारविशुद्धिसंयत, संयतासंयत और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें सर्वार्थसिद्धिके समान भङ्ग है । नील और कापोत लेश्यामें देवगतिका अनुभाग सबसे तीव्र है । इससे मनुष्यगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे तिर्यञ्चगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे नरकगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इसी प्रकार चार आनुपूर्वियोंका अल्पबहुत्व जानना चाहिए । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग कृष्णलेश्याके समान है । पीतलेश्यामें देवगतिके समान भङ्ग है । इसी प्रकार पद्मलेश्यामें भी जानना चाहिए । सासादनमें नारकियोंके समान भङ्ग है । सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंके समान भङ्ग है । असंज्ञी जीवोंमें तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्वस्थान अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

४२६. जघन्य अल्पबहुत्वका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मनःपर्ययज्ञानावरण सबसे मन्द अनुभागवाला है । इससे अवधिज्ञानावरणका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे श्रुतज्ञानावरणका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे आभिनिबोधिकज्ञानावरणका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे केवलज्ञानावरणका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है ।

४२७. अवधिदर्शनावरण सबसे मन्द अनुभागवाला है । इससे अचक्षुदर्शनावरणका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे चक्षुदर्शनावरणका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे केवलदर्शनावरणका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे प्रचलाका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे निद्राका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे प्रचलाप्रचलाका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे निद्रानिद्राका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे स्त्यानगृद्धिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है ।

४२८. असातावेदनीय सबसे मन्द अनुभागवाला है । इससे सातावेदनीयका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है ।

---

१. ता० आ० प्रत्योः अणंतगुणब्भदियं इति पाठः । २. आ० प्रतौ सुद० अणंतगुणब्भ० दुगुं अणंतगुणब्भ० आभिणि० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४२९. सव्वमंदाणुभागं लोभसंजल० । मायासंज० अणंतगु० । माणसंज० अणंतगु० । कोधसंज० अणंतगु० । पुरिस० अणंतगु० । हस्स० अणंतगु० । रदि० अणंतगु० । दुगुं० अणंतगु० । भय० अणंतगु० । सोग० अणंतगु० । अरदि० अणंतगु० । इत्थि० अणंतगु० । णवुंस० अणंतगु० । पच्चक्खाणमाण० अणंतगु० । कोधे विसे० । माया विसे० । लोभो विसे० । एवं अपच्चक्खाणचदुक्क-अणंताणु[1]०४ । मिच्छ० अणंतगु० ।

४३०. सव्वमंदाणुभागं तिरिक्खाउ० । मणुसाउ० अणंतगु० । णिरयाउ० अणंतगु० । देवाउ० अणंतगु० ।

४३१. सव्वमंदाणुभागं तिरिक्ख० । णिरय० अणंतगु० । मणुस० अणंतगु० । देव० अणंतगु० । सव्वमंदाणुभागं चदुरिं० । तीइंदि० अणंतगु० । बेइंदि० अणंतगु० । एइंदि० अणंतगु० । पंचिं० अणंतगु० । सव्वमंदाणुभागं ओरालि० । वेउव्वि० अणंतगु० । तेज० अणंतगुण० । कम्मइ० अणंतगु० । आहार० अणंतगु० । सव्वमंदाणुभागं

४२९. लोभ संज्वलन सबसे मन्द अनुभागवाला है। इससे मायासंज्वलनका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे मानसंज्वलनका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे क्रोधसंज्वलनका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे पुरुषवेदका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे हास्यका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे रतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे जुगुप्साका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे भयका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे शोकका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे अरतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे स्त्रीवेदका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे नपुंसकवेदका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे प्रत्याख्यानमानका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे प्रत्याख्यान क्रोधमें विशेष अधिक है। इससे प्रत्याख्यान मायाका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे प्रत्याख्यान लोभका अनुभाग विशेष अधिक है। इसी प्रकार अप्रत्याख्यानावरण चार और अनन्तानुबन्धी चारका कहना चाहिए। अनन्तानुबन्धी लोभके अनुभागसे मिथ्यात्वका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है।

४३०. तिर्यञ्चायुका अनुभाग सबसे मन्द है। इससे मनुष्यायुका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे नरकायुका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे देवायुका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है।

४३१. तिर्यञ्चगतिका अनुभाग सबसे मन्द है। इससे नरकगतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे मनुष्यगतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे देवगतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। चतुरिन्द्रियजातिका अनुभाग सबसे मन्द है। इससे त्रीन्द्रियजातिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे द्वीन्द्रियजातिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे एकेन्द्रियजातिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे पञ्चेन्द्रियजातिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। औदारिकशरीर सबसे मन्द अनुभागवाला है। इससे वैक्रियिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे तैजसशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे कार्मणशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे आहारकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। न्यग्रोध-

१. आ० प्रतौ अपच्चक्खाणचदुक्कं अणंतगु० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णग्गोद० । सादि० अणंतगु० । खुज्ज० अणंतगुणब्भ० । वामण० अणंतगु० । हुंड० अणंतगु० । समचदु० अणंतगु० । सव्वमंदाणुभागं ओरा०अंगो० । वेउव्वि०अंगो० अणंतगु० । आहार०अंगो० अणंतगु० । संघडणं संठाणभंगो । सव्वमंदाणुभागं अप्पसत्थ०४ । पसत्थवण्ण०४ अणंतगु० । यथा गदी तथा आणुपु० । सव्वमंदाणु० उप० । पर० [अणंतगु० ।] उस्सास० अणंतगु० । अगुरु० अणंतगु० । सव्वमंदाणु० अप्पसत्थवि० । पसत्थवि० अणंतगु० । तसादिदसयुगल० सादासादभंगो ।

४३२. सव्वमंदाणु० णीचा० । उच्चा० अणंतगु० । सव्वमंदाणु० दाणंतरा० । एवं परिवाडीए उवरिमाणं अणंतगुणब्भहियं५ ।

४३३. णिरएसु सव्वमंदाणु० पचला० । णिद्दा० अणंतगु० । ओधिदं अणंतगु० । अचक्खु० [अणंतगु०] । चक्खु० अणंतगु० । केवलदंस० [अणंतगु०] पचलापचला० अणंतगु० । णिद्दाणिद्दा अणंतगु० । थीणगि० अणंतगु० । सव्वमंदाणु० हस्स० । रदि० अणंतगु० । दुगुं० अणंतगु० । भय० अणंतगु० । पुरिस० अणंतगु० । संजलणकोध० अणंतगु० । माणो विसे० । माया० विसे० । लोभो विसे० । सोगो अणंतगु० । अरदि० अणंतगु० ।

परिमण्डल संस्थान सबसे मन्द अनुभागवाला है । इससे स्वातिसंस्थानका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे कुब्जक संस्थानका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे वामनसंस्थानका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे हुण्डक संस्थानका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे समचतुरस्रसंस्थानका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । औदारिक आङ्गोपाङ्ग सबसे मन्द अनुभागवाला है । इससे वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे आहारक आङ्गोपाङ्गका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । संहननोंका भङ्ग संस्थानोंके समान है । अप्रशस्त वर्णचतुष्क सबसे मन्द अनुभागवाला है । इससे प्रशस्त वर्णचतुष्कका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । चार गतियोंके समान चार आनुपूर्वी जाननी चाहिए । उपघात सबसे मन्द अनुभागवाला है । इससे परघातका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे उच्छ्वासका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे अगुरुलघुका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । अप्रशस्त विहायोगतिका अनुभाग सबसे मन्द है । इससे प्रशस्त विहायोगतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । त्रस आदि दस युगलोंका भङ्ग सातावेदनीय-असातावेदनीयके समान है ।

४३२. नीचगोत्र सबसे मन्द अनुभागवाला है । इससे उच्चगोत्रका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । दानान्तराय सबसे मन्द अनुभागवाला है । इस प्रकार क्रमसे आगेकी प्रकृतियोंका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है ।

४३३. नारकियोंमें प्रचला सबसे मन्द अनुभागवाला है । इससे निद्राका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे अवधिदर्शनावरणका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे अचक्षुदर्शनावरणका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे चक्षुदर्शनावरणका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे केवलदर्शनावरणका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे प्रचलाप्रचलाका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे निद्रानिद्राका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे स्त्यानगृद्धिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । हास्य सबसे मन्द अनुभागवाला है । इससे रतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे जुगुप्साका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे भयका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे पुरुषवेदका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे संज्वलनक्रोधका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे मानसंज्वलनका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे मायासंज्वलनका अनुभाग

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इत्थि० अणंतगु० । णवुंस० अणंतगु० । अपच्चक्खाण०४–पच्चक्खाण०४–अणंताणुबं०४ संजलणाए भंगो । मिच्छ० अणंतगु० । सव्वमंदाणु० तिरिक्खाउ० । मणुसाउ० अणंतगु० । सव्वमंदाणु० तिरिक्खग० । मणुसग० अणंतगु० । सेसाणं पगदीणं मूलोघं । एवं सत्तसु पुढवीसु० ।

४३४. सव्वतिरिक्खा णेरइयभंगो । णवरि मोहस्स पच्चक्खाण०४ पुव्वं कादव्वं । सव्वअपज्जत्तयाणं देवाणं सव्वएइंदिय-सव्वविगलिंदिय-पंचकायाणं च णेरइगभंगो । किंचि विसेसो साधेदव्वो ।

४३५. मणुस०३–पंचिं०-तस०२–पंचमण०-पंचवचि०–कायजोगि–ओरालि०-इत्थि०-पुरिस०-णवुंस० ओघं । अवगदे०-कोधादि०४–आभिणि०-सुद०-ओधि०-मणपज्ज०-संजद-सामाइय-छेदो०-सुहुमसं०-चक्खु०-अचक्खु०-ओधिदं०-सुक्कले०-भवसि०-सम्मादि०-खइग०-उवसम०-सण्णि-आहारए त्ति मूलोघं । ओरालियमि०–कम्मइ०-मदि०-सुद०-विभंग०-असंज०–तिण्णिले०–अब्भवसि०–मिच्छा०-अणाहारएसु दंसणावरणीयं मोहणीयं णेरइगभंगो । सेसाणं मूलोघं । वेउव्वि०-वेउव्वियमि० देवभंगो । आहार०-आहारमि०-परिहार०-संजदासंज०-सम्मामिच्छादि० सव्वट्ठभंगो । तेउले०-पम्मले०

विशेष अधिक है । इससे लोभसंज्वलनका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे शोकका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे अरतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे स्त्रीवेदका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे नपुंसकवेदका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । अप्रत्याख्यानावरण चार, प्रत्याख्यानावरण चार और अनन्तानुबन्धी चारका भङ्ग संज्वलनके समान है । अनन्तानुबन्धी लोभके अनुभागसे मिथ्यात्वका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । तिर्यञ्चायुका अनुभाग सबसे मन्द है । इससे मनुष्यायुका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । तिर्यञ्चगतिका अनुभाग सबसे मन्द है । इससे मनुष्यगतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मूलोघके समान है । इसी प्रकार सातों पृथिवियोंमें जानना चाहिए ।

४३४. सब तिर्यञ्चोंका भङ्ग नारकियोंके समान है । इतनी विशेषता है कि मोहनीयमें प्रत्याख्यानावरण चारको पहले करना चाहिए । सब अपर्याप्त, देव, सब एकेन्द्रिय, सब विकलेन्द्रिय और पाँच स्थावरकायिक जीवोंका भङ्ग नारकियोंके समान है । कुछ विशेषता साथ लेनी चाहिए ।

४३५. मनुष्यत्रिक, पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, काययोगी, औदारिककाययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी और नपुंसकवेदी जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है । अपगतवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, सूक्ष्मसाम्परायसंयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, शुक्ललेश्यावाले, भव्य, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंमें मूलोघके समान भङ्ग है । औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, विभङ्गज्ञानी, असंयत, तीन लेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि और अनाहारकोंमें दर्शनावरणीय और मोहनीयका भङ्ग नारकियोंके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मूलोघके समान है । वैक्रियिककाययोगी और वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें देवोंके समान भङ्ग है । आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, परिहारविशुद्धिसंयत, संयतासंयत और सम्यग्मिथ्यादृष्टि

१. ता० प्रतौ पुरिस० णवुंस० । अवगद०, आ० प्रतौ पुरिस० ओघं । अवगद० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दंसणा०-मोह० तिरिक्ख०भंगो। सेसं देवभंगो। वेदग० दंसणा०-मोह० तिरिक्ख-गदिभंगो। सेसाणं सव्वट्ठभंगो। सासणे णिरयभंगो। असण्णीसु सत्तण्णं कम्माणं णिरयभंगो। णामाणं तिरिक्खभंगो।

एवं जहण्णसत्थाणअप्पाबहुगं समत्तं।

४३६. एत्तो परत्थाणअप्पाबहुगं पगदं। दुविधं—ज० उक्क०। उक्क० पगदं। दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० उक्कस्सओ चदुस्सट्ठिपदिददंडओ कादव्वो भवदि। तं जहा—सव्वतिव्वाणुभागं सादा०। जस०-उच्चा० दो वि तु० अणंतगुणहीणा। देव-गदि० अणंतगु०। कम्मइ० अणंतगुण०। तेज० अणंतगु०। [आहार० अणंतगुणही०।] वेउव्वि० अणंतगु०। मणुस० अणंत०। ओरालि० अणंत०। मिच्छ० अणंत०। केवलणा०-केवलदं०-असाद०-विरियंतरा० चत्तारि वि तुल्ला० अणंतगु०। अणंताणु०लोभ० अणंतगु०। माया विसे०। कोधो विसे०। माणो विसे०। संजलणाए लोभ० अणंतगु०। माया विसे०। कोधो विसे०। माणो विसे०। एवं पच्चक्खाण०४-[अपच्चक्खाण०४-]। आभिणि०-परिभो० दो वि तु० अणंतगु०। चक्खु० अणंतगु०। सुद०-अचक्खु०-

---

जीवोंमें सर्वार्थसिद्धिके समान भङ्ग है। पीतलेश्या और पद्मलेश्यामें दर्शनावरण और मोहनीयका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है। शेष भङ्ग देवोंके समान है। वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें दर्शनावरण और मोहनीयका भङ्ग तिर्यञ्चोंके समान है। शेष कर्मोंका भङ्ग सर्वार्थसिद्धिके समान है। सासादनमें नारकियोंके समान भङ्ग है। असंज्ञियोंमें सात कर्मोंका भङ्ग नारकियोंके समान है। नामकर्मकी प्रकृतियोंका भङ्ग तिर्यञ्चोंके समान है।

इस प्रकार जघन्य स्वस्थान अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

४३६. इससे आगे परस्थान अल्पबहुत्वका प्रकरण है। वह दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे उत्कृष्ट चौंसठ-पदवाला दण्डक करना चाहिए। यथा—सातवेदनीयका अनुभाग सबसे तीव्र है। इससे यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं। इनसे देवगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे कार्मणशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे तैजसशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे आहारकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे वैक्रियिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे मनुष्य-गतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे औदारिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे मिथ्यात्वका अनुभाग अनन्तगुणाहीन है। इससे केवलज्ञानावरण, केवलदर्शना-वरण, असातावेदनीय और वीर्यान्तरायके अनुभाग चारों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं। इनसे अनन्तानुबन्धी लोभका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे अनन्तानुबन्धी मायाका अनुभाग विशेष हीन है। इससे अनन्तानुबन्धी क्रोधका अनुभाग विशेष हीन है। इससे अनन्ता-नुबन्धी मानका अनुभाग विशेष हीन है। इससे संज्वलन लोभका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे संज्वलन मायाका अनुभाग विशेष हीन है। इससे संज्वलन क्रोधका अनुभाग विशेष हीन है। इससे संज्वलन मानका अनुभाग विशेष हीन है। इसी प्रकार प्रत्याख्यानावरण और अप्रत्याख्यानावरण चारका अल्पबहुत्व है। अप्रत्याख्यानावरण मानके अनुभागसे आभिनिबोधिक ज्ञानावरण और परिभोगान्तरायके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं। इनसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भोगंतरा० तिण्णि वि तुल्ला० अणंतगु० । ओधिणा०-ओधिदं०-लाभंतरा० तिण्णि वि तुल्ला० अणंतगु० । मणपज्ज०-थीणगिद्धि०-दाणंतरा० तिण्णि वि तुल्ला० अणंतगु० । णवुंस० अणंत० । अरदि० अणंत० । सोग० अणंत० । भय० [अणंत०] । दुगु० अणंत० । णिद्दाणिद्दा० अणंत० । पचलापचला० अणंत० । णिद्दा० अणंत० । पयला० अणंत० । अजस०-णीचा० दो वि तु० अणंत० । णिरयग० अणंत० । तिरिक्ख० अणंत० । इत्थि० अणंत० । पुरिस० अणंत० । रदि० अणंत० । हस्स० अणंत० । देवाउ० अणंत० । णिरया० अणंत० । मणुसाउ० अणंत० । तिरिक्खाउ० अणंत० । एवं ओघभंगो पंचिं०-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-काययोगि०-इत्थि०-पुरिस०-णवुंस०-अवगद०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-विभंग०-असंज०-चक्खु०-अचक्खु०-तिण्णिले०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छा०-सण्णि-आहारए त्ति ।

४३७. णिरयगदीए सव्वतिव्वाणुभागं सादा० । जस०-उच्चा० अणंतगु० । मणुस० अणंत० । कम्म० अणंत० । तेज० अणंत० । ओरालि० अणंत० । मिच्छ० अणंत० । केवलणा०-केवलदं०-आसादा०-विरियंत० चत्तारि वि तुल्ला० अणंतगु० ।

चक्षुदर्शनावरणका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे श्रुतज्ञानावरण, अचक्षुदर्शनावरण और भोगान्तरायके अनुभाग तीनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं । इनसे अवधिज्ञानावरण, अवधिदर्शनावरण और लाभान्तरायके अनुभाग तीनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं । इनसे मनःपर्ययज्ञानावरण, स्त्यानगृद्धि और दानान्तरायके अनुभाग तीनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं । इनसे नपुंसकवेदका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे अरतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे शोकका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे भयका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे जुगुप्साका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे निद्रानिद्राका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे प्रचलाप्रचलाका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे निद्राका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे प्रचलाका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे अयशःकीर्ति और नीचगोत्रका अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं । इससे नरकगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे तिर्यञ्चगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे स्त्रीवेदका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे पुरुषवेदका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे रतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे हास्यका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे देवायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे नरकायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे मनुष्यायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे तिर्यञ्चायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इस प्रकार ओघके समान पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, काययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, नपुंसकवेदी, अपगतवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, विभङ्गज्ञानी, असंयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

४३७. नरकगतिमें सातावेदनीय सबसे तीव्र अनुभागवाला है । इससे यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं । इनसे मनुष्यगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे कार्मणशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे तैजसशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे औदारिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे मिथ्यात्वका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे केवलज्ञानावरण, केवलदर्शनावरण, असाता-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणंताणु०लोभो अणंतगु० । माया विसे० । कोधो विसे० । माणो विसे० । संजलण-लोभो अणंतगु० । माया विसे० । कोधो विसे० । माणो विसे० । एवं पच्चक्खाण०४-अपच्चक्खाण०४ । आभिणि०-परिभोग० दो वि तुल्ला० अणंतगु० । चक्खु० अणंत-गु० । सुद०-अचक्खु०-भोग० तिण्णि वि तुल्ला० अणंत० । ओधिणा०-ओधिदं०-लाभंत० तिण्णि वि तुल्ला० अणंतगु० । मणपज्जव०-थीणगि०-दाणंतरा० तिण्णि वि तुल्ला० अणंत० । णवुंस० अणंत० । अरदि० अणंत० । सोग० अणंत० । भय० अणंत० । दुगुं० अणंत० । णिद्दाणिद्दा० अणंत० । पचलापचला० अणंतगु०ही० । णिद्दा० अणंत० । पचला० अणंत० । णीचा०-अजस० दो वि तु० अणंतगु० । तिरिक्ख० अणंतगु० । इत्थि० अणंत० । पुरिस० अणंत० । रदि० अणंत० । हस्स० अणंत० । मणुसाउ० अणंत० । तिरिक्खाउ० अणंतगु० । एवं सत्तसु[2] पुढवीसु । णवरि [सत्तमीए] मणुसाउ० णत्थि[3] ० ।

४३८. तिरिक्खेसु सव्वतिव्वाणु० सादा० । जस०-उच्चा० अणंतगु० । देव-

---

वेदनीय और वीर्यान्तरायके अनुभाग चारों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं । इनसे अनन्तानुबन्धी लोभका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे अनन्तानुबन्धी मायाका अनुभाग विशेष हीन है । इससे अनन्तानुबन्धी क्रोधका अनुभाग विशेष हीन है । इससे अनन्तानुबन्धी मानका अनुभाग विशेष हीन है । इससे संज्वलन लोभका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे संज्वलन मायाका अनुभाग विशेष हीन है । इससे संज्वलन क्रोधका अनुभाग विशेष हीन है । इससे संज्वलन मानका अनुभाग विशेष हीन है । इसी प्रकार क्रमसे प्रत्याख्यानावरण चार और अप्रत्याख्यानावरण चारका अल्पबहुत्व है । अप्रत्याख्यानावरण मानके अनुभागसे आभिनिबोधिक ज्ञानावरण और परिभोगान्तरायके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं । इनसे चक्षुदर्शनावरणका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे श्रुतज्ञानावरण, अचक्षुदर्शनावरण और भोगान्तरायके अनुभाग तीनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं । इनसे अवधिज्ञानावरण, अवधिदर्शनावरण और लाभान्तरायके अनुभाग तीनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं । इनसे मनःपर्ययज्ञानावरण, स्त्यानगृद्धि और दानान्तरायके अनुभाग तीनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं । इनसे नपुंसकवेदका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे अरतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे शोकका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे भयका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे जुगुप्साका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे निदानिद्राका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे प्रचलाप्रचलाका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे निद्राका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे प्रचलाका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे नीचगोत्र और अयशःकीर्तिके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं । इससे तिर्यञ्चगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे स्त्रीवेदका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे पुरुषवेदका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे रतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे हास्यका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे मनुष्यायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे तिर्यञ्चायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इसी प्रकार सातों पृथिवियोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें मनुष्यायु नहीं है ।

४३८. तिर्यञ्चोंमें सातावेदनीय सबसे तीव्र अनुभागवाला है । इससे यशःकीर्ति और उच्चगोत्र

---

१. आ० प्रतौ णिद्दाणिद्दा० अणंत० पचला० इति पाठः । २. ता० प्रतौ सत्तसेसु (सत्तसु) इति पाठः । ३. आ० प्रतौ मणुसाउ० इत्थि० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गदि० अणंत० । कम्मइ० अणंत० । तेज० अणंत० । वेउव्वि० अणंत० । मिच्छ० अणंत० । सेसं ओघं याव णिरयग० अणंतगु० । मणुसग० अणंतगु० । ओरालि० अणंतगु० । तिरिक्ख० अणंतगु० । सेसं ओघं याव हस्स० अणंतगु० । णिरयाउ० अणंतगु० । देवाउ० अणंतगु० । मणुसाउ० अणंतगु० । तिरिक्खाउ० अणंतगु० । एवं पंचिंदियतिरिक्ख०३-मणुस०३ ।

४३९. पंचिं०तिरि०अपज्जत्तगेसु सव्वतिव्वाणुभागं मिच्छ० । सादा० अणंतगु० । जस०-उच्चा० दो वि तु० अणंतगु० । मणुसग० अणंत० । कम्मइ० अणंत० । तेज० अणंत० । ओरा० अणंत० । केवलणा०-केवलदं०-असादा०-विरयंत० चत्तारि वि तु० अणंतगु० । उवरि ओघं याव मणुसाउ० अणंतगु० । तिरिक्खाउ० अणंत० । एवं सव्वअपज्जत्तगाणं सव्वएइंदि०-सव्वविगलिंदि०-पंचकायाणं च ।

४४०. देवाणं णिरयभंगो । ओरालि० मणुसभंगो । ओरा०मि० सव्वतिव्वाणुभा० साद० । जस०-उच्चा० दो वि० अणंत० । देवग० अणंत० । कम्मइ० अणंत० । तेज० अणंत० । वेउव्वि० अणंत० । मिच्छ० अणंत० । सेसं पंचिंदि०तिरि०भंगो ।

के अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं । इनसे देवगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे कार्मणशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे तैजसशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे वैक्रियिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे मिथ्यात्वका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । शेष भङ्ग नरकगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है।इस स्थानके प्राप्त होने तक ओघके समान है । आगे मनुष्यगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे औदारिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे तिर्यञ्चगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । शेष भङ्ग, हास्यका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इस स्थानके प्राप्त होने तक ओघके समान है । आगे नरकायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे देवायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे मनुष्यायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे तिर्यञ्चायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इसी प्रकार पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिक और मनुष्यत्रिकके जानना चाहिए ।

४३९. पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चअपर्याप्तकोंमें मिथ्यात्व सबसे तीव्र अनुभागवाला है । इससे सातावेदनीयका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं । इनसे मनुष्यगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे कार्मणशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे तैजसशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे औदारिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे केवलज्ञानावरण, केवलदर्शनावरण, असातावेदनीय और वीर्यान्तरायके अनुभाग चारों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं । आगे मनुष्यायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इस स्थानके प्राप्त होनेतक ओघके समान भङ्ग है । इससे तिर्यञ्चायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इसी प्रकार सब अपर्याप्त, सब एकेन्द्रिय, सब विकलेन्द्रिय और पाँच स्थावरकायिक जीवोंके जानना चाहिए ।

४४०. देवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है । औदारिककाययोगी जीवोंमें मनुष्योंके समान भङ्ग है । औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें सातावेदनीय सबसे तीव्र अनुभागवाला है । इससे यशःकीर्ति और उच्चगोत्रका अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं । इनसे देवगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे कार्मणशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है । इससे तैजस-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अत्थि ।

४४१. वेउव्वि० णेरइगभंगो । एवं वेउव्वियमि० । आहार०-आहारमि० सव्व-तिव्वाणु० साद० । जस०-उच्चा० अणंत० । देव० अणंत० । कम्म० अणंत० । तेज० अणंत० । वेउव्वि० अणंत० । केवलणा०--केवलदंस०-असाद०-विरियंत० चत्तारि वि अणंतगु० । संजलणलोभो अणंत० । माया विसे० । कोधो विसे० । माणो विसे० । आभिणि०--परिभोग० दो वि तु० अणंत० । चक्खु० अणंत० । सुद०--अचक्खु०-भोगंत० तिण्णि वि तु० अणंत० । ओधिणा०--ओधिदं०-लाभंत० तिण्णि वि तु० अणंत० । मणपज्ज०--दाणंत० दो वि तु० अणंत० । पुरिस० अणंत० । अरदि० अणंत० । सोग० अणंत० । भय० अणंत० । दुगुं० अणंत० । णिद्दा० अणंत० । पचला० अणंत० । अजस० अणंत० । रदि० अणंत० । हस्स० अणंत० । देवाउ० अणंत० । एवं मणपज्ज०-संज०-सामाइय-च्छेदो०-परिहार० । एदेसु आहारसरीरं अत्थि । संजदासंजद० परिहारभंगो । णवरि पच्चक्खाण०४ अत्थि ।

शरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे वैक्रियिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे मिथ्यात्वका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। शेष भङ्ग पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चोंके समान है। इस मार्गणामें इतना ही अल्पबहुत्व है।

४४१. वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है। इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें जानना चाहिए। आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें सातावेदनीय सबसे तीव्र अनुभागवाला है। इससे यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं। इनसे देवगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे कार्मणशरीरका अनुभाग अनन्तगुणाहीन है। इससे तैजसशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे वैक्रियिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे केवलज्ञानावरण, केवलदर्शनावरण, असातावेदनीय और वीर्यान्तरायके अनुभाग चारों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं। इनसे संज्वलन लोभका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे संज्वलन मायाका अनुभाग विशेष हीन है। इससे संज्वलन क्रोधका अनुभाग विशेष हीन है। इससे संज्वलन मानका अनुभाग विशेष हीन है। इससे आभिनिबोधिक ज्ञानावरण और परिभोगान्तरायके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं। इससे चक्षुदर्शनावरणका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे श्रुतज्ञानावरण, अचक्षुदर्शनावरण और भोगान्तरायके अनुभाग तीनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं। इनसे अवधिज्ञानावरण, अवधिदर्शनावरण और लाभान्तरायके अनुभाग तीनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं। इनसे मनःपर्ययज्ञानावरण और दानान्तरायके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं। इनसे पुरुषवेदका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे अरतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे शोकका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे भयका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे जुगुप्साका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे निद्राका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे प्रचलाका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे अयशःकीर्तिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे रतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे हास्यका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे देवायुका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इसी प्रकार मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत और परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंके जानना चाहिए। इनमें आहारकशरीर है। संयतासंयत जीवोंका भङ्ग परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इनमें प्रत्याख्यानावरण चार हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४४२. कम्मइ० ओघं। णवरि चदुआउ० णिरयगदिदुगं आहारसरीरं वज्ज सेसं कादव्वं। एवं अणाहार०। आभिणि०-सुद०-ओधि०-सम्मादि०-खइग०-वेदग०-उवसम०-सासण०--सम्मामिच्छादिट्ठि त्ति ओघं। णवरि अप्पप्पणो पगदिविसेसो णादव्वो। तेउ० ओघं। णवरि णिरयगदिदुगं वज्ज। एवं पम्माए। सुक्काए ओघं। णवरि दोआउ० णिरयगदिदुगं तिरिक्खगदितिगं च वज्ज। असण्णीसु सव्वतिव्वाणुभागं मिच्छ०। साद० अणंत०। जस०-उच्चा० अणंत०। देव० अणंत०। कम्म० अणंत०। तेज० अणंत०। वेउव्वि० अणंत०। उवरि तिरिक्खोघं।

एवं उक्कस्सपरत्थाणअप्पाबहुगं समत्तं।

४४३. जहण्णए पगदं। दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० सव्वमंदाणु० लोभसंज०। [मायासंजल०] अणंतगुणब्भहियं। माणसंज० अणंतगु०। कोधसंज० अणंतगु०। मणपज्ज०-दाणंत० दो वि तु० अणंतगु०। ओधिणा०-ओधिदं०-लाभंत० तिण्णि वि तु० अणंतगु०। सुदणा०-अचक्खु०-भोगंतरा० तिण्णि वि तु० अणंतगु०। चक्खु० अणंत०। आभिणि०-परिभो० दो वि तु० अणंतगु०। विरियंत० अणंत०।

४४२. कार्मणकाययोगी जीवोंका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि इनमें चार आयु, नरकगतिद्विक और आहारकद्विकको छोड़कर शेषका अल्पबहुत्व कहना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए। आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी प्रकृतिविशेष जान लेना चाहिए। पीतलेश्यामें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि नरकगतिद्विकको छोड़कर कहना चाहिए। इसी प्रकार पद्मलेश्यामें जानना चाहिए। शुक्ललेश्यामें ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि दो आयु, नरकगतिद्विक और तिर्यञ्चगतित्रिकको छोड़कर कहना चाहिए। असंज्ञी जीवोंमें मिथ्यात्व सबसे तीव्र अनुभागवाला है। इससे सातावेदनीयका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे यशःकीर्ति और उच्चगोत्रका अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हीन हैं। इनसे देवगतिका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे कार्मणशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे तैजसशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। इससे वैक्रियिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा हीन है। आगे सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है।

इस प्रकार उत्कृष्ट परस्थान अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

४४३. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे लोभसंज्वलन सबसे मन्द अनुभागवाला है। इससे मायासंज्वलनका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे मानसंज्वलनका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे क्रोधसंज्वलनका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे मनःपर्ययज्ञानावरण और दानान्तरायके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं। इनसे अवधिज्ञानावरण, अवधिदर्शनावरण और लाभान्तरायके अनुभाग तीनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं। इनसे श्रुतज्ञानावरण, अचक्षुदर्शनावरण, और भोगान्तरायके अनुभाग तीनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं। इनसे चक्षुदर्शनावरणका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे आभिनिबोधिकज्ञानावरण और परिभोगान्तरायके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं। इनसे वीर्यान्तरायका अनुभाग अनन्तगुणा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुरिस० अणंत० । हस्स० अणंत० । रदि० अणंत० । दुगुं० अणंत० । भय० अणंत० । सोग० अणंत० । अरदि० अणंत० । इत्थि० अणंत० । णवुंस० अणंत० । केवलणा०-केवलदं० दो वि तु० अणंत० । पयला० अणंत० । णिद्दा० अणंत० । पच्चक्खाणमाणो अणंत० । कोधो विसे० । माया विसे० । लोभो विसे० । एवं अपच्चक्खाण०४ । पचलापचला अणंतगु० । णिद्दाणिद्दा अणंतगु० । थीणगि० अणंत० । अणंताणु०माणो अणंतगु० । कोधो विसे० । माया विसे० । लोभो विसे० । मिच्छ० अणंत० । ओरा० अणंत० । वेउव्वि० अणंत० । तिरिक्खाउ० अणंत० । मणुसाउ० अणंत० । तेजा० अणंत० । कम्मइ० अणंत० । तिरिक्ख० अणंत० । णिरय० अणंत० । मणुस० अणंत० । देवग० अणंत० । णीचा० अणंत० । अजस० अणंत० । असाद० अणंत० । जस०-उच्चा० दो वि तु० अणंत० । साद० अणंत० । णिरयाउ० अणंत० । देव० अणंत० । आहार० अणंत० ।

अधिक है । इससे पुरुषवेदका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे हास्यका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे रतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे जुगुप्साका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे भयका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे शोकका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे अरतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे स्त्रीवेदका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे नपुंसकवेदका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे केवलज्ञानावरण और केवलदर्शनावरणके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं । इनसे प्रचलाका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे निद्राका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे प्रत्याख्यानावरण मानका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे प्रत्याख्यानावरण क्रोधका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे प्रत्याख्यानावरण मायाका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे प्रत्याख्यानावरण लोभका अनुभाग विशेष अधिक है । इसी प्रकार अप्रत्याख्यानावरण चारके अनुभागका अल्पबहुत्व है । आगे प्रचलाप्रचलाका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे निद्रानिद्राका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे स्त्यानगृद्धिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे अनन्तानुबन्धी मानका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे अनन्तानुबन्धी क्रोधका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे अनन्तानुबन्धी मायाका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे अनन्तानुबन्धी लोभका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे मिथ्यात्वका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे औदारिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे वैक्रियिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे तिर्यञ्चायुका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे मनुष्यायुका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे तैजसशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे कार्मणशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे तिर्यञ्चगतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे नरकगतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे मनुष्यगतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे देवगतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे नीचगोत्रका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे अयशःकीर्तिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे असातावेदनीयका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं । इससे सातावेदनीयका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे नरकायुका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे देवायुका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे आहारकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४४४. णिरएसु सव्वमंदाणु० हस्स० । रदि० अणंत० । दुगुं० अणंत० । भय० अणंत० । पुरिस० अणंत० । माणसंज० अणंत० । कोधसंज० विसे० । मायासंज० विसे० । लोभसंज० विसे० । सोग० अणंत० । अरदि० अणंत० । इत्थि० अणंत० । णवुंस० अणंत० । पचला० अणंत० । णिद्दा० अणंत० । मणपज्जव०-दाणंत० दो वि० तु० अणंत० । ओधिणा०-ओधिदं०-लाभंत० तिण्णि वि तु०अणंत० । सुद०-अचक्खु०-भोगंत० तिण्णि वि तु० अणंत० । चक्खु० अणंत० । आभिणि०-परिभोग० दो वि तु० अणंत० । अपच्चक्खाणमाणो अणंत० । कोधो विसे० । माया विसे०। लोभो विसे० । एवं पच्चक्खाणा०४ । विरियंत० अणंत० । केवलणा०-केवलदंस० दो वि तु० अणंत० । पचला-पचला अणंत० । णिद्दाणिद्दा० अणंत० । थीणगि० अणंत० । अणंताणु०माणो अणंत० । कोधो विसे०। माया विसे०। लोभो विसे०। मिच्छा० अणंत० । ओरालि० अणंत० । तेज० अणंत० । कम्मइ० अणंत० । तिरिक्ख० अणंत० । मणुस० अणंत० ।

४४४. नारकियोंमें हास्य सबसे मन्द अनुभागवाला है। इससे रतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे जुगुप्साका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे भयका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे पुरुषवेदका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे मानसंज्वलनका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे क्रोधसंज्वलनका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे मायासंज्वलनका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे लोभसंज्वलनका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे शोकका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे अरतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे स्त्रीवेदका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे नपुंसकवेदका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे प्रचलाका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे निद्राका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे मनःपर्ययज्ञानावरण और दानान्तरायके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं। इनसे अवधिज्ञानावरण, अवधिदर्शनावरण और लाभान्तरायके अनुभाग तीनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं। इनसे श्रुतज्ञानावरण, अचक्षुदर्शनावरण और भोगान्तरायके अनुभाग तीनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं। इनसे चक्षुदर्शनावरणका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे आभिनिबोधिकज्ञानावरण और परिभोगान्तरायके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं। इनसे अप्रत्याख्यानावरण मानका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे अप्रत्याख्यानावरण क्रोधका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे अप्रत्याख्यानावरण मायाका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे अप्रत्याख्यानावरण लोभका अनुभाग विशेष अधिक है। इसी प्रकार प्रत्याख्यानावरणचतुष्कका अल्पबहुत्व है। प्रत्याख्यानावरण लोभके अनुभागसे वीर्यान्तरायका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे केवलज्ञानावरण और केवलदर्शनावरणके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं। इनसे प्रचलाप्रचलाका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे निद्रानिद्राका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे स्त्यानगृद्धिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे अनन्तानुबन्धी मानका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे अनन्तानुबन्धी क्रोधका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे अनन्तानुबन्धी मायाका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे अनन्तानुबन्धी लोभ का अनुभाग विशेष अधिक है। इससे मिथ्यात्वका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे औदारिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे तैजसशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे कार्मणशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे तिर्यञ्चगतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे मनुष्यगतिका अनुभाग अनन्तगुणा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णीचा० अणंत० । अजस० अणंत० । असाद० अणंत० । जस०-उच्चा० दो वि तु० अणंत० । साद० अणंत० । तिरिक्खाउ० अणंत० । मणुसाउ० अणंत० । एवं सत्तसु पुढवीसु । णवरि छसु उवरिमासु णीचा अजस० एक्कदो भाणिदव्वं ।

४४५. तिरिक्खेसु पढमपुढविभंगो याव आभिणि०-परिभोगंतरा० दो वि तु० अणंत० । पच्चक्खाणमाणो अणंत० । कोधो विसे० । माया विसे० । लोभो विसे० । विरियंत० अणंत० । केवलणा०-केवलदं० दो वि तु० अणंत० । अपच्चक्खाण०माणो अणंत० । कोधो विसे० । माया विसे० । लोभो विसे० । उवरि ओघं । एवं पंचिं०-तिरि०३ । णवरि एदेसु णीचा० अजस० एक्कदो भाणिदव्वा ।

४४६. पंचिं०तिरि०अपज्ज०-मणुसअपज्जत्त-विगलिंदि०-पंचिंदि०-तस०अपज्ज० तिण्हं[1] कायाणं च पढमपुढविभंगो । णवरि दोआउ० ओघं । एवं एइंदियाणं पि । णवरि तिरिक्खोघं णीचा० अणंत० । अजस० अणंत० । एवं तेउ-वाउणं पि । णवरि मणुसगदिचदुक्कं वज्ज । देवाणं णेरइगभंगो । मणुस०३-पंचिंदि०-तस०२-पंचमण०-

अधिक है । इससे नीचगोत्रका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे अयशःकीर्तिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे असातावेदनीयका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके अनुभाग दोनों ही तुल्य हो कर अनन्तगुणे अधिक हैं । इनसे सातावेदनीयका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे तिर्यञ्चायुका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे मनुष्यायुका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इसी प्रकार सातों पृथिवियोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि पहलेकी छह पृथिवियोंमें नीचगोत्र और अयशःकीर्ति को एकसाथ कहना चाहिए ।

४४५. तिर्यञ्चोंमें आभिनिबोधिकज्ञानावरण और परिभोगान्तराय के अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं । इस स्थानके प्राप्त होने तक पहली पृथिवीके समान भंग है । इससे प्रत्याख्यानावरण मानका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे प्रत्याख्यानावरण क्रोधका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे प्रत्याख्यानावरण मायाका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे प्रत्याख्यानावरण लोभका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे वीर्यान्तरायका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे केवलज्ञानावरण और केवलदर्शनावरणके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं । इनसे अप्रत्याख्यानावरण मानका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे अप्रत्याख्यानावरण क्रोधका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे अप्रत्याख्यानावरण मायाका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे अप्रत्याख्यानावरण लोभका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे आगे ओघके समान भंग है । इसी प्रकार पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें नीचगोत्र और अयशःकीर्ति एकसाथ कहने चाहिए ।

४४६. पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चअपर्याप्त, मनुष्यअपर्याप्त, विकलेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रियअपर्याप्त, त्रस-अपर्याप्त और तीन स्थावर कायिक जीवोंमें प्रथम पृथिवीके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि इनमें दो आयुओंका भङ्ग ओघके समान है । इसी प्रकार एकेन्द्रियोंमें भी जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान नीचगोत्रका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे अयशःकीर्तिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इसी प्रकार अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके भी जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें मनुष्यगतिचतुष्कको छोड़कर कहना चाहिए । देवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है । मनुष्यत्रिक, पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँचों

१. ता० आ० प्रत्योः चदुण्हं इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचवचि०--कायजोगि--ओरालि० ओघं। णवरि मणुसेसु णीचा०--अजस० एक्कदो भाणिदव्वं।

४४७. ओरालियमि० णेरइगभंगो याव ओरा० अणंत०। तिरिक्खाउ० अणंत०। मणुसाउ० अणंत०। तेजा० अणंत०। कम्म० अणंत०। तिरिक्ख० अणंत०। मणुस० अणंत०। णीचा० अणंत०। अजस० अणंत०। असाद० अणंत०। जस०-उच्चा० दो वि तु० अणंत०। साद० अणंत०। वेउव्वि० अणंत०। देव० अणंत०।

४४८. वेउव्वि०-वेउव्वियमि० णिरयोघं। आहार०-आहारमि० सव्वट्ठभंगो। णवरि अट्ठक० णत्थि। कम्मइ० ओरालियमिस्सभंगो। इत्थि०-पुरिस० सव्वमंदाणु० कोधसंज०। माणसंज० [विसे०]। मायासंज० विसे०। लोभसंज० विसे०। मणपज्ज०-दाणंत० दो वि तु० अणंत०। उवरि ओघं। णवुंसगे ओघं। णवरि संजलणाए इत्थि०भंगो। अवगद० ओघं। साद० अणंत०।

४४९. कोध० [सव्व०-] मंदाणु० कोधसंज०। माणो विसे०। माया

मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, काययोगी और औदारिककाययोगी जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मनुष्योंमें नीचगोत्र और अयशःकीर्ति एकसाथ कहने चाहिए।

४४७. औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें औदारिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इस स्थानके प्राप्त होने तक नारकियोंके समान भङ्ग है। इससे तिर्यञ्चायुका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे मनुष्यायुका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे तैजसशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे कार्मणशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे तिर्यञ्चगतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे मनुष्यगतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे नीचगोत्रका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे अयशःकीर्तिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे असातावेदनीयका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं। इनसे सातावेदनीयका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे वैक्रियिकशरीरका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे देवगतिका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है।

४४८. वैक्रियिककाययोगी और वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है। आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें सर्वार्थसिद्धिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि इनमें आठ कषाय नहीं हैं। कार्मणकाययोगी जीवोंमें औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है। स्त्रीवेदी और पुरुषवेदी जीवों क्रोधसंज्वलन सबसे मन्द अनुभागवाला है। इससे मानसंज्वलनका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे मायासंज्वलनका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे लोभसंज्वलनका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे मनःपर्ययज्ञानावरण और दानान्तरायके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं। आगे ओघके समान भङ्ग है। नपुंसकवेदी जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि चार संज्वलनोंका भङ्ग स्त्रीवेदीके समान है। अपगतवेदी जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। मात्र सातावेदनीयका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है, यहाँ तक कहना चाहिए।

४४९. क्रोधकषायमें क्रोधसंज्वलन सबसे मन्द अनुभागवाला है। इससे मानसंज्वलनका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विसे० । लोभो विसे० । मणपज्ज०-दाणंत० दो वि तु० अणंत० । उवरि ओघं । माणे सव्वमंदाणु० माणसंज० । मायासंज० विसे० । लोभसं० विसे० । कोधसं० अणंतगुण० । मणपज्ज०-दाणंत० दो वि तु० अणंत० । उवरि ओघं । मायाए सव्वमंदाणु० मायासंज० । लोभसंज० वि० । माणसंज० अणंत० । कोधसंज० अणंत० । मणपज्ज०-दाणंत० दो वि तु० अणंत० । उवरि ओघं । लोभे ओघं । मदि०-सुद० णेरइयभंगो याव मिच्छत्तं । उवरि ओघं । एवं विभंग०-असंज०-किण्ण-णील-काउ०-अब्भवसि०-मिच्छा०-असण्णि त्ति । आभिणि०-सुद०-ओधि०-मणपज्ज०-संजद-सामाइ०-छेदो०-ओधिदं०-सम्मादि०-खइग०-उवसम० ओघभंगो । णवरि सम्मत्तपाओग्गाओ संजमपाओग्गाओ च पगदीओ णादव्वाओ। परिहार० आहार०भंगो। णवरि आहारसरीर० सव्वुवरि अणंत० । सुहुमसंप० अवगद०भंगो । संजदासंज० णेरइगभंगो याव आभिणि०-परिभो० दो वि तु० अणंत० । पच्चक्खाणमाणो अणंत० । उवरि ओघं । चक्खु०-अचक्खु०-सुक्क०-भवसि०-सण्णि०-आहारए त्ति ओघं ।

४५०. तेउ० देवभंगो याव आभिणि०-परिभो० दो वि तु० अणंत० । पच्च-

अनुभाग विशेष अधिक है । इससे मायासंज्वलनका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे लोभसंज्वलनका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे मनःपर्ययज्ञानावरण और दानान्तरायके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं । आगे ओघके समान है । मानकषायमें मानसंज्वलन सबसे मन्द अनुभागवाला है । इससे मायासंज्वलनका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे लोभसंज्वलनका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे क्रोधसंज्वलनका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे मनःपर्ययज्ञानावरण और दानान्तरायके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं । आगे ओघके समान भङ्ग है । मायाकषायमें मायासंज्वलन सबसे मन्द अनुभागवाला है । इससे लोभसंज्वलनका अनुभाग विशेष अधिक है । इससे मानसंज्वलनका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे क्रोधसंज्वलनका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । इससे मनःपर्ययज्ञानावरण और दानान्तरायके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं । आगे ओघके समान है । लोभकषायमें ओघके समान है । मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें मिथ्यात्वके स्थानके प्राप्त होने तक नारकियोंके समान भङ्ग है । आगे ओघके समान है । इसी प्रकार विभङ्गज्ञानी, असंयत, कृष्णलेश्या, नीललेश्या, कापोतलेश्या, अभव्य, मिथ्यादृष्टि और असंज्ञी जीवोंमें जानना चाहिए । आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि इनमें सम्यक्त्वप्रायोग्य और संयमप्रायोग्य प्रकृतियाँ जाननी चाहिए । परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंमें आहारककाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि इनमें आहारकशरीरके अनुभागको सबके ऊपर अनन्तगुणा अधिक कहना चाहिए । सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें अपगतवेदी जीवोंके समान भङ्ग है । संयतासंयत जीवोंमें आभिनिबोधिकज्ञानावरण और परिभोगान्तरायके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं । इस स्थानके प्राप्त होने तक नारकियोंके समान भङ्ग है । इनसे प्रत्याख्यानावरण मानका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है । आगे ओघके समान भङ्ग है । चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, शुक्ललेश्यावाले, भव्य, संज्ञी और आहारक जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है ।

४५०. पीतलेश्यामें आभिनिबोधिकज्ञानावरण और परिभोगान्तरायके अनुभाग दोनों ही

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

क्खाणमाणो अणंत० । कोधो विसे० । माया० विसे० । लोभो विसे० । विरियंत० अणंत० । केवलणा०-केवलदं० दो वि तु० अणंत० । अपच्चक्खाणमाणो अणंत० । कोधो विसे० । माया विसे० । लोभो विसे० । पचला अणंत० । णिद्दा अणंत० । उवरि ओघं । एवं पम्माए । वेदग० तेउ०भंगो । एवं सम्मामि० । सासणे णेरइगभंगो । असण्णीसु तिरिक्खोघं । अणाहार० कम्मइगभंगो ।

एवं अप्पाबहुगं समत्तं ।

एवं चदुवीसमणियोगद्दारं समत्तं ।

भुजगारबंधो

४५१. एत्तो भुजगारबंधे त्ति तत्थ इमं अट्ठपदं—जाणि एण्हिं अणुभागफद्दगाणि बंधदि अणंतरोसक्काविदविदिक्कंते समए अप्पदरादो बहुदरं बंधदि त्ति एसो भुजगारबंधो णाम० । अप्पदरबंधे त्ति तत्थ इमं अट्ठपदं—जाणि एण्हिं अणुभागफद्दगाणि बंधदि अणंतरउस्सक्काविदविदिक्कंते समए बहुदरादो अप्पदरं बंधदि त्ति एस अप्पदरबंधो

तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं।इस स्थानके प्राप्त होने तक देवोंके समान भङ्ग है। इनसे प्रत्याख्यानावरण मानका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे प्रत्याख्यानावरण क्रोधका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे प्रत्याख्यानावरण मायाका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे प्रत्याख्यानावरण लोभका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे वीर्यान्तरायका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे केवलज्ञानावरण और केवलदर्शनावरणके अनुभाग दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे अधिक हैं। इनसे अप्रत्याख्यानावरण मानका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे अप्रत्याख्यानावरण क्रोधका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे अप्रत्याख्यानावरण मायाका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे अप्रत्याख्यानावरण लोभका अनुभाग विशेष अधिक है। इससे प्रचलाका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। इससे निद्राका अनुभाग अनन्तगुणा अधिक है। आगे ओघके समान भङ्ग है। इसी प्रकार पद्मलेश्यामें भी जानना चाहिए। वेदकसम्यक्त्वमें पीतलेश्याके समान भङ्ग है। इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वमें जानना चाहिए। सासादनसम्यक्त्वमें नारकियोंके समान भङ्ग है। असंज्ञियोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। अनाहारकोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है।

इस प्रकार अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

इस प्रकार चौबीस अनुयोगद्वार समाप्त हुए।

भुजगारबन्ध

४५१. इससे आगे भुजगारबन्धका प्रकरण है। उसमें यह अर्थपद है—जो इनके अनुभागस्पर्धकोंको बांधता है,वह जब अनन्तर व्यतिक्रान्त समयमें बँधनेवाले अल्पतरसे इस समयमें बहुतरको बाँधता है, तब वह भुजगारबन्ध कहलाता है। अल्पतरबन्धके विषयमें यह अर्थपद है—इनके जो अनुभागस्पर्धक बाँधता है,वह जब अनन्तर पिछले समयमें बँधनेवाले बहुतरसे

---

१. ता० प्रतौ अणंत० । केवलदं० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णाम०। अवट्ठिदबंधे त्ति तत्थ इमं अट्ठपदं—जाणि एण्हिं अणुभागफद्दगाणि बंधदि अणंतरओसक्काविद-उस्सक्काविदविदिक्कंते समए तत्तियाणि चेव बंधदि त्ति एसो अवट्ठिदबंधो णाम०। अवत्तव्वबंधे त्ति तत्थ इमं अट्ठपदं—अबंधादो बंधदि त्ति एसो अवत्तव्वबंधो णाम०। एदेण अट्ठपदेण तत्थ इमाणि तेरस अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति। तं जहा—समुक्कित्तणा याव अप्पाबहुगे त्ति।

समुक्कित्तणाणुगमो

४५२. समुक्कित्तणाए दुविधो णिद्देसो-ओघेण आदेसेण य। ओघेण सव्वपगदीणं अत्थि भुजगारबंधो अप्पद० अवट्ठिद० अवत्तव्वबंधो य। एवं ओघभंगो मणुस०३-पंचिं०-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि०-ओरा०-आभिणि०-सुद०-ओधि०-मणपज्ज०-संजद०-चक्खु०-अचक्खु०-ओधिदं०-सुक्कले०-भवसि०-सम्मा०-खइग०-उवसम०-सण्णि-आहारए त्ति।

४५३. णेरइएसु धुविगाणं अत्थि भुज० अप्पद० अवट्ठि०। सेसाणं ओघभंगो। ओरालियमि०-कम्मइ०-अणाहारएसु धुवियाणं देवगदि०४-तित्थ० अवत्तव्व० णत्थि। वेउव्वि०-वेउव्वियमि० तित्थयं० अवत्तव्वया णत्थि धुवियाणं च। इत्थि०-पुरिस०-णवुंस० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० अवत्तव्वगा वज्ज० तिण्णिपदा,

---

इस समयमें अल्पतरको बाँधता है, तब अल्पतरबन्ध कहलाता है। अवस्थितबन्धके विषयमें यह अर्थपद है—इनके जो अनुभाग स्पर्धक बाँधता है,वह जब अनन्तर पिछले और अगले समयमें उतने ही बाँधता है,तब वह अवस्थितबन्ध कहलाता है। अवक्तव्यबन्धके विषयमें यह अर्थपद है—जो अबन्धसे बन्ध करता है, वह अवक्तव्यबन्ध कहलाता है। इस अर्थपदके अनुसार यहाँ ये तेरह अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं। यथा—समुत्कीर्तनासे लेकर अल्पबहुत्व तक।

समुत्कीर्तनानुगम

४५२. समुत्कीर्तनाकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे सब प्रकृतियोंका भुजगारबन्ध है, अल्पतरबन्ध है, अवस्थितबन्ध है और अवक्तव्यबन्ध है। इसी प्रकार ओघके समान मनुष्यत्रिक, पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, काययोगी, औदारिककाययोगी, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, शुक्ललेश्यावाले, भव्य, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए।

४५३. नारकियोंमें ध्रुव प्रकृतियोंका भुजगारबन्ध, अल्पतरबन्ध और अवस्थितबन्ध है। तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली देवगतिचतुष्क और तीर्थङ्कर प्रकृतियोंका अवक्तव्यबन्ध नहीं है। वैक्रियिककाययोगी और वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिके अवक्तव्यबन्धक जीव नहीं हैं। तथा ध्रुवप्रकृतियोंके भी अवक्तव्यबन्धक जीव नहीं हैं। स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी और

---

१. ता० प्रतौ वेउव्वियमि० वेउव्वियमि० (१) तित्थय० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सेसाणं चत्तारिपदा। अवगद० सव्वाणं अत्थि भुज०-अप्पद०-अवत्तव्वबंधगा य। कोधे इत्थि०भंगो। माणे पंचणा०-चदुदंस०-तिण्णिसंज०-पंचंत० अत्थि तिण्णि पदा। एवं मायाए। णवरि दोसंज०। सेसं ओघं। लोभे पंचणा०-चदुदंस०-पंचंत० अत्थि तिण्णिपदा। सेसं ओघं। सामाइ०-छेदो० पंचणा०-चदुदंस०-लोभसंज०-उच्चा०-पंचत० अत्थि तिण्णिपदा। सेसं ओघं। सुहुमसं० सव्वाणं अत्थि भुज०-अप्पद०। सेसाणं णिरयभंगो। किंचि विसेसो णादव्वो।

एवं समुक्कित्तणा समत्ता।

सामित्ताणुगमो

४५४. सामित्ताणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-छदंस०-चदुसंज०-भय-दु०-तेजा०-क०-पसत्थापसत्थ०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० भुज०-अप्पद०-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण०। अवत्तव्वबंधो कस्स ? अण्ण० उवसामणादो पडिपदमाणस्स मणुस्सस्स वा मणुसिणीए वा पढमसमयदेवस्स वा। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणु०४-तिण्णिपदा णाणावरणभंगो। अवत्तव्व० कस्स ? अण्ण० असंजमसम्म-

नपुंसकवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायके अवक्तव्यबन्धको छोड़कर तीन पद हैं तथा शेष प्रकृतियोंके चार पद हैं। अपगतवेदी जीवोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगारबन्धक, अल्पतरबन्धक और अवक्तव्यबन्धक जीव हैं। क्रोधकषायमें स्त्रीवेदी जीवोंके समान भङ्ग है। मानकषायमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, तीन संज्वलन और पाँच अन्तरायके तीन पद हैं। इसी प्रकार मायाकषायमें भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यहाँ दो संज्वलन कहने चाहिए। शेष भङ्ग ओघके समान है। लोभकषायमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायके तीन पद हैं। शेष भङ्ग ओघके समान है। सामायिकसंयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, लोभ संज्वलन, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके तीन पद हैं। शेष भङ्ग ओघके समान है। सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतरपद हैं। शेष मार्गणाओंका भङ्ग नारकियोंके समान है। किञ्चित् विशेषता है, वह जान लेनी चाहिए।

इस प्रकार समुत्कीर्तना समाप्त हुई।

स्वामित्वानुगम

४५४. स्वामित्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? उपशमश्रेणिसे गिरनेवाला अन्यतर मनुष्य, मनुष्यिनी या प्रथम समयवर्ती देव स्वामी है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके तीन पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। इनके अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर जीव असंयतसम्यक्त्वसे,

१. ता० प्रतौ एवं समुक्कित्तणा समत्ता इति पाठो नास्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

त्तादो संजमादो संजमासंजमादो सम्मामिच्छत्तादो वा परिवदमाणयस्स पढमसमयमिच्छादिट्ठिस्स वा सासणसम्मा० वा। णवरि मिच्छा० असंजमादो[1] संजमासंजमादो संजमादो[2] वा सासण० सम्मामि० वा परिवदमा० पढमसमयमिच्छादि०। सादासाद०-सत्तणोक०--चदुगदि--पंचजादि--दोसरीर--छस्संठा०--दोअंगो०--छस्संघ०--चदुआणु०-दोविहा०-तसथावरादिदसयुग०-दोगो० तिण्णिपदा णाणावरणभंगो। अवत्तव्व० कस्स०? अण्ण० परियत्तमाणयस्स पढमसमयबंधमाणयस्स। अपच्चक्खाण०४ तिण्णिपदा णाणा०-भंगो। अवत्त० कस्स०? अण्ण० संजमादो वा संजामासंज० परिवद० पढमसम० मिच्छादि० सासण० सम्मामि० असंजदसम्मा०। पच्चक्खाण०४ तिण्णिपदा णाणा०-भंगो। अवत्त० कस्स०? अण्ण० संजमादो परिवद० पढमस० मिच्छा० सासण० सम्मामि० असंजद० संजदासंजदस्स वा। चदुआउ०-आहारदुग-पर०-उस्सा०-उज्जो०-तित्थय० तिण्णिपदा णाणा०भंगो। अवत्त० कस्स०? अण्ण० पढमसमयबंधगस्स। एवं ओघभंगो मणुस०३-पंचिंदि०-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि-ओरालि०-लोभक०-चक्खु०-अचक्खु०-भवसि०-सण्णि-आहारए त्ति। णवरि मणुस०-मण०-वचि०-

---

संयमसे, संयमासंयमसे और सम्यग्मिथ्यात्वसे गिरकर प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि सासादनसम्यग्दृष्टि जीव है, वह उक्त प्रकृतियोंके अवक्तव्यबन्धका स्वामी है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है? असंयमसे, संयमासंयमसे, संयमसे, सासादनसे और सम्यग्मिथ्यात्वसे गिरकर जो प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि है, वह मिथ्यात्वके अवक्तव्यबन्धका स्वामी है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, सात नोकषाय, चार गति, पाँच जाति, दो शरीर, छह संस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, चार आनुपूर्वी, दो विहायोगति, त्रस-स्थावर आदि दस युगल और दो गोत्रके तीन पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है? जो परिवर्तमान मध्यम परिणामवाला प्रथम समयमें इनका बन्ध करता है, वह इनके अवक्तव्यबन्धका स्वामी है। अप्रत्याख्यानावरण चारके तीन पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। इनके अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है? संयम या संयमासंयमसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि और असंयतसम्यग्दृष्टि अन्यतर जीव इनके अवक्तव्यबन्धका स्वामी है। प्रत्याख्यानावरण चारके तीन पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। इनके अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है? संयमसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, असंयतसम्यग्दृष्टि और संयतासंयत अन्यतर जीव इनके अवक्तव्यबन्धका स्वामी है। चार आयु, आहारकद्विक, परघात, उच्छ्वास, उद्योत और तीर्थङ्कर प्रकृतिके तीन पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। इनके अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है? प्रथम समयमें बन्ध करनेवाला अन्यतर जीव इनके अवक्तव्यबन्धका स्वामी है। इसीप्रकार ओघके समान मनुष्यत्रिक, पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, काययोगी, औदारिककाययोगी, लोभकषायी, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, भव्य, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चहिये। इतनी विशेषता है कि मनुष्य, मनोयोगी, वचनयोगी और औदारिककाययोगी जीवोंमें

---

१. ता० आ० प्रत्योः सम्मा० वा मिच्छा० णवरि असंजमादो इति पाठः। २. ता० प्रतौ असंजमादो संजमादो इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओरालि० पढमदंड० अवत्त० कस्स० ? अण्ण० उवसमणादो परिवद० पढमस० मणुसस्स वा मणुसणीए वा ।

४५५. णेरइएसु धुविगाणं भुज०-अप्पद०-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० । थीणगिद्धि०-मिच्छ०-अणंताणु०४ तिण्णिपदा ओघं । अवत्त० कस्स० ? अण्ण० सम्मत्त० सम्मामि० परिवद० पढमसम० मिच्छा० सासण० । णवरि मिच्छा० अवत्त० कस्स० ? अण्ण० सम्म० सासण० सम्मामि० वा परिवद० पढमस० मिच्छा० । सेसा० ओघं । एवं सव्वणेरइगाणं । णवरि सत्तमाए तिरिक्ख०--तिरिक्खाणु०--णीचा० थीणगि०-भंगो । मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० तिण्णिपदा णाणा०भंगो । अवत्त० कस्स० ? अण्ण० पढम० असंज० सम्मामि० ।

४५६. तिरिक्खेसु धुविगाणं णेरइगभंगो । सेसं ओघं । णवरि संजमो णत्थि । सेसाणं सव्वाणं अणाहारए त्ति ओघं । कायाणं साधेदव्वं । णवरि तेउलेस्साए इत्थि०-पुरिस० भुज०-अप्प०--अवट्ठि०--अवत्त० कस्स० ? अण्णद० तिगदियस्स० । णवुंस० तिण्णिपदा अवत्त० कस्स० ? अण्ण० देवस्स । तिरिक्खगदि-मणुसगदि० तासिं आणु० तिण्णिपदा देवस्स० । अवत्त० क० ? अण्ण० देवस्स परियत्तमाणयस्स । ओरालि०

प्रथम दण्डकके अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? उपशमश्रेणीसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती अन्यतर मनुष्य और मनुष्यिनी प्रथम दण्डकके अवक्तव्यबन्धका स्वामी है ।

४५५. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर नारकी स्वामी है । स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके तीन पदोंका भंग ओघके समान है । अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वसे गिरनेवाला अन्यतर प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि जीव इनके अवक्तव्यबन्धका स्वामी है । इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? सम्यक्त्व, सासादनसम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वसे गिरनेवाला अन्यतर प्रथमसमयवर्ती मिथ्यादृष्टि नारकी मिथ्यात्वके अवक्तव्यबन्धका स्वामी है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । इसी प्रकार सब नारकियोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका भङ्ग स्त्यानगृद्धिके समान है । मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके तीन पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । इनके अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रथम समयवर्ती असंयतसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि नारकी इनके अवक्तव्यबन्धका स्वामी है ।

४५६. तिर्यञ्चोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग नारकियोंके समान है । शेष भङ्ग ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि इनके संयम नहीं है । अनाहारक मार्गणा तक शेष सबका भङ्ग ओघके समान है । पाँच स्थावरकायवालोंका साध लेना चाहिए । इतनी विशेषता है कि पीतलेश्यामें स्त्रीवेद और पुरुषवेदके भुजगार, अल्पतर, अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है । अन्यतर तीन गतिका जीव स्वामी है । नपुंसकवेदके तीन पदोंका और अवक्तव्यपदका स्वामी कौन है ? अन्यतर देव स्वामी है । तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति और उनकी आनुपूर्वियोंके तीन पदोंका स्वामी देव है । अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? परिवर्तमान मध्यम परिणामवाला

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिण्णिपदा अण्णदर०। अवत्त० कस्स०? अण्ण० पढमस० देवस्स। एवं पम्माए वि। सुक्कलेस्साए तिण्णिवेदाणं अवत्त० कस्स०? अण्ण० देवस्स।

एवं सामित्तं समत्तं।

कालाणुगमो

४५७. कालाणु० दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० सव्वपगदीणं भुज०-अप्प०-बंधगा केवचिरं कालादो होदि? जह एगसम०, उ० अंतो०। अवट्ठि० केव०? ज० ए०, उ० सत्तट्ठ सम०। णवरि चदुआउ० अवट्ठि० ज० ए०, उ० सत्त सम०। अवत्त० सव्वपगदीणं एग०, एवं अणाहारए त्ति णेदव्वं। एवं णिरयादिसु अवट्ठिद-कालो अट्ठसमया भवंति। कम्मइ०-अणाहारएसु तिण्णि समया भवंति।

एवं कालं समत्तं[1]।

अन्यतर देव अवक्तव्यबन्धका स्वामी है। औदारिकशरीरके तीन पदोंका अन्यतर देव स्वामी है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर प्रथम समयवर्ती देव स्वामी है। इसी प्रकार पद्मलेश्यामें भी जानना चाहिए। शुक्ललेश्यामें तीन वेदोंके अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर देव स्वामी है।

इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ।

कालानुगम

४५७. कालानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे सब प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीवका कितना काल है? जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित पदके बन्धक जीवका कितना काल है? जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल सात व आठ समय है। इतनी विशेषता है कि चार आयुके अवस्थित पदके बन्धक जीवका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल सात समय है। सब प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए। इसी प्रकार नरकादिमें अवस्थितबन्धका काल आठ समय होता है। मात्र कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें तीन समय होता है।

विशेषार्थ—अनुभागबन्धमें वृद्धि और हानिके छह-छह स्थान हैं। उनमेंसे यद्यपि पाँच वृद्धियों और पाँच हानियोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। पर अनन्तगुणवृद्धि और अनन्तगुणहानिका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसीसे यहाँ सब प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर अनुभागबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। अवस्थित अनुभागबन्धके कारणभूत परिणाम कम से कम एक समय तक और अधिकसे अधिक सात-आठ समय तक होते हैं, इसलिए अवस्थित अनुभागबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल सात-आठ समय कहा है। पर आयुकर्मके अवस्थित अनुभागबन्धका उत्कृष्ट काल सात समय ही है, क्योंकि आयु-कर्मके अवस्थित अनुभागबन्धके योग्य परिणाम इतने कालसे अधिक समय तक नहीं होते। सब

---

१. ता० प्रतौ एवं कालं समत्तं इति पाठो नास्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंतराणुगमो

४५८. अंतराणु० दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-छदंस०-चदुसंज०-भय-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० भुज०-अप्प० बंधंतरं केव० होदि ? ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि० ज० ए०, उ० असंखेज्जा लोगा। अवत्त० ज० अंतो०, उ० अद्धपो०। थीणगि०-मिच्छ०-अणंताणु०४ भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० बेछावट्ठि० देसू०। अवट्ठि०-अवत्त० णाणा०भंगो। सादासाद०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० तिण्णिपदा णाणा०भंगो। अवत्त० ज० उ० अंतो०। अट्ठक० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० पुव्वकोडी दे०। अवट्ठि०-अवत्त० णाणा०भंगो। इत्थि० अवत्त० ज० अंतो०, उ० बेछावट्ठि० दे०। सेसाणं पदाणं थीणगिद्धिभंगो। णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थवि०-दुस्सर-अणादें० भुज०-अप्प० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० तिण्हं पि बेछावट्ठिसाग० सादि० तिण्णि पलि० देसू०। अवट्ठि० णाणा०भंगो। पुरिस० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि० णाणा०भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० बेछावट्ठि० सादि०। तिण्णिआउ[1]०-

प्रकृतियोंके अवक्तव्य अनुभागबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है, यह स्पष्ट ही है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

अन्तरानुगम

४५८. अन्तरानुगम दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजगार और अल्पतरबन्धका अन्तरकाल कितना है? जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अर्धपुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, और अनन्तानुबन्धी चारके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छियासठ सागरप्रमाण है। अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, हास्य, रति, अरति, शोक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिके तीन पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। इनके अवक्तव्यबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। आठ कषायोंके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है। अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। स्त्रीवेदके अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छियासठ सागरप्रमाण है। शेष पदोंका भङ्ग स्त्यानगृद्धिके समान है। नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुःस्वर और अनादेयके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और तीनों ही का उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य अधिक दो छियासठ सागरप्रमाण है। अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। पुरुषवेदके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरण

१. ता० आ० प्रत्योः सादि० तिण्णिआउ० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेउव्वियछ० भुज०-अप्प० अवट्ठि० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० चदुण्णं पि अणंतकालं०। तिरिक्खाउ० भुज०-अप्प० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०[1], उ० सागरोवमसदपुध०। अवट्ठि० णाणा०भंगो। तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० तेवट्ठि०सा०सदं०। अवट्ठि० णाणा०भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० असंखेज्जा लोगा। मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० सव्वाणं असंखेज्जा लोगा। चदुजा०-आदाव०-थावरादि०४ भुज०-अप्प० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० पंचासीदिसागरोवमसदं। अवट्ठि० णाणा०-भंगो। पंचिं०-पर०-उस्सा०-तस०४ भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि० णाणा०भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० पंचासीदिसागरोवमसदं। ओरा० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० तिण्णि पलि० सादि०। अवट्ठि० णाणा०भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० अणंतका०। आहार०२ भुज०-अप्प०-अवट्ठि० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० अद्धपोग्गल०। समचदु०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदें० तिण्णि पदा

के समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छियासठ सागरप्रमाण है। तीन आयु और वैक्रियिक छहके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और चारों ही पदोंका उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है। तिर्यञ्चायुके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और तीनों ही पदोंका उत्कृष्ट अन्तर सौ सागरपृथक्त्वप्रमाण है। अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। तिर्यञ्चगति और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर एकसौ त्रेसठ सागरप्रमाण है। अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, और उच्चगोत्रके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और सब पदोंका उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। चार जाति, आतप और स्थावर आदि चारके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और सब पदोंका उत्कृष्ट अन्तर एकसौ पचासी सागर है। अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। पञ्चेन्द्रियजाति, परघात, उच्छ्वास और त्रसचतुष्कके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एकसौ पचासी सागर है। औदारिकशरीरके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य है। अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है। आहारकद्विकके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और सब पदोंका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयके तीन पदोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रियजातिके समान है। अवक्तव्यबन्धका

---

१. ता० प्रतौ अवत्त० अंतो० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचिंदियजादिभंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० बेछावट्ठिसा० सादि० तिण्णि पलि० देसू०। ओरालि०अंगो०-वज्जरि० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० ओरालि०भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० तेत्तीसं सा० सादि०। उज्जो० तिण्णि पदा तिरिक्खगदिभंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० तेवट्ठि०सदं। तित्थ० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० तेत्तीसं सा० सादि० दो पुव्वकोडीओ दोहि वासपुधत्तेहि ऊणियाओ सादिरेयं। णीचा० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० णवुंसग-भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० असंखेज्जा लोगा।

जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य अधिक दो छियासठ सागर-प्रमाण है। औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रर्षभनाराचसंहननके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित-बन्धका भङ्ग औदारिकशरीरके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। उद्योतके तीन पदोंका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एकसौ त्रेसठ सागर है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर दोनों पदोंका दो वर्षपृथक्त्व कम दो पूर्वकोटि अधिक तेतीस सागर है। नीच-गोत्रके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका भङ्ग नपुंसकवेदके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है।

विशेषार्थ—ओघसे सब प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कह आये हैं, इसलिए यहाँ पाँच ज्ञानावरणादिके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। आगे जिन प्रकृतियोंके इन पदोंका यह अन्तर कहा है, वह इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए। यतः भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य काल और जघन्य अन्तर एक समय कहा है, अतः अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय बन जाता है तथा अनुभागबन्धके योग्य कुल परिणाम असंख्यात लोकप्रमाण हैं, अतः अवस्थितबन्धका उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण कहा है; क्योंकि सब परिणामोंके होनेके बाद अवस्थितबन्धके योग्य परिणाम अवश्य प्राप्त होते हैं, ऐसा नियम है। आगे जिन प्रकृतियोंके इस पदका यह अन्तर कहा है, वह इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए। जो दो बार उपशमश्रेणिपर चढ़कर दो बार इन प्रकृतियोंका अबन्धक होकर पुनः बन्ध करता है, उसके इन प्रकृतियोंके अवक्तव्यबन्धका अन्तर प्राप्त होता है। किन्तु उपशमश्रेणि पर आरोहण अन्तर्मुहूर्तके अन्तरसे भी सम्भव है और कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तनके अन्तरसे भी सम्भव है, अतः इन प्रकृतियोंके अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अर्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण कहा है। स्त्यानगृद्धि तीन आदिका प्रकृतिबन्धसम्बन्धी उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छियासठ सागरप्रमाण है, इसलिए इन प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतरबन्धका उत्कृष्ट अन्तर उक्त प्रमाण कहा है, क्योंकि इतने काल तक इन प्रकृतियोंका बन्ध न होनेसे भुजगार आदि पद कैसे सम्भव हो सकते हैं? तथा इनके अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका अन्तर ज्ञानावरणके समान कहा है सो यहाँ अवक्तव्यबन्धका अन्तर अन्तर्मुहूर्त और कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तनके अन्तरसे दो बार सम्यक्त्वपूर्वक मिथ्यात्वमें ले जाकर लाना चाहिए। सातावेदनीय आदि सब परावर्तमान प्रकृतियाँ हैं और इनके प्रकृतिबन्धका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है, फिर भी यहाँ इनके अवक्तव्यबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्तर्मुहूर्त कहनेका कारण यह प्रतीत होता है कि इनमेंसे किसी एक प्रकृतिका दो बार अबन्धपूर्वक बन्ध अन्तर्मुहूर्तके अन्तरसे ही होता है। आठ कषायोंके प्रकृतिबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है, इसलिए यहाँ इनके भुजगार और अल्पतरबन्धका उत्कृष्ट अन्तर उक्तप्रमाण कहा है। इनके अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका अन्तर ज्ञानावरणके समान कहा है सो अवक्तव्यबन्धका अन्तर लाते समय वह अन्तर्मुहूर्त और अर्धपुद्गल परावर्तन कालके अन्तरसे दो बार संयमासंयम और संयमपूर्वक असंयममें ले जाकर लाना चाहिए। स्त्रीवेदके अवक्तव्यबन्धके जघन्य अन्तरका खुलासा सातावेदनीयके समान कर लेना चाहिए तथा किसी जीवने स्त्रीवेदका अवक्तव्यबन्ध करके कुछ कम दो छियासठ सागर काल तक उसका बन्ध नहीं किया। पुनः मिथ्यात्वमें आकर उसका अवक्तव्यबन्ध किया यह सम्भव है, इसलिए इसके अवक्तव्यबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छियासठ सागर प्रमाण कहा है। नपुंसकवेद आदिका बन्ध कुछ कम तीन पल्य अधिक दो छियासठ सागर काल तक नहीं होता, इसलिए इनके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्यबन्धका उत्कृष्ट अन्तर उक्तकाल प्रमाण कहा है। पुरुषवेदका यदि निरन्तर बन्ध हो तो साधिक दो छियासठ सागर काल तक होता है। इसके बाद ऐसे जीवके मिथ्यादृष्टि होने पर अन्य वेदोंका भी बन्ध सम्भव है, अतः इसके अवक्तव्यबन्धका उत्कृष्ट अन्तर उक्त काल प्रमाण कहा है। यहाँ प्रारम्भमें और अन्तमें अवक्तव्यबन्ध कराकर यह अन्तर लाना चाहिए। जो निरन्तर एकेन्द्रिय पर्यायमें रहता है, उसके अनन्तकाल तक तीन आयु और वैक्रियिकषट्कका बन्ध नहीं होता, अतः इनके चारों पदोंका उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल प्रमाण कहा है। तिर्यञ्चायुका बन्ध अधिकसे अधिक सौ सागर पृथक्त्व काल तक नहीं होता, अतः इसके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्यबन्धका उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व काल तक कहा है। तिर्यञ्चगतिद्विकका बन्ध १६३ सागर तक नहीं होता, इसलिए इनके भुजगार और अल्पतरबन्धका उत्कृष्ट अन्तर एक सौ त्रेसठ सागर प्रमाण कहा है। तथा अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके निरन्तर इन दो प्रकृतियोंका ही बन्ध होता है और इनकी कायस्थिति असंख्यात लोकप्रमाण है, अतः इनके अवक्तव्यबन्धका उत्कृष्ट अन्तर उक्त काल प्रमाण कहा है। मनुष्यगतिद्विक और उच्चगोत्रका बन्ध अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके नहीं होता, अतः इनके चारों पदोंका उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। चार जाति आदिका बन्ध अधिकसे अधिक एक सौ पचासी सागर तक नहीं होता, अतः इनके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्यबन्धका उत्कृष्ट अन्तर एक सौ पचासी सागर प्रमाण कहा है। पञ्चेन्द्रियजाति आदिका निरन्तर बन्ध एक सौ पचासी सागर तक होता रहता है, अतः इनके अवक्तव्यबन्धका उत्कृष्ट अन्तर एक सौ पचासी सागर प्रमाण कहा है। औदारिकशरीरका साधिक तीन पल्यतक बन्ध नहीं होता, अतः इसके भुजगार और अल्पतरबन्धका उत्कृष्ट अन्तर उक्तकाल प्रमाण कहा है और एकेन्द्रियोंमें अनन्त काल तक निरन्तर इसीका बन्ध होता है, अतः इसके अवक्तव्यबन्धका उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल कहा है। आहारकद्विकका अर्धपुद्गल परिवर्तन काल तक बन्ध न हो यह सम्भव है, अतः इनके चारों पदोंका उत्कृष्ट अन्तर उक्त काल प्रमाण कहा है। समचतुरस्रसंस्थान आदिका निरन्तरबन्ध कुछ कम तीन पल्य अधिक दो छियासठ सागर काल तक होता रहता है, अतः इनके अवक्तव्यबन्धका उत्कृष्ट अन्तर उक्तकाल प्रमाण कहा है। औदारिकआङ्गोपाङ्ग आदिका निरन्तर बन्ध साधिक तेतीस सागर काल तक होता रहता है, अतः इसके अवक्तव्यबन्धका उत्कृष्ट अन्तर उक्तकाल प्रमाण कहा है। उद्योतका बन्ध एक सौ त्रेसठ सागर काल तक नहीं होता, इसलिए इसके अवक्तव्यबन्धका उत्कृष्ट अन्तर उक्तकाल प्रमाण कहा है। एक पर्यायमें अन्तर्मुहूर्तके अन्तरसे दो बार उपशमश्रेणीपर आरोहण करनेवालेके तीर्थङ्कर प्रकृतिके अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होनेसे उक्तप्रमाण कहा है और साधिक तेतीस सागरके अन्तरसे दो बार उपशमश्रेणिपर आरोहण करनेवालेके अवक्तव्यबन्धका उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर प्राप्त होनेसे उक्तप्रमाण कहा है। इसके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४५९. णिरएसु धुविगाणं भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि० ज० ए०, उ० तेत्तीसं० दे०। थीणगि०३-मिच्छ०-अणंताणु०४-इत्थि०-णवुंस०-दोगदि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-दोआणु०-उज्जो०-अप्पस०-दूभग-दुस्सर-अणादें०-दोगो० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० तेत्तीसं० दे०। दोवेदणी०-चदुणोक०-थिरादितिण्णियु० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि० ज० ए०, उ० तेत्तीसं० देसू०। अवत्त० जहण्णु० अंतो०। पुरिस०-समच०-वज्जरि०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदें० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० साद०भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० तेत्तीसं० देसू०। दोआयु० तिण्णिपदा ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० छम्मासं दे०। तित्थ० भुज०-अप्पद० ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि० ज० ए०, उ० तिण्णिसाग० सादि०। अवत्त० णत्थि अंतरं। एवं सत्तमाए। छसु उवरिमासु मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० पुरिस०भंगो।

अवस्थितबन्धका उत्कृष्ट अन्तर भी यही है, क्योंकि तीर्थङ्कर प्रकृतिका उत्कृष्ट बन्धकाल इससे अधिक नहीं है। शेष कथन सुगम है। आगे आदेशसे भी जिस मार्गणामें अन्तरका विचार करना हो, उस मार्गणाके काल आदिको जानकर वह घटित कर लेना चाहिए। ग्रन्थविस्तार और पुनरुक्त होनेके भयसे हम उस पर अलग-अलग विचार नहीं करेंगे।

४५९. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, दो गति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और दो गोत्रके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और सबका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। दो वेदनीय, चार नोकषाय और स्थिर आदि तीन युगलके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। पुरुषवेद, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराच संहनन, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। दो आयुओंके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छह महीना है। तीर्थङ्करके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन सागर है। अवक्तव्यबन्धका अन्तर काल नहीं है। इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए। प्रारम्भकी छह पृथिवियोंमें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग पुरुषवेदके समान है।

विशेषार्थ—जो तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध करनेवाला मनुष्य मिथ्यादृष्टि होकर नारकियोंमें उत्पन्न होता है, उसके इसका अवक्तव्यबन्ध तो होता है, पर दूसरी बार अवक्तव्यबन्ध सम्भव -

१. आ० प्रतौ अवट्ठि० ज० ए० उ० अवत्त० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

४६०. तिरिक्खेसु धुविगाणं भुज०-अप्प०-अवट्ठि० ओघं। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणु०४ भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० तिण्णिपलि० दे०। अवट्ठि०-अवत्त० ओघं। साददंडओ ओघं। अप्पच्चक्खाण०४-वेउ०छ०-मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० ओघं। इत्थि० अवत्त० ज० अंतो०, उ० तिण्णिपलिदो० दे०। सेसपदा मिच्छत्तभंगो। णवुंस०-चदुजा०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-आदाउ०-अप्पसत्थ०-थावरादि०४-दूभग-दुस्सर-अणादें० भुज०-अप्पद० ज० ए०, उ० पुव्वकोडी देसू०। अवट्ठि० ओघं। अवत्त० ज० अंतो०, उ० पुव्वकोडी दे०। पुरिस० तिण्णिपदा सादभंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० तिण्णिप० दे०। तिण्णिआउ० तिण्णिप० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० पुव्वकोडितिभागा देसू०। तिरिक्खाउ० भुज०-अप्प० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० पुव्वकोडी सादि०। अवट्ठि० तिरिक्खगदितिगं णवुंसगभंगो। अवत्तं ओघं[1]। पंचिं०-समचदु०-पर०-उस्सा०-पसत्थ०-तस०४-

न होनेसे इसके अन्तरका निषेध किया है। तथा प्रथमादि छह पृथिवियोंमें मनुष्यगतित्रिक का बन्धाबन्ध पुरुषवेदके समान है, अतः यहाँ इनके सब पदोंका अन्तर पुरुषवेदके समान कहा है। अवस्थित बन्धका उत्कृष्ट अन्तर भी यही है, क्योंकि तीर्थङ्कर प्रकृतिका उत्कृष्ट बन्धकाल इससे अधिक नहीं है। शेष कथन सुगम है। आगे आदेशसे भी जिस मार्गणामें अन्तरका विचार करना हो, उस मार्गणाके काल आदिको जान कर वह घटित कर लेना चाहिए। ग्रन्थ विस्तार और पुनरुक्त होनेके भयसे हम उस पर अलग-अलग विचार नहीं करेंगे।

४६०. तिर्यञ्चोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका भङ्ग ओघके समान है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्यप्रमाण है। अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका अन्तर ओघके समान है। सातावेदनीयदण्डकका भङ्ग ओघके समान है। अप्रत्याख्यानावरण चार, वैक्रियिक छह, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग ओघके समान है। स्त्रीवेदके अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। शेष पदोंका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है। नपुंसकवेद, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार, दुर्भग, दुःस्वर और अनादेयके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है। अवस्थितबन्धका अन्तर ओघके समान है। तथा अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है। पुरुषवेदके तीन पदोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। तथा अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्यप्रमाण है। तीन आयुओंके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उक्त पदोंका उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटिका कुछ कम त्रिभागप्रमाण है। तिर्यञ्चायुके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उक्त पदोंका उत्कृष्ट अन्तर साधिक एक पूर्वकोटि प्रमाण है। तथा इसके अवस्थितबन्धका और तिर्यञ्चगतित्रिकका भङ्ग नपुंसकवेदके समान है। तथा तिर्यञ्चगतित्रिकके अवक्तव्यबन्धका भङ्ग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रियजाति, समचतुरस्रसंस्थान, परघात, उच्छ्वास,

१. अवत्त० अवत्त० (?) ओघं इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुभग-सुस्सर-आदें० तिण्णिपदा० सादभंगो[1]। अवत्त० ज० अंतो०, उ० पुव्वकोडी दे०। ओरालि० तिण्णिप० णवुंसगभंगो। अवत्त० ओघं।

४६१. पंचिं०तिरिक्ख०३ धुविगाणं भुज०-अप्प० ओघं। अवट्ठि० ज० ए०, उ० तिण्णिपलि० पुव्वकोडिपु०। थीणगिद्धिदंडओ तिरिक्खोघं। अवट्ठि[2]० णाणा०-भंगो। एवं अवत्त०। [णवरि ज० अंतो०]। सादासादें[3]०-चदुणोक०-थिरादि-तिण्णियु० सव्वपदा ओघं। अवट्ठि० णाणा०भंगो। अपच्चक्खाण०४ दोपदा ओघं। अवट्ठि० सादभंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० पुव्वकोडिपुधत्तं०। इत्थि० मिच्छ०भंगो। णवरि अवत्त० तिरिक्खोघं। [पुरिस० अवत्त० तिरिक्खोघं।] सेसपदा सादभंगो। णवुंस० तिण्णिग०-चदुजा०-ओरा०-पंचसंठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-तिण्णिआणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-थावरादि०४-दूभग-दुस्सर-अणादें०-णीचागो० भुज०-अप्प० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० पुव्वकोडी० दे०। अवट्ठि० ज० ए०, उ० पुव्व-कोडिपुध०। चत्तारि आऊणि तिरिक्खोघं। णवरि तिरिक्खाउ० अवट्ठि० ज० ए०,

---

प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर और आदेयके तीन पदोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि-प्रमाण है। औदारिकशरीरके तीन पदोंका भङ्ग नपुंसकवेदके समान है। तथा अवक्तव्यपदका भङ्ग ओघके समान है।

४६१. पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिकमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतरबन्धका भङ्ग ओघके समान है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्यप्रमाण है। स्त्यानगृद्धिदण्डकका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इतना विशेष है कि अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। इसी प्रकार अव-क्तव्यबन्धका अन्तर काल जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय और स्थिर आदि तीन युगलके सब पदोंका भङ्ग ओघके समान है। मात्र अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अप्रत्याख्यानावरण चारके दो पदोंका भङ्ग ओघके समान है। अवस्थितबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्य-बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। स्त्रीवेदका भङ्ग मिथ्यात्वके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यबन्धका भंग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। पुरुषवेदके अवक्तव्यबन्धका भंग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है, शेष पदोंका भंग सातावेदनीय-के समान है। नपुंसकवेद, तीन गति, चार जाति, औदारिकशरीर, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, तीन आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और तीनों पदोंका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है। तथा अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। चारों आयुओंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुके अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर

---

१. ता० आ० प्रत्योः तिण्णिपदा सादासादभंगो० इति पाठः। २. ता० आ० प्रत्योः अवत्त० इति पाठः। ३. ता० आ० प्रत्योः एवं अवट्ठि० सादासाद० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उ० पुव्वकोडिपु०। देवग०-पंचिंदि०-वेउव्वि०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-देवाणु०-पर०-उस्सा०-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें०-उच्चा० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० साद०-भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० पुव्वकोडी दे०।

४६२. पंचिं०तिरिक्ख०अप० सव्वाणं तिण्णिपदा ज० ए०, उ० अंतो०। णवरि परियत्तमाणिगाणं अवत्त० ज० अंतो०, उ० अंतो०। एवं सव्वअपज्जत्तगाणं सव्वसुहुमपज्जत्तापज्जत्ताणं च।

४६३. मणुस०३ पंचिंदि०तिरिक्खभंगो। णवरि आहारदुगं तिण्णिपदा ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० पुव्वकोडिपु०। तित्थ० दोपदा ओघं। अवट्ठि० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० पुव्वकोडी दे०। णवरि धुविगाणं अवत्त० ज० अंतो०, उ० पुव्वकोडिपुध०।

४६४. देवेसु धुविगाणं भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि० ज०

पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, देवगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है।

विशेषार्थ—यहाँ स्त्यानगृद्धि आदिके अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान कहा है, अतः स्त्यानगृद्धि आदिके अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान जानना चाहिए—यह इस कथनका तात्पर्य है। और इनके अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तर अवस्थितके उत्कृष्ट अन्तरके समान होता है। अतः इसको यहाँ अवस्थितके समान कहकर जघन्य की अपेक्षा विशेषता खोल दी है। इसी प्रकार यहाँ सातावेदनीय आदिके सब पद ओघके समान कहके अवस्थित पदको ज्ञानावरणके समान कहा है सो इसका यह तात्पर्य है कि सातावेदनीय आदिके शेष पदोंका जो अन्तर ओघमें कहा है, वह यहाँ जानना चाहिए। मात्र इनके अवस्थित-पदका अन्तर जैसा यहाँ ज्ञानावरणके अवस्थित पदका कहा है, उस प्रकार जानना चाहिए। इसी प्रकार अन्य अन्तर घटित कर लेना चाहिए।

४६२. पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चअपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि परिवर्तमान प्रकृतियोंके अवक्तव्य-बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार सब अपर्याप्त तथा सब सूक्ष्म और उनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए।

४६३. मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि आहारक-द्विकके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और सबका उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके दो पदोंका अन्तर ओघके समान है। अवस्थित पदका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और दोनों पदोंका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है। इतनी विशे-षता है कि ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है।

४६४. देवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ए०, उ० तेत्तीसं० दे०। थीणगि०३-मिच्छ०-अणंताणु०४-इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० तिण्णिप० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० एक्कत्तीसं० दे०। सादद्दंडओ णिरयभंगो। पुरिस०-समचदु०-वज्जरि०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० तिण्णिपदा सादभंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० एक्कत्तीसं० देसू०। दोआउ० णिरयभंगो। तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु०-उज्जो० तिण्णिप० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० अट्ठारस सागo सादि०। मणुस०-मणुसाणु० तिण्णिप० सादभंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० अट्ठारह० सादि०। एइंदि०-आदाव-थावर० तिण्णिप० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० बेसाग० सादि०। पंचिं०-ओरा०अंगो०-तस० तिण्णिप० सादभंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० बेसाग० सादि०। तित्थ० तिण्णिप० णाणा०भंगो। एवं सव्वदेवाणं अप्पप्पणो-अंतरं णेदव्वं।

४६५. एइंदिएसु सव्वाणं पगदीणं भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि० ओघं। बादरे अंगुलस्स असं०, बादरपज्जत्ते संखेज्जाणि वाससहस्साणि, सुहुमाणं असंखेज्जा लोगा। सव्वाणं अवत्त० ज० उ० अंतो०। तिरिक्खाउ० अवट्ठि० णाणा०भंगो। सेसपदा पगदिअंतरं। मणुसाउ[1] तिण्णिप० ज० ए०, अवत्त० ज०

उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और सबका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम इकतीस सागर है। सातावेदनीयदण्डकका भङ्ग नारकियोंके समान है। पुरुषवेद, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, सुभग, प्रशस्त विहायोगति, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रके तीन पदोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम इकतीस सागर है। दो आयुओंका भङ्ग नारकियोंके समान है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और सबका उत्कृष्ट अन्तर साधिक अठारह सागर है। मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीके तीन पदोंका अन्तर सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक अठारह सागर है। एकेन्द्रियजाति, आतप और स्थावरके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और सबका उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर है। पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और त्रसके तीन पदोंका अन्तर सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके तीन पदोंका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। इसी प्रकार सब देवोंके अपना-अपना अन्तर जानना चाहिए।

४६५. एकेन्द्रियोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितपदका अन्तर ओघके समान है। अवस्थितपदका उत्कृष्ट अन्तर बादरोंमें अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है, बादर पर्याप्तकोंमें संख्यात हजार वर्ष है और सूक्ष्मोंमें असंख्यात लोकप्रमाण है। तथा सब (परिवर्तमान) प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। तिर्यञ्चायुके अवस्थितपदका अन्तर ज्ञानावरणके समान

१. आ० प्रतौ मणुसाणु० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंतो०, उ० सत्तवाससह० सादि०। तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु०-णीचा० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० णाणा०भंगो। अवत्त० ओघं। बादरे कम्मट्ठिदी०, पज्जत्ते संखेज्जाणि वाससहस्साणि, सुहुमाणं असंखेज्जा लोगा। मणुसगदि-मणुसाणु०-उच्चा० चत्तारिपदा-ओघभंगो। एवं सुहुमाणं पि। णवरि बादरे कम्मट्ठिदी०। णवरि अवट्ठि० ज० ए०, उ० अंगुल० असं०। बादरपज्जत्ते संखेज्जाणि वाससह०।

४६६. बेइं०-तेइं०-चदुरिं० सव्वपगदीणं भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि० ज० ए०, उ० संखेज्जाणि वास०। णवरि तिरिक्खाउ० भुज० अप्प० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० भवट्ठिदी० सादि०। अवट्ठि० णाणा०भंगो। मणुसाउ० भुज०-अप्प०-अवट्ठि०-अवत्त० ट्ठिदिभुजगारभंगो। पंचण्णं कायाणं सव्वपगदीणं ट्ठिदि-भुजगारभंगो कादव्वो।

४६७. पंचिंदि०-तस०२ पंचणा०-छदंस०-चदुसंज०-भय-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० भुज०-अप्प० ओघं। अवट्ठि० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० सगट्ठिदी०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणु०४ भुज०-अप्प० ओघं। अवट्ठि०-अवत्त० ज० ए० अंतो०, उ० णाणा०भंगो। सादंडओ ओघ। अवट्ठि०

है। शेष पदोंका अन्तर प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। मनुष्यायुके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और सब पदोंका उत्कृष्ट अन्तर साधिक सात हजार वर्ष है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्धका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका अन्तर ओघके समान है। बादरोंमें कर्मस्थिति प्रमाण है, पर्याप्तकोंमें संख्यात हजार वर्ष है और सूक्ष्मोंमें असंख्यात लोक-प्रमाण है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके चारों पदोंका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार सूक्ष्म जीवोंमें भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि बादरोंमें कर्मस्थितिप्रमाण है। इतनी और विशेषता है कि अवस्थितपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अङ्गुलके असंख्यातवें भागप्रमाण है। तथा बादर पर्याप्तक जीवोंमें संख्यात हजार वर्ष प्रमाण है।

४६६. द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय और चतुरिन्द्रिय जीवोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर-पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर संख्यात वर्ष है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और तीनों पदोंका उत्कृष्ट अन्तर साधिक भवस्थितिप्रमाण है। अवस्थितपदका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। मनुष्यायुके भुजगार, अल्पतर, अवस्थित और अवक्तव्यपदका अन्तर स्थितिबन्धके भुजगारके समान है। पाँच स्थावरकायिक जीवोंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग स्थितिबन्धके भुजगारके समान करना चाहिए।

४६७. पञ्चेन्द्रियद्विक और त्रसद्विक जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजगार और अल्पतरपदका भङ्ग ओघके समान है। अवस्थितपदका जघन्य अन्तर एक समय है अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और दोनोंका उत्कृष्ट अन्तर अपनी-अपनी कायस्थितिप्रमाण है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके भुजगार और अल्पतरपदका भङ्ग ओघके समान है। अवस्थित और अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर क्रमसे एक समय और अन्तर्मुहूर्त है तथा दोनोंका उत्कृष्ट अन्तर ज्ञानावरणके समान है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णाणा०भंगो। अट्ठक० भुज०-अप्प० ओघं। सेसाणं णाणा०भंगो। इत्थि० भुज०-अप्प० अवत्त० ओघं। अवट्ठि० णाणा०भंगो। पुरिस० भुज०-अप्प०-अवत्त० ओघं। अवट्ठि० णाणा०भंगो। णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादें०-णीचा०, भुज०-अप्प०-अवत्त० ओघं। अवट्ठि० णाणा०भंगो। तिण्णि-आउ० भुज०-अप्प० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उक्क० सागरो०सदपुध०। अवट्ठि० कायट्ठिदी०। मणुसाउ० सव्वपदाणं सगट्ठिदी०। णिरयगदि-चदुजा०-णिरयाणु०-आदाव०-थावरादि०४ भुज०-अप्प०-अवत्त० जं० ए० अंतो०, उक्क० पंचासीदिसाग०सद०। अवट्ठि० णाणा०भंगो। तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु०-उज्जो० भुज०-अप्प०-अवत्त० ज० ए० अंतो०, उ० तेवट्ठिसा०सद०। अवट्ठि० णाणा०भंगो। मणुसग०-देवग०-वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-दोआणु० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० तेत्तीसं० सादि० दोहि मुहुत्तेहि सादिरेयं। अवत्त० ज० अंतो०, उ० तेत्तीससागरो० सादिरे० पुव्वकोडि समऊणसादिरेयं। अवट्ठि० णाणा०भंगो। पंचिं०-पर०-उस्सा०-तस०४ भुज०-अप्प०-अवट्ठि० णाणा०भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० पंचासीदि-सागर०सदं०। ओरा०-ओरा०अंगो०-वज्ज० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० तिण्णि-

सातावेदनीयदण्डकका भङ्ग ओघके समान है। तथा अवस्थितपदका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। आठ कषायोंके भुजगार और अल्पतरपदका अन्तर ओघके समान है। शेष पदोंका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। स्त्रीवेदके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्यपदका अन्तर ओघके समान है। अवस्थितपदका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। पुरुषवेदके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य पदका अन्तर ओघके समान है। अवस्थितपदका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्यपदका अन्तर ओघके समान है। अवस्थित पदका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। तीन आयुओंके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और तीनों पदोंका उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्वप्रमाण है। तथा अवस्थित पदका अन्तर कायस्थितिप्रमाण है। मनुष्यायुके सब पदोंका अन्तर अपनी कायस्थितिप्रमाण है। नरकगति, चार जाति, नरकगत्यानुपूर्वी, आतप और स्थावर आदि चारके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर एक समय और अन्तर्मुहूर्त है। तथा उत्कृष्ट अन्तर एकसौ पचासी सागर है। अवस्थितपदका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय और अन्तर्मुहूर्त है। तथा उत्कृष्ट अन्तर एकसौ त्रेसठ सागर है। अवस्थितपदका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। मनुष्यगति, देवगति, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक-आङ्गोपाङ्ग और दो आनुपूर्वीके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट दो मुहूर्त अधिक तेतीस सागर है। अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक समय कम पूर्वकोटि अधिक तेतीस सागर है। अवस्थित पदका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। पञ्चेन्द्रियजाति, परघात, उच्छ्वास, और त्रसचतुष्कके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितपदका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एकसौ पचासी सागर है। औदारिकशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और

१. आ० अतो अप्प० ज० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पलि० सादि० । अवट्ठि० णाणा०भंगो । अवत्त० ज० अंतो०, उ० तेत्तीसं० सादि० पुव्वकोडी[1] सादि० । आहारदुगं तिण्णिपदा ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० चदुण्णं पि कायट्ठिदी० । समचदु०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदें०-उच्चा० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० पंचिंदियजादिभंगो । अवत्त० ज० अंतो०, उ० बेछावट्ठि० सादि० दोपुव्वकोडिवास-पुधत्ताणि याओ सादिरेयं तिण्णिपलिदो० देसू० अंतोमुहुत्तूणाणि । तित्थ० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो० । अवट्ठि० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० दोण्हं पि तेत्तीसं० सादि० दोपुव्वकोडीओ दोहि वासपुधत्तेहि ऊणियाओ सादि० ।

४६८. पंचमण०-पंचवचि० सव्वपगदीणं भुज०-अप्प०-अवट्ठि० ज० ए०, उ० अंतो० । अवत्त० णत्थि अंतरं । कायजोगीसु पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-ओरा०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो० । अवट्ठि० ज० ए०, उ० असंखेज्जा लोगा । अवत्त० णत्थि अंतरं । सादासाद०-सत्तणोक०-पंचजा०-छस्संठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-पर०-उस्सा०-आदा-उज्जो०-दोविहा०-तसथावरादिदसयु० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो० । अवट्ठि०

वज्रर्षभनाराचसंहननके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य है । अवस्थितपदका अन्तर ज्ञानावरणके समान है । अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि अधिक तेतीस सागर है । आहारक-द्विकके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है तथा चारों पदोंका उत्कृष्ट अन्तर कायस्थितिप्रमाण है । समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितपदका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय-जातिके समान है । अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य अधिक, दो वर्षपृथक्त्व कम दो पूर्वकोटि अधिक तथा अन्तर्मुहूर्त कम दो छियासठ सागरप्रमाण है । तीर्थङ्करप्रकृतिके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । अवस्थित पदका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है तथा दोनों ही पदोंका उत्कृष्ट अन्तर दो वर्षपृथक्त्व न्यून दो पूर्वकोटि अधिक तेतीस सागर है ।

४६८. पाँचों मनोयोगी और पाँचों वचनयोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । अवक्तव्य-पदका अन्तर काल नहीं है । काययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । अवस्थितपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है । अवक्तव्यपदका अन्तरकाल नहीं है । सातावेदनीय, असातावेदनीय, सात नोकषाय, पाँच जाति, छह संस्थान, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, दो विहायोगति और त्रस-स्थावर आदि दस युगलके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । अवस्थितपदका अन्तर ज्ञानावरण

---

१. ता० प्रतौ तेत्तीसं० सेसादि (सादि०) पुव्वकोडि इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णाणा०भंगो। अवत्त० ज० उ० अंतो०। दोआउ०-वेउव्वियछ०-आहारदुग-तित्थ० मणजोगिभंगो। तिरिक्खाउ० भुज०-अप्प० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० बावीसं वाससह० सादि०। अवट्ठि० ज० ए०, उ० असंखेज्जा लोगा। मणुसाउ०-मणुसगदि--मणुसाणु०--उच्चा० सव्वपदाणं ओघं। तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु०--णीचा० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि०-अवत्त० ओघं।

४६६. ओरालि० णाणावरणादिदंडओ कायजोगिभंगो। णवरि अवट्ठि० ज० ए०, उ० बावीसं वाससह० देसू०[1]। सादासाद०-सत्तणोक०-दोगदि-पंचजादि-छस्संठाण-ओरालि०अंगो०--छस्संघ०--दोआणु०-पर०-उस्सा०--आदाउ०-दोविहा०-तसथावरादि दसयुग०-दोगो० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि० णाणा०भंगो। अवत्त० ज० उ० अंतो०। दोआउ०-वेउव्वियछ०-आहारदुग-तित्थ० मणजोगिभंगो। दोआउ० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० सव्वपदाणं सत्तवास-सह० सादि०।

४७०. ओरालियमि० धुवियाणं देवगदिपंचगस्स च तिण्णिप० ज० ए०, उ० अंतो०। सेसाणं तिण्णिप० ज० ए०, उ० अंतो०। अवत्त० ज० उ० अंतो०।

के समान है। अवक्तव्यपदका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। दो आयु, वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग मनोयोगी जीवोंके समान है। तिर्यञ्चायुके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और तीनोंका उत्कृष्ट अन्तर साधिक बाईस हजार वर्ष है। अवस्थितपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। मनुष्यायु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके सब पदोंका भङ्ग ओघके समान है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित और अवक्तव्यपदका भङ्ग ओघके समान है।

४६६. औदारिककाययोगी जीवोंमें ज्ञानावरणादिदण्डकका भङ्ग काययोगी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि अवस्थितपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम बाईस हजार वर्ष है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, सात नोकषाय, दो गति, पाँच जाति, छह संस्थान, औदारिक आंगोपांग, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस-स्थावरादि दस युगल और दो गोत्रके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितपदका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यपदका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। दो आयु, वैक्रियिक छह, आहारक-द्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग मनोयोगी जीवोंके समान है। दो आयुओंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितपदका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और सब पदोंका उत्कृष्ट अन्तर साधिक सात हजार वर्ष है।

४७०. औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियों और देवगतिपञ्चकके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। शेष प्रकृतियोंके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। तथा अवक्तव्यपदका

---

१. ता० आ० प्रत्योः देसू० इति स्थाने सादि० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णवरि मिच्छ० अवत्त० णत्थि अंतरं। एवं वेउव्वियमि०-आहारमि०।

४७१. वेउव्वि०-आहार० धुवियाणं तिण्णिप० ज० ए०, उ० अंतो०। सेसाणं मणजोगिभंगो। कम्मइ० सव्वपगदीणं सव्वप० णत्थि अंतरं। णवरि अवट्ठि० ज० उ० ए०।

४७२. इत्थिवे० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि० ज० ए०, उ० पलि०सदपु०। थीण०३-मिच्छ०-अणंताणु०४ भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० पणवण्णं पलि० दे०। अवट्ठि०-अवत्त० णाणा०भंगो। णवरि अवत्त० ज० अंतो०। णिद्दा-पयला-भय-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि० तिण्णिप० णाणा०भंगो। अवत्त० णत्थि अंतरं। सादादिदंडओ अट्ठकसा०-दंडओ सव्वपदा ओघं। णवरि कायट्ठिदी भाणिदव्वा। इत्थि०-णवुंस०-तिरिक्ख०-एइंदि०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-तिरिक्खाणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-थावर०-दूभग-दुस्सर-अणादें०-णीचा० भुज०-अप्प० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० पणवण्णं पलि० दे०। अवट्ठि० णाणा०भंगो। पुरिस०-पंचिं०-समचदु०-पसत्थ०-तस०-सुभग-

---

जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंके जानना चाहिए।

४७१. वैक्रियिककाययोगी और आहारककाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मनोयोगी जीवोंके समान है। कार्मणकाययोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंका अन्तरकाल नहीं है। इतनी विशेषता है कि अवस्थितपदका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर एक समय है।

४७२. स्त्रीवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर सौ पल्यपृथक्त्व प्रमाण है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पचपन पल्य है। अवस्थित और अवक्तव्यपदका भङ्ग ज्ञानावरण (अवस्थितपद) के समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माणके तीन पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यपदका अन्तरकाल नहीं है। सातावेदनीय आदि दण्डक और आठ कषायदण्डकके सब पदोंका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि कायस्थिति कहनी चाहिए। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और तीनोंका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पचपन पल्य है। अवस्थितपदका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। पुरुषवेद, पञ्चेन्द्रियजाति, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, सुभग,

---

१. ता० प्रतौ अवत्त० णाणाव० अवट्ठि० (१) भंगो णवरि इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुस्सर-आदें०-उच्चा० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० णाणा०भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० पणवण्णं पलि० देसू०। णिरयाउ० सव्वपदा मणुसभंगो। दोआउ० तिण्णिप० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० कायट्ठिदी०। देवाउ० भुज० अप्प०-[अवट्ठि] ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० अट्ठावण्णं पलि० पुव्वकोडिपुधत्तं०। अवट्ठि० कायट्ठिदी०। वेउव्वियछ०-तिण्णिजा०-सुहुम०-अपज्ज०-साधार० भुज०-अप्प०-[अवट्ठि०] ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० पणवण्णं पलि० सादि०। अवट्ठि० कायट्ठिदी०। मणुस०-ओरा०-ओरा०अंगो०-वज्जरि०-मणुसाणु० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० तिण्णिपलि० दे०। अवट्ठि० णाणा०भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० पणवण्णं पलि० दे०। णवरि ओरालि० अवत्त० [उ०] पणवण्णं पलि० सादि०। आहारदुगं सव्वपदा ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० कायट्ठि०। पर०-उस्सा०-बादर-पज्जत्त-पत्ते० तिण्णिपदा० णाणा०-भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० पणवण्णं पलि० सादि०। तित्थ० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि० ज० ए०, उ० पुव्वकोडी दे०। अवत्त० णत्थि अंतरं।

४७३. पुरिसेसु पढमदंडओ पंचणाणावरणादी विदियदंडओ थीणगिद्धिआदी

सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितपदका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पचपन पल्य है। नरकायुके सब पदोंका भङ्ग मनुष्योंके समान है। दो आयुओंके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और सब पदोंका उत्कृष्ट अन्तर कायस्थितिप्रमाण है। देवायुके भुजगार अल्पतर और अवस्थित पदका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उक्त तीन पदोंका उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक अट्ठावन पल्य है। तथा अवस्थितपदका अन्तर कायस्थितिप्रमाण है। वैक्रियिक छह, तीन जाति, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणके भुजगार अल्पतर और अवस्थितपदका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और तीनका उत्कृष्ट अन्तर साधिक पचपन पल्य है तथा अवस्थितपदका उत्कृष्ट अन्तर काय-स्थितिप्रमाण है। मनुष्यगति, औदारिकशरीर, औदारिकआंगोपांग, वज्रर्षभनाराचसंहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वीके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछकम तीन पल्य है। अवस्थितपदका भंग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पचपन पल्य है। इतनी विशेषता है कि औदारिक-शरीरके अवक्तव्यपदका उत्कृष्ट अन्तर साधिक पचपन पल्य है। आहारकद्विकके सब पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और सबका उत्कृष्ट अन्तर कायस्थितिप्रमाण है। परघात, उच्छ्वास, बादर, पर्याप्त और प्रत्येकके तीन पदोंका भंग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक पचपन पल्य है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है। अवक्तव्यपदका अन्तर काल नहीं है।

४७३. पुरुषवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरणादि प्रथम दण्डक, स्त्यानगृद्धि आदि द्वितीय

---

१. ता० आ० प्रत्योः तिण्णिपलि० णाणा० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तदियदंडओ णिद्दादी चउत्थदंडओ सादादी पंचमदंडओ अट्ठकसा० एदे इत्थिवेदभंगो। णवरि सव्वाणं पुरिसवेदट्ठिदी णादव्वा। तदिए दंडए णिद्दादीणं[1] अवत्त० ज० अंतो०, उ० सागरो०सदपुध०। थीणगिद्धिदंडए भुज०-अप्प० ओघं। इत्थि० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० बेछावट्ठि० दे०। अवट्ठि० णाणा०भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० ट्ठिदिभुजगारभंगो। णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० भुज०-अप्प० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० बेछावट्ठि० सादि० तिण्णिपलि० देसू० अंतोमुहुत्तूणाणि। पुरिस० तिण्णिप० णाणा०भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० बेछावट्ठि० दे० अंतोमुहुत्तू०। तिण्णिआउ० इत्थि०भंगो। देवाउ० भुज०-अप्प० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० तेत्तीसं० सादि० पुव्वकोडितिभागेण पुव्वकोडीए सादिरेयाणि। अवट्ठि० णाणा०भंगो। णिरयगदिदंडओ तिरिक्खगदिदंडओ दोपदा[2] ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० तेवट्ठिसा०सदं। अवट्ठि० णाणाभंगो। मणुसगदिपंचग० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० तिण्णिपलि० सादि० पुव्वकोडितिभागेण०। अवट्ठि० णाणा०भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० तेत्तीसं०सादि० पुव्वकोडिसमऊणं सादि०। देवगदि०४ भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० तेत्तीसं० सादि० अंतो०।

दण्डक, निद्रादि तृतीय दण्डक, सातावेदनीय आदि चतुर्थ दण्डक और आठ कषायरूप पाँचवें दण्डकका भंग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि सबके पुरुषवेदकी स्थिति जाननी चाहिए। निद्रादिकका जो तीसरा दण्डक है, उसके अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागरपृथक्त्व है। स्त्यानगृद्धिदण्डकके भुजगार और अल्पतरपदका भंग ओघके समान है। स्त्रीवेदके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छियासठ सागरप्रमाण है। अवस्थित पदका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर स्थितिबन्धके भुजगारके समान है। नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्रके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कम तीन पल्य अधिक दो छियासठ सागर है। पुरुषवेदके तीन पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कम दो छियासठ सागर है। तीन आयुओंका भङ्ग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है। देवायुके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिका त्रिभाग और पूर्वकोटि अधिक तेतीस सागर है। अवस्थितपदका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। नरकगति-दण्डक और तिर्यञ्चगतिदण्डकके दो पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एकसौ त्रेसठ सागर है। अवस्थितपदका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। मनुष्यगतिपञ्चकके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटिका त्रिभाग अधिक तीन पल्य है। अवस्थित पदका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक समय कम पूर्वकोटि अधिक तेतीस सागर है। देवगतिचतुष्कके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर

१. ता० आ० प्रत्योः तदिए दंडओ णिद्दाणं इति पाठः। २. आ० प्रतौ ज० ए० उ० इति पाठः। ३. आ० प्रतौ णिरयगदिदंडओ दोपदा इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवट्ठि० णाणा०भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० तेत्तीसं० सादि० पुव्वकोडिसमऊणं सादिगं भवदि। पंचिंदियदंडओ ट्ठिदिभुजगारभंगो। आहारदुगं पंचिंदियभंगो। समचदु०-पसत्थ०--सुभग--सुस्सर--आदें०--उच्चा० तिण्णिपदा णाणा०भंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० बेछाव० सादि० तिण्णिपलि० देसू०। [तित्थ०] भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि० ज० ए०, उ० तेत्तीसं० सादि० दोहि पुव्वकोडीहि दोहि वासपुधत्तेहि ऊणिगाहि सादिरे०। अवत्त० ज० अंतो०, उ० पुव्वकोडि० दे० वासपुधत्तेणूणाणि।

४७४. णवुंसगे पंचणाणावरणादिपढमदंडओ विदियदंडओ थीणगिद्धिआदी तदियदंडओ णिद्दादी चउत्थदंडओ सादादी इत्थि०भंगो। णवरि सव्वाणं दंडगाणं अवट्ठि०-अवत्त०ओघं। थीणगिद्धिदंडए भुज०-[अप्प०] ज० ए०, उ० तेत्तीसं० दे०। अट्ठक०-तिण्णिआउ०-वेउव्वियछ०-मणुसगदितिगं आहारदुगं ओघं। इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-आणादें० भुज०--अप्प० ज० ए०, अवत्त० ज० अंतो०, उ० तेत्तीसं० देसू०। अवट्ठि० ओघं। पुरिस०-समचदु०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदें० तिण्णिपदा सादभंगो। अवत्त० ज० अंतो०, उ० तेत्तीसं० दे०। देवाउ०

एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त अधिक तेतीस सागर है। अवस्थितबन्धका अन्तर ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक समय कम पूर्वकोटि अधिक तेतीस सागर है। पञ्चेन्द्रियजातिदण्डकका भङ्ग स्थितिबन्धके भुजगार के समान है। आहारकद्विकका भङ्ग पञ्चेन्द्रियोंके समान है। समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रके तीन पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य अधिक दो छियासठ सागर प्रमाण है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो वर्षपृथक्त्व कम दो पूर्वकोटि अधिक तेतीस सागर है। अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व कम एक पूर्वकोटि है।

४७४. नपुंसकवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरणादि प्रथम दण्डक, स्त्यानगृद्धि आदि द्वितीय दण्डक, निद्रादि तृतीय दण्डक और सातावेदनीय आदि चतुर्थ दण्डकका भङ्ग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इन सब दण्डकोंके अवस्थित और अवक्तव्यपदका अन्तर ओघके समान है। स्त्यानगृद्धिदण्डकके भुजगार और अल्पतरबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। आठ कषाय, तीन आयु, वैक्रियिक छह, मनुष्यगतित्रिक और आहारकद्विकका भङ्ग ओघके समान है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर और अनादेयके भुजगार और अल्पतरपदका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और सबका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। अवस्थितपदका अन्तर ओघके समान है। पुरुषवेद, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयके तीन पदोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम

---

१. आ० प्रतौ पसत्थ० सुस्सर इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मणुसि०भंगो। ओरा० दोपदा० ज० ए०, उ० पुव्वकोडी दे०। अवट्ठि०-अवत्त० ओघं। ओरालि०अंगो०-वज्जरि० भुज०-अप्पद० ज० ए०, उ० पुव्वकोडी दे०। अवट्ठि० ओघं०। अवत्त० ज० अंतो०, उ० तेत्तीसं० सादि० अंतोमुहुत्तेण सादि०। णवरि० वज्जरि० अवत्त० तेत्तीसं० दे०। तित्थ० दोपदा० ओघं। अवट्ठि० ज० एग०, उ० तिण्णिसा० सादि०। अवत्त० ज० अंतो०, उ० पुव्वकोडितिभागं देसू०।

४७५. अवगद० सव्वाणं भुज०-अप्पद०-अवत्त० णत्थि अंतरं। कोधादि०४ धुविगाणं तिण्णिपदा० ज० ए०, उ० अंतो०। सेसाणं पगदीणं तिण्णिपदा० ज० ए०, उ० अंतो०। अवत्त० णत्थि० अंतरं। णवरि सादादीणं मणजोगिभंगो अवत्त०-बंधगस्स।

४७६. मदि०-सुद० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-तेजा०-क०

तेतीस सागर है। देवायुका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है। औदारिकशरीरके दो पदोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। अवस्थित और अवक्तव्य-पदका भङ्ग ओघके समान है। औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रर्षभनाराच संहननके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। अवस्थित पदका भङ्ग ओघके समान है। अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त अधिक तेतीस सागर है। इतनी विशेषता है कि वज्रर्षभनाराचसंहननके अवक्तव्यपदका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके दो पदोंका भङ्ग ओघके समान है। अवस्थितपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन सागर है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटिका कुछ कम त्रिभागप्रमाण है।

५०२. मनुष्योंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं। अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यात हैं। दो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संखेज्जा। दोआउ०--वेउव्वि०छ०-आहार०२-तित्थ० चत्तारिपदा के० ? संखेज्जा। सेसाणं चत्तारिपदा के० ? असंखे०। मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु सव्वपगदीणं सव्वपदा केत्तिया ? संखे०। मणुसिभंगो सव्वट्ठ०--आहार०-आहारमि०--अवगद०--मणपज्ज०-संजद०-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-सुहुम०।

५०३. एइंदिएसु सव्वपगदीणं सव्वपदा के० ? अणंता। णवरि मणुसाउ० ओघं। एवं वणप्फदि-णियोद०।

५०४. पंचिंदिएसु पंचणा०-छदंस०-अट्ठक०-भय--दु०--तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०--तित्थय०--पंचंत० तिण्णिप० के० ? असंखे०। अवत्त० के० ? संखे०। आहारदुगं सव्वप० के० ? संखे०। सेसाणं चत्तारिपदा के० ? असंखे०। एवं पंचिंदियपज्ज०--तस-तसपज्ज०--पंचमण०--पंचवचि०--चक्खु०-सण्णि त्ति। ओरा०मि० कम्मइ०-[अणाहार०] तिरिक्खोघं। णवरि देवगदिपंचग० सव्वपदा संखेज्जा।

५०५. आभिणि०--सुद०--ओधि० पंचणा०-छदंस--अट्ठक०-पुरिस०-भय-दु०-देवग०-पंचिं०-वेउ०-तेजा०-क०--समचदु०-वेउ०अंगो०--वण्ण०४-देवाणु०-अगु०-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०--णिमि-तित्थ०--उच्चा०-पंचंत० तिण्णिप० के० ?

आयु, वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिके चारों पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंके चारों पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। मनुष्यपर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। सर्वार्थसिद्धिके देव, आहारककाययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, अपगतवेदी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें मनुष्यिनियोंके समान भंग है।

५०३. एकेन्द्रियोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं। इतनी विशेषता है कि मनुष्यायुका भंग ओघके समान है। इसी प्रकार वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंमें जानना चाहिए।

५०४. पञ्चेन्द्रियोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। अवक्तव्यपदके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। आहारकद्विकके सब पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंके चारों पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। इसीप्रकार पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त, त्रस, त्रसपर्याप्त, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, चक्षुदर्शनी और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिए। औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि देवगतिपञ्चकके सब पदोंके बन्धक जीव संख्यात हैं।

५०५. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिकआंगोपांग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। अवक्तव्यपदके बन्धक जीव

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंखें० । अवत्त० केत्ति० ? संखें० । सादासाद०--अपच्चक्खाण०४--चदुणोक०--देवाउ०--मणुसगदिपंच०--थिरादितिण्णिय्यु० चत्तारिप० कें० ? असंखें० । मणुसाउ०-आहारदुगं सव्वप० कें० ? संखें०। एवं ओधिदं०-सम्मादि०-वेदग०-सम्मामिच्छादिट्ठि त्ति । णवरि वेदग०-सम्मामि० धुविगाणं अवत्त० णत्थि ।

५०६. संजदासंज० धुविगाणं तिण्णिपदा परियत्तमाणियाणं चत्तारिपदा कें० ? असंखे० । तित्थ० सव्वप० के० ? संखे० ।

५०७. किण्ण--णीलाणं तित्थ० तिण्णिप० कें० ? संखें० । तेउ--पम्मासु धुविगाणं[1] तिण्णिपदा कें० ? असंखें० । पच्चक्खा०४--देवगदि०४--तित्थ० अवत्त० संखेज्जा । सेसपदा० असंखें० । सेसाणं सव्वप० असंखें० । मणुसाउ०-आहार०२ सव्वप० कें० ? संखें० । सुक्काए पंचणा०-छदंस०-अट्ठक०-भय-दु०-दोगदि-पंचजादि-चदुसरीर-दोअंगो०-वण्ण०४--दोआणु०-अगु०४--पसत्थवि०--तस०४--णिमि०-तित्थ०-पंचंत० तिण्णिप० कें० ? असं०। अवत्त० कें० ? संखें० । दोआउ०-आहार०२ सव्वपदा कें० ? संखें० । सेसाणं सव्वप० कें० ? असंखें० ।

५०८. खइग० पंचणा०--छदंस०--बारसक०--पुरिस०--भय-दु०-दोगदि-पंचिं०-

कितने हैं ? संख्यात हैं । सातावेदनीय, असातावेदनीय, अप्रत्याख्यानावरण चार, चार नोकषाय, देवायु, मनुष्यगतिपञ्चक और स्थिर आदि तीन युगलके चार पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । मनुष्यायु और आहारकद्विकके सब पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि वेदकसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका अवक्तव्यपद नहीं है ।

५०६. संयतासंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके और परिवर्तमान प्रकृतियोंके चार पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । तीर्थङ्कर प्रकृतिके सब पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं ।

५०७. कृष्ण और नील लेश्यामें तीर्थङ्कर प्रकृतिके तीन पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । पीत और पद्मलेश्यामें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । प्रत्याख्यानावरण चार, देवगतिचतुष्क और तीर्थङ्कर प्रकृतिके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव संख्यात हैं तथा शेष पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं । शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीव असंख्यात हैं । मनुष्यायु और आहारकद्विकके सब पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । शुक्ललेश्यामें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, भय, जुगुप्सा, दो गति, पाँच जाति, चार शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, निर्माण, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । अवक्तव्यपदके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । दो आयु और आहारकद्विकके सब पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । शेष सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं ।

५०८. क्षायिकसम्यक्त्वमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, पुरुषवेद, भय,

१. आ० प्रतौ धुविगाणं के० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चदुसरीर-समचदु०-दोअंगो०-वज्जरि०-वण्ण०४-दोआणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें०-णिमि०-तित्थ०-उच्चा०-पंचंत० तिण्णिप० केॅ०? असंखेॅ०। अवत्त० केॅ० ? संखेॅ० । दोवेदणी०-चदुणोक०-थिरादितिण्णियु० सव्वपदा केॅ० ? असंखेॅ० । दोआउ०-आहारदुगं सव्वप० केॅ० ? संखेॅ० ।

५०६. उवसम० पंचणा०-छदंस०-अट्ठक०-पुरिस०-भय-दु०-दुगदि-पंचिं०-चदुसरीर-समचदु०-दोअंगो०-वज्जरि०-वण्ण०४-दोआणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग सुस्सर-आदें०-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० तिण्णिप० के० ? असंखेॅ० । अवत्त० केॅ०? संखेॅ० । आहारदुगं तित्थ० सव्वप० केॅ० ? संखेॅज्जा । सेसाणं सव्वपदा केॅ० ? असंखेॅज्जा ।

एवं परिमाणं समत्तं ।

खेॅत्ताणुगमो

५१०. खेत्ताणुगमेण दुवि०—ओघे० आदे० । ओघे० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० भुज०-अप्प०-अवट्ठि०बंधगा केवडि खेॅत्ते ? सव्वलोगे । अवत्त० केॅ० ? लोगस्स असंखेॅज्जदिभागे । सादासाद०-सत्तणोक०-तिरिक्खाउ०-दोगदि०-पंचजा०-छस्संठा०-

जुगुप्सा, दो गति, पञ्चेन्द्रियजाति, चार शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, दो आंगोपांग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। अवक्तव्यपदके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। दो वेदनीय, चार नोकषाय और स्थिर आदि तीन युगलके सब पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। दो आयु और आहारकद्विकके सब पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं।

५०६. उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, दो गति, पञ्चेन्द्रियजाति, चार शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, दो आंगोपांग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। अवक्तव्यपदके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। आहारकद्विक और तीर्थङ्करके सब पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। शेष सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं।

इस प्रकार परिमाण समाप्त हुआ।

क्षेत्रानुगम

५१०. क्षेत्रानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? सब लोक क्षेत्र है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। सातावेदनीय,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओरा०अंगो०-छस्संघ०-दोआणु०-पर०-उस्सा०-आदाउज्जो०-दोविहा०-तसादिदसयु०-दोगो० चत्तारिप० के० ? सव्वलोगे। तिण्णिआउ०-वेउव्वियछ०-आहार०२-तित्थ० सव्वप० के० ? लो० असंखें०। एवं ओघभंगो कायजोगि-ओरालि०-ओरा० मि०-कम्म०-णवुंस०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खु०-तिण्णिले०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छा०-असण्णि-आहार०-अणाहारए त्ति।

५११. एइंदि०-सव्वसुहुमएइंदि० धुविगाणं तिण्णिपदा सव्वलो०। मणुसाउ० ओघं। सेसाणं सव्वपगदीणं सव्वपदा के० ? सव्वलो०। एवं पुढ०-आउ०-तेउ०-वाउ०-वणप्फदि०-णिगोद० तेसिं सव्वसुहुमाणं च। बादरएइंदि०पज्ज०-अपज्ज० धुवियाणं तिण्णिप० के० ? सव्वलो०। सादासाद०-चदुणोक०-थिरादिदोण्णियु० सव्वप० के० ? सव्वलो०। इत्थि०-पुरि०-तिरिक्खाउ०-चदुजा०-पंचसंठा०-ओरालि० अंगो०-छस्संघ०-आदा०-उज्जो०-दोविहा०-तस०-बादर०-सुभग०-दोसर०-आदें०-जस० चत्तारिप० के० ? लो० संखें०। णवुंस०-एइंदि०-हुंड०-पर०-उस्सा०-थावर०-सुहुम-पज्जत्तापज्ज०-पत्ते०-साधा०-दूभग-अणादें०-अजस०तिण्णिप० के० ? सव्वलो०। अवत्त० के० ? लो० संखेज्ज०। मणुसाउ०-मणुसग०२ चत्तारिप० के० ? लो०

असातावेदनीय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चायु, दो गति, पाँच जाति, छह संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रसादि दस युगल और दो गोत्रके चार पदोंके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? सब लोक क्षेत्र है। तीन आयु, वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थङ्करके सब पदोंके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, औदारिककाययोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी, आहारक और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए।

५११. एकेन्द्रिय और सब सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। मनुष्यायुका भङ्ग ओघके समान है। शेष सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? सब लोक क्षेत्र है। इसी प्रकार पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक, निगोद और इन सबके सब सूक्ष्म जीवोंमें जानना चाहिए। बादर एकेन्द्रिय तथा उनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? सब लोक क्षेत्र है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय और स्थिर आदि दो युगलोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? सब लोक क्षेत्र है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, तिर्यञ्चायु, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, बादर, सुभग, दोस्वर, आदेय और यशःकीर्तिके चार पदोंके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है। नपुंसकवेद, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय, और अयशःकीर्तिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? सब लोक क्षेत्र है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? लोकके संख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। मनुष्यायु और मनुष्यगति-

१. ता० प्रतौ छस्संघ० दोआणु० दोविहा० इति पाठः। २. आ० प्रतौ सादा० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असंखें० । तिरिक्ख०३ तिण्णिप० केवडि० ? सव्वलो० । अवत्त० लो० असं० ।

५१२. बादरपुढ० तस्सेव अपज्ज० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-भय०-दुगुं०-ओरा०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० तिण्णिप० केवं० ? सव्वलो० । सादासाद०-चदुणोक०-थिराथिर-सुभासुभ० चत्तारिप० सव्वलो० । इत्थि०-पुरिस०-दोआउ०-मणुसग०-चदुजा०-पंचसंठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदाउ०-दोविहा०-तस-बादर-सुभग-दोसर-आदें०-[जस०]-उच्चागो० चत्तारिप० लो० असं० । णवुंस०-तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-पर०-उस्सा०-थावर०-सुहुम-पज्जत्तापज्ज०-पत्ते०-साधार०-दूभग०-अणा०-अजस०-णीचा० तिण्णिप० सव्वलो० । अवत्त० लो० असंखें० । एवं बादरआउ०-तेउ०-वाउ० तेसिं चेव अपज्ज० बादर०-पत्ते० तस्सेव अपज्ज० । णवरि बादरवाउ० जम्हि लोग० असंखें० तम्हि लो० संखें० । सेसाणं णेरइगादीणं याव सण्णि त्ति संखेज्ज-असंखेज्जजीविगाणं सव्वपदा केवं० ? लो० असंखेज्जदिभागे ।

एवं खेत्तं समत्तं ।

त्रिकके चार पदोंके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है । तिर्यञ्चगतित्रिकके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? सब लोक क्षेत्र है । अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है ।

५१२. बादर पृथिवीकायिक और उसके अपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? सब लोक क्षेत्र है । सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय, स्थिर, अस्थिर, शुभ और अशुभके चार पदोंके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है । स्त्रीवेद, पुरुषवेद, दो आयु, मनुष्यगति, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आंगोपांग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, बादर, सुभग, दो स्वर, आदेय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके चार पदोंके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है । नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका सब लोक क्षेत्र है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है । इसी प्रकार बादर जलकायिक, बादर अग्निकायिक, बादर वायुकायिक और उनके अपर्याप्त तथा बादर प्रत्येकशरीर और उनके अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि जहाँ पर लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है, वहाँ पर बादर वायुकायिक जीवोंमें लोकके संख्यातवें भागप्रमाण कहना चाहिए । शेष नारकीआदिसे लेकर संज्ञी तकके संख्यात और असंख्यात संख्याक जीवोंमें सब पदोंके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है ।

इस प्रकार क्षेत्र समाप्त हुआ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

फोसणाणुगमो

५१३. फोसणाणु० दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-छदंस०-अट्ठक०-भय-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० भुज०-अप्प०-अवट्ठि०बंधगेहि केवडियं खेत्तं फोसिदं? सव्वलो०। अवत्त० लो० असंखें०। थीणगिद्धि०३-अणंताणु०४ तिण्णिप० सव्वलो०। अवत्त० अट्ठचों०। सादासाद०-सत्तणोक०-तिरिक्खाउ०-दोगदि-पंचजादि-छस्संठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-दोआणु०-पर०-उस्सा०-आदाउज्जो०-दोविहा०-तसादिदसयु०-दोगो० भुज०-अप्प०-अवट्ठि०-अवत्त० केॅ०? सव्वलो०। मिच्छ० तिण्णिप० सव्वलो०। अवत्त० अट्ठ-बारह०। अपच्चक्खाण०४ तिण्णिप० सव्वलो०। अवत्त० छच्चों०। णिरय-देवाउ०-आहार०२ चत्तारिप० केॅ०? लो० असं०। मणुसाउ० चत्तारिप० अट्ठचों० सव्वलो०। णिरय-देवग०-दोआणु० तिण्णिप० छच्चों०। अवत्त० खेत्तं०। ओरालि० तिण्णिप० सव्वलो०। अवत्त० बारहचों०। वेउव्वि०-वेउव्वि०-अंगो० तिण्णिप० बारह०। अवत्त० खेत्तं०। तित्थयरं तिण्णिप० अट्ठ०। अवत्त० खेत्तं०।

स्पर्शनानुगम

५१३. स्पर्शानुगम दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? सब लोकका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन और अनन्तानुबन्धी चारके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चायु, दो गति, पाँच जाति, छह संस्थान, औदारिक आंगोपांग, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रसादि दस युगल और दो गोत्रके भुजगार, अल्पतर, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? सब लोकका स्पर्शन किया है। मिथ्यात्वके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अप्रत्याख्यानावरण चारके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकायु, देवायु और आहारकद्विकके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायुके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकका स्पर्शन किया है। नरकगति, देवगति और दो आनुपूर्वीके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। औदारिकशरीरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिक आंगोपांगके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५ १४. णिरएसु धुविगाणं तिण्णिप० छच्चों० । थीणगि० ३–अणंताणु० ४–तिण्णि-

पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरण आदिके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितपद एकेन्द्रियादि सब जीवोंके होते हैं, इसलिए इनका सर्व लोकप्रमाण स्पर्शन कहा है। तथा उनका अवक्तव्य पद उपशमश्रेणिसे गिरनेवाले मनुष्य और मनुष्यिनीके तथा ऐसे जीवके मरकर देव होने पर प्रथम समय में होता है, इसलिए इसका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। स्त्यानगृद्धि तीन और अनन्तानुबन्धी चारके भुजगार आदि तीन पदोंका स्वामित्व पाँच ज्ञानावरणके समान है, इसलिए इनके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन सर्व लोक कहा है। तथा इनका अवक्तव्यपद ऊपरके गुणस्थानोंसे गिरकर इनके बन्धके प्रथम समयमें होता है। ऐसे जीवोंका स्पर्शन देवोंकी मुख्यतासे कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण है, अतः वह उक्त प्रमाण कहा है। सातावेदनीय आदि कुछ परावर्तमान प्रकृतियाँ हैं और कुछ अध्रुवबन्धिनी हैं। इनके भुजगार आदि पदोंका बन्ध एकेन्द्रिय आदि सब जीवोंके सम्भव है, अतः इनके सब पदोंके बन्धकोंका स्पर्शन सर्वलोकप्रमाण कहा है। मिथ्यात्वके सब पदोंका स्पर्शन स्त्यानगृद्धित्रिकके समान घटित कर लेना चाहिए। मात्र नीचे कुछ कम पाँच राजू और ऊपर कुछ कम सात राजूप्रमाण क्षेत्रमें मारणान्तिक समुद्घातके समय भी इसका अवक्तव्यबन्ध सम्भव है, इसलिये इस पदकी अपेक्षा इसका स्पर्शन कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण भी कहा है। अप्रत्याख्यानावरण चारके तीन पद एकेन्द्रिय आदि सब जीवोंके सम्भव है, इसलिए इनकी अपेक्षा सर्वलोकप्रमाण स्पर्शन कहा है। तथा इनका अवक्तव्य पद ऊपर कुछ कम छह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन करनेवाले जीवोंके भी होता है, अतः यह उक्त प्रमाण कहा है। नरकायु और देवायुका बन्ध असंज्ञी आदि मारणान्तिक समुद्घात और उपपाद पदके बिना करते हैं और आहारकद्विकका संयत जीव करते हैं, अतः इनके चारों पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण कहा है। मनुष्यायुके चारों पद देवोंके विहारादिके समय और एकेन्द्रियोंके सम्भव हैं, अतः इसके चारों पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण कहा है। जो तिर्यञ्च और मनुष्य नारकियों और देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके क्रमसे नरकगतिद्विक और देवगतिद्विकके भुजगार आदि तीन पद सम्भव हैं, अतः इनके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। परन्तु मारणान्तिक समुद्घातके समय इनका अवक्तव्यपद सम्भव नहीं है, इसलिए इनके अवक्तव्यपदकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। औदारिकशरीरके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन ज्ञानावरणके समान घटित कर लेना चाहिए। तथा नारकी और देव उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें औदारिक शरीरका अवक्तव्यबन्ध करते हैं, इसलिए इस पदकी अपेक्षा कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है। तिर्यञ्चों और मनुष्योंके नारकियों और देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय वैक्रियिक शरीरद्विकके तीन पद सम्भव हैं, इसलिए इनकी अपेक्षा कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है, पर ऐसे मनुष्यों और तिर्यञ्चोंके इनका अवक्तव्यपद नहीं होता; इसलिए इसकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। विहारादिके समय देवोंके तीर्थङ्कर प्रकृतिके तीन पद सम्भव हैं, इसलिए इनकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। तथा तीर्थङ्कर प्रकृतिका अवक्तव्यपद एक तो मनुष्योंके होता है और तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध करनेवाले जो मनुष्य दूसरे और तीसरे नरकमें उत्पन्न होते हैं, उनके होता है। इन सबके स्पर्शनका यदि विचार करते हैं, तो वह लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण ही प्राप्त होता है, इसलिए यह क्षेत्रके समान कहा है।

५ १४. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वेद-तिरिक्ख०-छस्संठा०-छस्संघ०-तिरिक्खाणु०-दोविहा०-तिण्णिमज्झिल्लयुग०-णीचा० तिण्णिप० छच्चों०। अवत्त० खेत्तं०। सादासाद०-चदुणोक०-उज्जो०-थिरादितिण्णियु० सव्वप० छच्चों०। दोआउ०-मणुसगदितिय-तित्थ० सव्वपदा खेत्तं। मिच्छ० तिण्णिपदा छच्चों०। अवत्त० पंचचों०। एवं सव्वणेरइगाणं अप्पप्पणो फोसणो णेदव्वो।

५१५. तिरिक्खेसु पंचणा०-छदंस०-अट्ठक०-भय-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० तिण्णिप० सव्वलो०। थीणगिद्धि०३-अट्ठक०-ओरा० तिण्णिप० सव्वलो०। अवत्त० खेत्तं०। साददंडओ ओघो। दोआउ०-वेउव्वियछ०

चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन, अनन्तानुबन्धी चतुष्क, तीन वेद, तिर्यञ्चगति, छह संस्थान, छह संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, दो विहायोगति, मध्यके तीन युगल और नीचगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय, उद्योत, और स्थिर आदि तीन युगलके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, मनुष्यगतित्रिक और तीर्थङ्कर प्रकृतिके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। मिथ्यात्वके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सब नारकियोंमें अपना-अपना स्पर्शन जानना चाहिए।

विशेषार्थ—नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पद ही होते हैं। अन्यत्र भी जहाँ जो ध्रुव प्रकृतियाँ हैं, उनके यथा सम्भव तीन पद ही होते हैं। और नारकियोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजुप्रमाण है, इसलिए ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंकी अपेक्षा यह उक्तप्रमाण कहा है। स्त्यानगृद्धि आदि दूसरे दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके तीन पदोंकी अपेक्षा और सातावेदनीय आदिक तीसरे दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके सब पदोंकी अपेक्षा भी यही स्पर्शन प्राप्त होता है, क्योंकि इन प्रकृतियोंके यथायोग्य पद नारकियोंके मारणान्तिक समुद्घातके समय और उपपाद पदके समय भी सम्भव हैं। मात्र दूसरे दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान है, क्योंकि मारणान्तिक समुद्घातके समय या उपपादपदके समय इनमें से जो जहाँ बँधती हैं, उनका वहाँ अवक्तव्यबन्ध नहीं होता। मनुष्यगतित्रिक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका मारणान्तिक समुद्घातके समय भी बन्ध होकर मनुष्योंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय ही होता है, इसलिए इन प्रकृतियोंके सब पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण प्राप्त होनेसे वह क्षेत्रके समान कहा है। मिथ्यात्वका अवक्तव्यपद छठे नरक तकके नारकियोंके मारणान्तिक समुद्घातके समय भी सम्भव है, अतः इस अपेक्षासे कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन कहा है। सब नारकियोंमें अपने-अपने स्पर्शनका विचारकर इसी प्रकार स्पर्शन घटित कर लेना चाहिए।

५१५. तिर्यञ्चोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धित्रिक, आठ कषाय, और औदारिकशरीरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। सातावेदनीय दण्डकका भङ्ग ओघके समान है। द

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओघं। मिच्छ० तिण्णिप० ओघं। अवत्त० सत्तचों०। मणुसाउ० चत्तारिप० लो० असंखें० सव्वलो०।

५१६. पंचिंदियतिरिक्ख ३ धुवियाणं तिण्णिपदा लो० असंखें० सव्वलो०। थीणगिद्धि०३-अट्ठक०-णवुंस०-तिरिक्ख०-एइंदि०-ओरा०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-पर[1]०-उस्सा०-थावर०-सुहुम-पज्जत्तापज्ज०-पत्ते०-साधार०-दूभ०-अणादें०-णीचा० तिण्णिप० लो० असंखें० सव्वलो०। अवत्त० खेत्तं०। सादासाद०-चदुणोक०-थिराथिर-सुभासुभ० चत्तारिप० लो० असं० सव्वलो०। मिच्छ०-अजस० तिण्णिप० लो० असं० सव्वलो०। अवत्त० सत्तचों०। इत्थि० तिण्णिप० दिवड्डचों०। अवत्त० खेत्तं०। पुरिस०-दोगदि-सम-

आयु और वैक्रियिक छहका भङ्ग ओघके समान है। मिथ्यात्व के तीन पदोंका भङ्ग ओघके समान है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायुके चार पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चों में पाँच ज्ञानावरणादि ध्रुवबन्धिनी प्रकृतियाँ हैं, इसलिए इनके तीन पदोंकी अपेक्षा सब लोकप्रमाण स्पर्शन कहा है। स्त्यानगृद्धि आदिके तीन पद एकेन्द्रियादि सबके सम्भव हैं, इसलिए इनके तीन पदोंकी अपेक्षा भी सब लोकप्रमाण स्पर्शन कहा है। मात्र इनका अवक्तव्य पद जो गुणस्थानप्रतिपन्न तिर्यञ्च इनके अबन्धक होकर पुनः नीचे आकर इनका बन्ध करते हैं, उनके होता है। ऐसे तिर्यञ्चोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण होनेसे वह क्षेत्र के समान कहा है। यहाँ सातावेदनीय दण्डक, दो आयु और वैक्रियिक छहका भङ्ग ओघके समान है, यह स्पष्ट ही है। मिथ्यात्वके तीन पद एकेन्द्रियादि तिर्यञ्चोंके सम्भव हैं, इसलिए इनकी अपेक्षा स्पर्शन भी ओघके समान कहा है। मात्र मिथ्यात्वका अवक्तव्य पद सब तिर्यञ्चोंके सम्भव नहीं है, किन्तु जो गुणस्थानप्रतिपन्न तिर्यञ्च मिथ्यात्व में आते हैं, उनके ही सम्भव है और सासादन से मारणान्तिक समुद्घात करते समय मिथ्यादृष्टि होकर ऊपर बादर एकेन्द्रियोंमें समुद्घात करते समय होता है। ऐसे जीवोंका स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजू प्रमाण उपलब्ध होता है, इसलिए इस अपेक्षा से यह उक्त प्रमाण कहा है। मनुष्यके चारों पदोंका बन्ध एकेन्द्रियादि जीवोंके सम्भव है, इसलिए इसके चारों पदोंकी अपेक्षा वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन सब लोकप्रमाण कहा है।

५१६. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धित्रिक, आठ कषाय, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय, स्थिर, अस्थिर, शुभ और अशुभके चार पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकका स्पर्शन किया है। मिथ्यात्व और अयशःकीर्तिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेदके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया

१. आ०प्रतौ हुंड० पर० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चदु०-दोआणु०-दोविहा०-सुभग-दोसर-आदें०-उच्चा०तिण्णिप० छच्चों० । अवत्त० खेत्त० । चत्तारिआउ०-मणुसगदि-तिण्णिजा०-चदुसंठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदाव० चत्तारिप० खेत्त० । पंचिं०-वेउ०-वेउ०अंगो०-तस० तिण्णिप०[1] बारहचों० । अवत्त० खेत्त० । उज्जो०-जस० सव्वप० सत्तचों० । बादर० तिण्णिप० तेरह० । अवत्त० खेत्त० ।

है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्र के समान है । पुरुषवेद, दो गति, समचतुरस्र-संस्थान, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । चार आयु, मनुष्यगति, तीन जाति, चार संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और आतपके चार पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और त्रसके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । उद्योत और यशःकीर्तिके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । बादरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है ।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन सब लोकप्रमाण होनेसे इनमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है । यहाँ ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियाँ ये हैं—पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण अन्तकी आठ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तराय । स्त्यानगृद्धि आदिके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन उक्त प्रकारसे ही घटित कर लेना चाहिए । तथा यहाँ स्त्यानगृद्धि आदि प्रकृतियोंका अवक्तव्यपद मारणान्तिक समुद्घातके समय और उपपाद पदके समय सम्भव न होनेसे इस पदकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है । सातावेदनीय आदिके चारों पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग-प्रमाण और सब लोकप्रमाण है, यह स्पष्ट ही है । इसी प्रकार मिथ्यात्व आदि दो प्रकृतियोंके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन घटित कर लेना चाहिए । तथा इन दो प्रकृतियोंका अवक्तव्यपद जिस प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंके मिथ्यात्व पदकी अपेक्षा बतला आये हैं, उस अवस्थामें ही सम्भव है; इसलिए इनके अवक्तव्यपदकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है । देवियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय भी स्त्रीवेदका बन्ध होता है, इसलिए इसके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है, पर ऐसी अवस्थामें इसका अवक्तव्य-पद नहीं होता; इसलिए इस अपेक्षासे स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है । देवोंमें और नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय भी पुरुषवेद आदिका यथायोग्य बन्ध होता है, अतः इनके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है, पर ऐसी अवस्थामें इनका अवक्तव्यबन्ध नहीं होता; इसलिए इस पदकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है । चार आयु आदिके सब पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान है, यह स्पष्ट ही है; क्योंकि एक तो चार आयुओंके सब पद और शेष प्रकृतियोंका अवक्तव्यपद मारणान्तिक समुद्घातके समय नहीं होते । और शेष प्रकृतियोंके तीन पद मारणान्तिक समुद्घातके समय होकर भी स्पर्शन लोकके असंख्या-

१. ता० आ० प्रत्योः तस०४ तिण्णिप० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५१७. पंचिं०तिरिक्ख०अपज्ज० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-ओरा०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० तिण्णिप० लो० असं० सव्वलो०। सादासाद०-चदुणोक०-थिराथिर-सुभासुभ० चत्तारिप० लो० असंखें० सव्वलो०। इत्थि०-पुरिस०-दोआउ०-मणुस०-चदुजा०-पंचसंठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदाव०-दोविहा०-तस-सुभग-दोसर०-आदें०-उच्चा० सव्वप० लो० असं०। णवुंस०-तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-पर०-उस्सा०-थावर०-सुहुम०-पज्जत्तापज्ज०-पत्ते०-साधा०-दूभ०-अणा०-णीचा० तिण्णिप० लो० असं० सव्वलो०। अवत्त० खेत्तं०। उज्जो०-जस० चत्तारिप० सत्तचों०। बादर० तिण्णिप० सत्तचों०। अवत्त० खेत्तं०। अज० तिण्णिप० लो० असं० सव्वलो०। अवत्त० सत्तचों०। एवं[1] सव्वअपज्ज०-सव्व-

तवें भागप्रमाण ही प्राप्त होता है। देवोंमें और नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय भी पञ्चेन्द्रियजाति आदिके तीन पद सम्भव हैं, इसलिए इन पदोंकी अपेक्षा इनका स्पर्शन कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। पर ऐसे समयमें इनका अवक्तव्य पद नहीं होता, इसलिए इस अपेक्षासे स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। ऊपर बादर एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय भी उद्योत और यशःकीर्तिके सब पद सम्भव हैं, इसलिए इनके सब पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। ऊपर सात और नीचे छह इस प्रकार कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूका स्पर्शन करते समय बादर प्रकृतिके तीन पद सम्भव होनेसे इसका तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन उक्तप्रमाण कहा है। पर ऐसी अवस्थामें इसका अवक्तव्य पद सम्भव नहीं है, इसलिए इस पदकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है।

५१७. पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चअपर्याप्तकोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय, स्थिर, अस्थिर, शुभ और अशुभके चार पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, दो आयु, मनुष्यगति, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। उद्योत और यशःकीर्तिके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अयशःकीर्तिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सब अपर्याप्त, सब विकलेन्द्रिय, बादर पृथिवीकायिक

१. ता० प्रतौ सव्वलो०। एवं इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विगलिंदि०-बादरपुढ०-आउ०-तेउ०-वाउ०पज्जत्ता०बादरपत्ते०पज्जत्तगाणं च। णवरि तेउ-वाऊणं मणुसगदिचदुक्कं वज्ज। वाऊणं जम्हि लोग० असंखेज्ज० तम्हि लोग० संखेज्ज०।

५१८. मणुस०३ पंचणा०-णवदंस०-सोलसक[1]-णवुंस०-भय-दु०-तिरिक्ख०-एइंदि०-ओरा०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-थावर०-सुहुम०-पज्ज०-अपज्ज०-पत्ते०-साधार०-दूभ०-अणादें०-णिमि०-णीचा०-पंचंत० तिण्णिप० लो० असं०

पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त, बादर वायुकायिक पर्याप्त और बादर प्रत्येकशरीर पर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंमें मनुष्यगतिचतुष्कको छोड़कर यह स्पर्शन कहना चाहिए। तथा जहाँ पर लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण स्पर्शन कहा है, वहाँ वायुकायिक जीवोंमें लोकके संख्यातवें भागप्रमाण स्पर्शन कहना चाहिए।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चअपर्याप्तकोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सर्वलोकप्रमाण बतलाया है। इस सब स्पर्शनके समय इनके ज्ञानावरणादिके तीन पद और सातावेदनीय आदिके चार पद सम्भव होनेसे यह स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च-अपर्याप्त पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंमें और मनुष्योंमें जब मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, तब भी स्त्रीवेद आदिका यथायोग्य बन्ध होता है, पर ऐसे जीवोंका स्पर्शन भी लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण होनेसे इनके स्त्रीवेद आदिके सब पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। यहाँ सब एकेन्द्रियोंमें यथायोग्य मारणान्तिक समुद्घात करते समय नपुंसकवेद आदिके तीन पद सम्भव हैं, इसलिए यहाँ इनके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण कहा है। पर ऐसे समयमें इनके इन प्रकृतियोंका अवक्तव्यपद नहीं होता, इसलिए इसकी अपेक्षा स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। ऊपर बादर एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय इनके उद्योत और यशःकीर्तिके चार पद सम्भव हैं, इसलिए इन दो प्रकृतियोंके चार पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। इसी प्रकार बादरके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण घटित कर लेना चाहिए। पर इसका अवक्तव्य पद मारणान्तिक समुद्घातके समय नहीं होता, अतः इसकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। जो पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त सब एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके भी अयशःकीर्तिके तीन पद सम्भव हैं, अतः इस प्रकृतिके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण कहा है। यहाँ सब अपर्याप्त आदि अन्य जितनी मार्गणाएँ कही हैं, उनमें यह स्पर्शन बन जाता है। इसलिए उनमें यह स्पर्शन पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चअपर्याप्तकोंके समान जाननेकी सूचना की है। मात्र अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंके मनुष्यगति आदि चारका बन्ध नहीं होता, इसलिए इनमें इनका स्पर्शन नहीं कहना चाहिए। तथा वायुकायिक पर्याप्त जीवोंका स्पर्शन लोकके संख्यातवें भागप्रमाण होनेसे इनमें लोकके असंख्यातवें भागके स्थानमें उक्त स्पर्शन कहना चाहिए।

५१८. मनुष्यत्रिकमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान,

---

१. ता०प्रतौ पंचणा० णवदंस० मिच्छ० सोलसक०, आ०प्रतौ पंचणा० छदंस० मिच्छ० सोलसक० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सव्वलो० । अवत्त० खेत्तं० । सादादिदंडओ मिच्छत्तदंडओ पंचिं०तिरि०भंगो । इत्थि०-पुरि०-चदुआउ०-तिगदि-चदुजा०-वेउ०-आहार०-पंचसंठा०-तिण्णिअंगो०-छस्संघ०-तिण्णिआणु०-आदाव०-दोविहा०-तस-सुभग-दोसर०-आदें०-तित्थ०-उच्चा० चत्तारिप० खेत्तभंगो । उज्जो०-जस० चत्तारिप० बादर० तिण्णिप० सत्तचों० । अवत्त० खेत्तभंगो ।

५१९. देवेसु धुविगाणं तिण्णिप० अट्ठ-णव० । थीणिगिद्धि०३-अणंताणु०४-णवुंस०-तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-थावर०-दूभग०-अणादें०-णीचा० तिण्णिप० अट्ठ-णव० । अवत्त० अट्ठचों० । सादासाद०-मिच्छ०-चदुणोकसाय-उज्जो०-थिरादितिण्णियु० सव्वप० अट्ठ-णव० । इत्थि०-पुरिस०-दोआउ०-मणुसग०-पंचिं०-पंचसंठा०-

वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, दुर्भग, अनादेय, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। सातावेदनीय आदि दण्डक और मिथ्यात्वदण्डकका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, चार आयु, तीन गति, चार जाति, वैक्रियिकशरीर, आहारकशरीर, पाँच संस्थान, तीन आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, तीन आनुपूर्वी, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्रके चार पदोंके बन्धक जीवों का स्पर्शन क्षेत्रके समान है। उद्योत और यशःकीर्तिके चार पदोंके तथा बादरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकमें लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण स्पर्शन है। इनके पाँच ज्ञानावरणादिके तीन पदोंकी अपेक्षा यह स्पर्शन बन जानेसे यह उक्तप्रमाण कहा है। पर यहाँ इनका अवक्तव्य पद सब लोकप्रमाण स्पर्शनके समय सम्भव नहीं है, इसलिए इस अपेक्षासे स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। कारणका विचार कर कथन कर लेना चाहिए। सातावेदनीयदण्डक और मिथ्यात्वदण्डकका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है, यह स्पष्ट ही है। यहाँ सातादण्डकसे सातावेदनीय, असातावेदनीय, हास्य, रति, अरति, शोक, स्थिर, अस्थिर, शुभ और अशुभका तथा मिथ्यात्वदण्डकसे मिथ्यात्व और अयशःकीर्तिका ग्रहण होता है। इनमें स्त्रीवेद आदिके चारों पद यथायोग्य लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण स्पर्शनके समय ही होते हैं, इसलिए यह स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। ऊपर बादर एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय भी इनके उद्योत और यशःकीर्तिके चार पद और बादरके तीन पद सम्भव हैं, अतः यहाँ इन प्रकृतियोंके उक्त पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। पर ऐसी अवस्थामें बादर प्रकृतिका अवक्तव्यपद नहीं होता, अतः इस अपेक्षासे स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है।

५१९. देवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन, अनन्तानुबन्धी चार, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, असाता-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओरा०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदा०-दोविहा०-तस०-सुभग-दोसर०-आदें०-उच्चा० सव्वप० अट्ठचों०। तित्थय० तिण्णिप० अट्ठचों०। एवं सव्वदेवाणं अप्पप्पणो फोसणं णेदव्वं।

५२०. एइंदि०-पुढ०-आउ०[1]-तेउ०-वाउ० तेसिं चेव बादर-बादरपत्ते० तेसिं चेव अपज्ज० सव्ववणप्फदि-णियोद० सव्वसुहुमाणं च खेत्तभंगो। णवरि मणुसाउ० सव्वाणं तिरिक्खोघं। उज्जो०-जस० सव्वप० सत्तचों०। एवं बादर०। णवरि अवत्त० खेत्त०। अजस० तिण्णिपदा सव्वलो०। अवत्त० सत्तचों०।

वेदनीय, मिथ्यात्व, चार नोकषाय, उद्योत और स्थिर आदि तीन युगलके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, दो आयु, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सब **देवोंके अपना अपना स्पर्शन जानना चाहिये।**

विशेषार्थ—देवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू व कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण है। ध्रुवबन्धवाली और स्त्यानगृद्धि आदिके तीन पदोंकी अपेक्षा तथा सातावेदनीय आदि के चार पदोंकी अपेक्षा यह स्पर्शन बन जाता है, अतः यह उक्त प्रमाण कहा है। मात्र स्त्यानगृद्धि आदिका अवक्तव्य पद एकेद्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय सम्भव न होनेसे इसकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। यहाँ ध्रुवबन्धिनी प्रकृतियाँ ये हैं—पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण और पाँच अन्तराय। स्त्रीवेद आदि के चारों पदोंकी अपेक्षा और तीर्थङ्कर प्रकृतिके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए। यहाँ जो अन्य विशेषता है, वह अलगसे जान लेनी चाहिए। सब देवोंका जो अलग-अलग स्पर्शन है, उसे समझ कर तदनुसार उनमें भी यह स्पर्शन घटित कर लेना चाहिए।

५२०. एकेन्द्रिय, पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक तथा इनके बादर, बादर प्रत्येक वनस्पतिकायिक और इन सबके अपर्याप्त, सब वनस्पतिकायिक, निगोद और सब सूक्ष्म जीवोंमें क्षेत्रके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि इन सबमें मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। उद्योत और यशःकीर्तिके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार बादर प्रकृतिका जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अयशःकीर्तिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—यहाँ एकेन्द्रिय और पृथिवीकाय आदिके जितने प्रकार बतलाये हैं, उनमें सब प्रकृतियोंके सम्भव पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन और क्षेत्रमें अन्तर नहीं होनेसे वह क्षेत्रके समान कहा है। मात्र मनुष्यायुके सब पदोंके बन्धक जीव थोड़े होते हैं। इसलिए यहाँ इसके सब पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन सामान्य तिर्यञ्चोंके समान कहा है। उद्योत और यशःकीर्तिके सब पद तथा बादर

---

१. ता० आ०प्रत्योः एइंदि० हुंड० आउ० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५२१. पंचिंदि०-तस०२ पंचणा०-छदंस०-अट्ठक०-भय-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०४-पज्ज०-पत्ते०-णिमि०-पंचंत० तिण्णिप० अट्ठ० सव्वलो०। अवत्त० खेत्तं०। थीणगि०३-अणंताणु०४-णवुंस०-तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-थावर०-दूभग०-अणादें०-णीचा० तिण्णिप० लो० असं० अट्ठ० सव्वलो०। अवत्त० अट्ठ०। सादासाद०-चदुणोक०-थिराथिर-सुभासुभ० चत्तारिप० अट्ठ० सव्वलो०। [मिच्छत्त० तिण्णिपदा० अट्ठचों० सव्वलो०।] अवत्त० अट्ठ-बारह०। अपच्चक्खाण०४ तिण्णिप० अट्ठ० सव्वलो०। अवत्त० छच्चों०। इत्थि०-पुरिस०-पंचिं-पंचसंठा[1]-ओरा०अंगो०-चदुस्संघ०-दोविहा०-तस-सुभग-दोसर०-आदें० तिण्णिप० अट्ठ-बारह०। अवत्त० अट्ठचों०। णिरय-देवाउ०[2]-तिण्णिजा०-आहार०२ सव्वपदा खेत्तं।

के तीन पद ऊपर बादर एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय सम्भव होनेसे यह स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। किन्तु बादरका अवक्तव्यपद ऐसे समयमें सम्भव नहीं है, इसलिए इस अपेक्षासे स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। अयशःकीर्तिके तीन पद उक्त जीवोंके सब अवस्थाओंमें सम्भव हैं, इसलिए इसके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन सर्व लोकप्रमाण कहा है। पर इसके अवक्तव्यपदका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण ही है। हाँ, ये जीव जब ऊपर बादर एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, तब भी इसका अवक्तव्यपद सम्भव है, इसलिए इस अपेक्षासे इसका भी स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है।

५२१. पञ्चेन्द्रियद्विक और त्रसद्विक जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। स्त्यानगृद्धि तीन, अनन्तानुबन्धी चार, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्ड संस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण, कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय, स्थिर, अस्थिर, शुभ और अशुभके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मिथ्यात्वके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अप्रत्याख्यानावरण चारके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, पञ्चेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेयके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकायु, देवायु, तीन जाति और आहारकद्विकके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके

---

१. आ० प्रतौ पुरिस० पंच० पंचसंठा० इति पाठः। २. आ० प्रतौ अवत्त० णिरयदेवाउ इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोआउ०-मणुस०-मणुसाणु०-आदाव०-उच्चा० सव्वपदा[1] अट्ठचों० । णिरय-देवगदि-दोआणु० तिण्णिप० छच्चों० । अवत्त० खेत्त० । ओरालि० तिण्णिप० अट्ठ० सव्वलो० । अवत्त० बारह० । वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० तिण्णिप० बारहचों० । अवत्त० खेत्त० । उज्जो०-जस सव्वप० अट्ठ-तेरह० । बादर० तिण्णिप० अट्ठ-तेरह० । अवत्त० खेत्त० । सुहुम०-अपज्ज०[2]-साधा० तिण्णिप० लो० असं० सव्वलो० । अवत्त० खेत्त० । अजस० तिण्णिप० अट्ठचों० सव्वलो० । अवत्त० अट्ठ-तेरह० । तित्थ०तिण्णिप० अट्ठचों० । अवत्त० खेत्तं । एवं पंचिंदियभंगो पंचवचि०-चक्खु०-सण्णि त्ति । कायजोगि-कोधादि०४-अचक्खु०-भवसि०-आहारए त्ति ओघभंगो ।

समान है । दो आयु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । नरकगति, देवगति और दो आनुपूर्वीके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । औदारिक शरीरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । उद्योत और यशःकीर्तिके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । बादरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । अयशःकीर्तिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तीर्थङ्कर प्रकृतिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । इसी प्रकार पञ्चेन्द्रियोंके समान पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, चक्षुदर्शनी और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिए । काययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है ।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रियद्विक और त्रसद्विक जीवोंका विहारादिकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और मारणान्तिकपदकी अपेक्षा स्पर्शन सब लोकप्रमाण है, इसलिए इनमें पाँच ज्ञानावरणादिके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है । मात्र इन प्रकृतियोंका अवक्तव्यपद इन मार्गणाओंमें ओघके समान होनेसे अवक्तव्यपदकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है । इन मार्गणाओंमें स्त्यानगृद्धि तीन आदिके तीन पदोंकी अपेक्षा वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण, विहारादिकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण और मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा स्पर्शन सर्वलोकप्रमाण प्राप्त होनेसे यह उक्त प्रमाण कहा है ।

१. आ० प्रतौ आदाव उज्जो० सव्वपदा इति पाठः । २. आ० प्रतौ अट्ठतेरह० अवत्त० अट्ठतेरह० अपज्ज० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यहाँ इनका अवक्तव्यपद विहारादिके समय भी सम्भव है, इसलिए इस अपेक्षासे इनके अवक्तव्यपदकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। सातावेदनीय आदिके चारों पद विहारादिके समय और मारणान्तिक समुद्घातके समय सम्भव होनेसे इनके चारों पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण कहा है। अप्रत्याख्यानावरण चतुष्कके तीन पदोंकी अपेक्षा कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण और सब लोकप्रमाण स्पर्शन पाँच ज्ञानावरणादिके समान घटित कर लेना चाहिये। तथा जो संयतासंयत आदि मर कर देवोंमें उत्पन्न होते हैं, उनके प्रथम समयमें इनका अवक्तव्यपद सम्भव है, इसलिए इस अपेक्षासे इनके अवक्तव्यपदका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। देवोंमें विहारादिके समय और देवों व नारकियोंके मनुष्यों व तिर्यंचोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय स्त्रीवेद आदिके तीन पद सम्भव हैं, इसलिए इनके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। किन्तु मारणान्तिक समुद्घातके समय इनका अवक्तव्यपद सम्भव नहीं है, इसलिए इनके अवक्तव्यपदकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। नरकायु आदिके सब पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान है, यह स्पष्ट ही है। शेष दो आयु और मनुष्यगति आदिके सब पदोंका बन्ध देवोंमें विहारादिके समय भी सम्भव होनेसे यह कुछ आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। तिर्यञ्चों और मनुष्योंके नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय नरकगतिद्विकके और देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय देवगतिद्विकके तीन पद सम्भव हैं, इसलिए इनके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। मात्र ऐसे समयमें इन प्रकृतियोंका अवक्तव्यपद नहीं होता, इसलिए इस पदकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। देवोंमें विहारादिके समय और सब एकेन्द्रियोंमें औदारिकशरीरके तीन पद सम्भव हैं, इसलिए इसके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण और सर्वलोकप्रमाण कहा है। मात्र मुख्यतासे जो तिर्यंच और मनुष्य मर कर नारकियों और देवोंमें उत्पन्न होते हैं, उनके प्रथम समयमें इसका अवक्तव्यपद होता है। इसलिए इसके अवक्तव्यपदकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। मनुष्यों और तिर्यंचोंके नारकियों और देवोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय भी वैक्रियिकद्विकके तीन पद सम्भव हैं, इसलिए इनके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। पर ऐसे समयमें इनका अवक्तव्यपद सम्भव न होनेसे इस अपेक्षासे स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। उद्योत और यशःकीर्तिके सब पदोंका बन्ध विहारादिके समय और नीचे कुछ कम छह राजू व ऊपर कुछ कम सात राजूप्रमाण स्पर्शनके समय भी सम्भव होनेसे इनके सब पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। इसी प्रकार बादर प्रकृतिके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन घटित कर लेना चाहिए। मात्र ऐसे समयमें इसका अवक्तव्यपद सम्भव नहीं है, इसलिए इसके अवक्तव्यपदकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। सूक्ष्मादिके तीन पदोंकी अपेक्षा वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन सर्व लोकप्रमाण होनेसे यह उक्तप्रमाण कहा है। तथा इनके अवक्तव्यपदकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान है, यह स्पष्ट ही है। विहारादिके समय और सब एकेन्द्रियोंमें अयशःकीर्तिके तीन पद सम्भव होनेसे इसके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण और सर्वलोकप्रमाण कहा है। तथा इसके अवक्तव्यपदकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजू यशःकीर्तिके समान जान लेना चाहिए। तीर्थङ्कर प्रकृतिके तीन पद विहारादिके समय सम्भव होनेसे इसके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। तथा ऐसे समयमें इसका अवक्तव्यपद सम्भव नहीं है, इसलिए इस अपेक्षासे स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। यहाँ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५२२. ओरालि० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-ओरा०-तेजा०-क०- वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० तिण्णिप० सव्वलो०। अवत्त० खेत्तं०। णवरि मिच्छत्तस्स अवत्त० सत्तचोद्दं०। सादादिदंडओ ओघं। सेसं तिरिक्खोघं। ओरालियमि० धुविगाणं तिण्णिप० सव्वलो०। सादादिदंडओ ओघं। मणुसाउ० तिरिक्खोघं। देवगदिपंचगस्स सव्वपदा खेत्तभंगो। मिच्छ० तिण्णिप० णाणा०भंगो। अवत्त० खेत्तं०।

५२३. वेउव्वियका० धुविगाणं तिण्णिप० अट्ठ-तेरह०। थीणगि०३-अणंताणु० ४-णवुंस०-तिरिक्ख०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-दूभ०-अणादें०-णीचा० तिण्णिप० अट्ठ-तेरह०। अवत्त० अट्ठचों०। सादासाद०-चदुणोक०-उज्जो०-थिरादितिण्णियु० सव्वप० अट्ठ-तेरह०। मिच्छ० तिण्णिप० अट्ठ-तेरह०। अवत्त०[1] अट्ठ-बारह०। इत्थि०-पुरिस०-

---

पाँच मनोयोगी आदि अन्य जितनी मार्गणाएँ हैं, उनमें यह स्पर्शन अविकल बन जाता है। इसलिए उनमें पंचेन्द्रियोंके समान स्पर्शन जाननेकी सूचना की है। तथा काययोगी आदि मार्गणाओंमें ओघप्ररूपणा घटित हो जाती है, इसलिए उनमें ओघके समान जाननेकी सूचना की है। इसी प्रकार आगे भी मार्गणाओंमें अपने-अपने स्वामित्वको जानकर स्पर्शन घटित कर लेना चाहिए। जहाँ विशेषता होगी, उसका निर्देश करेंगे।

५२२. औदारिककाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय आदि दण्डकका भङ्ग ओघके समान है। शेष भङ्ग सामान्य तिर्यंचोंके समान है। औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय आदि दण्डकका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यंचोंके समान है। देवगतिपंचकके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। मिथ्यात्वके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

५२३. वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन, अनन्तानुबन्धी चतुष्क, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय, उद्योत और स्थिर आदि तीन युगलके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मिथ्यात्वके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद,

---

१. ता० प्रतौ अट्ठतेरह०। अवत्त० अट्ठतेरह०। अवत्त० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचिं०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-दोविहा०-तस-सुभग-दोसर-आदें० तिण्णिप० अट्ठ-बारह० । अवत्त० अट्ठचों० । दोआउ०-मणुस०-मणुसाणु०-आदा०-उच्चा० सव्वप० अट्ठचों० । एइंदि०-थावर० तिण्णिप० अट्ठ-णव० । अवत्त० अट्ठचों० । तित्थ० ओघं । वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि० खेत्तभंगो ।

५२४. कम्मइ० धुविगाणं तिण्णिप० सव्वलो० । सेसं ओरालियमि०भंगो । णवरि मिच्छ० अवत्त० एक्कारह० ।

५२५. इत्थिवे० पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंत० तिण्णिप० लो० असं० अट्ठचों० सव्वलो० । थीणगिद्धि०३-अणंताणु०४-णवुंस०-तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-थावर-दूभग-अणादें०-णीचा० तिण्णिप० अट्ठचों० सव्वलो० । अवत्त० अट्ठचों० । णिद्दा-पयला-अट्ठक०[1]-भय-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०४-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० तिण्णिप० अट्ठचों० सव्वलो० । अवत्त० खेत्त० । [सादासाद०-चदुणोक०-थिरा-

पुरुषवेद, पंचेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेयके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। एकेन्द्रियजाति और स्थावरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके बन्धक जीवोंका भङ्ग ओघके समान है। वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

५२४. कार्मणकाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष भङ्ग औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—नीचे पाँच राजू और ऊपर छह राजू इस प्रकार मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदकी अपेक्षा कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजू स्पर्शन जानना चाहिए।

५२५. स्त्रीवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण, कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धित्रिक, अनन्तानुबन्धी चतुष्क, नपुंसकवेद, तिर्यंचगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यंचगत्यानुपूर्वी, स्थावर, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। निद्रा, प्रचला, आठ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय, स्थिर, अस्थिर,

१. ता० प्रतौ णिद्दा पयला य० (१) अट्ठक०, आ०प्रतौ णिद्दा पयला य अट्ठक० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थिर-सुभासुभ० चत्तारिपदा० अट्ठचों० सव्वलो० ।] मिच्छ० तिण्णिप० अट्ठचों० सव्वलो० । अवत्त० अट्ठ-णव० । दोआउ०-इत्थि०-पुरिस०-मणुस०-पंचसंठा०-ओरालि०-अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु-आदाव-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदें०-उच्चा० सव्वपदा अट्ठचों० । दोआउ०-तिण्णिजा०-आहार०२-तित्थ० सव्वप० खेत्त० । दोगदि-दोआणु० तिण्णिप० छच्चों० । अवत्त० खेत्त० । पंचिं०-अप्पसत्थ०-तस-दूसर० तिण्णिप० अट्ठबारह० । अवत्त० अट्ठचोद्द० । ओरालि० तिण्णिप० अट्ठ० सव्वलो० । अवत्त० दिवड्ढचों० । [वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० तिण्णिप० बारहचों० । अवत्त० खेत्त० ।] उज्जो०-जस० सव्वप० अट्ठ-णव० । बादर० तिण्णिप० अट्ठ-तेरह० । अवत्त० खेत्त० । सुहुम-अपज्ज०-साधार० तिण्णिप० लो० असंखें० सव्वलो० । अवत्त० खेत्त० । [अजस० तिण्णिप० अट्ठचों० सव्वलो० । अवत्त० अट्ठ-णवचों० ।] पुरिसेसु इत्थिभंगो । णवरि अपच्चक्खाण०४-ओरालि० अवत्त० लो० असं० छच्चों० । तित्थ० ओघं ।

शुभ और अशुभके चारों पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजुप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । मिथ्यात्वके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । दो आयु, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, मनुष्यगति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, प्रशस्त विहायगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । दो आयु, तीन जाति, आहारकद्विक और तीर्थङ्करके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । दो गति और दो आनुपूर्वीके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । पंचेन्द्रियजाति, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस और दुःस्वरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजुप्रमाणक्षेत्रका स्पर्शन किया है । औदारिकशरीरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । उद्योत और यशःकीर्तिके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । बादरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । अयशःकीर्तिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजुप्रमाण और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । पुरुषवेदी जीवोंमें स्त्रीवेदी जीवोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि अप्रत्याख्यानावरणचतुष्क और औदारिकशरीरके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और कुछ कम छह बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५२६. णवुंस० पंचणा०–चदुदंस०–चदुसंज०[1]–पंचंत० तिण्णिप० सव्वलो० । पंचदंस०–बारसक०–भय–दु०–तेजा०–क–वण्ण०४–अगु०–उप०–णिमि० तिण्णिप० सव्वलो० । अवत्त०[2] खेत्तं० । सादादिदंडओ ओघं । मिच्छ० तिण्णिप० सव्वलो० । अवत्त० बारह० । दोआउ०–आहार०२–तित्थ० खेत्तभंगो० मणुसाउ०–वेउव्वियछ० तिरिक्खोघं । ओरालि० तिण्णिप० सव्वलो० । अवत्त० छच्चों० । अवगद० सव्वपग० भुज०–अप्प०–अवत्त० खेत्तभंगो ।

किया है । तथा तीर्थङ्कर प्रकृतिके बन्धक जीवोंका भङ्ग ओघके समान है ।

५२६. नपुंसकवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । पाँच दर्शनावरण, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माणके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । सातावेदनीय आदि दण्डकका भङ्ग ओघके समान है । मिथ्यात्वके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । दो आयु, आहारकद्विक और तीर्थङ्करके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । मनुष्यायु और वैक्रियिक छहके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । औदारिकशरीरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अपगतवेदी जीवोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है ।

विशेषार्थ—नीचे छठे नरक तक के नारकी मनुष्य व तिर्यञ्चोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय तथा तिर्यञ्च और मनुष्य ऊपर बादर एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय यदि मिथ्यात्वका अवक्तव्यबन्ध करें, तो सब मिलाकर कुछ कम बारह बटे चौदह राजुप्रमाण इस पदकी अपेक्षा स्पर्शन प्राप्त होता है, यह देखकर यहाँ मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है । पहले औदारिककाययोगमें और वैक्रियिककाययोगमें कुछ कम सात बटे चौदह राजुप्रमाण यह स्पर्शन कह आये हैं सो वहाँ भी ऊपर बादर एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करा कर ले आना चाहिए । पहले कार्मणकाययोगमें यह स्पर्शन कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजुप्रमाण कह आये हैं । ऊपर सात राजु तो स्पष्ट हैं । नीचे जो पाँच राजु कहे हैं सो उसका अभिप्राय है कि जो सातवें नरकका नारकी सम्यक्त्व या सासादनसे मिथ्यात्वमें आता है, वह मरकर उसी समय कार्मणकाययोगी नहीं हो सकता । यह पात्रता छठे नरक तक ही सम्भव है । आशय यह है कि कार्मणकाययोगके प्राप्त होनेके पूर्व समयमें सम्यग्दृष्टि या सासादनसम्यग्दृष्टि हो और कार्मणकाययोगमें मिथ्यादृष्टि हो, यह पात्रता छठे नरक तक से मरनेवाले नारकीके ही हो सकती है । यही कारण है कि नीचे यह स्पर्शन कुछ कम पाँच बटे चौदह राजुप्रमाण कहा है । यह तो स्पष्ट है कि सासादनसम्यग्दृष्टि जीव मर कर नरकके सिवा तीन गतिमें उत्पन्न होता है और इन गतियोंमें उत्पन्न होने पर क्रमसे दो में औदारिकमिश्रकाययोग और देवोंमें वैक्रियिकमिश्रकाययोग होता है । तथा इन योगोंके रहते हुए ही मिथ्यात्व गुणस्थान प्राप्त होने पर प्रथम समयमें मिथ्यात्वका अवक्तव्यबन्ध भी होता है । यही कारण है कि इन दोनों योगोंमें

---

१. ता० प्रतौ चदुसं (दंस०) चदुसंज० इति पाठः । २. ता० आ० प्रत्योः तिण्णिप० अट्ठतेरह० अवत्त० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५२७. मदि०-सुद० धुविगाणं भुज०-अप्प०-अवट्ठि० सव्वलो० । सेसं ओघं । णवरि देवगदि-देवाणु० तिण्णिप० पंचचो० । अवत्त० खेत्त० । ओरालि० तिण्णिप० सव्वलो० । अवत्त० एक्कारह० । वेउ०-वेउ०अंगो० तिण्णिप० एक्कारह० । अवत्त० खेत्त० । विभंगे धुविगाणं तिण्णिप० अट्ठ० सव्वलो० । सेसं पंचिंदियभंगो । णवरि वेउ०छ० मदि०भंगो । ओरालि० अवत्त० खेत्त० ।

५२८. आभिणि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-छदंस०-अट्ठक०-पुरिस०-भय-दु०-मणुस०-पंचिंदि०-ओरा०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरा०अंगो०-वज्जरि०-

---

मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। आवश्यक समझकर यहाँ यह प्रासंगिक स्पष्टीकरण किया है।

५२७. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि देवगति और देवगत्यानुपूर्वीके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। औदारिकशरीरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिकआङ्गोपाङ्गके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। विभङ्गज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष भङ्ग पञ्चेन्द्रियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि वैक्रियिक छहका भङ्ग मत्यज्ञानी जीवोंके समान है। तथा औदारिकशरीरके अवक्तव्यका भङ्ग क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—जो तिर्यञ्च और मनुष्य देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके देवगतिद्विकका भुजगार, अल्पतर और अवस्थितबन्ध सम्भव है। किन्तु यह सहस्रारकल्प तक मारणान्तिक समुद्घात करनेवालेके ही होता है, आगेके देवोंमें यह समुद्घात करनेवालेके नहीं; क्योंकि आगेके देवोंमें ऐसे मनुष्य और तिर्यञ्च ही मारणान्तिक समुद्घात करते हैं जो विशुद्ध परिणामवाले होते हैं। अतः इनके इन पदोंका स्पर्शन कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। तथा देवोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय देवगतिद्विकका नियमसे बन्ध होता है, अतः इनके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। सभी एकेन्द्रिय जीव औदारिकशरीरका नियमसे बन्ध करते हैं। अतः इसके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सर्वलोकप्रमाण कहा है। जो तिर्यञ्च और मनुष्य सासादनमें आकर मरते हैं और विग्रहगतिमें औदारिकशरीरका अवक्तव्यबन्ध करते हैं, उनके अवक्तव्य बन्धका स्पर्शन कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजूप्रमाण उपलब्ध होनेसे वह उक्तप्रमाण कहा है। देवगतिद्विकके समान वैक्रियिकशरीरद्विकका सब पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन घटित कर लेना चाहिए। मात्र इसमें नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवालोंका तीन पदोंकी अपेक्षा कुछ कम छह राजू स्पर्शन और मिला लेना चाहिए। इसी कारणसे यहाँ इनके तीन पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

५२८. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वण्ण०४–मणुसाणु०–अगु०४–पसत्थ०–तस० ४–सुभग–सुस्सर–आदें०–णिमि०–तित्थ०–उच्चा०–पंचंत० भुज०–अप्प०–अवट्ठि० अट्ठचों०। अवत्त० खेत्त०। णवरि मणुसगदिपंचग० अवत्त० छच्चों०। सादासाद०–चदुणोक०–मणुसाउ०–थिरादि–तिण्णियु० चत्तारिपदा० अट्ठचों०[1]। अपच्चक्खाण०४ तिण्णिप० अट्ठचों०। अवत्त० छच्चोद्द०। देवाउ०–आहार०२ ओघं। देवगदि०४ तिण्णिप० छच्चो०। अवत्त० खेत्त०। एवं ओधिदं०–सम्मादि०–वेदग०। मणपज्ज०–संजद० याव सुहुमसं० खेत्त–भंगो।

५२९. संजदासंज० धुविगाणं सव्वप० छच्चों०। देवाउ०–तित्थ० सव्वप०

संहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यगति-पञ्चकके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय, मनुष्यायु और स्थिर आदि तीन युगलके चारों पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अप्रत्याख्यानावरण चारके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायु और आहारकद्विकका भङ्ग ओघके समान है। देवगतिचतुष्कके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। मनःपर्ययज्ञानी और संयत जीवोंसे लेकर सूक्ष्मसाम्परायसंयत तकके जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—संयत मनुष्योंके तथा संयतासंयत और असंयतसम्यग्दृष्टि तिर्यञ्च और मनुष्योंके मर कर देवोंमें उत्पन्न होने पर मनुष्यगतिपञ्चकका अवक्तव्यबन्ध होता है। यतः इनका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण उपलब्ध होता है, अतः यहाँ मनुष्यगति-पञ्चकके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। असंयतसम्यग्दृष्टि मनुष्य मर कर प्रथम नरकमें भी जाते हैं और ऐसे जीवोंके भी प्रथम समयमें उक्त प्रकृतियोंका अवक्तव्य बन्ध होता है, पर इससे उक्त स्पर्शनमें कोई अन्तर नहीं आता; इतना यहाँ विशेष जानना चाहिये। संयत और संयतासंयत जीवोंके मर कर देव होने पर अप्रत्याख्यानावरण चतुष्कका अवक्तव्यबन्ध होता है और इनका स्पर्शन भी कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण है, अतः इनके अवक्तव्यबन्धका स्पर्शन उक्तप्रमाण कहा है। यद्यपि संयत मनुष्योंके और संयतासंयत तिर्यञ्च व मनुष्योंके असंयत सम्यग्दृष्टि होने पर भी अप्रत्याख्यानावरण चारका अवक्तव्य बन्ध होता है, पर यह स्पर्शन पूर्वोक्त स्पर्शनमें सम्मिलित है; इतना यहाँ विशेष जानना चाहिये। शेष कथन स्पष्ट ही है।

५२९. संयतासंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायु और तीर्थङ्करके सब

---

१. ता० प्रतौ चत्तारिस (पदा)० अट्ठचो०, आ० प्रतौ चत्तारिस० अट्ठचो० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खेत्तभंगो। सेसाणं चत्तारिप० छच्चो०। असंजदेसु धुवियाणं तिण्णिप० सव्वलो०। सेसं ओघं।

५३०. किण्ण-णील-काऊणं धुवियाणं तिण्णिप० सव्वलो०। [मिच्छत्त० तिण्णिपदा० सव्वलो०।] अवत्त० पं०-चत्तारि-बेचो०। दोआउ०-देवगदिदुगं सव्वपदा खेत्त०। मणुसाउ० तिरिक्खोघं। थीणगि०३-अणंताणु०४ तिण्णिप० सव्वलो०। अवत्त० खेत्त०। सादादिदंडओ ओघं। णिरय०-वेउव्वि०-[1]वेउव्वि०अंगो०-णिरयाणु० तिण्णिप० छच्चत्तारि-बेचो०। अवत्त० खेत्त०। ओरालि०[2] तिण्णिप० सव्वलो०। अवत्त० छच्चत्तारि-बेचो०। तित्थ० तिण्णिप० खेत्त०। काऊए तित्थ० णिरयभंगो।

पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असंयतोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष भङ्ग ओघके समान है।

५३०. कृष्ण, नील और कापोत लेश्यामें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मिथ्यात्वके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजू, कुछ कम चार बटे चौदह राजू और कुछ कम दो बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु और देवगतिद्विकके सब पदोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। स्त्यानगृद्धि तीन और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। सातावेदनीय आदि दण्डकका भङ्ग ओघके समान है। नरकगति, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और नरकगत्यानुपूर्वीके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू, कुछ कम चार बटे चौदह राजू और कुछ कम दो बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। औदारिकशरीरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजू, कुछ कम चार बटे चौदह राजू और कुछ कम दो बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तीर्थङ्करप्रकृतिके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। कापोतलेश्यामें तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग नारकियोंके समान है।

विशेषार्थ—सातवें नरकका नारकी नियमसे मिथ्यात्व गुणस्थानमें ही मरण करता है। वहाँसे मरकर अन्य गतिमें उत्पन्न होते समय मिथ्यात्वका अवक्तव्यपद नहीं बन सकता। यही कारण है कि यहाँ कृष्णलेश्यामें मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदका स्पर्शन कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। नील और कापोत लेश्यामें मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदका स्पर्शन कुछ कम चार बटे चौदह राजू और कुछ कम दो बटे चौदह राजू क्रमसे पाँचवें और तीसरे नरकसे मर कर और तिर्यञ्चों व मनुष्योंमें उत्पन्न होने पर मिथ्यात्वका अवक्तव्यबन्ध करनेवालोंकी अपेक्षा कहा है। इन लेश्याओंमें मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदका इससे अधिक स्पर्शन अन्य प्रकार सम्भव नहीं है। इसी प्रकार औदारिकशरीरके अवक्तव्यपदका स्पर्शन उक्त लेश्याओंमें ले आना चाहिये। मात्र यह स्पर्शन तिर्यञ्चों और मनुष्योंके नरकमें उत्पन्न करा कर प्रथम समयमें प्राप्त

---

१. आ० प्रतौ ओघं। वेउव्वि० इति पाठः। २. आ० प्रतौ अवत्त० खेत्त० ओरालि० तिण्णिप० सव्वलो०। अवत्त० छच्चत्तारिबेचोद्दः। अवत्त० खेत्त०। ओरालि० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५३१. तेउ० धुवियाणं तिण्णिप० अट्ठ-णव०। थीणगि०३-अणंताणु०४-णवुंस०-तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-तिरिक्खाणु०-थावर-दूभग-अणादे०-णीचा० तिण्णिप० अट्ठ-णव०। अवत्त० अट्ठचो०। सादासाद०-मिच्छ०-चदुणोक०-उज्जो०-थिरादितिण्णियु० चत्तारिप० अट्ठ-णव०। अपच्चक्खाण०४-ओरालि० तिण्णिप० अट्ठ-णव०। अवत्त० दिवड्ढचो०। इत्थि०-पुरिस०-दोआउ०-मणुस०-पंचिं०-पंच-संठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदा०-दोविहा०-तस०-सुभग-दोसर-आदे०-उच्चा० चत्तारिप० अट्ठचो०। देवाउ०-आहार०२-तित्थ० ओघं। देवगदि० ४ तिण्णिप० दिवड्ढचो०। अवत्त० खेत्त०। एवं पम्माए वि। णवरि अपच्चक्खाण० ४-ओरा०-ओरा०अंगो० अवत्त० पंचचो०। देवगदि०४ तिण्णिप० पंचचो०।

करना चाहिये। तथा जो तिर्यञ्च या मनुष्य मर कर सातवें नरकमें गमन करता है उसके भी यह स्पर्शन सम्भव है, अतः कृष्ण लेश्यामें यह कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। यद्यपि सामान्य नारकियोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिके सब पदोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है फिर भी यहाँ कृष्ण और नील लेश्यामें क्षेत्रके समान और कापोत लेश्यामें नारकियोंके समान कहने का कारण यह है कि कृष्ण और नीललेश्यामें नारकियोंके तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध नहीं होता। इन लेश्याओंमें केवल मनुष्योंके ही तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध होता है, इसलिए इन लेश्याओंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिके सब पदोंका जो क्षेत्र कहा है उसी प्रकार यहाँ स्पर्शन कहा है। तथा कापोत लेश्यामें नारकियोंके भी तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध होता है, इसलिए यह नारकियोंके समान कहा है। शेष कथन सुगम है।

५३१. पीतलेश्यामें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्यानगृद्धि तीन, अनन्तानुबन्धी चार, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर, दुर्भग, अनादेय और नीचगोत्रके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, चार नोकषाय, उद्योत और स्थिर आदि तीन युगलके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अप्रत्याख्यानावरण चार और औदारिकशरीरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, दो आयु, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रके चार पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायु, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। देवगतिचतुष्कके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने डेढ़ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इसी प्रकार पद्मलेश्यामें भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अप्रत्याख्यानावरण चार, औदारिकशरीर और औदारिक आङ्गोपाङ्गके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवगतिचतुष्कके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवत्त० सेस० । सेसाणं सव्वप० अट्ठचो० ।

५३२. सुक्काए पंचणा०-छदंस०-अट्ठक०-भय-दु०-देवग०-पंचिं०-तिण्णि-सरीर-वेउ०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-तस० ४-णिमि०-तित्थ०-पंचंत०

राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—जो पीतलेश्यावाले जीव ऊपर देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके उस समय स्त्यानगृद्धि तीन आदिका अवक्तव्यबन्ध नहीं होता, इसलिए इन प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। मात्र सातावेदनीय, असातावेदनीय और मिथ्यात्व आदिका अवक्तव्यबन्ध एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय भी होता है, इसलिए इन प्रकृतियोंके अवक्तव्यबन्धका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। यहाँ एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय अनन्तानुबन्धीका अवक्तव्यबन्ध नहीं कराया है और मिथ्यात्वका अवक्तव्यबन्ध कराया है। इससे स्पष्ट है कि सासादन गुणस्थानवाला जीव सासादनको प्राप्त करते समय प्रारम्भिक कालमें एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात नहीं करता और इसलिए वह मर कर एकेन्द्रियोंमें जन्म भी नहीं लेता। किन्तु ऐसा जीव मिथ्यादृष्टि होकर प्रथम समयमें ही एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात कर सकता है—यह मिथ्यात्वके अवक्तव्यबन्धके स्पर्शनसे ही स्पष्ट है। पीतलेश्याके साथ तिर्यञ्च और मनुष्य यदि देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करें तो कुल स्पर्शन कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजूप्रमाण होता है। इसीसे अप्रत्याख्यानावरण चारके अवक्तव्यपदका स्पर्शन कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। यहाँ संयत मनुष्योंको और संयतासंयत तिर्यञ्चों और मनुष्योंको मारणान्तिक समुद्घात करनेके प्रथम समयमें असंयत कराके यह स्पर्शन लाना चाहिए। किन्तु ऐसे तिर्यञ्चों और मनुष्योंके मारणान्तिक समुद्घातके समय देवगतिचतुष्कका अवक्तव्यबन्ध नहीं होता, इसलिए इनके अवक्तव्यबन्धका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है, क्योंकि जो देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते हैं, उनके पहलेसे ही इन प्रकृतियोंका बन्ध होता रहता है। पद्मलेश्यामें कुछ कम नौ बटे चौदह राजूप्रमाण स्पर्शन नहीं होता, क्योंकि इस लेश्यावाले जीव एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात नहीं करते, इसलिए कुछ प्रकृतियोंको छोड़कर इस लेश्यामें शेष सब प्रकृतियोंके सम्भव पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। जिन प्रकृतियोंके सम्बन्धमें विशेषता है, उसका खुलासा इसप्रकार है—अप्रत्याख्यानावरणका बन्ध नहीं करनेवाले तिर्यञ्च और मनुष्य देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेके प्रथम समयमें असंयत होकर इनका बन्ध करें, यह सम्भव है और ऐसे जीवोंका स्पर्शन कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण है, अतः यहाँ इनके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। तिर्यञ्च और मनुष्य देवोंमें जन्म लेनेके प्रथम समयमें औदारिकद्विकका नियमसे अवक्तव्यबन्ध करते हैं और पद्मलेश्यामें ऐसे जीवोंका भी स्पर्शन कुछ कम पाँच राजूप्रमाण होता है, अतः यह भी उक्त प्रमाण कहा है। देवगतिचतुष्कके अवक्तव्यबन्धके लिए जो युक्ति पीत लेश्यामें दी है वही यहाँ भी जान लेनी चाहिए। तदनुसार इनके अवक्तव्यबन्धका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

५३२. शुक्ललेश्यामें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, तीन शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, निर्माण, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तरायके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिण्णिप० छच्चों० । अवत्त० खेत्तभंगो । देवाउ०-आहार०२ सव्वपदा ओघं । सेसाणं सव्वपदा छच्चों० ।

५३३. अब्भवसि० मदि०भंगो । णवरि मिच्छत्तं अवत्तव्वं णत्थि ।

५३४. खइग०-उवसम० ओधि०भंगो । णवरि अपच्चक्खाण०४ अवत्त० खेत्त-भंगो[1] । देवगदि०४-आहार०२ सव्वप० खेत्त० । मणुसगदिपंचगस्स य अवत्त० खेत्त-भंगो । उवसमे तित्थकरं सव्वपदा खेत्तं ।

कम छह बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । देवायु और आहारकद्विकके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजुप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

विशेषार्थ—यहाँ प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंमें से चार प्रत्याख्यानावरणको व देवगतिचतुष्कको छोड़कर शेष सब प्रकृतियोंका अवक्तव्यपद उपशमश्रेणिमें प्राप्त होता है, प्रत्याख्यानावरण चारका अवक्तव्यपद संयत मनुष्यके संयतासंयत होने पर प्राप्त होता है और देवगतिचतुष्कका अवक्तव्यपद संज्ञी तिर्यञ्च और मनुष्य जीवोंके प्राप्त होता है, अतः इस पद-की अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है । यद्यपि संज्ञी जीवोंका स्पर्शन अधिक है, परन्तु इनके देवगतिचतुष्कका अवक्तव्यपद स्वस्थानमें ही बनता है और इस अपेक्षासे इनका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण ही है। अतः यह भी क्षेत्रके समान कहा है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

५३३. अभव्योंमें मत्यज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि इनके मिथ्यात्वका अवक्तव्यपद नहीं है ।

विशेषार्थ—मिथ्यात्वका अवक्तव्यपद उन जीवोंके होता है जो ऊपरके गुणस्थानोंसे उतरकर मिथ्यात्वमें आते हैं । किन्तु अभव्य सदा मिथ्यादृष्टि ही होते हैं, अतः इनके मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदका निषेध किया है ।

५३४. क्षायिकसम्यक्त्व और उपशमसम्यक्त्वमें अवधिज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि इनमें अप्रत्याख्यानावरण चारके अवक्तव्यपदका भङ्ग क्षेत्रके समान है । देवगतिचतुष्क और आहारकद्विकके सब पदोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है । मनुष्यगतिपञ्चकके अवक्तव्यपदका भङ्ग क्षेत्र समान है । तथा उपशमसम्यक्त्वमें तीर्थङ्कर प्रकृतिके सब पदोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है ।

विशेषार्थ—उक्त दोनों सम्यक्त्वोंमें अप्रत्याख्यानावरण चारका अवक्तव्यपद उन्हीं जीवों के होता है जो ऊपरके गुणस्थानवाले मनुष्य अविरतसम्यग्दृष्टि होते हैं। अतः इनके अवक्तव्य-पदका भङ्ग क्षेत्रके समान कहा है । क्षायिकसम्यग्दृष्टि मनुष्यों या तिर्यञ्चोंके देव होने पर प्रथम समयमें मनुष्यगति पञ्चकका अवक्तव्यपद होता है और उपशमश्रेणिसे मरकर देव होने पर उपशमसम्यग्दृष्टि देवोंके प्रथम समयमें मनुष्यगतिपञ्चकका अवक्तव्यपद होता है । यतः इन जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अतः इन दोनों सम्यक्त्वोंमें मनुष्यगति पञ्चकके अवक्तव्यपदका भङ्ग क्षेत्रके समान कहा है । तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध करनेवाले उपशम-सम्यग्दृष्टि जीव संख्यातसे अधिक नहीं होते। अतः इसके सब पदोंका भङ्ग भी क्षेत्रके समान कहा है । शेष कथन सुगम है ।

---

१. आ० प्रतौ अपच्चक्खाण०४ खेत्तभंगो इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५३५. सासणे धुविगाणं तिण्णिप० अट्ठ-बारह० । दोआउ०-मणुसग०-मणुसाणु० उच्चा० सव्वप० अट्ठचों० । देवाउ० ओघं । देवगदि०४ तिण्णिप० पंचचों० । अवत्त० खेत्तं० । सेसं सव्वपदा अट्ठ-बारह० । णवरि इत्थि०-पुरिस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-दोविहा०-सुभग-दूभ० दोसर-आदें०-अणादे०-णीचा० अवत्त० अट्ठचों० । ओरा०-ओरालि०अंगो० अवत्त० पंचचों० ।

५३६. सम्मामि० धुविगाणं तिण्णिप० अट्ठ० । देवगदि०४ तिण्णिप० खेत्तं० । सेसाणं सव्वपदा अट्ठ० ।

---

५३५. सासादनसम्यक्त्वमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायुका भङ्ग ओघके समान है। देवगतिचतुष्कके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेद, पुरुषवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, दो विहायोगति, सुभग, दुर्भग, दो स्वर, आदेय, अनादेय और नीचगोत्रके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा औदारिकशरीर और औदारिक आङ्गोपाङ्गके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—आयुका बन्ध मारणान्तिक समुद्घातके समय नहीं होता। तथा सासादनसम्यग्दृष्टि जीव मर कर नरकमें नहीं जाता और सासादन सम्यग्दृष्टियोंके एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय मनुष्यगतिद्विक व उच्चगोत्रका बन्ध नहीं होता, इसलिए यहाँ इन सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। मनुष्यों और तिर्यञ्चोंके देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय देवगतिचतुष्कके तीन पदोंका ही बन्ध होता है। उसमें भी सासादनसम्यग्दृष्टि तिर्यञ्च सहस्रार कल्प तक ही मर कर उत्पन्न होते हैं, अतः यहाँ देवगतिचतुष्कके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम पाँच बटे चौदह राजूप्रमाण और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। यद्यपि सासादनसम्यग्दृष्टि मनुष्य सहस्रार कल्पसे आगे भी उत्पन्न होते हैं पर इनका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण ही है, अतः तीन पदोंकी अपेक्षा कहे गये उक्त स्पर्शनमें इससे कोई अन्तर नहीं पड़ता। तथा स्त्रीवेद आदिका यहाँ मारणान्तिक समुद्घातके समय या उपपाद के समय अवक्तव्यबन्ध नहीं होता, अतः इनके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

५३६. सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवगतिचतुष्कके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव न तो मरते ही हैं और न ही इनमें मारणान्तिक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५३७. मिच्छा० मदि०भंगो। णवरि मिच्छत्तं अवत्तव्वं णत्थि। असण्णीसु धुविगाणं तिण्णिप० सव्वलो०। सादादिदंडओ ओघं। दोआउ०–वेउ०छ०–ओरा०अंगो खेत्त०। मणुसाउ० तिरिक्खोघं। अणाहार० कम्मइगभंगो।

एवं फोसणं समत्तं

कालाणुगमो।

५३८. कालाणुगमेण दुवि०–ओघे० आदे०। ओघेण पंचणा०–छदंस०–अट्ठक०–भय–दु०–तेजा०–क०–वण्ण०४–अगु०–उप०–णिमि०–पंचंत० भुज०–अप्प०–अवट्ठि०बंधगा केवचिरं कालादो होदि? सव्वद्धा। अवत्त० केव०? ज० ए०, उ० संखेज्ज सम०। थीणगि०३–मिच्छ०–अट्ठक०–ओरा० तिण्णिप० सव्वद्धा। अवत्त० ज० ए०, उ० आवलि० असंखे०। दोवेदणीय–सत्तणोक०–तिरिक्खाउ०–दोगदि–पंचजा०–

समुद्घात होता है, इसलिए इनमें देवगतिचतुष्कको छोड़कर शेष सब प्रकृतियोंके अपने-अपने पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। देवगतिचतुष्कका बन्ध तिर्यञ्च और मनुष्य करते हैं और यहाँ इनका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अतः देवगतिचतुष्कके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है।

५३७. मिथ्यादृष्टि जीवोंमें मत्यज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वका अवक्तव्यपद नहीं है। असंज्ञियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंने सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय आदि दण्डकका भङ्ग ओघके समान है। दो आयु, वैक्रियिकषट्क और औदारिक आङ्गोपाङ्गका भङ्ग क्षेत्रके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। अनाहारकोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—असंज्ञियोंमें पञ्चेन्द्रिय असंज्ञी जीव ही नरकायु, देवायु और वैक्रियिकषट्कका बन्ध करते हैं और नारकियोंमें व देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करते समय भी इनका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसलिए तो इन आठ प्रकृतियोंके सब पदोंका भङ्ग क्षेत्रके समान कहा है और औदारिक आङ्गोपाङ्गका सब पदोंकी अपेक्षा क्षेत्र ही सब लोक है, इसलिए स्पर्शन तो उतना होगा ही। यह देखकर इसके सब पदोंका भङ्ग भी क्षेत्रके समान कहा है। शेष कथन सुगम है।

इस प्रकार स्पर्शन समाप्त हुआ।

कालानुगम।

५३८. कालानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदके बन्धक जीवोंका कितना काल है? सर्वदा काल है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका कितना काल है? जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, आठ कषाय और औदारिकशरीरके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका सर्वदा काल है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। दो वेदनीय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चायु, दो गति, पाँच जाति, छह संस्थान, औदारिक आङ्गो-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छस्संठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-दोआणु०-पर०-उस्सा०-आदाउज्जो०-दोविहा०-तसादिदसयु०-दोगो० चत्तारिपदा सव्वद्धा। तिण्णिआउ० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० पलिदो० असंखें०। अवट्ठि०-अवत्त० ज० ए०, उ० आवलि० असंखें०। वेउ०-छ० भुज०-अप्प० सव्वद्धा। अवट्ठि०-अवत्त० ज० ए०, उ० आवलि० असं। एवं तित्थ०। णवरि अवत्त० ज० ए०, उ० संखेंज्जस०। आहार०२ भुज०-अप्प० सव्वद्धा। अवट्ठि०-अवत्त० ज० ए०, उ० संखेंज्जस०। एवं ओघभंगो कायजोगि-ओरा०-णवुंस०-कोधादि०४-अचक्खु०-भवसि०-आहारए त्ति।

पाङ्ग, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रसादि-दस युगल और दो गोत्रके चार पदोंके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। तीन आयुओंके भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। वैक्रियिक छहके भुजगार और अल्पतरपदके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार तीर्थङ्कर प्रकृतिकी अपेक्षा काल जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अवक्तव्य-पदके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। आहारक-द्विकके भुजगार और अल्पतरपदके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, औदारिककाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षु-दर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिए।

विशेषार्थ—प्रथम दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके प्रारम्भके तीन पदोंका बन्ध एकेन्द्रियादि सब जीव करते हैं, इसलिए इनका सब काल कहा है। मात्र इनका अवक्तव्यपद उपशमश्रेणिसे उतरते समय होता है या उपशमश्रेणिमें मरण कर देव होने पर प्रथम समयमें होता है, इसलिए इनके अवक्तव्यपदका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय कहा है। यदि एक समयमें नाना जीव उपशमश्रेणि पर आरोहण करके एक साथ अवक्तव्यपदके पात्र होते हैं तो एक समय होता है और क्रमसे संख्यात समय तक उपशमश्रेणि पर आरोहण कर उसी क्रमसे अवक्तव्यबन्धके पात्र होते हैं तो संख्यात समय होता है। मात्र इन प्रकृतियोंमें प्रत्या-ख्यानावरण चार भी हैं सो इनके अवक्तव्यबन्धका काल विरत जीवोंको नीचे लाकर प्राप्त करना चाहिए। आगे जिन प्रकृतियोंके जिन पदोंका सर्वदा काल कहा है, उसका कहीं तो पूर्वोक्त कारण है और कहीं उनका किसी न किसीके निरन्तर बन्ध होना कारण है। इसलिए यह उस प्रकृति-के बन्ध स्वामीका विचार कर ले आना चाहिए। जिन प्रकृतियोंके जिन पदोंका काल न्यूनाधिक है उसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—पहले स्त्यानगृद्धि आदिके अवक्तव्यपदका काल एक जीव-की अपेक्षा एक समय बतला आये हैं। यदि नाना जीव इन प्रकृतियोंका अवक्तव्यपद करें तो कमसे कम एक समय तक करते हैं, क्योंकि सासादनसे लेकर संयतासंयत गुणस्थान तक प्रत्येक गुणस्थानकी राशि पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। उसमेंसे कुछ जीव यदि मिथ्यात्व आदि गुणस्थानोंमें आते हैं तो एक समयमें आकर अन्तर भी पड़ सकता है, इसलिए तो इन प्रकृतियों-के अवक्तव्यपदका जघन्य काल एक समय कहा है और यदि निरन्तर मिथ्यात्व आदि गुण-स्थानको प्राप्त होते रहें तो आवलीके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक ही होंगे। इसलिए इन प्रकृतियोंके अवक्तव्य पदका उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। प्रत्येक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५३९. तिरिक्खेसु धुविगाणं तिण्णिप० सव्वद्धा। सेसं ओघं। एवं ओरालि०मि०-कम्मइ०-मदि०-सुद०-असंज०-तिण्णिले०-अब्भवसि०-मिच्छा०-असण्णि-अणाहारए त्ति। णवरि ओरालियमि०-कम्मइ०-अणाहारएसु देवगदिपंचग० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो०। अवट्ठि० ज० ए०, उ० संखेज्जस०।

५४०. अवगद०-सुहुमसंप० सव्वपग० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० अंतो०।

आयुका बन्ध काल अन्तर्मुहूर्त है और इसमें भुजगार आदि तीन पदोंका जघन्य काल एक समय है। साथ ही नारकी, मनुष्य और देवोंका प्रमाण असंख्यात है। यह सब देखकर नरकायु, मनुष्यायु और देवायुके दो पदोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा इनके अवस्थित और अवक्तव्यपदका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। तीर्थङ्कर प्रकृतिके अन्य तीन पदोंका काल तो इसी प्रकार है, पर अवक्तव्यपदके उत्कृष्ट कालमें कुछ विशेषता है। बात यह है कि जो तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध करनेवाले मनुष्य नरकमें उत्पन्न होते हैं या उपशमश्रेणि पर चढ़ते हैं उन्हींके तीर्थङ्कर प्रकृतिका अवक्तव्य बन्ध होता है। किन्तु ये कुल संख्यातसे अधिक नहीं हो सकते, अतः तीर्थङ्कर प्रकृतिके अवक्तव्यबन्धका उत्कृष्ट काल संख्यात समय कहा है। यही युक्ति आहारकद्विकके अवस्थित और अवक्तव्यपदके कालके विषयमें जाननी चाहिए। यहाँ अन्य जितनी मार्गणाएँ गिनाई हैं उनमें यह प्ररूपणा अविकल घटित हो जाती है, इसलिए उनके कथनको ओघके समान कहा है।

५३९. तिर्यञ्चोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। शेष भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, तीन लेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें देवगतिपञ्चकके भुजगार और अल्पतरपदके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है।

विशेषार्थ—इन मार्गणाओंमें उपशमश्रेणि नहीं होती, इसलिए इनमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा कहा है। जो सम्यग्दृष्टि तिर्यञ्च और मनुष्य औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी और अनाहारक होते हैं उन्हींके देवगतिपञ्चकका इन मार्गणाओंमें बन्ध होता है, इसलिये इनमें भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। एक साथ नाना जीव इन मार्गणाओंको प्राप्त हुए और उन्होंने एक समय तक भुजगार और अल्पतरपदका बन्ध किया तो जघन्य काल एक समय बनता है तथा निरन्तर क्रमसे यदि नाना जीव इन मार्गणाओंको प्राप्त होते रहते हैं तो इन पदोंका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त बनता है। परन्तु ऐसे जीव कमसे कम एक समय तक और अधिकसे अधिक संख्यात समय तक ही मार्गणाओंको प्राप्त होते हैं। अतः इन मार्गणाओंमें उक्त प्रकृतियोंके अवस्थित और अवक्तव्यपदका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय कहा है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिये कि कार्मणकाययोगमें और अनाहारक मार्गणामें दो-दो समयके फरकसे जीवोंको प्राप्त करा कर भुजगार और अल्पतर पदका उत्कृष्ट काल लाना चाहिये; अन्यथा उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होना सम्भव नहीं है। शेष कथन सुगम है।

५४०. अपगतवेदी और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार और

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवगद० अवत्त०[1] ज० ए०, उ० संखेज्जस० ।

५४१. सव्वएइंदि०-पुढ०-आउ०-तेउ०-वाउ० तेसिं च सव्वसुहुमाणं बादरपुढ०-आउ०-तेउ०-वाउ० तेसिं चेव अपज्ज० सव्ववणप्फदि०-णियोद०-बादरपत्ते० तस्सेव अपज्ज० मणुसाउ० तिरिक्खोघं । सेसाणं सव्वपदा सव्वद्धा । सेसाणं णिरयादि याव सण्णि त्ति जासिं णाणाजीवेहि भंगविचए भयणिज्जा तासिं अप्पप्पणो ट्ठिदिभुजगार-भंगो । अवट्ठि०-अवत्त० भयणिज्जा सेसपदा[णं] भयणिज्जा याओ ताओ ओघं णिरय-भंगो । एसिं अवत्त० संखेज्जा तासिं ओघं तित्थयरभंगो । यासिं सव्वपदा संखेज्जा आहारसरीरभंगो ।

❀ एवं कालं समत्तं ❀

अंतराणुगमो ।

५४२. अंतराणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० पंचणा०-छदंस०-चदुसंज०-भय-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० भुज०-अप्प०-अवट्ठि०बंधगंतरं केवचिरं कालादो होदि ? णत्थि अंतरं । अवत्त० ज० ए०, उ० वासपुधत्तं० । थीण-

---

अल्पतरपदके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अपगतवेदी जीवोंमें अवक्तव्यपदका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल संख्यात समय है ।

विशेषार्थ—इन मार्गणाओंको कमसे कम एक समय तक और अधिकसे अधिक संख्यात समय तक जीव प्राप्त होते हैं, इसलिये इनमें सब प्रकृतियोंके अवस्थित और अवक्तव्यपदका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय कहा है । शेष कथन सुगम है ।

५४१. सब एकेन्द्रिय, पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक और इन पृथिवी आदि चारोंके सब सूक्ष्म, बादर पृथिवीकायिक, बादर जलकायिक, बादर अग्निकायिक, बादर वायुकायिक तथा इन चारोंके अपर्याप्त, सब वनस्पतिकायिक, निगोद, बादर प्रत्येक वनस्पतिकायिक और बादर प्रत्येक वनस्पतिकायिक अपर्याप्त जीवोंमें मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । शेष सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । नरकगतिसे लेकर संज्ञी तक शेष मार्गणाओंमें जिनका नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचय भजनीय है, उनका अपने-अपने स्थितिबन्धके भुजगारके समान काल है । जिनके अवस्थित और अवक्तव्यपद भजनीय हैं तथा शेष पद भजनीय नहीं हैं, उनका ओघसे नरकगतिके समान भङ्ग है । तथा जिनके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यात हैं, उनका ओघसे तीर्थङ्कर प्रकृतिके समान भङ्ग है और जिनके सब पदोंके बन्धक जीव संख्यात हैं, उनका ओघसे आहारक-शरीरके समान भङ्ग है ।

इस प्रकार काल समाप्त हुआ ।

अन्तरानुगम

५४२. अन्तरानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्ण-चतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके भुजगार अल्पतर और अवस्थित-पदके बन्धक जीवोंका अन्तरकाल कितना है ? अन्तरकाल नहीं है । अवक्तव्यपदके बन्धक

---

१. आ० प्रतौ अ तो० । अवट्ठि० अवत्त० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणु०४ तिण्णिप० णत्थि अंतरं। अवत्त० ज० ए०, उ० सत्त रादिंदियाणि। सादासाद०-सत्तणोक०-तिरिक्खाउ०-दोगदि-पंचजा०-छसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-दोआणु०-पर०-उस्सा०-आदाउज्जो०-दोविहा०-तसादिदसयु०-दोगो० चत्तारिप० णत्थि अंतरं। अपच्चक्खाण०४ तिण्णिप० णत्थि अंतरं। अवत्त० ज० ए०, उ० चोद्दस रादिंदियाणि। एवं पच्चक्खाण०४। णवरि अवत्त० ज० ए०, उ० पण्णारस रादिंदि०। तिण्णिआउ० भुज०-अप्प०-अवत्त० ज० ए०, उ० चदुवीसं मुहुत्तं। अवट्ठि० ज० ए०, उ० असंखेज्जा लोगा। वेउ०छ० भुज०-अप्प० णत्थि अंतरं। अवट्ठि० ज० ए०, उ० असंखेज्जा लोगा। अवत्त० ज० ए०, उ० अंतो०। एवं आहार०२। तित्थ० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० देवगदिभंगो। अवत्त० ज० ए०, उ० वासपुधत्तं। ओरालि० अवत्त० ज० ए०, उ० अंतो०। सेसपदाणं णत्थि अंतरं। एवं ओघभंगो कायजोगि-ओरा०-णवुंस०-कोधादि०४-अचक्खु०-भवसि०-आहारए त्ति।

जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल वर्षपृथक्त्वप्रमाण है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका अन्तरकाल नहीं है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर सात दिन रात है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चायु, दो गति, पाँच जाति, छह संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रसादि दस युगल और दो गोत्रके चारों पदोंके बन्धक जीवोंका अन्तरकाल नहीं है। अप्रत्याख्यानावरणचतुष्कके तीन पदोंके बन्धक जीवोंका अन्तरकाल नहीं है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर चौदह दिन रात है। इसी प्रकार प्रत्याख्यानावरणचतुष्कके विषयमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पन्द्रह दिन रात है। तीन आयुओंके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर चौबीस मुहूर्त है। अवस्थितपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। वैक्रियिकषट्कके भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीवोंका अन्तरकाल नहीं है। अवस्थितपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार आहारकद्विकके विषय में जानना चाहिये। तीर्थङ्कर प्रकृतिके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितपदका भङ्ग देवगतिके समान है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण है। औदारिकशरीरके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। शेष पदोंके बन्धक जीवोंका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, औदारिककाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिये।

विशेषार्थ—प्रथम दण्डकमें और दूसरे दण्डकमें कही गई प्रकृतियोंके तीन पदोंका निरन्तर बन्ध एकेन्द्रियादि जीवोंके पाया जाता है, इसलिये इन पदोंके अन्तर कालका निषेध किया है। मात्र उपशमश्रेणिका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५४३. णिरएसु तित्थ० ओघं। अथवा अवत्त० ज० ए०, उ० पलिदो० असंखे०। सेसाणं भुज०-अप्प० णत्थि अंतरं। अवट्ठि० ज० ए०, उ० असंखेज्जा लोगा।

प्रमाण है, इसलिये इनके अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर वर्ष-पृथक्त्वप्रमाण कहा है। उपशमसम्यक्त्वमार्गणाका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर सात दिन-रात है। तदनुसार सम्यक्त्वसे च्युत होकर मिथ्यात्वको प्राप्त होनेवाले जीवोंका भी इतना ही अन्तर है। अतः स्त्यानगृद्धि तीन आदिके अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर सात दिन-रात कहा है। सातावेदनीय आदिके चारों पदोंका एकेन्द्रिय आदि जीव बन्ध करते हैं, अतः इनके चारों पदोंके अन्तरकालका निषेध किया है। अप्रत्याख्यानावरण चार और प्रत्याख्यानावरण चारके तीन पदोंके अन्तरका निषेध ज्ञानावरणके समान जानना चाहिये। तथा प्रथमोपशमसम्यक्त्वके साथ संयतासंयत गुण-स्थानका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर चौदह दिन-रात है। तदनुसार पाँचवें आदि ऊपरके गुणस्थानोंसे च्युत होकर जीव इतने ही काल तक अविरत अवस्थाको नहीं प्राप्त होता। अतः अप्रत्याख्यानावरणचतुष्कके अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर चौदह दिनरातप्रमाण कहा है। इसी प्रकार उपशमसम्यक्त्वके साथ विरत जीवका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पन्द्रह दिनरात है। इसका अभिप्राय इतना है कि विरत जीव इतने ही काल तक विरताविरत गुणस्थानको नहीं प्राप्त होता, इसलिए प्रत्याख्यानावरणके अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पन्द्रह दिन-रात है। नरक, मनुष्य और देवगतिमें यदि कोई भी जीव उत्पन्न न हो तो कमसे कम एक समय तक और अधिक से अधिक चौबीस मुहूर्त तक नहीं उत्पन्न होता। इसके अनुसार इन आयुओंके बन्धमें भी इतना अन्तर पड़ सकता है, इसलिए इन तीन आयुओंके तीन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर चौबीस मुहूर्त कहा है। मात्र इनके अवस्थितपदका परिणामोंके अनुसार अन्तर होता है, इसलिए वह जघन्यरूपसे एक समय और उत्कृष्टरूपसे असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। वैक्रियिकषट्कके भुजगार और अल्पतरपदका बन्ध नाना जीव करते ही रहते हैं, इसलिए इनके उक्त दो पदोंके अन्तरकालका निषेध किया है। इसी प्रकार तीर्थङ्कर और औदारिकशरीरके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितपदके अन्तरकालका निषेध घटित कर लेना चाहिए। तथा वैक्रियिकषट्कके अवस्थितपदके अन्तरकालको तीन आयुओंके समान घटित कर लेना चाहिए। वैक्रियिकषट्क और औदारिकशरीर परिवर्तमान प्रकृतियाँ हैं, इसलिए इनके अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। तथा तीर्थङ्कर प्रकृतिका अवक्तव्यपद उपशमश्रेणिमें व दूसरे-तीसरे नरकमें होता है। उसमें भी उपशमश्रेणिका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण है, इसलिए इसके अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण कहा है। यहाँ गिनाई गई काययोगी आदि मार्गणाओंमें यह प्ररूपणा अविकल घटित हो जाती है, इसलिए उनके कथनको ओघके समान कहा है।

५४३. नारकियोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। अथवा अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। शेष प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीवोंका अन्तरकाल नहीं है। अवस्थितपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवत्त० ज० ए०, उ० अंतो०। थीणगिद्धिदंडओ ओघभंगो। सत्तमाए दोगदि-दोआणु०-दोगो० थीणगिद्धिभंगो।

५४४. तिरिक्खेसु धुविगाणं भुज०-अप्प०-अवट्ठि० णत्थि अंतरं। सेसं ओघं ओरालियमि०-कम्मइ०-मदि०-सुद०-असंज०-तिण्णिले०-अब्भवसि०-मिच्छा०-असण्णि०-अणाहारए त्ति। णवरि ओरालि०मि०-कम्मइ०-अणाहारएसु देवगदिपंचग० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० मासपुध०। अवट्ठि० ज० ए०, उ० असंखें० लो०। णवरि तित्थ० भुज०-अप्प० ज० ए०, उ० वासपुध०।

अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। स्त्यानगृद्धिदण्डकका भङ्ग ओघके समान है। मात्र सातवीं पृथिवीमें दो गति, दो आनुपूर्वी और दो गोत्रका भङ्ग स्त्यानगृद्धिके समान है।

विशेषार्थ—हम पहले ही बतला आये हैं कि तीर्थङ्कर प्रकृतिका अवक्तव्यपद नरकमें भी सम्भव है, इसलिए यहाँ ओघ प्ररूपणा बन जाती है। किन्तु एक उपदेश ऐसा भी है कि तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध करनेवाला जीव दूसरे और तीसरे नरकमें अधिकसे अधिक पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक नहीं उत्पन्न होता, इसलिए इस उपदेशके अनुसार तीर्थङ्कर प्रकृतिके अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। शेष प्रकृतियोंका बन्ध यहाँ निरन्तर होता है, इसलिए उनके भुजगार और अल्पतर पदके अन्तरका निषेध किया है और अवस्थितपदका अन्तर परिणामोंके अनुसार कहा है। तथा परावर्तमान या अध्रुवबन्धिनी प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। सातवें नरकमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका बन्ध मिथ्यादृष्टिके तथा मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका बन्ध सम्यग्दृष्टिके होता है, इसलिए स्त्यानगृद्धिके समान भङ्ग बन जाता है।

५४४. तिर्यञ्चोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार, अल्पतर और अवस्थितपदके बन्धक जीवोंका अन्तरकाल नहीं है। शेष भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, तीन लेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें देवगतिपञ्चकके भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर मासपृथक्त्वप्रमाण है। अवस्थितपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि तीर्थङ्करप्रकृतिके भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण है।

विशेषार्थ—सम्यग्दृष्टि नारकी, मनुष्य और देव मर कर औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी और अनाहारकोंमें यदि अन्तरसे उत्पन्न हों तो कमसे कम एक समयके अन्तरसे और अधिकसे अधिक मासपृथक्त्वके अन्तरसे उत्पन्न होते हैं, इसलिए इन मार्गणाओंमें देवगतिचतुष्कके भुजगार और अल्पतरपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर मासपृथक्त्वप्रमाण कहा है। तथा तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध करनेवाले नारकी और देव उक्त तीन मार्गणाओंमें यदि अन्तरसे उत्पन्न होते हैं तो कमसे कम एक समयके अन्तरसे और अधिकसे अधिक वर्षपृथक्त्वके अन्तरसे उत्पन्न होते हैं, अतः इन मार्गणाओंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिके भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५४५. अवगद०-सुहुमसं० अप्पसत्थाणं भुज०-अवत्त० ज० ए०, उ० वासपुध० । अप्प० ज० ए०, उ० छम्मासं० । पसत्थाणं भुज० ज० ए०, उ० छम्मासं० । अप्प०-अवत्त० ज० ए०, उ० वासपुध० । सुहुमसं० अवत्त० णत्थि अंतरं ।

५४६. आभिणि०-सुद०-ओधि० मणुसगदिपंचग०-देवगदि०४ भुज०-अप्प० णत्थि अंतरं । अवट्ठि० ज० ए०, उ० असंखेज्जा लोगा । अवत्त० ज० ए०, उ० मासपुध० । णवरि ओधिणा० ज० ए०, उ० वासपुध० । एवं ओधिदं०-सुक्कले०-सम्मा० खइग०-वेदग० । उवसम० एदाओ पगदीओ ज० ए०, उ० वासपुध० । सेसाणं

वर्षपृथक्त्वप्रमाण कहा है । इसका यह अभिप्राय है कि वर्षपृथक्त्वके अन्तरसे कोई न कोई जीव तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध करनेवाला देव और नरक पर्यायसे आकर इस भूमण्डलको सुशोभित करता है । विदेहोंमें निरन्तर तीर्थङ्कर होते हैं, इसलिए यह असम्भव भी नहीं है । फिर भी यहाँ यह पृथक्त्व शब्द ७ और ८ का वाची न होकर बहुत्व अर्थको व्यक्त करनेवाला है, ऐसा हमें प्रतीत होता है । शेष कथन सुगम है ।

५४५. अपगतवेदी और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें अप्रशस्त प्रकृतियोंके भुजगार और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व-प्रमाण है । अल्पतरपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना है । प्रशस्त प्रकृतियोंके भुजगार पदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना है । अल्पतर और अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण है । मात्र सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका अन्तरकाल नहीं है ।

विशेषार्थ—यहाँ पर अप्रशस्त प्रकृतियोंका भुजगार और अवक्तव्यबन्ध उपशमश्रेणिमें उतरते समय होता है, इसलिए इनके भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण कहा है । तथा क्षपकश्रेणिमें इनका अल्पतरबन्ध होता है इसलिए इस पदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय और उत्कृष्ट अन्तर छह महीना कहा है । यद्यपि उपशमश्रेणिपर चढ़ते समय इन प्रकृतियोंका अल्पतर बन्ध होता है पर उपशमश्रेणिसे क्षपकश्रेणिका अन्तरकाल कम है, इसलिए यह अन्तर क्षपकश्रेणिकी अपेक्षा लिया है । प्रशस्त प्रकृतियोंका अन्तर इससे भिन्न प्रकारसे लाना चाहिए । अर्थात् क्षपक-श्रेणिकी अपेक्षा प्रशस्त प्रकृतियोंके भुजगारबन्धका और उपशमश्रेणिकी अपेक्षा इनके अल्पतर और अवक्तव्यपदका अन्तर लाना चाहिए । कारण स्पष्ट है । मात्र सूक्ष्मसाम्परायमें किसी भी प्रकृतिका अवक्तव्यबन्ध नहीं होता ।

५४६. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें मनुष्यगतिपञ्चक और देवगतिचतुष्कके भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीवोंका अन्तरकाल नहीं है । अवस्थित पदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक-प्रमाण है । अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर मासपृथक्त्वप्रमाण है । इतनी विशेषता है कि अवधिज्ञानी जीवोंमें जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण है । इसी प्रकार अवधिदर्शनी, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें जानना चाहिए । उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें इन प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिरयादि याव सण्णि त्ति अवत्त० अप्पप्पणो ट्ठिदिभुजगारअवत्तव्वभंगो कादव्वो। सेसपदा कालेण साधेदव्वं। तेऊए देवगदि०४ अवत्त० ज० ए०, उ० मासपुध०। ओरालि० अवत्त० ज० ए०, उ० अडदालीसं मुहुत्तं। एवं पम्माए वि। णवरि ओरालि०-ओरा०अंगो०[1] अवत्त० ज० ए०, उ० पक्खं०।

एवमंतरं समत्तं।

भावाणुगमो

५४७. भावाणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० सव्वपगदीणं भुज०-अप्प०-

नरकगतिसे लेकर संज्ञी तक शेष मार्गणाओंमें अवक्तव्यपदका भङ्ग अपने-अपने स्थितिबंधके भुजगारके अवक्तव्य भङ्गके समान कहना चाहिए। शेष पदोंको कालके अनुसार साध लेना चाहिए। पीतलेश्यामें देवगतिचतुष्कके अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर मासपृथक्त्वप्रमाण है। औदारिकशरीरके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अड़तालीस मुहूर्त है। इसी प्रकार पद्मलेश्यामें भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि औदारिकशरीर और औदारिक आङ्गोपाङ्गके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर एक पक्षप्रमाण है।

विशेषार्थ—आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें मनुष्यगतिपञ्चकके अवक्तव्यपदकी प्राप्ति दो प्रकारसे होती है। प्रथम तो उपशमश्रेणिसे मरकर देव होने पर और दूसरे चतुर्थ गुणस्थानसे मरकर नारकी होने पर या चतुर्थादि किसी भी गुणस्थानसे मरकर देव होने पर। इसका अभिप्राय यह है कि चतुर्थगुणस्थानमें वैक्रियिकमिश्रकायप्रयोगका जो अन्तर है वही यहाँ मनुष्यगतिपञ्चकके अवक्तव्यपदका अन्तर है। जीवस्थान अन्तर प्ररूपणामें यह जघन्य रूपसे एक समय और उत्कृष्ट रूपसे मासपृथक्त्वप्रमाण बतलाया है। इसलिए यहाँ इन प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर उक्त प्रमाण लिया गया है। पहले औदारिकमिश्रकाययोगमें देवगतिचतुष्कके अवक्तव्यपदका अन्तर बतला ही आये हैं। वही यहाँ घटित कर लेना चाहिए। मात्र अवधिज्ञानी जीवोंमें मनुष्यगतिपञ्चक और देवगतिचतुष्कका यह उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण प्राप्त होता है, क्योंकि कोई अवधिज्ञानी अधिकसे अधिक इतने काल तक वैक्रियिकमिश्रकाययोगी और औदारिकमिश्रकाययोगी न हो यह संभव है। अवधिज्ञानीके समान ही उपशमसम्यग्दृष्टिमें यह अन्तर जानना चाहिए। पीतलेश्यामें देवगतिचतुष्कके अवक्तव्य पदका अन्तर औदारिकमिश्रकाययोगीके समान ही घटित कर लेना चाहिए। परन्तु पीतलेश्यामें वैक्रियिकमिश्रकाययोगका उत्कृष्ट अन्तर अड़तालीस मुहूर्त है, इसलिए यहाँ औदारिकशरीरके अवक्तव्य पदका उत्कृष्ट अन्तर अड़तालीस मुहूर्त कहा है और पद्मलेश्यामें वैक्रियिकमिश्रकाययोगका उत्कृष्ट अन्तर एक पक्षप्रमाण है, इसलिए पद्मलेश्यामें औदारिकद्विकके अवक्तव्य पदका उत्कृष्ट अन्तर एक पक्षप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

इस प्रकार अन्तर समाप्त हुआ।

भावानुगम

५४७. भावानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे सब

---

१. ता० प्रतौ णवरि ओरालि० अङ्गो० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवट्ठि०-अवत्त०बंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो। एवं याव अणाहारए त्ति। एवं भावं समत्तं।

अप्पाबहुआणुगमो

५४८. अप्पाबहुगं दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० सव्वत्थोवा अवत्त०। अवट्ठि० अणंतगु०। अप्प० असंखेज्जगु०। भुज० विसे०। सादासाद०-सत्तणोक०-तिणिक्खाउ०-दोगदि-पंचजा०-छस्संठा०-ओरा०अंगो०-छस्संघ०-दोआणु०-पर०-उस्सा०-आदाउज्जो०-दोविहा०-तसादिदसयु०-दोगो० सव्वत्थोवा अवट्ठि०। अवत्त० असंखेज्जगुणा। अप्प० असं०गु०। भुज० विसे०। एवं तिण्णिआउ०-वेउव्वियछ०। आहार०२ सव्वत्थोवा अवट्ठि०। अवत्त० संखेज्ज०गु०। अप्प० संखे०गु०। भुज० विसे०। तित्थ० सव्वत्थोवा अवत्त०। अवट्ठि० असंखेज्जगु०। अप्प० असं० गु०। भुज० विसे०। एवं ओघभंगो कायजोगि-ओरालि०, णवरि ओरालिए तित्थकरं आहारसरीरभंगो, अचक्खु०-भवसि०-आहारए त्ति।

प्रकृतियोंके भुजगार, अल्पतर, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका कौनसा भाव है ? औदयिक भाव है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

इस प्रकार भाव समाप्त हुआ।

अल्पबहुत्वानुगम

५४८. अल्पबहुत्व दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगार पदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। सातावेदनीय, असातावेदनीय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चायु, दो गति, पाँच जाति, छह संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रसादि दस युगल और दो गोत्रके अवस्थित पदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अवक्तव्यपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। इसी प्रकार तीन आयु और वैक्रियिकषट्ककी अपेक्षा जानना चाहिए। आहारकद्विकके अवस्थितपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। तीर्थङ्कर प्रकृतिके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। इसी प्रकार ओघके समान काययोगी और औदारिककाययोगी जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि औदारिककाययोगी जीवोंमें तीर्थङ्करप्रकृतिका भङ्ग आहारकशरीरके समान है। तथा ओघके समान ही अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंमें जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५४९. णिरएसु धुवियाणं सव्वत्थोवा अवट्ठि०। अप्प० असंखेंज्जगु०। भुज० विसे०। थीणगिद्धिदंडओ ओघं। णवरि अवट्ठि० असंखेंज्जगु०। मणुसाउ० आहार-सरीरभंगो। सेसाणं पगदीणं ओघं सादभंगो। एवं सत्तसु पुढवीसु। णवरि सत्तमाए दोगदि-दोआणु०-दोगो० थीणगिद्धिभंगो।

५५०. तिरिक्खेसु धुविगाणं सव्वत्थोवा अवट्ठि०। अप्प० असं०गु०। भुज० विसे०। सेसं ओघं। पंचिंदियतिरिक्ख० धुविगाणं तिरिक्खोघं। सेसाणं पि एवमेव। णवरि अवट्ठि० जम्हि अणंतगुणं तम्हि असं०गुणं कादव्वं। पंचिं०तिरि०पज्जत्त-जोणिणीसु ओरालि० सादभंगो। पंचिं०तिरि०अपज्ज० धुविगाणं णेरइगभंगो। सेसाणं सव्वत्थोवा अवट्ठि०। अवत्त० असं०गु०। [अप्प० असं०गु०।] भुज० विसे०। एवं सव्वअपज्ज०-एइंदि०-विगलिं०-पंच कायाणं च।

५५१. मणुसेसु पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-ओरा०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० सव्वत्थोवा अवत्त०। अवट्ठि० असं०गु०। अप्प० असं०गु०। भुज० विसे०। दोआउ०-वेउव्वियछ०-आहार०२-तित्थ० आहार-

५४९. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अवस्थितपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगार पदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। स्त्यानगृद्धिदण्डकका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि यहाँ अवक्तव्य पदके बन्धक जीवोंसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। मनुष्यायुका भङ्ग आहारकशरीरके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके सातावेदनीयके समान है। इसी प्रकार सातों पृथिवियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें दो गति, दो आनुपूर्वी और दो गोत्रका भङ्ग स्त्यानगृद्धिके समान है।

विशेषार्थ—यहाँ स्त्यानगृद्धिदण्डकसे स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी-चतुष्क, ये आठ प्रकृतियाँ ली गई हैं।

५५०. तिर्यञ्चोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अवस्थितपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। शेष भङ्ग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग भी इसी प्रकार है। इतनी विशेषता है कि जहाँ अवस्थितपदके बन्धक जीव अनन्तगुणे कहे हैं, वहाँ असंख्यातगुणे कहना चाहिए। पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च पर्याप्त और पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिनियोंमें औदारिकशरीरका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। पञ्चेन्द्रियतिर्यंचअपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग नारकियोंके समान है। शेष प्रकृतियोंके अवस्थितपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अवक्तव्यपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। इसी प्रकार सब अपर्याप्त, एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और पाँच स्थावरकायिक जीवोंके जानना चाहिए।

५५१. मनुष्योंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

स०भंगो। सादंडओ ओघं। एवं मणुसपज्ज०-मणुसिणीसु। णवरि संखेज्जं कादव्वं। एवं सव्वट्ठ०। णवरि धुवियाणं अवत्त० णत्थि। सेसाणं[1] देवाणं णेरइगभंगो।

५५२. पंचिंदि० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-ओरा०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-तित्थ०-पंचंत० सव्वत्थोवा अवत्त०। अवट्ठि० असंखेज्जगु०। अप्प० असंखेज्जगु०। भुज० विसे०। सेसाणं ओघं। पंचिंदियपज्जत्तएसु वि एसेव। णवरि ओरालि० सादभंगो। एवं तस०-तसपज्ज०।

५५३. पंचमण०-तिण्णिवचि० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-देव०-ओरा०-वेउ०-तेजा०-क०-वेउ०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-बादर-पज्ज०-पत्ते०-णिमि०-तित्थ०-पंचंत० सव्वत्थोवा अवत्त०। अवट्ठि० असं०गु०। अप्प० असं०गु०। भुज० विसे०। सेसाणं ओघं। दोवचि० तसपज्जत्तभंगो। ओरालि०मि० पंचिं०तिरि०-अपज्ज०भंगो। णवरि मिच्छ० अवत्त० ओघं०। देवगदि-पंचिंदि० सव्वत्थो० अवट्ठि०। अप्प० संखेज्जगु०। भुज० विसे०। एवं कम्मइ०-अणाहार०। वेउव्वि०का० देवभंगो। णवरि तित्थ० णिरयभंगो। एवं वेउ०-मि०। आहार०-

बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। दो आयु, वैक्रियिकषट्क, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघसे आहारकशरीरके समान है। सातावेदनीयदण्डकका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार मनुष्यपर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि संख्यात करना चाहिए। इसी प्रकार सर्वार्थसिद्धिमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यहाँ ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका अवक्तव्यपद नहीं है। शेष देवोंका भङ्ग नारकियोंके समान है।

५५२. पञ्चेन्द्रियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तरायके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रिय-पर्याप्त जीवोंमें भी यही भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि औदारिकशरीरका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। इसी प्रकार त्रस और त्रसपर्याप्त जीवोंमें जानना चाहिए।

५५३. पाँचों मनोयोगी और तीन वचनयोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, देवगति, औदारिकशरीर, वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तरायके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। दो वचनयोगी जीवोंमें त्रसपर्याप्त जीवोंके समान भङ्ग है। औदारिक-मिश्रकाययोगी जीवोंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदका भङ्ग ओघके समान है। तथा देवगति और पञ्चेन्द्रियजाति के अवस्थितपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अल्पतर पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। इसी प्रकार कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें जानना चाहिए। वैक्रियिककाययोगी

१. ता० प्रतौ णत्थि अंतरं। सेसाणं इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आहारमि० सव्वट्ठभंगो। णवरि देवाउ०-तित्थ० मणुसि०भंगो।

५५४- इत्थिवे० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० सव्वत्थो० अवट्ठि०। अप्प०[1] असं०गु०। भुज० विसे०। पंचदंस०-मिच्छ०-बारसक०-भय०-दु०-तेजा०-क०-वण्ण-४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० सव्वत्थो० अवत्त०। अवट्ठि० असं०गु०। अप्प० असं०गु०। भुज० विसे०। सेसाणं सव्वत्थो० अवट्ठि०। अवत्त० असं०गु०। अप्प० असं०गु०। भुज० विसे०। आहारदुगं तित्थ० मणुसि०भंगो। एवं पुरिस०। णवरि तित्थ० ओघं।

५५५. णवुंसगे पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० इत्थिभंगो। पंचदंस०-मिच्छ०-बारसक०-भय-दु०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण४-अगु०-उप०-णिमि० सव्वत्थो० अवत्त०। अवट्ठि० अणंतगु०। अप्प० असं०गु०। भुज० विसे०। सेसाणं ओघं। अवगद० अप्पसत्थाणं सव्वत्थो० अवत्त०। भुज० संखेज्जगु०। अप्प० संखेज्जगु०।

जीवोंमें देवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग नारकियोंके समान है। इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें जानना चाहिए। आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें सर्वार्थसिद्धिके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि देवायु और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है।

५५४. स्त्रीवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायके अवस्थितपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक और निर्माणके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। शेष प्रकृतियोंके अवस्थितपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अवक्तव्यपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग मनुष्यनियोंके समान है। इसी प्रकार पुरुषवेदी जीवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है।

५५५. नपुंसकवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायका भङ्ग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माणके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। अपगतवेदी जीवोंमें अप्रशस्त प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। प्रशस्त प्रकृतियोंमें अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगार

---

१. ता० प्रतौ सव्वत्थो० [अवत्त०]। अवट्ठि० अप्प० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पसत्थाणं सव्वत्थो० अवत्त० । अप्प० संखेज्जगु० । भुज० संखे०गु० । एवं सुहुमसं० । णवरि अवत्त० णत्थि ।

५५६. कोधे णवुंसगभंगो । माणे पंचणा०-चदुदंस०-तिण्णिसंज०-पंचंत० सव्वत्थो० अवट्ठि० । अप्पद० असं०गु० । भुज० विसे० । पंचदंस०-मिच्छ०-तेरसक०-भय०-दु०-ओरा०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि० सव्वत्थो० अवत्त० । अवट्ठि० अणंतगु० । अप्प० असं०गु० । भुज० विसे० । सेसं ओघं । एवं मायाए वि । णवरि पढमदंडओ पंचणा०-चदुदंस०-दोसंज०-पंचंत० । बिदियदंडओ पंचदंस०[2]-मिच्छ०-चोद्दसक०-भयदु०-ओरा०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि० । लोभे एवं चेव । णवरि पढमदंडओ पंचणा०-चदुदंस०-पंचंत० सव्वत्थो० अवट्ठि० । अप्प०[3] असं०गु० । भुज० विसे० । बिदियदंडओ पंचदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु० । उवरि ओघं ।

५५७. मदि-सुदेसु धुवियाणं सव्वत्थो० अवट्ठि० । अप्प०[4] असं०गु० । भुज०

पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं । इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि यहाँ अवक्तव्यपद नहीं है ।

५५६. क्रोधकषायमें नपुंसकवेदी जीवोंके समान भङ्ग है । मानकषायमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, तीन संज्वलन और पाँच अन्तरायके अवस्थित पदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं । इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं । पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, तेरह कषाय, भय, जुगुप्सा औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माणके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं । इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं । इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं । शेष भङ्ग ओघके समान है । इसी प्रकार मायाकषायमें भी जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि प्रथम दण्डक पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, दो संज्वलन और पाँच अन्तराय रूप है । दूसरा दण्डक पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, चौदह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माणरूप है । लोभकषायमें भी इसी प्रकार जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि प्रथम दण्डक पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायके अवस्थितपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं । इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं । दूसरा दण्डक पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्सा रूप होकर आगे यह ओघके समान है ।

५५७. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अवस्थित पदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं । इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । इनसे

---

१. ता. प्रतौ सव्वत्थो० [अवत्त०] । अवट्ठि० अप्प० इति पाठः । २. ता प्रतौ विदियदंडओ । ओघं पंचदंस०, आ. प्रतौ विदियदंडओ ओघं । पंचदंस० इति पाठः ।३. ता प्रतौ सव्वत्थो० [अवत्त०] ।अवट्ठि० । अप्प० इति पाठः । ४. ता० प्रतौ सव्वत्थो० [अवत्त०] । अवट्ठि० अप्प० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विसे० । मिच्छ० ओरालि० सेसाणं च ओघं । विभंगे धुविगाणं मदि०भंगो । मिच्छ०-देव०-ओरालि०-वेउ०-वेउ०अंगो०-देवाणु०-पर०-उस्सा०-बादर-पज्ज०-पत्ते० सव्वत्थो० अवत्त० । अवट्ठि० असं०गु० । अप्प० असं०गु० । भुज० विसे० । सेसं ओघं ।

५५८. आभिणि०-सुद०-ओधि० पंचणा०छदंस०-बारसक०-पुरि०-भय-दु०-दोगदि-पंचिं०-चदुसरीर-समचदु०-दोअंगो०-वज्जरि०-वण्ण०४-दोआणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदें०-णिमि०-तित्थ०-उच्चा०-पंचंत० सव्वत्थो० अवत्त० । अवट्ठि० असं०गु० । अप्प० असं०गु० । भुज० विसे० । सादासाद०-चदुणोक०-देवाउ०-थिरादितिण्णियु० ओघं । मणुसाउ०-आहार०२ मणुसि०भंगो । एवं ओधिदं०-सम्मा०-खइग०-वेदग०-उवसम० । णवरि खइगस० दोआउ० आहारसरीरभंगो । उवसम० आहार०२-तित्थ० मणुसि०भंगो । मणपज्जव० ओधिभंगो । णवरि संखेज्जं कादव्वं । एवं संजद० ।

५५९. सामाइ०-छेदो० पंचणा०-चदुदंस०-लोभसंज०-उच्चा०-पंचंत० सव्वत्थो० अवट्ठि० । अप्प० संखेज्जगु० । भुज० विसे० । सेसं दोदंस०-तिण्णिसंज०-पुरिस०-भय-दु० सव्वत्थो० अवत्त० । उवरि मणपज्जवभंगो । एवं परिहार० । णवरि धुविगाणं

भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। मिथ्यात्व और औदारिकशरीर तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। विभङ्गज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग मत्यज्ञानी जीवोंके समान है। मिथ्यात्व, देवगति, औदारिकशरीर, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, देवगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, बादर, पर्याप्त और प्रत्येकके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। शेष भङ्ग ओघके समान है।

५५८. आभिनिबोधिक ज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, दो गति, पञ्चेन्द्रियजाति, चार शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, दो आंगोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार नोकषाय, देवायु और स्थिर आदि तीन युगलका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यायु और आहारकद्विकका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें दो आयुका भङ्ग आहारकशरीरके समान है तथा उपशमसम्यग्दृष्टियोंमें आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है। मनःपर्ययज्ञानियोंमें अवधिज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि असंख्यातगुणेके स्थानमें संख्यातगुणा करना चाहिए। इसी प्रकार संयत जीवोंके जानना चाहिए।

५५९. सामायिकसंयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, लोभसंज्वलन, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके अवस्थितपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। शेष दो दर्शनावरण, तीन संज्वलन, पुरुषवेद, भय और जुगुप्साके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। आगे मनःपर्ययज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है। इसी प्रकार परिहार-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवत्त० णत्थि। संजदासंज०[1] अणुदिसभंगो। देवाउ० ओघं। तित्थ० मणुसि०भंगो। असंजदे धुविगाणं तिरिक्खोघं। सेसाणं ओघं। चक्खु० तसपज्जत्तभंगो।

५६०. किण्ण-णील-काऊणं असंजदभंगो। किण्ण०-णील० तित्थ० वेउव्वि०मि० भंगो। काउ० णिरयभंगो तित्थग०। तेउ० देवभंगो। णवरि थीणगि०३-मिच्छ०-बारसक०-देवग०-ओरालि०-वेउ०-वेउ०अंगो०-देवाणु०-तित्थ० सव्वत्थोवा अवत्त०। अवट्ठि० असं०गु०। अप्प० असं०गु०। भुज० विसे०। दोआउ० ओघं। मणुसाउ० देवभंगो। आहारदुगं ओघं। एवं पम्माए वि। णवरि ओरा०अंगो० देवगदिभंगो।

५६१. सुक्काए पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-दोगदि-पंचिं०-चदुसरीर-दोअंगो०-वण्ण४-दोआणु०-अगु०४-तस०-४-णिमि०-तित्थ०-पंचंत० सव्वत्थो० अवत्त०। अवट्ठि० असं०गु०। अप्प० असं०गु०। भुज० विसे०। दोआउ०-

---

विशुद्धिसंयत जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका अवक्तव्यपद नहीं है। संयतासंयत जीवोंमें अनुदिशके समान भङ्ग है। मात्र देवायुका भङ्ग ओघके समान है। तथा तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है। असंयतोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। चक्षुदर्शनवाले जीवोंमें त्रसपर्याप्त जीवोंके समान भङ्ग है।

विशेषार्थ—यहाँ सामायिकसंयत और छेदोपस्थापनासंयतमें शेष दो दर्शनावरण आदि दण्डकमें जुगुप्सा तक प्रकृतियाँ गिनाई हैं, शेष नहीं गिनाई हैं। वे ये हैं—देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, तीन शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और तीर्थङ्कर। इस प्रकार दो दर्शनावरणसे लेकर तीर्थङ्कर तक इन प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। तथा इन प्रकृतियोंके शेष पदोंका तथा अन्य सातावेदनीय आदि प्रकृतियोंका भङ्ग मनःपर्ययज्ञानी जीवोंके समान है। यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

५६०. कृष्ण, नील और कापोत लेश्यामें असंयतोंके समान भङ्ग है। मात्र कृष्ण और नीललेश्यामें तीर्थङ्करप्रकृतिका भङ्ग वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंके समान है और कापोतलेश्यामें तीर्थङ्करप्रकृतिका भङ्ग नारकियोंके समान है। पीतलेश्यामें देवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, बारह कषाय, देवगति, औदारिकशरीर, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, देवगत्यानुपूर्वी और तीर्थङ्कर प्रकृतिके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतरपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। दो आयुओंका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग देवोंके समान है। आहारकद्विकका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार पद्मलेश्यामें भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि औदारिकाङ्गोपांगका भङ्ग देवगतिके समान है।

५६१. शुक्ललेश्यामें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, दो गति, पञ्चेन्द्रियजाति, चार शरीर, दो आङ्गोपांग, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, निर्माण, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तरायके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अल्पतर पदके बन्धक

---

१. ता० प्रतौ णत्थि अंत०। संजदासंज० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आहार-२ मणुसि० भंगो। सेसाणं आणदभंगो।

५६२. अब्भवसि० मदि०भंगो। णवरि मिच्छ० अवत्त० णत्थि। एवं मिच्छा०-असण्णि त्ति। सासण०-सम्मामि० देवभंगो। णवरि अप्पप्पणो धुवपगदीओ परियत्ति-याओ च णादव्वाओ भवंति। सण्णी० मण०भंगो। एवं अप्पाबहुगं समत्तं।

एवं भुजगारबंधो समत्तो

पदणिक्खेवो समुक्कित्तणा

५६३. एत्तो पदणिक्खेवे त्ति तत्थ इमाणि तिण्णि अणियोगद्दाराणि। तं जहा—समुक्कित्तणा सामित्तं अप्पाबहुगे त्ति। समुक्कित्तणा दुविधा—जह० उक्क०। उक्क० पगदं। दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० सव्वपगदीणं अत्थि उक्कस्सिया वड्ढी उक्क० हाणी उक्कस्सगमवट्ठाणं। एवं याव अणाहारए त्ति णेदव्वं। णवरि अवगद०-सुहुमसंप० अत्थि उक्क० वड्ढी उक्क० हाणी। एवं जहण्णगं पि।

एवं समुक्कित्तणा समत्ता

सामित्तं

५६४. सामित्तं दुवि०—जह०—उक्क०। उक्क० पगदं। दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-णवदंस०-असाद०-मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दु०-

---

जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे भुजगारपदके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। दो आयु और आहारकद्विकका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भंग आनतकल्पके समान है।

५६२. अभव्योंमें मत्यज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वका अवक्तव्यपद नहीं है। इसी प्रकार मिथ्यादृष्टि और असंज्ञी जीवोंके जानना चाहिए। सासादन-सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें देवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी ध्रुवप्रकृतियाँ और परिवर्तमान प्रकृतियाँ जाननी चाहिए। संज्ञी जीवोंमें मनोयोगी जीवोंके समान भङ्ग है।

इस प्रकार अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

इस प्रकार भुजगारबन्ध समाप्त हुआ।

पदनिक्षेप समुत्कीर्तना

५६३. आगे पदनिक्षेपका प्रकरण है। उसमें ये तीन अनुयोगद्वार होते हैं। यथा—समुत्कीर्तना, स्वामित्व और अल्पबहुत्व। समुत्कीर्तना दो प्रकारकी है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धि, उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपगतवेदी और सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें उत्कृष्ट वृद्धि और उत्कृष्ट हानि है। इसी प्रकार जघन्य समुत्कीर्तना जानना चाहिए।

इस प्रकार समुत्कीर्तना समाप्त हुई।

स्वामित्व

५६४. स्वामित्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थव० ४-तिरिक्खाणु[1]०-उप०-थावर०-अथिरादिपंच-णीचा०-पंचंत० उक्कस्सिया वड्डी कस्स ? अण्णदरस्स यो चदुट्ठाणियजवमज्झस्स उवरि अंतोकोडाकोडिट्ठिदिबंधमाणो अंतोमुहुत्तं अणंतगुणाए सेढीए वड्ढिदूण उक्कस्ससंकिले-सेण उक्कस्सदाहं गदो तदो उक्कस्सयं अणुभागबंधो तस्स। उक्कसिया हाणी कस्स ? यो उक्कस्सयं अणुभागं बंधमाणो मदो एइंदियो जादो तदो तप्पाओग्गजहण्णए पडिदो तस्स उक्कस्सिया हाणी। उक्कस्सयमवट्ठाणं कस्स ? यो उक्कसगं अणुभागं बंधमाणो सागारक्खएण पडिभग्गो तप्पाओग्गजहण्णए पडिदो तस्स उक्कस्सगमवट्ठाणं। एवं हस्स-रदीणं। णवरि तप्पाओग्गसंकिलिट्ठो त्ति भाणिदव्वा। साद०-जस०-उच्चा० उक्क० वड्डी० कस्स० ? अण्ण० खवगस्स सुहुमसं० चरिमे उक्कस्सगे अणुभागबंधे वट्टमाण-गस्स तस्स उक्क० वड्डी। उक्क० हाणी कस्स ? यो उवसामयो से काले अकसाई होहिदि त्ति मदो देवो जादो तप्पाओग्गजहण्णए पदिदो तस्स उक्क० हाणी। उक्क० अवट्ठाणं कस्स ? अण्ण० अप्पमत्तसंजदस्स अक्खवग-अणुवसमगस्स सव्वविसुद्धस्स अणंतदुगु-णेण वड्ढिदूण अवट्ठिदस्स उक्कस्समवट्ठाणं। इत्थि०-पुरिस०-तिण्णिजादि-चदुसंठा०-चदु-संघ०-सुहुम-अपज्ज०-साधार० उक्क० वड्डी क० ? अण्ण० यो चदुट्ठा०यव० उवरिं अंतोकोडाकोडिट्ठिदिं बंधमाणो अंतोमुहुत्तं अणंतगुणाए सेढीए वड्ढिदूण तदो तप्पाओग्ग-

वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर, अस्थिर आदि पाँच, नीच गोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? चतुःस्थानिक यवमध्यके ऊपर अन्तःकोड़ाकोड़ी स्थितिका बन्ध करनेवाला जो जीव अन्तर्मुहूर्त काल तक अनन्तगुणी श्रेणिरूपसे वृद्धिको प्राप्त होकर उत्कृष्ट संक्लेशके द्वारा उत्कृष्ट दाहको प्राप्त हुआ है और तब उत्कृष्ट अनुभागबन्ध किया है, ऐसा अन्यतर जीव उक्त प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जो जीव मरकर एकेन्द्रिय हो गया और वहाँ तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभागबन्धको प्राप्त हुआ वह उक्त प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जो अन्यतर जीव साकार उपयोगसे निवृत्त होकर तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभागबन्ध करने लगा है वह उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। इसी प्रकार हास्य और रतिका स्वामित्व कहना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यहाँ तत्प्रायोग्य संक्लिष्ट ऐसा कहना चाहिए। सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर क्षपक सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानके अन्तमें उत्कृष्ट अनुभागबन्ध कर रहा है वह उक्त प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो उपशामक अनन्तर समयमें अकषायी होगा कि इसी बीच मर कर देव हो गया और तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभागबन्ध करने लगा वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी कौन है ? अक्षपक और अनुपशामक अन्यतर जो अप्रमत्त-संयत सर्वविशुद्धि जीव अनन्तगुणी वृद्धिके साथ अवस्थित है वह उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अव-स्थानका स्वामी है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, तीन जाति, चार संस्थान, चार संहनन, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? अन्यतर जो चतुःस्थानिक यवमध्यके ऊपर अन्तःकोड़ाकोड़ी स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव अन्तर्मुहूर्त काल तक अनन्तगुणी श्रेणिरूपसे

१. ता० आ० प्रत्योः अप्पसत्थवि० ४ तिरिक्खाणु० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संकिलेसेण तप्पाओग्गउक्कस्सं गदो तप्पाओग्गउक्कस्सगं अणुभागं पबंधो तस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी कस्स? यो तप्पाओग्गउक्कस्सगं अणुभागं बंधमाणो सागारक्खएण पडिभग्गो तप्पाओग्गजहण्णए पदिदो तस्स उक्क० हाणी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। णिरयाउग० उक्क० वड्ढी कस्स? यो तप्पाओग्गजहण्णगादो संकिलेसादो तप्पाओग्गउक्कस्ससंकिलेसं गदो तदो उक्क० अणुभागं पबंधो तस्स उ० वड्ढी। उक्क० हाणी क०? यो उक्क० अणुभा० बंधमाणो सागारक्खएण पडिभग्गो तप्पाओग्गजहण्णए पदिदो तस्स उ० हाणी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। तिण्णिआउ०-आदा० उ० वड्ढी[1] क०? यो तप्पाओग्गजहण्णगादो विसोधीदो उक्कस्सविसोधिं गदो तदो तप्पाओग्गउक्क०अणुभागं पबंधो तस्स उक्क० वड्ढी। उ० हा० क०? यो तप्पाओग्गउक्कस्सगं अणुभागं बंधमाणो सागारक्खएण पडिभग्गो तप्पाओग्गजहण्णए पदिदो तस्स उ० हाणी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। णिरयग०-असंप०-णिरयाणु०-अप्पस०-दुस्स० उक्क० वड्ढी क०? यो चदुट्ठा०यवमज्झ० उवरिं अंतोकोडा० बंधमाणो उक्कस्स-संकिलेसेण उक्कस्सयं दाहं गदो तदो उक्कस्सअणुभागबंधो तस्स उक्क० वड्ढी। उ० हाणी कस्स? यो उक्क० अणुभागं बंधमाणो सागारक्खएण पडिभग्गो तप्पाओग्ग-जहण्णए पदिदो तस्स उक्क० हाणी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। मणुसगदि-

वृद्धिको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामोंके द्वारा तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशरूप परिणामोंको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करता है, वह उक्त प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है? तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जो जीव साकार उपयोगके क्षय होनेसे निवृत्त होकर तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभागबन्ध करता है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा उसीके तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थान होता है। नरकायुकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है? जो तत्प्रायोग्य जघन्य संक्लेशसे तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागबन्ध कर रहा है वह नरकायुकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है? जो उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभागबन्ध कर रहा है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है तथा उसीके तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थान होता है। तीन आयु और आतपकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है? जो तत्प्रायोग्य जघन्य विशुद्धिसे तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागबन्ध कर रहा है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है? तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करनेवाला जो जीव साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्यको प्राप्त हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा उसीके तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थान होता है। नरकगति, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, नरकगत्यानुपूर्वी, अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है? जो चतुःस्थानिक यवमध्यके ऊपर अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव उत्कृष्ट संक्लेशके द्वारा उत्कृष्ट दाहको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करता है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है? जो उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्यको प्राप्त हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा उसीके तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थान होता है। मनुष्यगतिपञ्चककी उत्कृष्ट

१. ता० प्रतौ आदाउज्जो० उ० वड्ढी, आ० प्रतौ आदाउज्जो० वड्ढी इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचग० उक्क० वड्ढी कस्स ? यो जहण्णगादो विसोधीदो उक्कस्सगं विसोधिं गदो तदो उक्क० अणु० पबंधो तस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी कस्स ? यो उक्कस्सं अणुभा० बंधमाणो सागारक्खएण पडिभग्गो तप्पाओग्गजह० पडिदो तस्स उक्क० हाणी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। देवग०-वेउ०-आहार०-वेउ०-आहार० अंगो०-देवाणु० उक्क० वड्ढी क० ? अण्ण० खवग० अपुव्वकरणपरभवियणामाणं बंधचरिमे वट्टमाणगस्स तस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी कस्स ? उवसामयस्स परिवदमाणयस्स परभवियणामाणं दुसमय०बंधगस्स उक्क० हाणी। उ० अवट्ठा० क० ? अण्ण० अप्पमत्त० अखवग० अणुवसामयस्स सागार-जागार० सव्वविसुद्धस्स अंतोमुहुत्तं अणंतगुणाए सेढीए वड्ढिदूण अवट्ठिदस्स तस्स उक्क० अवट्ठाणं। पंचिं०-तेजा०-क०-समच०-पसत्थ०४-अगु०३-पसत्थ०-तस०४-थिरादिपंच०-णिमि०-तित्थ० उक्क० वड्ढी कस्स ? अण्ण० खवग० अपुव्वकर० परभवियणामाणं बंधचरिमे वट्टमाणगस्स तस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी कस्स ? यो उवसामाणं से काले परभवियणाम...ण अबंधगो होहिदि त्ति तदो तप्पाओग्गजहण्णए पदिदो तस्स उक्क० हाणी। उक्क० अवट्ठाणं सादभंगो। उज्जो० उक्क० वड्ढी क० ? अण्ण० सत्तमाए पुढवीए णेरइगस्स मिच्छादिट्ठिस्स सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तगदस्स सागार-जा० सव्वविसु० अणियट्टिकरणे वट्टमाणगस्स से काले सम्मत्तं पडिवज्जिहिदि त्ति तस्स उक्क० वड्ढी। उक्क०

वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो जघन्य विशुद्धिसे उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागबन्ध कर रहा है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जीव साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्यको प्राप्त हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा उसीके तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थान होता है। देवगति, वैक्रियिकशरीर, आहारकशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, आहारक-आङ्गोपाङ्ग और देवगत्यानुपूर्वीकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? अन्यतर जो क्षपक अपूर्वकरणमें परभवसम्बन्धी नामकर्मकी प्रकृतियोंके बन्धके अन्तिम समयमें अवस्थित है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? गिरनेवाला जो उपशामक परभवसम्बन्धी नामकर्मकी प्रकृतियोंके बन्धके द्वितीय समयमें स्थित है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी कौन है ? अक्षपक और अनुपशामक तथा साकार-जागृत और सर्वविशुद्ध अन्यतर जो अप्रमत्तसंयत जीव अन्तर्मुहूर्त काल तक अनन्तगुणी श्रेणिरूपसे वृद्धिको प्राप्त होकर अवस्थित है वह उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि पाँच, निर्माण और तीर्थङ्करकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर क्षपक जीव अपूर्वकरणमें नामकर्मकी परभवसम्बन्धी प्रकृतियोंके बन्धके अन्तिम समयमें अवस्थित है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो उपशामक अनन्तर समयमें नामकर्मकी परभवसम्बन्धी प्रकृतियोंका अबन्धक होगा कि इसी बीचमें तत्प्रायोग्य जघन्यको प्राप्त हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। उत्कृष्ट अवस्थानका भंग सातावेदनीयके समान है। उद्योतकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? मिथ्यादृष्टि, सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त, साकार-जागृत और सर्वविशुद्ध जो अन्यतर सातवीं पृथिवीका नारकी जीव अनिवृत्तिकरणमें रहते हुए तदनन्तर समयमें सम्यक्त्वको प्राप्त होनेवाला है वह उत्कृष्ट वृद्धिका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हाणी कस्स ? अण्ण० सत्तमाए पुढवीए णेरइगस्स मिच्छादिट्ठिस्स सव्वाहि पज्ज० पज्जत्तग० तप्पाओग्गउक्कस्सिगादो विसोधीदो पडिभग्गो तप्पाओग्गजहण्णए पदिदो तस्स उक्क० हाणी। तस्सेव से काले उक्कस्सगमवट्ठाणं।

५६५. आदेसेण णेरइएसु पंचणा०-णवदंस०-असाद०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-तिरिक्ख०-हुंड०-असंपत्त०-अप्पसत्थवण्ण०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० उक्क० वड्डी क० ? यो चदुट्ठा०यवमज्झस्स उवरिं अंतोकोडाकोडिट्ठिदिं बंधमाणो अंतोमुहुत्तं अणंतगुणाए सेढीए वड्ढिदूण उक्कस्सगं दाहं गदो तदो उक्क० अणुभागं पबंधो तस्स उक्क० वड्डी। उक्क० हाणी कस्स ? यो उक्क० अणु० बंधमाणो सागारक्खएण पडिभग्गो तप्पा०जहण्णए पदिदो तस्स उक्क० हाणी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। साद०-मणुस०-पंचिंदि०-ओरा०-तेजा०-क०-समच०-ओरा०अंगो०-वज्जरि०-पसत्थ०४-मणुसाणु०-अगु०३-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि०-तित्थ०-उच्चा० उक्क० वड्डी हाणी अवट्ठाणं च ओघं मणुसगदिभंगो। इत्थि०-पुरिस०-दो आउ०-चदुसंठा०-चदुसंघ०-उज्जो० ओघभंगो। हस्स-रदि० इत्थिवेदभंगो। [एवं] सत्तमाए। उवरिमासु छसु उज्जो० तिरिक्खाउभंगो। सेसमेसेव[1]।

स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? मिथ्यादृष्टि और सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त जो अन्यतर सातवीं पृथिवीका नारकी जीव तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट विशुद्धिसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य विशुद्धिको प्राप्त हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है और वही तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है।

५६५. आदेशसे नारकियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, अप्रशस्तवर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? चतुःस्थानिक यवमध्यके ऊपर अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थितिका बन्ध करनेवाला जो जीव अन्तर्मुहूर्त तक अनन्तगुणित श्रेणिक्रमसे वृद्धिको प्राप्त होता हुआ उत्कृष्ट दाहको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जो जीव साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्यको प्राप्त हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा वही अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। सातावेदनीय, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानके स्वामीका भङ्ग ओघसे मनुष्यगतिके समान है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, दो आयु, चार संस्थान, चार संहनन और उद्योतका भङ्ग ओघके समान है। हास्य और रतिका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है। इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए। पहलेकी छह पृथिवियोंमें उद्योतका भङ्ग तिर्यञ्चायुके समान है। शेष पूर्वोक्त प्रकार ही है।

१. आ० प्रतौ सेसमेवमेव इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५६६. तिरिक्खेसु पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-णिरय०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-णिरयाणु०-उप०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० तिण्णि वि णेरइयभंगो। सादा०-देवग०-पसत्थसत्तावीसं उच्चा० तिण्णि वि णेरइयसादभंगो। इत्थि०-पुरिस०-हस्स-रदि-तिरिक्ख०-चदुजादि-चदुसंठा०-पंचसं०-तिरिक्खाणु०-थावरादि०४ ओघं इत्थिभंगो। चदुआउ०-आदावं ओघं। मणुसगदिपंचग-उज्जो० तिरिक्खाउभंगो। अथवा बादरतेउ०-वाउ० उज्जो० उक्क० वड्डि-हाणि-अवट्ठाणं यदि कीरदि तेसिं सादभंगो तिण्णि वि। एवं पंचिंदियतिरिक्ख०३। णवरि[1] उज्जो० तिरिक्खाउभंगो।

५६७. पंचिंदि०तिरि०अप० पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-थावर०४-अथिरादिपंच-णीचा०-पंचंत० उक्क० वड्डी क० ? यो तप्पाओग्गजह०संकिलेसादो उक्क० संकिलेसं गदो तदो उक्क० अणुभा० बंधो तस्स उक्क० वड्डी। उक्क० हाणी कस्स० ? यो उक्क० अणुभा० बंधमाणो सागारक्खएण पडिभग्गो तस्स उक्क० हाणी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। सादा०-मणुस०-पंचिं०-ओरा०-तेजा०-क०-समचदु०-ओरा० अंगो०-वज्जरि०-पसत्थ०४-मणुसाणु०-अगु०३-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि०-उच्चा०

५६६. तिर्यञ्चोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, नरकगति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, नरकगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके तीनों ही पदोंका भङ्ग नारकियोंके समान है। सातावेदनीय एक, देवगति आदि प्रशस्त सत्ताईस प्रकृतियाँ और उच्चगोत्रके तीनों ही पदोंका भङ्ग नारकियोंके सातावेदनीयके समान है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, तिर्यञ्चगति, चार जाति, चार संस्थान, पाँच संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और स्थावर आदि चारका भङ्ग ओघसे स्त्रीवेदके समान है। चार आयु और आतपका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगतिपञ्चक और उद्योतका भङ्ग तिर्यञ्चायुके समान है। अथवा बादर अग्निकायिक और बादर वायुकायिक जीव उद्योतकी उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानको यदि करता है, तो इनके तीनों ही पदोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें उद्योतका भङ्ग तिर्यञ्चायुके समान है।

५६७. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्ड संस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर चतुष्क, अस्थिर आदि पाँच, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है? जो तत्प्रायोग्य जघन्य संक्लेशसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करता है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है? उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जो जीव साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा वही अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। सातावेदनीय, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, प्रशस्त वर्णचतुष्क,

१. ता० प्रतौ यदि किरे (कीर) दि तेसिं पि सादभंगो। तिण्णि वि एवं पंचिंदियतिरिक्ख०। ३णवरि इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्क० वड्ढी कस्स ? यो जह० विसोधीदो उक्क० विसोधिं गदो तदो उक्क० अणु० पबंधो तस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी क० ? यो उक्क० अणुभा० बंधमाणो सागारक्खएण पडिभग्गो तप्पाओग्गजह० पदिदो तस्स उक्क० हाणी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। इत्थि०-पुरिस०-हस्स-रदि-तिण्णिजा०-चदुसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दुस्सर० तिण्णि वि णाणावरणभंगो। णवरि तप्पाओग्गसंकिलिट्ठो कादव्वो। दोआउ०-आदाव० ओघं। उज्जो० तिरिक्खाउभंगो। एवं सव्वअपज्जत्तगाणं एइंदि०-विगलिं०-पंचकायाणं च। णवरि एइंदिएसु तेउ-वाउकाइएसु उज्जो० सादभंगो।

५६८. मणुस०३ खवियाणं वड्ढि-अवट्ठाणं ओघं देवगदिभंगो। सेसं पंचिंदि० तिरि०भंगो।

५६९. देवेसु पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-[सोलसक०-]पंचणोक०-तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-असंप०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अप्पसत्थ०-थावर०-अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० णेरइगभंगो। सेसाणं पि णेरइगभंगो। णवरि आदाउज्जो० तिरिक्खाउभंगो। भवण०-वाणवें०-जोदिसि०-सोधम्मी० पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-तिरि०-एइंदि०-हुंड०-अप्पसत्थ०४-तिरिक्खाणु०-उप०-थावर०-अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० तिण्णि वि देवोघं। सेसाणं पि देवभंगो। णवरि

मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो जघन्य विशुद्धिसे उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागबन्ध कर रहा है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जो जीव साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्यको प्राप्त हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा वही अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, तीन जाति, चार संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरके तीनों ही पदोंका भंग ज्ञानावरणके समान है। इतनी विशेषता है कि तत्प्रायोग्य संक्लिष्टके कहना चाहिए। दो आयु और आतपका भंग ओघके समान है। उद्योतका भंग तिर्यञ्चायुके समान है। इसी प्रकार सब अपर्याप्त, एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और पाँच स्थावरकायिक जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रिय, अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंमें उद्योतका भंग सातावेदनीयके समान है।

५६८. मनुष्यत्रिकमें क्षपक प्रकृतियोंकी वृद्धि और अवस्थानका भंग ओघसे देवगतिके समान है। शेष भंग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है।

५६९. देवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायका भंग नारकियोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भंग भी नारकियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि आतप और उद्योतका भंग तिर्यञ्चायुके समान है। भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी और सौधर्म-ऐशान कल्पके देवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, स्थावर, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके तीनों ही पदोंका भंग सामान्य देवोंके समान है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

असं०-अप्पसत्थ०-दुस्स० इत्थिभंगो। सणक्कुमार याव सहस्सार त्ति पढमपुढविभंगो। आणद याव उवरिमगेवज्जा त्ति पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-हुंड०-असंप०-अप्पसत्थ०४-उप०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० उक्क० वड्डी कस्स० ? यो तप्पाओग्गजहण्णगादो संकिलेसादो उक्क० संकिलेसं गदो तदो उक्क० अणु० पबंधो तस्स उक्क० वड्डी। उक्क० हाणी क० ? यो उक्क० अणुभा०बंधमाणो सागारक्खएण पडिभग्गो तप्पाओग्गजह० पडिदो तस्स उक्क० हाणी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। साददंडओ णिरयभंगो। इत्थिवेददंडओ पंचिं०तिरि०अपज्ज०भंगो। [मणुसाउ० देवोघं।] अणुदिस याव सव्वट्ठ त्ति पंचणा०-छदंस०-असादा०-बारसक०-पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दु०-अप्पसत्थवण्ण०४-उप०-अथिर-असुभ-अजस०-पंचंत० उक्क० वड्डी कस्स ? यो जह० संकि० उक्क० संकिलेसं गदो तदो उक्क० अणु० पबंधो तस्स उक्क० वड्डी। उक्क० हा० क० ? यो उक्क० अणु० बंधमाणो सायारक्खएण पडिभग्गो तप्पाओग्गजह० पदिदो तस्स उक्क० हाणी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। साददंडओ देवोघं। हस्स-रदि० उक्क० वड्डी क० ? यो तप्पाओग्गजह० अणुभागं बंधमाणो तप्पाओ० जह० संकिलेसादो तप्पा० उक्क० संकिलेसं गदो तप्पाओ० उक्क० अणुभागबंधो तस्स उक्क० वड्डी।

शेष प्रकृतियोंका भंग भी समान्य देवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरका भंग स्त्रीवेदके समान है। सनत्कुमारसे लेकर सहस्रार कल्पतकके देवोंमें प्रथम पृथिवीके समान भंग है। आनतकल्पसे लेकर उपरिम ग्रैवेयक तकके देवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो तत्प्रायोग्य जघन्य संक्लेशसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागबन्ध कर रहा है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जो जीव साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्यको प्राप्त हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा वही अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। सातावेदनीयदण्डकका भंग नारकियोंके समान है। स्त्रीवेददण्डकका भंग तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। मनुष्यायुका भंग सामान्य देवोंके समान है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असातावेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्ति और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो जघन्य संक्लेशसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागबन्ध कर रहा है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जो साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्यको प्राप्त हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है तथा वही अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। सातावेदनीय दण्डकका भंग सामान्य देवोंके समान है। हास्य और रतिकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभागका बन्ध करनेवाला जो जीव तत्प्रायोग्य जघन्य संक्लेशसे तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उ० हा० क० ? यो तप्पा० उक्क० अणु० बंधमाणो सागारक्खएण पडिभग्गो तप्पा० जह० पदिदो तस्स उक्क० हाणी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। मणुसाउ० ओघं।

५७०. पंचिं०-तस०२ ओघभंगो। णवरि पंचणा०दंडओ उक्क० वड्डी ओघं०। हाणी अवट्ठाणं सागारक्खएण पडिभग्गो त्ति भाणिदव्वं। पंचमण०-पंचवचि० खविगाणं पगदीणं मणुसिभंगो। सेसं पंचिं०भंगो। कायजोगि० ओघं। ओरालि० मणुसभंगो। णवरि उज्जो० तिरिक्ख०भंगो। ओरालियमि० पंचणाणावरणादिसंकिलिट्ठपगदीणं उक्क० वड्डी क० ? यो से काले सरीरपज्जत्ती जाहिदि त्ति जहण्णगादो संकिलेसादो उक्कस्सगं संकिलेसं गदो तदो उक्क० अणु० पबंधो तस्स उ० वड्डी। उ० हा० क० ? यो उ० अणु० बंधमाणो दुसमयसरीरपज्जत्तिं जाहिदि त्ति सागारक्खएण पडिभग्गो तस्स उ० हाणी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। सादादीणं सव्वविसुद्धाणं उक्क० वड्ढी क० ? यो जहण्णगादो विसोधीदो उक्क० विसोधिं गदो तदो से काले सरीरपज्जत्तिं जाहिदि त्ति उक्क० अणु० पबंधो तस्स उक्क० वड्ढी। एवं सेसाणं पि तप्पाओग्ग-संकिलिट्ठाणं तप्पाओग्गाविसुद्धाणं च एसेव आलावो कादव्वो। एवं वेउव्वियमि०-आहारमिस्साणं पि। णवरि अप्पप्पणो पगदीओ कादव्वाओ। वेउव्वि० देवोघं।

तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अनुभागबन्ध कर रहा है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अनुभागबन्ध करनेवाला जो जीव साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्यको प्राप्त हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है तथा वही अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। मनुष्यायुका भंग ओघके समान है।

५७०. पञ्चेन्द्रियद्विक और त्रसद्विक जीवोंमें ओघके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि पाँच ज्ञानावरणदण्डककी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी ओघके समान है। हानि और अवस्थान जो साकार उपयोगसे प्रतिभग्न हुआ है उसके कहना चाहिए। पाँचों मनोयोगी और पाँचों वचनयोगी जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंका भंग मनुष्यिनियोंके समान है। शेष भंग पञ्चेन्द्रियोंके समान है। काययोगी जीवोंमें ओघके समान भंग है। औदारिककाययोगी जीवोंमें मनुष्यिनियोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि उद्योतका भंग तिर्यञ्चोंके समान है। औदारिकमिश्रकाय-योगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरणादि संक्लिष्ट प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो तदनन्तर समयमें शरीर पर्याप्तिको प्राप्त होगा कि इसके पूर्व समयमें जघन्य संक्लेशसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागबन्ध कर रहा है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जो जीव दो समयमें शरीर पर्याप्तिको प्राप्त होगा कि शरीर पर्याप्तिके समयसे दो समय पूर्व साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है तथा वही अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। सातावेदनीय आदि सर्वविशुद्ध प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो जघन्य विशुद्धिसे उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर अगले समयमें शरीरपर्याप्तिको प्राप्त होगा कि शरीरपर्याप्तिके समयसे पूर्व समयमें उत्कृष्ट अनुभागबन्ध कर रहा है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। इसी प्रकार शेष प्रकृतियोंका भी तत्प्रायोग्य संक्लिष्ट और तत्प्रायोग्य विशुद्ध जीवोंके यही आलाप करना चाहिए। इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंके भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी प्रकृतियाँ करनी चाहिए। वैक्रियिक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णवरि उज्जो० सत्तमभंगो। आहार० सव्वट्ठभंगो।

५७१. कम्मइ० पंचणा०-णवदं०-असादा[1]०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक० तिरिक्ख[2]०-एइंदि०-हुंड०-असंप०-अप्पसत्थवण्ण०४-तिरिक्खाणु०-उप०-अप्पसत्थ०-थावरादि०४-अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० उक्क० वड्ढी क० ? यो जहण्णगादो संकिलेसादो उक्क० संकिलेसं गदो तदो उक्क० अणुभा० पबंधो तस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हा० क० ? यो उक्क० अणु०बंधमाणो सागारक्खएण पडिभग्गो तस्स उक्क० हाणी। उक्क० अवट्ठाणं क० ? अण्ण० बादरएइंदियस्स उक्कस्सिया हाणिं कादूण अवट्ठिदस्स तस्स उ० अवट्ठाणं। सादादीणं पसत्थाणं पगदीणं मणुसगदि-पंचग० उक्कस्सवड्ढि-हाणी देवोघं। उक्क० अवट्ठाणं णाणावरणभंगो। देवगदिपंचग० अवट्ठाणं णत्थि। सेसाणं तप्पाओग्गसंकिलिट्ठाणं तप्पाओग्गविसुद्धाणं च एसेव आलावो कादव्वो। णवरि तप्पाओग्गसंकिलिट्ठ-तप्पाओग्गविसुद्ध त्ति भाणिदव्वं। एवं अणाहार०।

५७२. इत्थिवेदे पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-णिरय०-तिरिक्ख०-एइंदि०-हुंड०-अप्पस०४-दोआणु०उप०-अप्पसत्थ०-थावर०-अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० उक्क० वड्ढी हाणी अवट्ठाणं ओघं णिरयगदिभंगो। सादा०-जस०-उच्चा० उक्क० वड्ढी क० ? अण्ण० खवग० अणियट्टिबादरसांपराइगस्स

काययोगी जीवोंमें सामान्य देवोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि उद्योतका भंग सातवीं पृथिवीके समान है। आहारककाययोगी जीवोंका भंग सर्वार्थसिद्धिके समान है।

५७१. कार्मणकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो जघन्य संक्लेशसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागबन्ध कर रहा है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जो जीव साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर बादर एकेन्द्रिय जीव उत्कृष्ट हानि करके अवस्थित है वह उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। सातावेदनीय आदि प्रशस्त प्रकृतियोंके और मनुष्यगतिपञ्चककी उत्कृष्ट वृद्धि और हानिका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। उत्कृष्ट अवस्थानका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। देवगतिपञ्चकका अवस्थानपद नहीं है। शेष प्रकृतियोंका तत्प्रायोग्य संक्लिष्ट और तत्प्रायोग्य विशुद्ध जीवोंके यही आलाप करना चाहिए। इतनी विशेषता है कि तत्प्रायोग्य संक्लिष्ट और तत्प्रायोग्य विशुद्ध ऐसा कहना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक जीवोंमें जानना चाहिए।

५७२. स्त्रीवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौदर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, नरकगति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थानका भङ्ग ओघसे नरकगतिके समान है। सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर क्षपक जीव

१. ता. प्रतौ णवदंस० सादा० इति पाठः। २. आ. प्रतौ सोलसक० तिरिक्ख० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चरिमे उक्कस्सए अणुभागबंधे वट्टमाणगस्स तस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी क० ? अण्ण० उवसाम० परिवद० अणियट्टिबादर०दुसमयं बंध० उ० हा०। अवट्ठाणं ओघं। सेसाणं पि खविगाणं मणुसि०भंगो। सेसाणं पगदीणं पंचिं०तिरि०भंगो। उज्जो० आदावभंगो।

५७३. पुरिसेसु साद०-जस०-उच्चा० उक्क० वड्ढी अवट्ठा० इत्थि०भंगो। उ० हा० क० ? यो उवसम०अणियट्टी से काले अबंधगो होहिदि त्ति मदो देवो जादो तस्स उ० हाणी। सेसं पंचिंदियपज्जत्तभंगो। णवरि तिरिक्खाउभंगो।

५७४. णवुंसगे पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-णिरयग०-तिरिक्ख०-हुंड०-असंप०-अप्पसत्थ०४-दोआणु०-उप०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ०-णीचा०-पंचंत० तिण्णिपदा ओघं णिरयगदिभंगो। खविगाणं इत्थिभंगो। इत्थिवेददंडओ चदुजादीए घेप्पदि। उज्जो० ओघं। सेसं इत्थिभंगो।

५७५. अवगद० अप्पसत्थाणं उक्क० वड्ढी क० ? अण्ण० उवसा० परिवद० अणिय० दुचरिमे[1] बंधादो चरिमे अणुभागबंधे वट्टमाणस्स से काले सवेदो होहिदि त्ति तस्स उ० वड्ढी। उक्क० हा० क० ? अण्ण० खवग० अणिय० पढमादो अणुभागबंधादो विदिए अणुभा० वट्टमा० तस्स० उ० हाणी। साद०-जस०-उच्चा० उक्क०

अनिवृत्ति बादरसाम्परायके अन्तिम उत्कृष्ट अनुभागबन्धमें अवस्थित है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो गिरनेवाला अन्यतर उपशामक जीव अनिवृत्तिकरण बादर साम्परायके द्वितीय समयमें बन्ध कर रहा है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। उत्कृष्ट अवस्थानका भङ्ग ओघके समान है। शेष क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग भी मनुष्यिनियोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। उद्योतका भङ्ग आतपके समान है।

५७३. पुरुषवेदी जीवोंमें सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट वृद्धि और अवस्थानका भङ्ग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो उपशामक अनिवृत्तिकरण जीव अनन्तर समयमें अबन्धक होगा कि अबन्धक होनेके पूर्व समयमें मरकर देव हो गया वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। शेष भङ्ग पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुके समान भङ्ग है।

५७४. नपुंसकवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, नरकगति, तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर आदि छह, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायके तीन पदोंका भङ्ग ओघसे नरकगतिके समान है। क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है। स्त्रीवेददण्डकको चार जातियोंके साथ ग्रहण करना चाहिए। उद्योतका भङ्ग ओघके समान है। शेष भङ्ग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है।

५७५. अपगतवेदी जीवोंमें अप्रशस्त प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो गिरनेवाला अन्यतर उपशामक अनिवृत्तिकरण जीव द्विचरम समयमें होनेवाले बन्धसे अन्तिम समयमें होनेवाले अनुभागबन्धमें अवस्थित है और जो अगले समयमें सवेदी होगा वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर अनिवृत्तिकरण क्षपक प्रथम अनुभागबन्धसे द्वितीय अनुभागबन्धमें विद्यमान है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। साता-

१. आ. प्रतौ परिवद० दुचरिमे इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वड्ढी ओघं। उ० हा० क० ? अण्ण० उवसाम० परिवद० सुहुमसं० दुसमयबंधगस्स तस्स उ० हा०। एवं सुहुमसंपराइ०।

५७६. कोधादि०४ ओघं। णवरि सादा०-जस०-उच्चा० उक्क० वड्ढी अवट्ठाणंओघं। उ० हा० क० ? अण्ण० यो उवसाम० कोधसंजलणाए से[1] काले अबंधगो होहिदि त्ति मदो देवो जादो तप्पाओग्गजह० पदिदो तस्स उक्क० हाणी। एवं माणे मायाए। लोभे ओघं।

५७७. मदि-सुदे पढमदंडओ हस्स-रदिदंडओ ओघं। सादा० देवगदिपसत्थसत्तावीसं उच्चा० उक्क० वड्ढी क० ? अण्ण० मणुसस्स सागार-जागार० सव्वविसुद्ध० संजमाभिमुहस्स चरिमे समए उक्कस्सगे अणुभागबंधे वट्टमाणस्स तस्स उ० वड्ढी। उ० हाणी क० ? अण्णदरस्स संजमादो परिवदमाणगस्स दुसमयबंधगस्स तस्स उक्क० हाणी। उक्क० अवट्ठाणं क० ? यो तप्पाओग्गउक्क० विसोधीदो सागारक्खएण पडिभग्गो तप्पाओ० जह० पदिदो तस्स उक्क० अवट्ठाणं। एवं संजमाभिमुहाणं। मणुसगदिपंच० उक्क० वड्ढी क० ? सम्मत्ताभिमुहस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी क० ? सम्मत्तादो परिवद० दुसमयबंध० तस्स उ० हाणी। अवट्ठाणं सादभंगो। सेसं

वेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी ओघके समान है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? गिरनेवाले जिस अन्यतर उपशामकने सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें दूसरे समयमें बन्ध किया है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायसंयतके जानना चाहिए।

५७६. क्रोधादि चार कषायवाले जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट वृद्धि और अवस्थानका भङ्ग ओघके समान है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर उपशामक क्रोधसंज्वलनके बन्धसे अनन्तर समयमें अबन्धक होगा कि मरा और देव होकर तत्प्रायोग्य जघन्यको प्राप्त हुआ वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। इसी प्रकार मान और मायाकषायवाले जीवोंमें जानना चाहिए। लोभकषायवाले जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है।

५७७. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें प्रथम दण्डक और हास्य-रतिदण्डक ओघके समान है। सातावेदनीय, देवगति आदि प्रशस्त सत्ताईस प्रकृतियाँ और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर मनुष्य साकार-जागृत, सर्वविशुद्ध संयमके अभिमुख और उत्कृष्ट अनुभागबन्धमें अवस्थित है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? संयमसे गिरनेवाले जिस अन्यतर जीवने दो समय तक बन्ध किया है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी कौन है ? जो तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट विशुद्धिसे साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर जघन्यको प्राप्त हुआ है वह उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। इस प्रकार संयतके अभिमुख होकर उत्कृष्ट वृद्धिको प्राप्त होनेवाली प्रकृतियोंका स्वामित्व जानना चाहिए। मनुष्यगतिपञ्चककी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? सम्यक्त्वके अभिमुख हुआ जीव उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? सम्यक्त्वसे च्युत होकर जिसने दो समय तक बन्ध किया है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। अवस्थानका भङ्ग सातावेदनीयके

---

१. आ. प्रतौ कोधसंजलणा वि से इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओघं। विभंगे पसत्थाणं मदि०भंगो। सेसाणं पंचिंदियभंगो।

५७८. आभिणि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-छदंस०-असाद०-बारसक०-पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दु०-अप्पसत्थ०४-उप०-अथिर-असुभ-अजस०-पंचंत० उक्क० वड्ढी क० ? अण्ण० असंज० सागार-जा० णियमा उक्क०संकिलिट्ठस्स मिच्छत्ताभिमुह० चरिमे उक्क० अणुभा० वट्टमा० तस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी क० ? यो तप्पा ओग्गउक्कस्सगादो संकिलेसादो पडिभग्गो तप्पाओग्गजह० पदिदो तस्स उ० हा०। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। हस्स-रदीणं सत्थाणे तिण्णि वि कादव्वाणि। सेसाणं ओघं। मणपज्जवे पढमदंडओ ओधिणाणिभंगो[1]। णवरि असंजमाभिमुह०। एवं हस्स-रदीणं पि। सेसं ओघं। एवं संजद-सामाइ०-छेदो०। णवरि सामा०-छेदो० साद०-जस०-उच्चा० उक्क० वड्ढी अवट्ठाणं ओघं। उक्क० हाणी क० ? अण्ण० उवसाम० परिवद० विदियसमयअणियट्टि०संजदाणं। सव्वाणं हाणी मणुसिभंगो। परिहार० पढमदंडओ मणपज्जवभंगो। णवरि वड्ढी सामाइय-च्छेदोवट्ठावणाभिमुहस्स। सेसाणं सत्थाणं कादव्वं। संजदासंजदे पढमदंड० वड्ढी ओधि०भंगो। हाणी अवट्ठाणं सत्थाणे। साददंडओ वड्ढी संजमाभिमुह०। हाणी अवट्ठाणं सत्थाणे। असंजदे

समान है। शेष ओघके समान है। विभङ्गज्ञानी, जीवोंमें प्रशस्त प्रकृतियोंका भङ्ग मत्यज्ञानी जीवोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रियोंके समान है।

५७८. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असातावेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्ति और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर असंयतसम्यग्दृष्टि साकार-जागृत है, नियमसे उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है और मिथ्यात्वके अभिमुख होकर अन्तिम उत्कृष्ट अनुभागबन्धमें अवस्थित है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्यको प्राप्त हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा वही अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। हास्य और रतिके तीनों ही पद स्वस्थानमें करने चाहिए। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। मनःपर्ययज्ञानी जीवोंमें प्रथम दण्डकका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि असंयमके अभिमुख जीवके उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामित्व कहना चाहिए। इसी प्रकार हास्य और रतिका भी कहना चाहिए। शेष भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार संयत, सामायिकसंयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सामायिकसंयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंमें सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट वृद्धि और उत्कृष्ट अवस्थानका भङ्ग ओघके समान है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जिस गिरनेवाले उपशामकने अनिवृत्तिकरणमें दो समय तक बन्ध किया है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। यहाँ सब प्रकृतियोंकी हानिका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है। परिहार-विशुद्धिसंयत जीवोंमें प्रथम दण्डकका भङ्ग मनःपर्ययज्ञानी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि वृद्धि सामायिक और छेदोपस्थापनासंयतके अभिमुख हुए जीवके होती है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग स्वस्थानमें करना चाहिए। संयतासंयत जीवोंमें प्रथम दण्डककी वृद्धिका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। इसकी हानि और अवस्थान स्वस्थानमें होते हैं। सातावेद-

---

१. ता. आ. प्रत्योः ओधिविभंगो इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पढमदंडओ ओघं[1]। साददंडओ मदि०भंगो। णवरि असंजदसम्मादिट्ठिस्स कादव्वा। सेसं ओघं।

५७९. चक्खुदं० तसपज्जत्तभंगो। अचक्खु० ओघं। ओधिदं०-सम्मा०-खइग० ओधि०भंगो[2]। णवरि खइगे पढमदंडए वड्ढी सत्थाणे कादव्वा।

५८०. किण्णाए पढमदंडओ णवुंसगभंगो। साददंडओ णिरयभंगो। इत्थि[3]०-पुरिस०-हस्स-रदि-चदुजादि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-थावरादि०४ णवुंसगभंगो। देवगदिपंच० उक्क० वड्ढी[4] क०? यो तप्पा०जह०विसोधिं गदो उक्क० अणु० पबंधो तस्स उक्क०वड्ढी। उक्क० हा० क०? यो तप्पा०उक्क०अणुभा० बंधमाणो सागारक्खएण पडिभग्गो तप्पाओ० ज० पडिदो तस्स उक्क० हा०। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। सेसं ओघादो[5] साधेदव्वं।

५८१. णील-काऊणं पढमदंडओ साददंडओ इत्थि०-पुरिस०-हस्स-रदि-चदुसंठा० चदुसंघ० णिरयभंगो। णिरय०-चदुजादि-णिरयाणु०-थावरादि०४ उक्क० वड्ढी कस्स? यो तप्पाओग्गजह०संकिलेसादो उक्क०संकिलेसं गदो तदो उ० अणुभा० पबंधो तस्स उक्क० वड्ढी। उ० हा० क०? यो उक्क० अणुभा० बंधमाणो सागारक्खएण पडिभग्गो तप्पा०

नीयदण्डककी वृद्धिका स्वामी संयमके अभिमुख हुआ जीव है। हानि और अवस्थान स्वस्थानमें होते हैं। असंयत जीवोंमें प्रथम दण्डक ओघके समान है। सातावेदनीयदण्डकका भङ्ग मत्यज्ञानी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि असंयतसम्यग्दृष्टिके कहना चाहिए। शेष भङ्ग ओघके समान है।

५७९. चक्षुदर्शनवाले जीवोंमें त्रसपर्याप्त जीवोंके समान भङ्ग है। अचक्षुदर्शनवाले जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि और क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें अवधिज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें प्रथम दण्डकमें वृद्धि स्वस्थानमें कहनी चाहिए।

५८०. कृष्णलेश्यामें प्रथम दण्डकका भङ्ग नपुंसकोंके समान है। सातावेदनीयदण्डकका भंग नारकियोंके समान है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, चार जाति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन और स्थावर आदि चारका भङ्ग नपुंसकोंके समान है। देवगतिपञ्चककी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है? जिसने तत्प्रायोग्य विशुद्धिको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागबन्ध किया है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है? तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जो जीव साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्यको प्राप्त हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा वही अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। शेष सब ओघके अनुसार साध लेना चाहिए।

५८१. नील और कापोत लेश्यामें प्रथम दण्डक, साता दण्डक तथा स्त्रीवेद, पुरुषवेद, हास्य, रति, चार संस्थान और चार संहननका भङ्ग नारकियोंके समान है। नरकगति, चार जाति, नरकगत्यानुपूर्वी और स्थावर आदि चारकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है? जिसने तत्प्रायोग्य जघन्य संक्लेशसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अनुभागबन्ध किया है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है? उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जो

---

१. आ. प्रतौ संजदासंजदे पढमदंडओ ओघं इति पाठः। २. ता.आ. प्रत्योः खइग० वेदग० ओधि० भंगो इति पाठः। ३. ता. प्रतौ णिरयभंगो। देवगदिपंच० उक्क० इत्थि० इति पाठः। ४. ता. प्रतौ णवुंसक-भंगो। वड्ढी क० इति पाठः। ५. आ. प्रतौ ओघेण इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जह० पदिदो तस्स उक्क० हाणी। तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं। देवगदि०५ किण्णभंगो। णवरि[1] काऊए तित्थयरं णिरयभंगो। सेसं[2] आउगादीणं ओघादो साधेदव्वं।

५८२. तेऊए पढमदंडओ सोधम्मभंगो। साद० उक्क० वड्ढी कस्स? यो तप्पा०-जहण्णगादो विसोधीदो उक्कस्सगं विसोधिं गदो तदो उक्क० अणु० पबंधो तस्स उक्क० वड्ढी। उ० हाणी क०? यो उक्क० अणुभा० मदो देवो जादो तदो तप्पाओग्गजह० पडिदो तस्स उक्क० हाणी। अवट्ठाणं ओघं। पंचिं०-तेजा०-क०-समचदु०-पसत्थव०४-अगु०३-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि०-तित्थ०-उच्चा० सादभंगो। देवगदि०-उक्क० परिहारभंगो। सेसं सोधम्मभंगो। एवं पम्माए वि। णवरि पढमदंडओ सहस्सारभंगो। उज्जो० तिरिक्खाउभंगो। सुक्काए खविगाणं ओघं। पढमदंडगादि० आणदभंगो।

५८३. भवसि० ओघं। अब्भवसि० पढमदंडओ ओघं। साददंडओ णिरयभंगो। पसत्थाणं कादव्वं। णवरि चदुगदि० सव्वविसुद्धो त्ति। उज्जो० सादभंगो। सेसं ओघं।

जीव साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्यको प्राप्त हुआ है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा वही अनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। देवगतिपञ्चकका भङ्ग कृष्णलेश्याके समान है। इतनी विशेषता है कि कापोतलेश्यामें तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग नारकियोंके समान है। शेष आयु आदिका भङ्ग ओघके अनुसार साध लेना चाहिए।

५८२. पीतलेश्यामें प्रथम दण्डक सौधर्मकल्पके समान है। सातावेदनीयकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है? जिसने तत्प्रायोग्य जघन्य विशुद्धिसे उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागबन्ध किया है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है? उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध करनेवाला जो जीव मर कर देव हुआ और तत्प्रायोग्य जघन्यको प्राप्त हुआ वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। अवस्थानका भङ्ग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्रका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। देवगतिकी उत्कृष्ट वृद्धिका भङ्ग परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंके समान है। शेष भङ्ग सौधर्मकल्पके समान है। इसी प्रकार पद्मलेश्यामें भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि प्रथम दण्डक सहस्रारकल्पके समान है। तथा उद्योतका भङ्ग तिर्यञ्चायुके समान है। शुक्ललेश्यामें क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। प्रथम दण्डक आदिका भङ्ग आनतकल्पके समान है।

५८३. भव्योंमें ओघके समान भङ्ग है। अभव्योंमें प्रथम दण्डक ओघके समान है। सातावेदनीयदण्डकका भङ्ग नारकियोंके समान है। इसी प्रकार सब प्रशस्त प्रकृतियोंका कहना चाहिए। इतनी विशेषता है कि चारगतिके सर्वविशुद्ध जीवके कहना चाहिए। उद्योतका भंग सातावेदनीयके समान है। शेष भंग ओघके समान है।

---

१. आ. प्रतौ देवगदि०५ णवरि इति पाठः। २. आ. प्रतौ णिरयभंगो। किण्णभंगो। सेसं इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५८४. वेदग० सादद्दंडओ तेउ०भंगो। सेसं ओधि०भंगो। उवसम० ओधि०भंगो। णवरि सादा०-जस०-उच्चा० उक्क० वड्डी क० ? अण्ण० सुहुमसंप० उवसाम० चरिमे उक्क० अणु० वट्ट० तस्स उक्क० वड्डी। एवं सव्वाणं उवसामगाणं सादादीणं पसत्थाणं। सासणे पढमदंडओ सव्वसंकिलिट्ठस्स। सादद्दंडओ सव्वविसुद्धस्स। पुरिसदंडओ तप्पाओ०संकि०। तिण्णि आऊणि ओघं। सम्मामि० पढमदंडओ उक्क० वड्डी क० ? मिच्छत्ताभिमुह० तस्स उक्क० वड्डी। उ० हा० क० ? सम्मत्ताभिमुह० चरिमसमय-बंधगस्स तस्स उक्क० हा०। अवट्ठाणं सट्ठाणे। सादद्दंडओ उक्क० वड्डी क० ? सम्मत्ताभिमुह० तस्स उक्क० वड्डी। उक्कस्सिया हाणी अवट्ठाणं सत्थाणे। मिच्छादिट्ठी० मदि०भंगो।

५८५. असण्णीसु अब्भव०भंगो। णवरि पढमदंडए उक्क० वड्डी क० ? यो तप्पाओग्गजह० संकि० उक्क०संकिलेसं गदो तदो उक्क० अणु० पबंधो तस्स उक्क० वड्डी। उ० हाणी अवट्ठाणं सागारक्खएण पडिभग्गो। आहार० ओघं।

एवं उक्कस्ससामित्तं समत्तं

५८६. जहण्णए पगदं। एत्तो जहण्णपदणिक्खेवसामित्तस्स साधणट्ठं अट्ठपद-भूदसमासलक्खणं वत्तइस्सामो। तं जहा—मिच्छादिट्ठिस्स या अणंतभागफद्दग-

---

५८४. वेदक सम्यक्त्वमें सातावेदनीय दण्डकका भंग पीतलेश्याके समान है। शेष भंग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। उपशमसम्यक्त्वमें अवधिज्ञानी जीवोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर सूक्ष्मसाम्परायिक उपशामक जीव अन्तिम अनुभागबन्धमें विद्यमान है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। इसी प्रकार सब उपशामकोंके सातावेदनीय आदि प्रशस्त प्रकृतियोंका कहना चाहिए। सासादन सम्यक्त्वमें प्रथम दण्डक सर्वसंक्लिष्टके, सातावेदनीयदण्डक सर्व-विशुद्धके और पुरुषवेददण्डक तत्प्रायोग्य संक्लिष्टके कहना चाहिए। तीन आयुका भंग ओघके समान है। सम्यग्मिथ्यात्वमें प्रथम दण्डककी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो मिथ्यात्वके अभिमुख है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो सम्यक्त्वके अभिमुख होकर अन्तिम समयमें बन्ध कर रहा है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। उत्कृष्ट अवस्थान स्वस्थानमें होता है। सातावेदनीयदण्डककी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो सम्यक्त्वके अभिमुख है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानि और अवस्थान स्वस्थानमें होते हैं। मिथ्यादृष्टि जीवोंमें मत्यज्ञानी जीवोंके समान भंग है।

५८५. असंज्ञियोंमें अभव्योंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि प्रथम दण्डककी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जिसने तत्प्रायोग्य जघन्य संक्लेशसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट अनुभागबन्ध किया है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानि और अवस्थानका स्वामी साकार उपयोगके क्षय होनेसे प्रतिभग्न हुआ जीव होता है। आहारकोंमें ओघके समान भंग है।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ।

५८६. जघन्यका प्रकरण है। यहाँ जघन्यपदनिक्षेपके स्वामित्वका साधन करनेके लिए अर्थपदको संक्षेपमें बतलाते हैं। यथा—मिथ्यादृष्टिकी जो अनन्तभागस्पर्द्धकवृद्धि है, संयतकी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिवड्ढी संजदस्स या अणंतभागफद्दगपरिवड्ढी मिच्छादिट्ठिस्स या अणंतभागपरिवड्ढी सा अणंतगुणा। एदेण अट्ठपदभूदसमासलक्खणेण दुवि०। ओघे० पंचणा०-चदुदंस०-पंचंत० जहण्णिगा वड्ढी कस्स? अण्णदरस्स उवसा० परिवद० दुसमयसुहुमसं० तस्स जह० वड्ढी। जह० हा० क०? अण्ण० सुहुमसंप० खवगचरिमे जह० अणु० वड्ढ० तस्स जह० हाणी। जह० अवट्ठा० क०? अण्ण० अप्पमत्तसं० अक्खवग० अणुवसमग० सागार-जा० सव्वविसुद्धस्स उक्कस्सविसोधीदो पडिभग्गस्स अणंतभागेण वड्ढिदूण अवट्ठिदस्स जह० अवट्ठाणं। णिद्दाणिद्दा-पचलापचला-थीणागि०-मिच्छ०-अणंताणु० जह० वड्ढी क०? अण्ण संजमादो वा संजमासंजमादो वा सम्मत्तादो वा परिवदमाणगस्स दुसमयमिच्छादिट्ठिस्स तस्स जह० वड्ढी। ज० हा० क०? अण्ण० मणुसस्स वा मणुसीए वा मिच्छादिट्ठि० सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तगदस्स सागार-जा० सव्वविसु० से काले संजमं पडिवज्जिहिदि त्ति तस्स ज० हा०। ज० अवट्ठा० क०? अण्ण० पंचिंदियस्स मिच्छादिट्ठिस्स सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तगदस्स सागार-जा० तप्पाओग्गउक्कस्सगादो विसोधीदो पडिभग्गस्स अणंतभागेण वड्ढिदूण अवट्ठिदस्स तस्स जह० अवट्ठा०। णिद्दा-पयलाणं जह० वड्ढी अवट्ठाणं णाणावरण-भंगो। जह० हा० क०? अण्ण० खवग० अपुव्वकरणस्स णिद्दा-पयलाणं बंधचरिमे वट्टमा० तस्स जह० हाणी। सादासाद०-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस० जह० वड्ढी कस्स? अण्ण० सम्मादिट्ठिस्स वा मिच्छादिट्ठिस्स वा परियत्तमाणमज्झिम-

जो अनन्तभाग स्पर्धकवृद्धि है तथा मिथ्यादृष्टिकी जो अनन्तभागवृद्धि है वह अनन्तगुणी है। संक्षेपमें कहे गये इस अर्थपदके अनुसार निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? जिस गिरनेवाले अन्यतर उपशामकने सूक्ष्म साम्परायमें दो समय तक बन्ध किया है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है? जो अन्यतर सूक्ष्मसाम्पराय क्षपक जीव अन्तिम अनुभागबन्धमें अवस्थित है वह जघन्य हानिका स्वामी है। जघन्य अवस्थानका स्वामी कौन है? जो अन्यतर अक्षपक और अनुपशामक अप्रमत्तसंयत जीव साकार-जागृत है, सर्वविशुद्धि है, उत्कृष्ट विशुद्धिसे प्रतिभग्न हुआ है और अनन्तभागवृद्धिके साथ अवस्थित है वह जघन्य अवस्थानका स्वामी है। निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? जो अन्यतर जीव संयमसे, संयमासंयमसे और सम्यक्त्वसे गिर कर दो समयवर्ती मिथ्यादृष्टि है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है? मिथ्यादृष्टि, सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त, साकार जागृत और सर्वविशुद्ध जो अन्यतर मनुष्य या मनुष्यिनी जीव अनन्तर समयमें संयमको प्राप्त करेगा वह जघन्य हानिका स्वामी है। जघन्य अवस्थानका स्वामी कौन है? सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त और साकार-जागृत जो अन्यतर पञ्चेन्द्रिय मिथ्यादृष्टि जीव तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट विशुद्धिसे प्रतिभग्न होकर अनन्तभागवृद्धिके साथ अवस्थित है वह जघन्य अवस्थानका स्वामी है। निद्रा और प्रचलाकी जघन्य वृद्धि और अवस्थानका स्वामी ज्ञानावरणके समान है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है? जो अन्यतर अपूर्वकरण क्षपक जीव निद्रा और प्रचलाके बन्धके अन्तिम समयमें विद्यमान है वह जघन्य हानिका स्वामी है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति और अयशःकीर्तिकी जघन्य वृद्धि [हानि और अवस्थान] का स्वामी कौन है?

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिणामस्स अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्कदरत्थमवट्ठाणं। अपच्चक्खाण०४ ज० वड्ढी क० ? अण्ण० संजमादो वा संजमासंजमादो वा परिवदमाणस्स[1] दुसमयअसंजदसम्मादिट्ठिस्स तस्स जह० वड्ढी। ज० हा० क० ? अण्ण० असंज० सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्जत्तगदस्स सागार-जा० सव्वविसु० से काले संजमं पडिवज्जिहिदि त्ति तस्स [ज०] हाणी। ज० अवट्ठा० क० ? अण्ण० असंज० सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्ज० सागा० सव्वविसु० उक्क०विसोधीदो पडिभग्गस्स अणंतभागेण वड्ढिदूण अवट्ठिदस्स तस्स ज० अवट्ठाणं। पच्चक्खाण०४ ज० वड्ढी क० ? अण्ण० संजमादो परिवदमाणस्स दुसमयसंजदासंजदस्स ज० वड्ढी। ज० हा० क० ? अण्ण० संजदासंजदस्स सागार-जा० सव्वविसु० से काले संजमं पडिवज्जिहिदि तस्स ज० हा०। ज० अवट्ठा० क० ? अण्ण० सागार-जा० तप्पाओग्गउक्क०विसोधीदो पडिभग्गस्स अणंतभागेण वड्ढिदूण अवट्ठिदस्स[2] तस्स ज० अवट्ठाणं। चदुसंज०-पुरिस०-हस्स-रदि-भय-दु०-अप्पसत्थ०४-उप० ज०वड्ढी अवट्ठाणं णाणावरणभंगो। ज० हा० क० ? अण्ण० खवग० अपुव्वक० अणियट्टिस्स। णवरि अप्पप्पणो पाओग्गं णादव्वं। इत्थि०-णवुंस० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० चदुगदियस्स पंचिं० सण्णि० मिच्छा० सव्वाहि० सागार-जा० तप्पाओ[3]० विसु० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी

जो परिवर्तमान मध्यम परिणामवाला अन्यतर सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टि जीव है वह अनन्तभाग वृद्धिरूपसे वृद्धि अनन्तभागहानिरूपसे हानि और इनमेंसे किसी एक जगह अवस्थानका स्वामी है। अप्रत्याख्यानावरणचतुष्ककी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? संयमसे और संयमासंयमसे गिरनेवाला जो अन्यतर दो समयवर्ती असंयतसम्यग्दृष्टि जीव है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त, साकार-जागृत और सर्व विशुद्ध जो अन्यतर असंयतसम्यग्दृष्टि जीव अनन्तर समयमें संयमको प्राप्त होगा वह जघन्य हानिका स्वामी है। जघन्य अवस्थानका स्वामी कौन है ? सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त, साकार-जागृत और सर्वविशुद्ध जो अन्यतर असंयतसम्यग्दृष्टि जीव उत्कृष्ट विशुद्धिसे प्रतिभग्न होकर अनन्तभागवृद्धिके साथ अवस्थित है वह जघन्य अवस्थानका स्वामी है। प्रत्याख्यानावरणचतुष्ककी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? संयमसे गिरनेवाला जो दो समयवर्ती संयतासंयत जीव है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? साकार-जागृत और सर्वविशुद्ध जो अन्यतर संयतासंयत जीव अनन्तर समयमें संयमको प्राप्त होगा वह जघन्य हानिका स्वामी है। जघन्य अवस्थानका स्वामी कौन है ? साकार-जागृत जो अन्यतर जीव तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट विशुद्धिसे प्रतिभग्न होकर अनन्तभागवृद्धिके साथ अवस्थित है वह जघन्य अवस्थानका स्वामी है। चार संज्वलन, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, अप्रशस्त वर्णचतुष्क और उपघातकी जघन्य वृद्धि और अवस्थानका स्वामी ज्ञानावरणके समान है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? अन्यतर अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण क्षपक जीव जघन्य हानिका स्वामी है। इतनी विशेषता है कि अपने-अपने प्रायोग्य जानना चाहिए। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो सब पर्याप्तियों से पर्याप्त, साकार-जागृत और तत्प्रायोग्य विशुद्ध अन्यतर चार गतिका पञ्चेन्द्रिय संज्ञी और मिथ्यादृष्टि जीव है वह अनन्तभागवृद्धिके द्वारा वृद्धि, अनन्तभागहानिके द्वारा हानि

१. आ० प्रतौ संजमादो परिवदमाणस्स इति पाठः। २. ता० प्रतौ वड्ढिदूण उ) अ) वट्ठिदस्स, आ० प्रतौ वड्ढिदूण उवट्ठिदस्स इति पाठः। ३. ता० आ०: प्रत्योः सागारजा० कसाओ० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक्कदरत्थमवट्ठाणं। अरदि-सोग० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० पमत्त०संज० सागा० तप्पा० विसु० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्कदरत्थमवट्ठाणं। णिरय-देवाउ० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० जहण्णिगाए पज्जगत्तणिव्वत्तीए णिव्वत्तमाणगस्स मज्झिमपरिणामस्स अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठाणं। तिरिक्ख-मणुसाऊणं ज० वड्ढी क० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० जहण्णियाए अपज्जत्तग-णिव्वत्तीए णिव्वत्तमाणगस्स मज्झिम० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठा०। णिरयग०-देवग०ज० वड्ढी क० ? अण्ण० तिरिक्ख० मणुस० परि-यत्तमाणमज्झिम० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठा०। एवं तिण्णिजादि-दोआणु०-सुहुम०-अपज्ज०-साधार०। मणुस०[1]-छस्संठा०-छस्संघ०-मणु०-साणु०-दोविहा०-सुभग-दूभग-सुस्सर-दुस्सर-आदें०-अणादे०-उच्चा० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० चदुगदि० मिच्छादि० परिय०मज्झिम० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठा०। तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु०-णीचा० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० सत्तमाए पुढवीए णेरइगस्स मिच्छादि० सव्वाहि पज्ज० सागार-जा० तप्पा०उक्क०-विसोधीदो पडिभग्गो अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी। तस्सेव से काले ज० अवट्ठा०। ज० हा० क० ? अण्ण० सत्तमाए पुढवीए मिच्छादि० सव्वाहि पज्ज० सागा० सव्व-

और इनमेंसे किसी एक स्थान पर अवस्थानका स्वामी है। अरति और शोककी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? साकार-जागृत और तत्प्रायोग्य विशुद्ध जो अन्यतर प्रमत्तसंयत जीव है वह अनन्त भागवृद्धि के द्वारा वृद्धि, अनन्तभागहानिके द्वारा हानि और इनमेंसे किसी एक स्थानपर अवस्थानका स्वामी है। नरकायु और देवायुकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जघन्य पर्याप्त निवृत्तिसे निवृत्ति-मान और मध्यम परिणामवाला ऐसा अन्यतर जो तिर्यञ्च और मनुष्य है वह अनन्तभागवृद्धिके द्वारा वृद्धि, अनन्तभागहानिके द्वारा हानि और इनमेंसे किसी एक स्थान पर अवस्थानका स्वामी है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जघन्य अपर्याप्तक निवृत्तिसे निवृत्तमान और मध्यम परिणामवाला जो अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य है वह अनन्तभागवृद्धिके द्वारा वृद्धि, अनन्तभागहानिके द्वारा हानि और इनमेंसे किसी एक स्थानपर अवस्थानका स्वामी है। नरकगति और देवगतिकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? परिवर्तमान मध्यम परिणामवाला अन्यतर तिर्यञ्च और मनुष्य अनन्तभागवृद्धिके द्वारा वृद्धि, अनन्तभागहानिके द्वारा हानि और इनमेंसे किसी एक स्थान पर अवस्थानका स्वामी है। इसी प्रकार तीन जाति, दो आनुपूर्वी, सूक्ष्म अपर्याप्त और साधारणकी अपेक्षा स्वामित्व जानना चाहिए। मनुष्यगति, छह संस्थान, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, दो विहायोगति, सुभग, दुर्भग, सुस्वर, दुःस्वर, आदेय, अनादेय और उच्चगोत्रकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? अन्यतर चार गतिका परि-वर्तमान मध्यम परिणामवाला मिथ्यादृष्टि जीव अनन्तभागवृद्धिके द्वारा वृद्धि, अनन्तभागहानिके द्वारा हानि और इनमेंसे किसी एक स्थान पर अवस्थानका स्वामी है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्च-गत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त और साकार-जागृत ऐसा अन्यतर सातवीं पृथिवीका मिथ्यादृष्टि नारकी तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट विशुद्धिसे प्रतिभग्न होकर अनन्तभागवृद्धि करता हुआ जघन्य वृद्धिका स्वामी है। तथा वही अनन्तर समयमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त, साकारजागृत और सर्वविशुद्ध जो अन्यतर सातवीं पृथिवीका मिथ्यादृष्टि नारकी अनिवृत्तिकरणके

१. ता० प्रतौ साद० मणुस० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विसु० अणियट्टिकरणे चरिमे ज० अणु० वट्ट० तस्स ज० हा० । एइंदि०-थावर० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० तिगदि० परिय०मज्झि० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठाणं । पंचिं०-तेजा०-क०-पसत्थ४-अगु०३-तस०४-णिमि० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० चदुगदि० पंचिं० सण्णि० मिच्छा० सव्वाहि प० सागा० णियमा उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्कद० अवट्ठाणं । ओरालि०-ओरालि०-अंगो०-उज्जो० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० णेरइ० वा देवस्स वा मिच्छादिट्ठिस्स सव्वाहि प० सागा० णिय० उक्क० संकि० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठा० । वेउ०-वेउ०अंगो० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० मणुस० पंचिं० तिरिक्ख०-जोणिणीयस्स वा सण्णि० मिच्छादि० सव्वाहि पज्ज० सागा० णियमा उक्क० संकि० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठाणं । आहार०२ ज० वड्ढी क० ? अण्ण० अप्पमत्तसं० पमत्ताभिमुह० सागार० सव्वसंकि० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठाणं । आदा० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० ईसाणंतकप्प०देवस्स मिच्छा० सव्वाहि पज्जत्तीहि पज्ज० सागार-जा० णिय० उक्क०-संकिलि० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठाणं । तित्थ० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० मणुसस्स वा मणुसीए वा असंजदसम्मादिट्ठिस्स सव्वाहि पज्ज०

अन्तिम समयमें जघन्य अनुभागबन्ध करता है वह जघन्य हानिका स्वामी है। एकेन्द्रिय जाति और स्थावरकी जघन्य वृद्धि किसके होती है? जो अन्यतर तीन गतिका परिवर्तमान मध्यम परिणामवाला जीव है वह अनन्तभागवृद्धिके द्वारा वृद्धि, अनन्तभागहानिके द्वारा हानि और इनमेंसे किसी एक स्थानमें अवस्थानका स्वामी होता है। पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, त्रसचतुष्क और निर्माणकी जघन्य वृद्धि का स्वामी कौन है? सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त, साकार-जागृत और नियमसे उत्कृष्ट संक्लेशयुक्त अन्यतर चार गतिका पञ्चेन्द्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि जीव अनन्तभागवृद्धिके द्वारा वृद्धि, अनन्तभागहानिके द्वारा हानि और इनमेंसे किसी एक स्थान पर अवस्थानका स्वामी है। औदारिकशरीर, औदारिक आंगोपांग और उद्योतकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त, साकार-जागृत और नियमसे उत्कृष्ट संक्लेशयुक्त अन्यतर मिथ्यादृष्टि देव और नारकी अनन्तभागवृद्धिके द्वारा वृद्धि, अनन्तभागहानि द्वारा हानि और इनमेंसे किसी एक स्थानपर अवस्थानका स्वामी है। वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिकआंगोपांगकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त, साकार-जागृत और नियमसे उत्कृष्ट संक्लेशयुक्त अन्यतर मनुष्य और पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनि संज्ञी मिथ्यादृष्टि जीव अनन्तभागवृद्धिद्वारा जघन्य वृद्धिका,अनन्तभागहानिद्वारा जघन्य हानिका और इनमेंसे किसी एक स्थानपर जघन्य अवस्थानका स्वामी है। आहारकद्विककी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? साकार-जागृत और सर्व संक्लेशयुक्त प्रमत्तसंयतके अभिमुख अन्यतर अप्रमत्तसंयत जीव अनन्तभागवृद्धिद्वारा जघन्य वृद्धिका, अनन्तभागहानिके द्वारा जघन्य हानिका और इनमेंसे किसी एक स्थान पर जघन्य अवस्थानका स्वामी है। आतपकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त, साकार-जागृत और नियमसे उत्कृष्ट संक्लेशयुक्त अन्यतर ऐशानकल्प तकका मिथ्यादृष्टि देव अनन्तभागवृद्धिके द्वारा जघन्य वृद्धिका, अनन्तभागहानिके द्वारा जघन्य हानिका और इनमेंसे किसी एक स्थान पर जघन्य अवस्थानका स्वामी है। तीर्थङ्करप्रकृतिकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त, साकार-जागृत और उत्कृष्ट संक्लेशसे प्रतिभग्न हुआ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सागा०-जा० उक्कस्ससंकिलेसादो पडिभग्गस्स अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी। तस्सेव से काले ज० अवट्ठा०। ज० हा० क०? अण्ण० असंजदसम्मादिट्ठिस्स सव्वाहि पज्ज० सागा० तप्पा०संकिलि० मिच्छत्ताभिमु० चरिमसमयअसंज०[1] तस्स ज० हाणी।

५८७. आदेसेण णेरइएसु पंचणा०-छदंसणा०-बारसक०-पंचणोक०-अप्पसत्थ० [४-उप०-पंचंत०] ज० वड्ढी[2] क०? अण्ण० असंजद० सव्वाहि पज्ज० सागार० सव्वविसु० अणंत०भागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठाणं। थीणगि०३-मिच्छ०-अणंताणुबं०४ ज० वड्ढी क०? अण्ण० सम्मत्तादो परिवदमा० दुसमय-मिच्छा० तस्स ज० वड्ढी। ज० हा० क०? अण्ण० मिच्छा० सव्वाहि प० सागा० सव्वावि० से काले सम्मत्तं पडिवज्जिहिदि त्ति तस्स ज० हा०। ज० अवट्ठा० क०? अण्ण० मिच्छा० सागा० तप्पा०उक्कस्सिगादो विसोधिं गदो अणंतभागेण वड्ढिदूण अवट्ठिदस्स तस्स ज० अवट्ठा०। सादासाद०-थिरादितिण्णियु० ओघं। इत्थि०-णवुंस० ज० तिण्णि वि क०? अण्ण० मिच्छादि० ओघभंगो। अरदि-सोग० ज० क०? अण्ण० सम्मादिट्ठिस्स तिण्णि वि०। तिरिक्ख०-मणुसाऊणं ज० वड्ढी क०? अण्ण० मिच्छा० जहण्णिगाए पज्जत्तणिव्व० णिव्वत्तमा० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी

अन्यतर असंयतसम्यग्दृष्टि मनुष्य और मनुष्यिनी अनन्तभागवृद्धिके द्वारा जघन्य वृद्धिका स्वामी है तथा वही अनन्तर समयमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है? सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त, साकार-जागृत, तत्प्रायोग्य संक्लेशयुक्त और मिथ्यात्वके अभिमुख अन्यतर असंयतसम्यग्दृष्टि जीव अन्तिम समयमें जघन्य हानिका स्वामी है।

५८७. आदेशसे नारकियोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, पाँच नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त, साकार-जागृत और सर्वविशुद्ध अन्यतर असंयतसम्यग्दृष्टि जीव अनन्तभागवृद्धिद्वारा जघन्य वृद्धिका, अनन्तभागहानिद्वारा जघन्य हानिका और इनमेंसे किसी एक स्थानपर जघन्य अवस्थानका स्वामी है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? सम्यक्त्वसे गिरकर जिसे मिथ्यात्वमें दो समय हुए हैं, ऐसा अन्यतर जीव जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है? सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त, साकार-जागृत और सर्वविशुद्ध जो अन्यतर मिथ्यादृष्टि जीव अनन्तर समयमें सम्यक्त्वको प्राप्त करेगा वह जघन्य हानिका स्वामी है। जघन्य अवस्थानका स्वामी कौन है? साकार-जागृत जो अन्यतर मिथ्यादृष्टि जीव तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर अनन्तभागवृद्धिके साथ अवस्थित है वह जघन्य अवस्थानका स्वामी है। सातावेदनीय, असातावेदनीय और स्थिर आदि तीन युगलका भंग ओघके समान है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके जघन्य तीनों ही पदोंका स्वामी कौन है? अन्यतर मिथ्यादृष्टिके ओघके समान भंग है। अरति और शोकके तीनों पदोंका स्वामी कौन है? अन्यतर सम्यग्दृष्टि तीनों ही पदोंका स्वामी है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? जघन्य पर्याप्ति निवृत्तिसे निवृत्तमान अन्यतर मिथ्यादृष्टि अनन्त-भागवृद्धिके द्वारा जघन्य वृद्धिका, अनन्तभागहानिके द्वारा जघन्य हानिका और इनमेंसे किसी

१. ता० प्रतौ चरिमे समयं असंज० इति पाठः। २. ता० आ० प्रत्योः अप्पसत्थ०.....ज० वड्ढी० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक्क० अवट्ठाणं। तिरिक्ख०३ ओघं। मणुसगदिदंडओ ओघं। पंचिं०-ओरा० तेजा०-क०-ओरा०अंगो०[1]-पसत्थ०४-अगु०३-तस०४-णिमि० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० मिच्छा० सव्वाहि पज्ज० सागा०-जा० सव्वसंकि० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठाणं। एवं उज्जो०। तित्थ० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० असंज० सागा० सव्वसंकि० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठाणं। एवं छसु पुढवीसु। णवरि तिरिक्ख०३ मणुसगदिभंगो। सत्तमाए मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० असंजद० सागार-जा० तप्पाओग्गउक्कस्ससंकिलेसादो पडिभग्गो अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी। तस्सेव से काले ज० अवट्ठाणं। ज० हा० क० ? अण्ण० असंज० मिच्छत्ताभिमु० तस्स ज० हाणी।

५८८. तिरिक्खेसु पंचणा०-छदंसणा०-अट्ठक०-पंचणो०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० संजदासंज० सागार-जा० सव्वविसु० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठाणं। थीणगिद्धिदंडओ ओघं। साददंडओ ओघं। इत्थि०-णवुंस० ओघं। अरदि-सोग० ज० वड्ढी हाणी अवट्ठाणं क० ? अण्ण०

एक स्थानमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है। तिर्यञ्चगतित्रिकका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगतिदण्डकका भङ्ग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, त्रसचतुष्क और निर्माणकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त, साकार-जागृत और सर्व संक्लेशयुक्त अन्यतर मिथ्यादृष्टि जीव अनन्तभागवृद्धिके द्वारा जघन्य वृद्धिका, अनन्तभागहानिके द्वारा जघन्य हानिका और इनमेंसे किसी एक स्थानमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है। इसी प्रकार उद्योतका स्वामित्व जानना चाहिए। तीर्थङ्करप्रकृतिकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? साकार-जागृत और सर्वसंक्लेशयुक्त अन्यतर असंयतसम्यग्दृष्टि जीव अनन्तभागवृद्धिके द्वारा जघन्य वृद्धिका, अनन्तभागहानिके द्वारा जघन्य हानिका और इनमेंसे किसी एक स्थानमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है। इसी प्रकार छहों पृथिवियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगतित्रिकका भङ्ग मनुष्यगतिके समान है। सातवीं पृथिवीमें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? साकार-जागृत और तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशसे प्रतिभग्न हुआ अन्यतर असंयतसम्यग्दृष्टि जीव अनन्तभागवृद्धिके द्वारा जघन्य वृद्धिका स्वामी है तथा वही अनन्तर समयमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? मिथ्यात्वके अभिमुख हुआ अन्यतर असंयतसम्यग्दृष्टि जीव जघन्य हानिका स्वामी है।

५८८. तिर्यञ्चोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, पाँच नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? साकार-जागृत और सर्वविशुद्ध अन्यतर संयतासंयत सम्यग्दृष्टि जीव अनन्तभागवृद्धिके द्वारा जघन्य वृद्धिका, अनन्तभागहानिके द्वारा जघन्य हानिका और इनमेंसे किसी एक स्थानमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है। स्त्यानगृद्धिदण्डकका भङ्ग ओघके समान है। सातावेदनीयदण्डकका भङ्ग ओघके समान है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका भङ्ग ओघके समान है। अरति और शोककी

---

१. आ० प्रतौ ओरा० ओरा० अंगो० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संजदासंज० । अपच्चक्खाण०४ तिण्णि वि ओघं । णवरि हाणी संजमासंजमं पडिवज्ज-तस्स । चदुआउ०-तिण्णिगदि-चदुजा०-छस्संठा०-छस्संघ०-तिण्णिआणु०-दोविहा०-थावरादि४-मज्झिल्लयुगलाणि तिण्णि उच्चा० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० मिच्छादि० परिय०मज्झिम० अणंतभागेण तिण्णि वि० । तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु०[1]-णीचा० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० बादरतेउ०-वाउ०जीवस्स सव्वाहि प० अणंतभागेण तिण्णि वि । पंचिं०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-वेउव्वि०अंगो०-पसत्थ०४-अगु०३-तस०४-णिमि० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० पंचिं० सण्णि० मिच्छा० सागा० सव्वसंकि० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्कदर० अवट्ठाणं । ओरालि०-ओरालि०अंगो०-आदाउज्जो० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० पंचिं०[2] सण्णि० मिच्छा० सागा० तप्पा०संकि० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्कद० अवट्ठाणं । एवं पंचिं०तिरिक्ख०३ । णवरि तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु०-णीचा० णिरयभंगो ।

५८९. पंचिं०तिरि०अपज्ज० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-अप्पसत्थ०४-उप०-पंचंत० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० सण्णिस्स सव्वविसु० अणंत-

---

जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थानका स्वामी कौन है ? अन्यतर संयतासंयत जीव उक्त तीनों पदोंका स्वामी है । अप्रत्याख्यानावरणचतुष्कके तीनों ही पदोंका भङ्ग ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि संयमासंयमको प्राप्त होनेवाला जीव जघन्य हानिका स्वामी है । चार आयु, तीन गति, चार जाति, छह संस्थान, छह संहनन, तीन आनुपूर्वी, दो विहायो गति, स्थावर आदि चार, मध्यके तीन युगल और उच्चगोत्रकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? अन्यतर मिथ्यादृष्टि परिवर्तमान मध्यम परिणामवाला जीव अनन्तभागवृद्धि, अनन्तभागहानि और अवस्थानके द्वारा तीनों ही पदोंका स्वामी है । तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? सब पर्याप्तियोंसे पर्याप्त हुआ अन्यतर बादर अग्निकायिक और बादर वायुकायिक जीव अनन्तभागवृद्धि, अनन्तभागहानि और अवस्थानके द्वारा तीनों ही पदोंका स्वामी है । पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वैक्रियिकआङ्गोपाङ्ग, प्रशस्त वर्णचतुष्क, अगुरुलघुत्रिक, त्रसचतुष्क और निर्माणकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? साकार-जागृत और सर्व संक्लेशयुक्त अन्यतर पञ्चेन्द्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि जीव अनन्तभागवृद्धिरूपसे जघन्य वृद्धिका, अनन्तभागहानिरूपसे जघन्य हानिका और इनमेंसे किसी एक स्थानमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है । औदारिकशरीर, औदारिक-आङ्गोपाङ्ग, आतप और उद्योतकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? साकार-जागृत और तत्प्रायोग्य संक्लेशयुक्त अन्यतर पञ्चेन्द्रिय संज्ञी मिथ्यादृष्टि जीव अनन्तभागवृद्धिरूपसे जघन्य वृद्धिका, अनन्तभागहानिरूपसे जघन्य हानिका और इनमेंसे किसी एक स्थानमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है । इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका भङ्ग सामान्य नारकियोंके समान है ।

५८९. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, अप्रशस्त वर्णचतुष्क, उपघात और पाँच अन्तरायकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? अन्यतर संज्ञी सर्वविशुद्ध जीव अनन्तभागवृद्धिरूपसे जघन्य वृद्धिका,

---

१. ता० प्रतौ तिण्णिवि० । तिरिक्खाणु० इति पाठः । २. ता० प्रतौ वड्ढी क० ? पंचिं० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एकद० अवट्ठा० । सादासाद०-दोगदि-पंचजा०-छस्संठा०-छस्संघ०-दोआणु०-दोविहा०-तसादिदसयुग०-दोगो० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० परिय०मज्झिम० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठाणं । इत्थि०-णवुंस०-अरदि-सोग० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० सण्णि० सागा० तप्पा०विसु० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठाणं । दोआउ० ओघं । ओरा०-तेजा०-क०-[ओरालि०अंगो०-]पसत्थ०४-अगु०-णिमि० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० पंचिं० सण्णि० सागा० णिय० उक्क० संकि० अणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एक्क० अवट्ठा० । पर०-उस्सा०-आदाउज्जो० ज० वड्ढी क० ? अण्ण० सण्णि० सागा० तप्पा०संकि० अणंतभागेण तिण्णि वि । एवं सव्वअपज्ज०-[सव्वएइंदि०-] सव्व-विगलिं०-पंचकायाणं च । णवरि एइंदिएसु तिरिक्ख०-तिरिक्खाणु०-णीचा० तिरि-क्खोघं । तेउ-वाऊणं पि तिरिक्खगदितिगं णाणा०भंगो ।

५९०. मणुस०३ खविगाणं ओघं । सेसं पंचिं०तिरि०भंगो । तित्थ० ओघं० ।

५९१. देवेसु पढमदंडओ थीणगिद्धिदंडओ साददंडओ इत्थि०-णवुंस०-अरदि-सोग०-[दो]आउ० णिरयभंगो । दोगदि-एइंदि०-छस्संठा०-छस्संघ०-दोआणु०-दोविहा०-

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरणादिके तेरह पदोंका बन्ध एकेन्द्रियादि सब जीव करते हैं। इसलिए उक्त पदोंकी अपेक्षा सब लोकप्रमाण स्पर्शन कहा है। इसी प्रकार स्त्यानगृद्धिदण्डक, मिथ्यात्व, अप्रत्याख्यानावरण चार और औदारिकशरीरकी अपेक्षा उक्त तेरह पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन जानना चाहिए। पाँच ज्ञानावरणादिका अवक्तव्यपद उपशमश्रेणिमें गिरते समय होता है, तथा प्रत्याख्यानावरणचतुष्कका अवक्तव्यपद विरतसे विरताविरत या अविरत होते समय होता है, इसलिए इस पदकी अपेक्षा स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। चारों गतियोंमें सम्यग्दृष्टि जीवोंके सासादन गुणस्थानके प्राप्त होनेपर स्त्यानगृद्धि आदिका अवक्तव्यपद होता है। यतः यह स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण है, क्योंकि इसमें देवोंके विहारवत्स्वस्थान स्पर्शनकी प्रधानता है। इसलिए यह उक्त प्रमाण कहा है। विरत या विरताविरत जीव मर कर उपपादके समय भी अप्रत्याख्यानावरणचतुष्कका अवक्तव्य पद करते हैं और इनका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण है, अतः उक्त प्रकृतियोंके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। सासादन जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण है और इनका मारणान्तिक समुद्घातके समय मिथ्यात्वको प्राप्त होकर मिथ्यात्वका अवक्तव्यबन्ध सम्भव है, अतः मिथ्यात्वके अवक्तव्यपदका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। नरकायु और देवायुका बन्ध स्वस्थानमें असंज्ञी आदि और आहारकद्विकका बन्ध अप्रमत्तसंयत जीव करते हैं, अतः इन प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। मनुष्यायुका बन्ध स्वस्थानमें एकेन्द्रियादि जीव और विहारवत्स्वस्थानमें देव करते हैं, इसलिए इसके सब पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजू और सब लोकप्रमाण कहा है। मात्र अग्निकायिक और वायुकायिक जीव मनुष्यायुका बन्ध नहीं करते, इतना विशेष जानना चाहिए। नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीका नारकियोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले जीव भी बन्ध करते हैं,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कालो

६२२. कालाणुगमेण दुवि०। ओघे० पंचणा०-छदंस०-अट्ठक०-भय-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० छवड्ढि-छहाणि-अवट्ठिदबंधगा केवचिरं कालादो होंति? सव्वद्धा। अवत्त० ज० ए०, उ० संखेज्ज०। थीणगि०३-मिच्छ०-अट्ठक०-ओरा० तेरसपदा सव्वद्धा। अवत्त० ज० ए०, उ० आवलि० असंखें०। सादादिदंडयस्स चोद्दसपदा सव्वद्धा। तिण्णिआउ० पंचवड्ढि-पंचहाणि-अवट्ठि०-अवत्त० ज० ए०, उ० आवलि० असंखें०। अणंतगुणवड्ढि-हाणि० ज० ए०, उ० पलि० असं०। वेउव्वियछ० बारसपदा ज० ए०, उ० आवलि० असं०। अणंतगुणवड्ढि-

---

अतः इन प्रकृतियोंके तेरह पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम छह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। मात्र ऐसी अवस्थामें इनका अवक्तव्यबन्ध नहीं होता, अतः इनके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। मनुष्यों और तिर्यञ्चोंके देवों और नारकियोंमें उत्पन्न होनेपर प्रथम समयमें औदारिकशरीरका अवक्तव्यबन्ध होता है और यह स्पर्शन कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण होनेसे इसके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। नारकियों और देवोंमें मारणान्तिक समुद्घात करनेवाले जीवोंके वैक्रियिक-द्विकका नियमसे बन्ध होता है, अतः इनके तेरह पदोंके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम बारह बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। मात्र ऐसे समयमें इनका अवक्तव्यबन्ध नहीं होता, इसलिए इस अपेक्षासे स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। स्वस्थानविहारके समय देवोंके तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध सम्भव है, अतः इसके तेरह पदोंकी मुख्यतासे स्पर्शन कुछ कम आठ बटे चौदह राजूप्रमाण कहा है। तथा इसका अवक्तव्यपद जो दूसरे और तीसरे नरकमें उत्पन्न होकर इसका बन्ध करने लगते हैं उनके, या उपशमश्रेणिसे गिरते समय या ऐसे मनुष्योंके इसके बन्धके समय मर कर देव होनेपर होता है। यतः ऐसे जीव संख्यात हैं, अतः इसके अवक्तव्यपदकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। शेष सातावेदनीय आदि प्रकृतियोंके चौदह पदोंका बन्ध एकेन्द्रिय आदि सब जीव करते हैं, अतः इन प्रकृतियोंके सब पदोंकी अपेक्षा स्पर्शन सब लोकप्रमाण कहा है। शेष कथन भुजगार अनुयोगद्वारको लक्ष्यमें रखकर घटित कर लेना चाहिए।

काल

६२२. कालानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, आठ कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्ण-चतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायकी छह वृद्धि, छह हानि और अव-स्थितपदके बन्धक जीवोंका कितना काल है? सर्व काल है। अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, आठ कषाय और औदारिकशरीरके तेरह पदोंके बन्धक जीवका सब काल है। अवक्तव्य-पदके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। सातावेदनीय आदि दण्डकके चौदह पदोंके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। तीन आयुओंकी पाँच वृद्धि, पाँच हानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनन्त-गुणवृद्धि और अनन्तगुणहानिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। वैक्रियिक छहके बारह पदोंके बन्धक जीवोंका जघन्य

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हाणि० सव्वद्धा। एवं तित्थय०। णवरि अवत्त० ज० ए०, उ० संखेज्ज०। आहार० २ पंचवड्डि-पंचहा० ज० ए०, उ० आवलि० असंखें०। अणंतगुणवड्डि-हाणि० सव्वद्धा। अवट्ठि०-अवत्त० ज० ए०, उ० संखेज्ज०। एवं भुजगारभंगो याव अणाहारए त्ति णेदव्वं।

काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनन्तगुणवृद्धि और अनन्तगुणहानिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। इसी प्रकार तीर्थङ्करकी अपेक्षासे भी काल जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। आहारकद्विककी पाँच वृद्धि और पाँच हानिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनन्तगुणवृद्धि और अनन्तगुणहानिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। इसी प्रकार भुजगारके समान अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—पाँच ज्ञानावरणादिका एकेन्द्रियादि सब जीव तेरह पदोंके साथ बन्ध करते हैं, इसलिए इन प्रकृतियोंके उक्त पदोंकी अपेक्षा सर्वदा काल कहा है। आगे जिन प्रकृतियोंके जिन पदोंका काल सर्वदा कहा है, वहाँ भी यही समझना चाहिए कि उन प्रकृतियोंके विवक्षित पदोंका नाना जीवोंकी अपेक्षा सर्वदा बन्ध होता रहता है। अतः यहाँ इस कालको छोड़कर शेष कालका खुलासा करते हैं—पाँच ज्ञानावरणादिका अवक्तव्यबन्ध उपशमश्रेणिसे गिरते समय होता है और प्रत्याख्यानावरण चारका अवक्तव्यबन्ध विरतसे विरताविरत या अविरत होते समय होता है। ऐसे जीव कमसे कम एक समय तक या लगातार संख्यात समय तक ही यह क्रिया करते हैं, इसलिए इनके अवक्तव्यपदकी अपेक्षा जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय कहा है। स्त्यानगृद्धि आदि आठ प्रकृतियोंका अवक्तव्यपद गुणस्थान प्रतिपन्न जीव नीचे उतरते समय यथायोग्य करते हैं और औदारिकशरीरका अवक्तव्यपद असंज्ञी आदि जीव करते हैं। ये असंख्यात होते हैं, इसलिए यह भी सम्भव है कि इन प्रकृतियोंका अवक्तव्यपद एक समय तक करें और दूसरे समयमें कोई भी जीव अवक्तव्यपद करनेवाले न हों और यह भी सम्भव है कि असंख्यात समय तक क्रमसे नाना जीव इस पदको प्राप्त होते रहें। यही कारण है कि इन प्रकृतियोंके अवक्तव्य पदका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। किन्तु अनन्तगुणवृद्धि और अनन्तगुणहानिका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है और क्रमसे व्यवधान रहित होकर अन्तर्मुहूर्तके बाद निरन्तर नाना जीव इन पदोंको असंख्यात बार प्राप्त हो सकते हैं, इसलिए इन दोनों पदोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। वैक्रियिकछहके बारह पदोंका जघन्य काल एक समय तो स्पष्ट ही है, क्योंकि प्रत्येक पद एक समय तक होकर दूसरे समयमें न हो। किन्तु इनका उत्कृष्ट काल जो आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है सो उसका कारण यह है कि अवक्तव्यपदका एक जीवकी अपेक्षा उत्कृष्ट काल तो एक ही समय है और अवस्थितपदका एक जीवकी अपेक्षा उत्कृष्ट काल सात-आठ समय है, इसलिए लगातार असंख्यात समय तक भी इन पदोंके होने पर उस सब कालका जोड़ आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण ही होगा, परन्तु शेष दस पदोंमें से प्रत्येक पदका एक जीव की अपेक्षा उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है और यहाँ नाना जीवोंकी अपेक्षा भी यह काल उतना ही कहा है सो इसका भाव यही है कि आवलिके असंख्यातवें भागको भी असंख्यातसे गुणा करने पर जो उत्कृष्ट काल प्राप्त होता है वह भी आवलिके असंख्यातवें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंतरं

६२३. अंतराणुगमेण दुवि० । ओघे० पंचणा०-छदंस०-चदुसंज०-भय-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० छवड्डि-छहाणि-अवट्ठिदबंधंतरं णत्थि अंतरं । अवत्त० ज० ए०, उ० वासपुधत्तं० । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणु०४ तेरसपदा० णत्थि अंतरं । [अवत्त०] ज० ए०, उ० सत्तरादिंदियाणि । सादादीणं चोद्दसपदा० णत्थि अंतरं । अपच्चक्खाण०४ तेरसपदा णत्थि अंतरं । अवत्त० ज० ए०, उ० चोद्दसरादिंदियाणि । एवं पच्चक्खाण०४ । णवरि अवत्त० ज० ए०, उ० पण्णारसरादिंदियाणि । तिण्णि आउ० पंचवड्डि-पंचहाणि-अवट्ठि० ज० ए०, उ० असंखेज्जा लोगा । अणंतगुणवड्डि-हाणि-अवत्त० ज० ए०, उ० चदुवीसं मुहुत्तं० । वेउव्वियछ०-आहार०२ पंचवड्डि-पंचहाणि-अवट्ठि० ज० ए०, उ० असंखेज्जा लोगा । अणंतगुण-

---

भागप्रमाण ही है । इसीसे इन पदोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है । तीर्थङ्कर प्रकृतिका सब पदोंका वैक्रियिकषट्कके समान होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है । मात्र इसका अवक्तव्यपद करनेवाले जीव संख्यात ही होते हैं, अतः इसके अवक्तव्यपदका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय कहा है । आहारकद्विककी पाँच वृद्धि और पाँच हानि लगातार संख्यात बार ही सम्भव हैं, इसलिए इन पदोंका उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है, क्योंकि एक आवलिके असंख्यातवें भागको संख्यातसे गुणित करने पर भी आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण ही काल उपलब्ध होता है । इनका जघन्य काल एक समय है यह स्पष्ट ही है । तथा इनका अवक्तव्य और अवस्थित पद अधिकसे अधिक संख्यात बार होगा, इसलिए इन दोनों पदोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय कहा है । इसी प्रकार भुजगार अनुयोगद्वारको ध्यानमें रखकर मार्गणाओंमें भी यह काल समझ लेना चाहिए ।

अन्तर

६२३. अन्तरानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायकी छह वृद्धि, छह हानि और अवस्थितबन्धका अन्तरकाल नहीं है । अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व प्रमाण है । स्त्यानगृद्धि तीन मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारके तेरह पदोंका अन्तरकाल नहीं है । अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर सात दिन रात है । सातावेदनीय आदिके चौदह पदोंका अन्तरकाल नहीं है । अप्रत्याख्यानावरण चारके तेरह पदोंका अन्तरकाल नहीं है । अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर चौदह दिन रात है । इसी प्रकार प्रत्याख्यानावरण चारके सब पदोंका अन्तरकाल जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनके अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पन्द्रह दिन रात है । तीन आयुओंकी पाँच वृद्धि, पाँच हानि और अवस्थितपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है । अनन्तगुणवृद्धि, अनन्तगुणहानि और अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर चौबीस मुहूर्त है । वैक्रियिक छह और आहारिकद्विककी पाँच वृद्धि, पाँच हानि और अवस्थितपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वड्डि-हाणि० णत्थि अंतरं। अवत्त० ज० ए०, उ० अंतो०। एवं तित्थय०। णवरि अवत्त० ज० ए०, उ० वासपुध०। एवं भुजगारभंगो याव अणाहारए त्ति णेदव्वं।

अनन्तगुणवृद्धि और अनन्तगुणहानिका अन्तरकाल नहीं है। अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार तीर्थङ्कर प्रकृतिके सब पदोंका अन्तरकाल जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अवक्तव्यपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्ष पृथक्त्वप्रमाण है। इसी प्रकार भुजगारके समान अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—यहाँ जिन प्रकृतियोंके जिन पदोंका अन्तर काल नहीं कहा है। इसका भाव इतना ही है कि उन प्रकृतियोंके उन पदोंके बन्धक जीव सर्वदा उपलब्ध होते हैं। तथा जिन प्रकृतियोंके जिन पदोंका जघन्य अन्तर एक समय कहा है उसका भाव यह है कि उन प्रकृतियोंके उन पदोंका एक समयके अन्तरसे भी बन्ध सम्भव है। मात्र विचार उन प्रकृतियोंके उन पदोंके उत्कृष्ट अन्तरका करना है जो अलग-अलग कहा है। उपशम-श्रेणिका उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व प्रमाण है, इसलिए यहाँ पाँच ज्ञानावरणादिके अवक्तव्यपदका उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व प्रमाण कहा है। उपशमसम्यक्त्वका उत्कृष्ट अन्तर सात दिन-रात है, इसलिए स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व व अनन्तानुबन्धी चारके अवक्तव्य पदका उत्कृष्ट अन्तर सात दिन-रात कहा है। तात्पर्य यह है कि कदाचित् सात दिन-रात तक कोई भी तीसरे आदि गुणस्थानवाला जीव सासादन और मिथ्यात्व गुणस्थानको नहीं प्राप्त होता, इसलिए यह अन्तर बन जाता है। प्रथमोपशमसम्यक्त्वके साथ विरताविरत गुणस्थानको प्राप्त न होनेका अन्तर चौदह दिन-रात और विरत अवस्थाको प्राप्त न होने का उत्कृष्ट अन्तर पन्द्रह दिनरात है। इसके अनुसार कोई विरताविरत अविरत अवस्थाको चौदह दिनरात तक और कोई विरत विरताविरत अवस्थाको पन्द्रह दिनरात तक नहीं प्राप्त होता, यह सिद्ध होता है; क्योंकि आयके अनुसार ही व्यय होता है-ऐसा नियम है। अतः अप्रत्याख्यानावरण चारके अवक्तव्य-पदका उत्कृष्ट अन्तर चौदह दिनरात और प्रत्याख्यानावरण चारके अवक्तव्यपदका उत्कृष्ट अन्तर पन्द्रह दिनरात कहा है। नरकायु, मनुष्यायु और देवायुकी पाँच वृद्धि, पाँच हानि और अवस्थितपदका उत्कृष्ट अन्तर परिणामोंको ध्यानमें रख कर असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। तथा इन गतियोंमें यदि कोई उत्पन्न न हो तो अधिकसे अधिक चौबीस मुहूर्तका अन्तर पड़ता है। तदनुसार इन आयुओंका बन्ध भी इतने काल तक नहीं होता, इसलिए इनकी अनन्तगुणवृद्धि, अनन्तगुणहानि और अवक्तव्यपदका उत्कृष्ट अन्तर चौबीस दिनरात कहा है। वैक्रियिक छह और आहारकद्विककी पाँच वृद्धि, पाँच हानि और अवस्थित पदका उत्कृष्ट अन्तर भी बन्धपरिणामोंके अनुसार असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। परन्तु अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्तके अन्तरसे कोई न कोई जीव इनका अवश्य ही बन्ध प्रारम्भ करता है, इसलिए इनके अवक्तव्यपदका उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त कहा है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका कुल विचार उक्त प्रकृतियोंके ही समान है। मात्र इसके अवक्तव्यपदके उत्कृष्ट अन्तरमें अन्तर है। बात यह है कि तीर्थङ्कर प्रकृतिका अवक्तव्यबन्ध इतने प्रकारसे प्राप्त होता है—कोई सम्यग्दृष्टि मनुष्य तीर्थङ्कर प्रकृतिके बन्धका प्रारम्भ करे, उपशमश्रेणि पर आरोहण करनेवाला जीव उतरते समय या मर कर देव होकर पुनः बन्ध प्रारम्भ करे और तीर्थङ्कर प्रकृतिका बन्ध करनेवाला अविरत-सम्यग्दृष्टि मनुष्य मिथ्यादृष्टि होकर व मर कर दूसरे व तीसरे नरकमें उत्पन्न होकर अन्तर्मुहूर्तमें सम्यग्दृष्टि हो, पुनः बन्ध प्रारम्भ करे। इन सबका उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण होनेसे इसके अवक्तव्यपद का उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्वप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावो

६२४. भावाणुगमेण दुवि० । ओघे० सव्वपगदीणं सव्वपदाणं बंधगा त्ति को भावो ? ओदइगो भावो । एवं याव अणाहारए त्ति णेदव्वं ।

अप्पाबहुअं

६२५. अप्पाबहुगं दुवि० । ओघे० पंचणा०-णवदंस०-मिच्छ०-सोलसक०-भय-दु०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० सव्वत्थो० अवत्त० । अवट्ठि० अणंत० । अणंतभागवड्ढि-हा० दो वि० तु० असं०गु० । असंखेज्जभागवड्ढि-हा० दो वि तु० असं०गु० । संखेज्जभागवड्ढि-हाणि० दो वि० तु० असं०गु० । संखेज्जगुणवड्ढि-हाणि० दो वि तु० असं०गु० । असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि० दो वि तु० असंखे०गु० । अणंतगुणहाणि० असं०गु० । अणंतगुणवड्ढी विसे० । एवं तित्थय० । णवरि अवट्ठि० असं०गु० । आहार०२ सव्वत्थो० अवट्ठि० । अणंतभाग-वड्ढि-हाणि० दो वि तु० संखेज्जगु० । असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि० दो वि तु० संखे०-गु० । संखेज्जभागवड्ढि-हाणि० दो वि तु० संखेज्जगु० । संखेज्जगुणवड्ढि-हाणि० दो वि तु० संखे०गु० । असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि० दो वि तु० संखेज्जगु० ।

भाव

६२४. भावानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ व आदेश। ओघसे सब प्रकृतियोंके सब पदोंके बन्धक जीवोंका कौनसा भाव है ? औदयिक भाव है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

अल्पबहुत्व

६२५. अल्पबहुत्व दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मण-शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। इनसे अनन्तभाग-वृद्धि और अनन्तभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही पदवाले तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही पदवाले तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही पदवाले तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही पदवाले तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही पदवाले तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे अनन्तगुणहानिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अनन्तगुणवृद्धिके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। इसी प्रकार तीर्थङ्कर प्रकृतिकी अपेक्षासे अल्पबहुत्व जानना चाहिए। इतनी विशे-षता है कि यहाँ पर अवक्तव्यपदके बन्धक जीवोंसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। आहारकद्विकके अवस्थितपदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अनन्तभागवृद्धि और अनन्तभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यात-भागवृद्धि और असंख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यात-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवत्त० संखेज्जगु०। अणंतगुणहा० संखेज्जगु०। अणंतगुणवड्ढी विसे०। सेसाणं सादादीणं सव्वत्थो० अवट्ठि०। अणंतभागवड्ढि-हा० दो वि० तु० असं०गु०। असंखेज्जभागवड्ढि-हा० दो वि तु० असं०गु०। संखेज्जभागवड्ढि-हाणि०दो वि तु० असं०गु०। संखेज्जगुणवड्ढि-हा० दो वि तु० असं०गु०। असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि० दो वि तु० असं०गु०। अवत्त० असं०गु०। अणंतगुणहा[1]० असं०गु०। अणंतगुणवड्ढी० विसे०। णेरइ० धुविगाणं सव्वत्थो० अवट्ठि०। उवरि मूलोघं। [थीणगिद्धिदंडओ] तित्थ०[2] सव्वत्थो० अवत्त०। अवट्ठि० असं०गु०। सेसाणं ओघं। एवं सत्तसु पुढवीसु। णवरि सत्तमाए दोगदि-दोआणु०-दोगो० थीणगिद्धिभंगो एदेण कमेण भुजगारभंगो याव अणाहारए त्ति णेदव्वं।

एवं वड्ढिबंधे त्ति समत्तमणियोगद्दाराणि।

अज्झवसाणसमुदाहारो

६२६. अज्झवसाणसमुदाहारे त्ति तत्थ इमाणि तिण्णि अणियोगद्दाराणि—पगदिसमुदाहारो ट्ठिदिसमुदाहारो तिव्वमंददा त्ति।

गुणे हैं। इनसे असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अनन्तगुणहानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अनन्तगुणवृद्धिके बन्धक जीव विशेष अधिक हैं। शेष सातावेदनीय आदिके अवस्थितपदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अनन्तभागवृद्धि और अनन्तभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही पदोंके तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही पदोंके तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही पदोंके तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही पदोंके तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे अवक्तव्यपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अनन्तगुणहानिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अनन्तगुणवृद्धिके बन्धक जीव विशेष अधिक है। नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अवस्थितपदके बन्धक जीव सबसे थोड़े हैं। आगे मूलोघके समान भङ्ग है। स्त्यानगृद्धिदण्डक और तीर्थङ्करप्रकृतिके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे स्तोक है। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे शेष पदों व शेष प्रकृतियोंके सब पदोंका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार सातों पृथिवियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें दो गति, दो आनुपूर्वी और दो गोत्रका भङ्ग स्त्यानगृद्धिके समान है। इसी क्रमसे अनाहारक मार्गणा तक भुजगार भङ्गके समान जानना चाहिए।

इस प्रकार वृद्धिबन्ध अनुयोगद्वार समाप्त हुआ।

अध्यवसानसमुदाहार

६२६. अध्यवसानसमुदाहारमें ये तीन अनुयोगद्वार होते हैं—प्रकृतिसमुदाहार, स्थितिसमुदाहार और तीव्रमन्दता।

---

१. आ०प्रतौ संखेज्जगुणवड्ढि-हा० दो वि तु० असं० गु०। अणंतगुणहा० इति पाठः। २. ता० प्रतौ अवट्ठि०। उवरि मूलोघं।……तित्थ०, आ० प्रतौ अवट्ठि०। मूलोघं।……तित्थ० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पयडिसमुदाहारो पमाणाणुगमो

६२७. पगदिसमुदाहारे त्ति तत्थ इमाणि दुवे अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति[1]—पमाणाणुगमो अप्पाबहुगे त्ति। पमाणाणुगमेण पंचणाणावरणीयाणं केवडियाणि अणुभागबंधज्झवसाणट्ठाणाणि? असंखेज्जा लोगा अणुभागबंधज्झवसाणट्ठाणाणि। एवं[2] सव्वपगदीणं। एवं याव अणाहारए त्ति णेदव्वं। णवरि अवगद०-सुहुमसंप०एगेगं परिणामट्ठाणं।

एवं पमाणाणुगमो समत्तो

अप्पाबहुअं

६२८. अप्पाबहुगं दुवि०-सत्थाणअप्पाबहुगं चेव परत्थाणप्पाबहुगं चेव। सत्थाणप्पाबहुगे पगदं। दुवि०। ओघे० सव्वबहूणि केवलणाणावरणीयस्स अणुभागबंधज्झवसाणट्ठाणाणि। आभिणि० अणुभागबंध० असंखेज्जगुणहीणाणि। सुदणाणा० अणुभागबंध० असं०गुणही०। ओधिणाणा० अणुभा० असं०गु०ही०। मणपज्ज[3]० अणुभागबंध० असं०गुणही०।

६२९. सव्वबहूणि केवलदंस० अणुभागबंध०। चक्खु० अणुभागबंध० असं०-गुणही०। अचक्खु० अणुभा० असं०गुणही०। ओधिदं० अणुभागबंध० असं०गुणही०। थीणगिद्धि० असं०गुणही०। णिद्दाणिद्दा० अणुभा० असं०गुणही०। पयलापयला०

प्रकृतिसमुदाहार प्रमाणानुगम

६२७. प्रकृतिसमुदाहारमें ये दो अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं—प्रमाणानुगम और अल्पबहुत्व। प्रमाणानुगमसे पाँच ज्ञानावरणीयके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान कितने हैं? असंख्यात लोकप्रमाण अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान हैं। इसी प्रकार सब प्रकृतियोंके विषयमें जानना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपगतवेदी और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें एक एक परिणामस्थान होता है।

इस प्रकार प्रमाणानुगम समाप्त हुआ।

अल्पबहुत्व

६२८. अल्पबहुत्व दो प्रकारका है—स्वस्थान अल्पबहुत्व और परस्थान अल्पबहुत्व। स्वस्थान अल्पबहुत्वका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे केवलज्ञानावरणीयके अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान सबसे बहुत हैं। इनसे आभिनिबोधिकज्ञानावरणके अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे श्रुतज्ञानावरणके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे अवधिज्ञानावरणके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे मनःपर्ययज्ञानावरणके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं।

६२९. केवलदर्शनावरणके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं। इनसे चक्षुदर्शनावरणके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे अचक्षुदर्शनावरणके अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे अवधिदर्शनावरणके अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे स्त्यानगृद्धिके अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे निद्रानिद्राके अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हीन

१. ता० प्रतौ इमाणि दव्वाणि भवंति इति पाठः। २. आ० प्रतौ केवडियाणि अणुभागबंधज्झवसाणट्ठाणाणि? एवं इति पाठः। ३. आ. प्रतौ सुदणाणा० अणुभागबंध० असं०गुणही०। मणपज्ज० इति पाठः।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणु० असं०गुणही० । णिद्दा० असं०गुणही० । पयला० असं०गु०ही ।

६३०. सव्वबहूणि[1] सादस्स अणुभागबंध० । असादा० अणुभा० असं०गुणही० ।

६३१. सव्वबहूणि मिच्छ० अणुभागबं० । अणंताणुबं०लोभे अणुभा० असं०-गुणही० । माया० विसे० । कोधे विसे० । माणे विसे० । संजलणलोभे असं०गुणही० । माया० विसे० । कोधे विसे० । माणे विसे० । पच्चक्खाण०लोभे अणु० असं०-गुणही० । माया० विसे० । कोधे विसे० । माणे विसे० । अपच्चक्खाणलोभे अणु० असं०गुणही० । माया० विसे० । कोधे० विसे० । माणे विसे० । णवुंस० असं०गु० । अरदि० असंखें०गु० । सोग० असं०गु० । भय० असं०गु० । दुगुं० असं०गु० । इत्थि० असं०गु० । पुरिस० असं०गु० । रदि० असं०गु० । हस्स० असं०गु० ।

हैं । इनसे प्रचलाप्रचलाके अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे निद्राके अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे प्रचलाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं ।

६३०. सातावेदनीयके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं । इनसे असातावेद-नीयके अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हीन हैं ।

६३१. मिथ्यात्वके अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान सबसे बहुत हैं । इनसे अनन्तानुबन्धी लोभके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे अनन्तानुबन्धी मायामें विशेष हीन हैं । इनसे अनन्तानुबन्धी क्रोधमें विशेष हीन हैं । इनसे अनन्तानुबन्धी मानमें विशेष हीन हैं । इनसे संज्वलन लोभमें अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे संज्वलनमायामें अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान विशेष हीन हैं । इनसे संज्वलन क्रोधमें अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे संज्वलनमानमें अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे प्रत्याख्यानावरण लोभमें अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असं-ख्यातगुणे हीन हैं । इनसे प्रत्याख्यानावरण मायाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे प्रत्याख्यानावरण क्रोधके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे प्रत्याख्यानावरणमानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे अप्रत्या-ख्यानावरण लोभके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे अप्रत्याख्यानावरण मायाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे अप्रत्याख्यानावरण क्रोधके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे अप्रत्याख्यानावरण मानके अनुभागबन्धा-ध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे नपुंसकवेदके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे अरतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे शोकके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे भयके अनुभागबन्धा-ध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे जुगुप्साके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे स्त्रीवेदके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे पुरुषवेदके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे रतिके अनुभाग-बन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन है । इनसे हास्यके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन है ।

---

१. आ. प्रतौ णिद्दा० असं०गुणही० । सव्वबहूणि इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६३२. सव्वबहूणि देवाउ० अणुभाग० । णिरयाउ० अणुभा० असं०गुणही० । मणुसाउ० असं०गुणही० । तिरिक्खाउ० असं०गुणही० ।

६३३. सव्वबहूणि देवग० अणुभा० । मणुस० असं०गुणही० । णिरय० असं०-गुणही० । तिरिक्खग० असं०गुणही० । सव्वबहूणि पंचिंदि० अणुभा० । एइंदि० असं०गुणही० । बीइंदि० असं०गुणही० । तीइंदि० असं०गुणही० । चदुरिं० असं०-गुणही० । सव्वबहूणि कम्मइ० अणुभा० । तेजा० असं०गुणही० । आहार० असं० गुणही० । वेउव्वि० असं०गुणही० । ओरा० असं०गुणही० । सव्वबहूणि समचदु० अणुभा० । हुंड० असं०गुणही० । णग्गोद० असं०गुणही० । सादि[1]० असं०गुणही० । खुज्ज० असं०गुणही० । वामण० असं०गुणही० । सव्वबहूणि आहार०अंगो० अणुभा० । वेउव्वि०अंगो० असं०गुणही० । [ओरालिय०अंगो० असं०गु०ही० ।] संघडणाणं संठाणभंगो । सव्वबहूणि पसत्थवण्ण०४ अणुभा० । अप्पसत्थव०४ असं०-

---

६३२. देवायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं । इनसे नरकायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे मनुष्यायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे तिर्यञ्चायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं ।

६३३. देवगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं । इनसे मनुष्यगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे नरकगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे तिर्यञ्चगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । पंचेन्द्रियजातिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं । इनसे एकेन्द्रियजातिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे द्वीन्द्रिय जातिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे त्रीन्द्रियजातिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे चतुरिन्द्रियजातिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । कार्मणशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं । इनसे तैजसशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे आहारकशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे वैक्रियिकशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे औदारिकशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । समचतुरस्रसंस्थानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं । इनसे हुण्डसंस्थानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे न्यग्रोधपरिमण्डल संस्थानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे स्वातिसंस्थानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे कुब्जक संस्थानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे वामन संस्थानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । आहारक आङ्गोपाङ्गके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं । इनसे वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे औदारिक आङ्गोपाङ्गके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । संहननोंका भङ्ग संस्थानोंके समान है । प्रशस्त वर्णचतुष्कके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं । इनसे अप्रशस्त वर्णचतुष्कके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं ।

१. ता. प्रतौ सादा० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुणही० । गदिभंगो आणुपुव्वी । एत्तो सव्वयुगलाणं सव्वबहूणि पसत्थाणं अणुभा० । तप्पडिपक्खाणं अणुभा० असं०गुणही० ।

६३४. सव्वबहूणि विरियंतरा० अणुभा० । हेट्ठा० दाण० असं०गुणही[1]० । एवं ओघभंगो–पंचिं०-तस०२–पंचमण०-पंचवचि०–कायजोगि-इत्थि०-पुरिस०-णवुंस०–कोधादि०४–मदि०-सुद०-विभंग०–असंज०–चक्खु०–अचक्खु०–तिण्णिले०–भवसि०–अब्भवसि०-मिच्छा०-सण्णि-आहारए त्ति ।

६३५. णिरएसु यत्तियाओ पगदीओ अत्थि तासिं मूलोघं । एवं सत्तसु पुढवीसु० । तिरिक्खेसु सव्वबहूणि णिरयाउ० अणुभा० । देवाउ० असं०गुणही० । मणुसाउ० असं०गुणही० । तिरिक्खाउ० असं०गुणही० । सव्वबहूणि देवगदि० अणुभा० । णिरयग० असं०गुणही० । तिरिक्ख० असं०गुणही० । मणुसग० असं०-गुणही० । सेसाणं मूलोघं । एवं सव्वतिरिक्खाणं सव्वअपज्ज०-एइंदि०-विगलिं० पंचकायाणं च । मणुस०३ गदीओ तिरिक्खगदिभंगो । सेसं मूलोघं । देवाणं मूलोघं । ओरालि० मणुसभंगो । ओरा०मि० तिरिक्खगदिभंगो । वेउ०-वेउ०मि० देवगदि-भंगो । आहार०-आहार०मि० सव्वट्ठभंगो । कम्मइ० ओरालि०मिस्सभंगो । एवं

चार आनुपूर्वियोंका भङ्ग चार गतियोंके समान है । सब युगलोंमें सब प्रशस्त प्रकृतियोंके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं । इनसे उनकी प्रतिपक्ष प्रकृतियोंके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं ।

६३४. वीर्यान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं । पीछे दानान्तराय तक प्रतिलोम क्रमसे प्रत्येकके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन असंख्यातगुणे हीन हैं । इस प्रकार ओघके समान पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, काययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, विभङ्गज्ञानी, असंयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

६३५. नारकियोंमें जितनी प्रकृतियाँ हैं उनका भङ्ग मूलोघके समान है । इसी प्रकार सातों पृथिवियोंमें जानना चाहिए । तिर्यञ्चोंमें नरकायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं । उनसे देवायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । उनसे मनुष्यायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । उनसे तिर्यञ्चायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । देवगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं । इनसे नरकगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे तिर्यञ्चगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे मनुष्यगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मूलोघके समान है । इसी प्रकार सब तिर्यञ्च, सब अपर्याप्त, एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और पाँच स्थावरकायिक जीवोंके जानना चाहिए । मनुष्यत्रिकमें चार गतियोंका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है । तथा शेष भङ्ग मूलोघके समान है । देवोंमें मूलोघके समान भङ्ग है । औदारिककाययोगी जीवोंमें मनुष्योंके समान भङ्ग है । औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है । वैक्रियिककाययोगी और वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें देवगतिके समान भङ्ग है । आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाय-

---

१. ता. आ. प्रत्योः हेट्ठा हुंड० असं०गुणही० इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणाहारए त्ति । अवगद० ओघं । एवं सुहुमसंप० । आभिणि-सुद-ओधि०-मणपज्ज०-संज०-सामा०-छेदो०-ओधिदं०-सुक्क०-सम्मा०-खइग०-उवसम० ओघं । णवरि अप्पप्पणो पगदीओ णादव्वाओ । परिहार०-संजदासंज०-वेदग० सव्वट्ठभंगो ।

६३६. णील-काऊणं सव्वबहूणि देवग० । मणुसग० असं०गुणही० । णिरयग० असं०गुणहीणाणि । [तिरिक्खग० । असं०गु०] । एवं आणु० । तेउले० देवभंगो । एवं पम्माए वि । मदि०-सुद०-विभंग०-असंज०-अब्भवसि०-मिच्छा०-असण्णि० सव्वपयडि-अणुभागबंधज्झवसाणट्ठाणाणि तिरिक्खगदिभंगो[1] । सासणे णिरयभंगो । सम्मामि० वेदग०भंगो । एवं सव्वपगदीणं याव अणाहारए त्ति णेदव्वं । चदुवीसमणियोगद्दाराणि अप्पाबहुगेण साधेदूण कादव्वं । णवरि जम्हि अणंतगुणहीणाणि तम्हि अणुभागबंधज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जगुणहीणाणि कादव्वाणि । एदेण बीजेण सत्थाणप्पाबहुगं । एवं अणाहारए त्ति णेदव्वं ।

एवं सत्थाणप्पाबहुगं समत्तं ।

६३७. परत्थाणप्पाबहुगं पगदं । दुवि० । ओघेण एत्तो चदुसट्ठिपदिगो दंडगो—

योगी जीवोंमें सर्वार्थसिद्धिके समान भङ्ग है। कार्मणकाययोगी जीवोंमें औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है। इसी प्रकार अनाहारक जीवोंमें जानना चाहिए। अपगतवेदी जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें जानना चाहिए। आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, अवधिदर्शनी, शुक्ललेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी प्रकृतियाँ जाननी चाहिए। परिहारविशुद्धिसंयत, संयतासंयत और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें सर्वार्थसिद्धिके समान भङ्ग है।

६३६. नील और कापोतलेश्यामें देवगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं। इनसे मनुष्यगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे नरकगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे तिर्यञ्चगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इसी प्रकार आनुपूर्वियोंकी अपेक्षा अल्पबहुत्व जानना चाहिए। पीतलेश्यामें देवोंके समान भङ्ग है। इसी प्रकार पद्मलेश्यामें भी जानना चाहिए। मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, विभङ्गज्ञानी, असंयत, अभव्य, मिथ्यादृष्टि और असंज्ञी जीवोंमें सब प्रकृतियोंके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान तिर्यञ्चगतिके समान है। सासादनसम्यग्दृष्टियोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है। सम्यग्मिथ्यादृष्टियोंमें वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंके समान भङ्ग है। इसी प्रकार सब प्रकृतियोंका अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिए। चौबीस अनुयोगद्वार अल्पबहुत्वके अनुसार साध कर करने चाहिए। इतनी विशेषता है कि जहाँ पर अनन्तगुणे हीन हैं, वहाँ पर अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन करने चाहिए। इस बीजसे स्वस्थान अल्पबहुत्व है। इस प्रकार अनाहारक तक जानना चाहिए।

इस प्रकार स्वस्थान अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

६३७. परस्थान अल्पबहुत्वका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—

१. ता. प्रतौ असण्णि०.....णि तिरिक्खगदिभंगो, आ. प्रतौ असण्णि०.....तिरिक्खगदिभंगो इति पाठः ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सव्वबहूणि अणुभागबंधज्झवसाणट्ठाणाणि सादं० । जस०-उच्चा० अणुभागबंध० असं०-गुणहीणाणि । देवगदि० अणुभा० असं०गुणही० । कम्म० असं०गुणही० । तेजा० असं०गुणही० । आहार० असं०गुणही० । वेउव्वि० असं०गुणही० । मणुस० असं०-गुणही० । ओरा० असं०गु० । मिच्छ० असं०गु० । केवलणा०-केवलदं०-विरियंत० तिण्णि वि तु० असं०गु० । असादा० विसेसहीणाणि । अणंताणुबं०लोभे असं०गु० । माया० विसे० । कोधे० विसे० । माणे० विसे० । संजलणलोभे० असं०गु० । माया० विसे० । कोधे विसे० । माणे० विसे० । पच्चक्खाण०लोभे० असं०गु० । माया० विसे० । कोधे० विसे० । माणे० विसे० । अपच्चक्खाणलोभे० असं०गु० । माया० विसे० । कोधे० विसे० । माणे० विसे० । आभिणि०-परिभो० दो वि तु० असं०गु० । चक्खु० असं०गु० । सुद०-अचक्खु०-भोगंत० तिण्णि वि तु० असं०गु० । ओधिणा०

ओघ और आदेश। ओघसे यहाँ चौंसठ पदिक दण्डक है। यथा—सातावेदनीयके अनुभाग-बन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं। इससे यशकीर्ति और उच्चगोत्रके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे देवगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे कार्मणशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे तैजसशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे आहारकशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे वैक्रियिकशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे मनुष्यगतिके अनुभागबन्ध्यावसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे औदारिकशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे मिथ्यात्वके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे केवलज्ञानावरण, केवलदर्शनावरण और वीर्यान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान तीनों ही प्रकृतियोंके परस्पर तुल्य होकर असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे असातावेदनीयके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे अनन्तानुबन्धी लोभके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे अनन्तानुबन्धी मायाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे अनन्तानुबन्धी क्रोधके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे अनन्तानुबन्धी मानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे संज्वलन लोभके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे संज्वलन मायाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे संज्वलन क्रोधके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे संज्वलन मानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे प्रत्याख्यानावरण लोभके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे प्रत्याख्यानावरण मायाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे प्रत्याख्यानावरण क्रोधके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे प्रत्याख्यानावरण मानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे अप्रत्याख्यानावरण लोभके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे अप्रत्याख्यानावरण मायाके अनुभागबन्धाध्ययसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे अप्रत्याख्यानावरण क्रोधके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे अप्रत्याख्यानावरण मानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे आभिनिबोधिक ज्ञानावरण और परिभोगान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे चक्षुदर्शनावरणके अनुभागबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे श्रुतज्ञानावरण, अचक्षुदर्शनावरण और भोगान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान तीनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे अवधिज्ञानावरण, अवधिदर्शना-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओधिदं०-लाभंत० तिण्णि वि तु० असं०गु०। मणपज्ज०-दाणंत० दो वि तु० असं०गु०। थीणगि० विसे०। णवुंस० असं०गु०। इत्थि० असं०गु०। पुरिस० असं०गु०। अरदि० असं०गु०। सोग० असं०गु०। भय० असं०गु०। दुगुं० असं०गु०। णिद्दाणिद्दा० असं०गु०। पयलापयला० असं०गु०। णिद्दा० असं०गु०। पयला० असं०गु०। णीचा० असं०गु०। अजस० विसेसही०। णिरयग० असं०गु०। तिरिक्खग० असं०गु०। रदि० असं०गु०। हस्स० असं०गु०। देवाउ० असं०गु०। णिरयाउ० असं०गु०। मणुसाउ० असं०गु०। तिरिक्खाउ० असं०गु०। एवं ओघभंगो पंचिं०-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि-इत्थि०-पुरिस०-णवुंस०-कोधादि०४-चक्खु०-अचक्खु०-भवसि०-सण्णि-आहारए त्ति।

६३८. आदेसेण णिरयगदीए सव्वबहूणि साद०। जस०-उच्चा० असं०गु०। मणुस० असं०गु०। कम्म० असं०गु०। तेजा० असं०गु०। ओरा० असं०गु०।

वरण और लाभान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान तीनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे मनःपर्ययज्ञानावरण और दानान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे स्त्यानगृद्धिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे नपुंसकवेदके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे स्त्रीवेदके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे पुरुषवेदके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे अरतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे शोकके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे भयके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे जुगुप्साके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे निद्रानिद्राके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे प्रचलाप्रचलाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे निद्राके अनुभागबन्धाध्यबसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे प्रचलाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे नीचगोत्रके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे अयशःकीर्तिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे नरकगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे तिर्यञ्चगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे रतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे हास्यके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे देवायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे नरकायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे मनुष्यायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे तिर्यञ्चायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इसी प्रकार ओघके समान पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँचों मनोयोगी, पाँचों वचनयोगी, काययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, भव्य, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए।

६३८. आदेशसे नरकगतिमें सातावेदनीयके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं। इनसे यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे मनुष्यगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे कार्मणशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे तैजसशरीरके अनुभागबन्धा-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिच्छ० असं०गु० । केवलणा०-केवलदं०-विरियंत० तिण्णि वि तु० असं०गु० । असादा० विसे० । अणंताणु०लोभे० असं०गु० । माया० विसे० । कोधे० विसे० । माणे० विसे० । संजलणलोभे० असं०गु० । माया० विसे० । कोधे विसे० । माणे० विसे० । पच्चक्खाणलोभे० असं०गु० । माया० विसे० । कोधे० विसे० । माणे० विसे० । अपच्चक्खाणलोभे० असं०गु० । माया० विसे० । कोधे० विसे० । माणे० विसे० । आभिणि०-परिभो० असं०गु० । चक्खु० असं०गु० । सुद०-अचक्खु०-भोगंत० असं०गु० । ओधिणा०-ओधिदं०-लाभंत० असं०गु० । मणपज्ज०-दाणंत० असं०गु० । थीणगि० विसे० । णवुंस० असं०गु० । इत्थि० असं०गु० । पुरिस० असं०गु० । अरदि० असं०गु० । सोग० असं०गु० । भय० असं०गु० । दुगुं० असं०गु० । णिद्दा-

---

यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे औदारिकशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे मिथ्यात्वके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे केवलज्ञानावरण, केवलदर्शनावरण और वीर्यान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान तीनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे असातावेदनीयके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे अनन्तानुबन्धी लोभके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे अनन्तानुबन्धी मायाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे अनन्तानुबन्धी क्रोधके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे अनन्तानुबन्धी मानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे संज्वलन लोभके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे संज्वलन मायाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे संज्वलन क्रोधके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे संज्वलन मानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे प्रत्याख्यानावरण लोभके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे प्रत्याख्यानावरण मायाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे प्रत्याख्यानावरण क्रोधके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे प्रत्याख्यानावरण मानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे अप्रत्याख्यानावरण लोभके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे अप्रत्याख्यानावरण मायाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे अप्रत्याख्यानावरण क्रोधके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे अप्रत्याख्यानावरण मानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे आभिनिबोधिकज्ञानावरण और परिभोगान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान दोनोंके तुल्य होकर असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे चक्षुदर्शनावरणके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे श्रुतज्ञानावरण, अचक्षुदर्शनावरण और भोगान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे अवधिज्ञानावरण, अवधिदर्शनावरण और लाभान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान परस्पर तुल्य होकर असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे मनःपर्ययज्ञानावरण और दानान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान परस्पर तुल्य होकर असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे स्त्यानगृद्धिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं । इनसे नपुंसकवेदके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे स्त्रीवेदके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे पुरुषवेदके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे अरतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यात-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिद्दा० असं०गु०। पयलापयला० असं०गु०। णिद्दा० असं०गु०। पयला० असं०गु०। णीचा० असं०गु०। अजस० विसे०। तिरिक्ख० असं०गु०। रदि० असं०गु०। हस्स० असं०गु०। मणुसाउ० असं०गु०। तिरिक्खाउ० असं०गु०। एवं सत्तमाए पुढवीए। णवरि मणुसाउ० णत्थि। सेसासु पुढवीसु णीचा०-अजस० तुल्लाणि णादव्वाणि। यथा पढमपुढवीए तथा देवगदीए सव्वेसु वि कप्पेसु। एवं वेउव्वियमि०। णवरि णीचा०-अजस० णिरयोघं। वेउव्वियमि० आउ० णत्थि।

६३९. तिरिक्खेसु सव्वबहूणि अणुभा० साद०। जस०-उच्चा० असं०गु०। देवग० असं०गु०। कम्म० असं०गु०। तेजा० असं०गु०। वेउव्वि० असं०गु०। मिच्छ० असं०गु०। केवलणा०-केवलदंस०-विरियंत० असं०गु०। असादा० विसे०। अणंताणु०लोभे० असं०गु०। माया० विसे०। कोधे० विसे०। माणे० विसे०।

गुणे हीन हैं। इनसे शोकके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे भयके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे जुगुप्साके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे निद्रानिद्राके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे प्रचलाप्रचलाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे निद्राके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे प्रचलाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे नीचगोत्रके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे अयशःकीर्तिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे तिर्यञ्चगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे रतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे हास्यके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे मनुष्यायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे तिर्यञ्चायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मनुष्यायुका भङ्ग नहीं है। शेष पृथिवियोंमें नीचगोत्र और अयशःकीर्तिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान तुल्य जानने चाहिए। जिस प्रकार प्रथम पृथिवीमें है, उसी प्रकार देवगतिमें तथा सब कल्पोंमें भी जानना चाहिए। इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि नीचगोत्र और अयशःकीर्तिका भङ्ग सामान्य नारकियोंके समान है तथा वैक्रियिकमिश्रकाययोगमें आयुका भङ्ग नहीं है।

६३९. तिर्यञ्चोंमें सातावेदनीयके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान सबसे बहुत हैं। इनसे यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे देवगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे कार्मणशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे तैजसशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे वैक्रियिकशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे मिथ्यात्वके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे केवलज्ञानावरण, केवलदर्शनावरण और वीर्यान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान तीनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे असातावेदनीयके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे अनन्तानुबन्धी लोभके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे अनन्तानुबन्धी मायाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संजलणलोभे० असं०गु०। माया० विसे०। कोधे० विसे०। माणे० विसे०। पच्चक्खा०लोभे० असं०गु०। माया० विसे०। कोधे० विसे०। माणे० विसे०। एवं अपच्चक्खाण०४। आभिणि०-परिभो० असं०गु०। चक्खु० असं०गु०। सुद०-अचक्खु०-भोगंत० असं०गु०। ओधिणा०-ओधिदं०-लाभंत० असं०। मणपज्ज०-दाणंत० असं०। थीण० विसे०। णवुंस० असं०। इत्थि० असं०। पुरिस० असं०। अरदि० असं०। सोग० असं०। भय० असं०। दुगुं० असं०। णिद्दाणिद्दा० असं०। पयलापयला० असं०। णिद्दा० असं०। पयला० असं०। णीचा० असं०। अजस० विसे०। णिरय० असं०। तिरिक्ख० असं०। रदि० असं०। हस्स० असं०।

इनसे अनन्तानुबन्धी क्रोधके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे अनन्तानुबन्धी मानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे संज्वलन लोभके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे संज्वलनमायाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे संज्वलन क्रोधके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे संज्वलन मानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे प्रत्याख्यानावरण लोभके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे प्रत्याख्यानावरण मायाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे प्रत्याख्यानावरण क्रोधके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे प्रत्याख्यानावरण मानके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इसी प्रकार अप्रत्याख्यानावरण चतुष्कके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थानोंका अल्पबहुत्व है। आगे आभिनिबोधिकज्ञानावरण और परिभोगान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे चक्षुदर्शनावरणके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे श्रुतज्ञानावरण, अचक्षुदर्शनावरण और भोगान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे अवधिज्ञानावरण, अवधिदर्शनावरण और लाभान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे मनःपर्ययज्ञानावरण और दानान्तरायके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे स्त्यानगृद्धिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान विशेष हीन हैं। इनसे नपुंसकवेदके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे स्त्रीवेदके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे पुरुषवेदके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे अरतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे शोकके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे भयके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे जुगुप्साके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे निद्रानिद्राके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे प्रचलाप्रचलाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे निद्राके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे प्रचलाके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे नीचगोत्रके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे अयशःकीर्तिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे नरकगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे तिर्यञ्चगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे रतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे हास्यके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं। इनसे नरकायुके अनुभागबन्धाध्यव-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिरयाउ० असं० । देवाउ० असं० । मणुस० असं० । ओरा० असं० । मणुसाउ० असं० । तिरिक्खाउ० असं० । एवं सव्वतिरिक्खाणं । णवरि पंचिंदियतिरिक्ख-जोणिणीसु णाणत्तं । अजस०-णीचा० सरिसाणि । एदं णाणत्तं । यथा जोणिणीसु तथा मणुस-मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु च । णवरि णाणत्तं । देवाउ० अणुभा० बहूणि । णिरयाउ० थोवाणि ।

६४०. पंचिं०तिरि०अपज्ज० सव्वबहूणि अणुभाग० मिच्छ० । सादा० असं० । जस०-उच्चा० असं० । केवलणा०-केवलदं०-विरियंत० असं० । असादा० विसे० । अणंताणु०लोभे० असं० । माया० विसे० । कोधे० विसे० । माणे० विसे० । एवं संजलण०४-पच्चक्खाण०४-अपच्चक्खाण०४ । आभिणि०-परिभो० असं० । चक्खु० असं० । सुद०-अचक्खु०-भोगंत० असं० । ओधिणा०-ओधिदं०-लाभंत० असं० । मणप०-दाणंत[1]० असं० । थीण० विसे० । णवुंस० असं० । इत्थि० असं० । पुरिस०

वसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे देवायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे मनुष्यगतिके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे औदारिकशरीरके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे मनुष्यायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इनसे तिर्यञ्चायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे हीन हैं । इसी प्रकार सब तिर्यञ्चोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिनी जीवोंमें नानात्व है । अयशःकीर्ति और नीचगोत्रके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान समान हैं । यही नानात्व है । जिस प्रकार योनिनी तिर्यञ्चोंमें अल्पबहुत्व है, उसी प्रकार मनुष्य, मनुष्यपर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें जानना चाहिए । किन्तु इतना नानात्व है कि देवायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान बहुत हैं और नरकायुके अनुभागबन्धाध्यवसान स्थान थोड़े हैं ।

